एडवान्स्ड अकाउन्ट्स

(Advanced Accounts)

(राजस्थान एवं अजमेर विश्वविद्यालय के बी० काम० पार्ट III के नवीन पाठ्यक्रमानुसार)

लेखक

प्रो० एम० एल० ओसवाल
एसोशियेट प्रोफेसर,
लेखा एवं व्यावसायिक सांख्यिकी विभाग
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

डॉ० एम० एल० शर्मा
एसोशियेट प्रोफेसर,
लेखा एवं व्यावसायिक सांख्यिकी विभाग
राजस्थान-विश्वविद्यालय, जयपुर

डॉ० बी० एल० बिदावत
प्रवक्ता,
लेखा एवं व्यावसायिक सांख्यिकी विभाग
श्री जैन पी० जी० कॉलेज, बीकानेर

एम० एल० गुप्ता
प्रवक्ता,
लेखा एवं व्यावसायिक सांख्यिकी विभाग
कॉमर्स कॉलेज, कोटा

1993

रमेश बुक डिपो

जयपुर

प्राक्कथन

प्रस्तुत पुस्तक राजस्थान व अजमेर विश्वविद्यालय के बी. काम. पार्ट III के पाठ्यक्रमानुसार प्रथम बार नवीन प्रकाशन के रूप में आपको उपलब्ध कराते हुए हमें अपार हर्ष हो रहा है। प्रयत्न यही रहा है कि एडवान्स्ड अकाउन्ट्स का नवीन पाठ्यक्रम जो इसी वर्ष से लागू हो रहा है, सरलतम रूप में इस पुस्तक मे समाविष्ट हो। पुस्तक को अधिक उपयोगी बनाने के दृष्टिकोण से स्थान-स्थान पर आवश्यक सामग्री का विवेचन टिप्पणियों द्वारा किया गया है तथा प्रश्न व उदाहरण हिन्दी व अग्रेजी दोनो भाषाओं में दिये गये हैं।

पुस्तक को अन्तिम रूप देने तक यही प्रयत्न रहा है कि पुस्तक का कोई भी अश विषय से परे न हो। प्रत्येक शब्द, प्रत्येक वाक्य और प्रत्येक अध्याय मे विषय सम्प्रेषणीयता अधिक से अधिक हो। लेखकों का यह प्रयास कहाँ तक सफल हो सका है यह तो प्रस्तुत पुस्तक के अध्ययन-अध्यापन की अवधि में प्रबुद्ध विद्यार्थियों तथा विद्वान प्राध्यापकों द्वारा सकेतिक हो सकेगा। आशा है कि पुस्तक मे जो भी असंगति दृष्टिगत हो उसकी ओर हमारा ध्यान आकृष्ट हो सकेगा।

इस पुस्तक की कतिपय विशेषताएँ इस प्रकार हैं:

1. विषय के सैद्धान्तिक पहलुओं के विवेचन मे यथास्थान पर्याप्त मात्रा मे व्यावहारिक प्रश्न एवं उनके हल दिये गये हैं।
2. शिक्षार्थियों की कठिनाई को ध्यान में रखते हुए व्यावहारिक प्रश्न अंग्रेजी तथा हिन्दी दोनों ही भाषाओं में दिये गये हैं तथा उनके हल अंग्रेजी भाषा मे दिये हैं।
3. आवश्यकतानुसार कठिन बिन्दुओं का स्पष्टीकरण हिन्दी भाषा में टिप्पणी के रूप में दिया गया है।
4. प्रत्येक अध्याय के अन्त में विद्यार्थियों के अभ्यासार्थ सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक प्रश्नों का समावेश भी पर्याप्त मात्रा में किया गया है। व्यावहारिक प्रश्नों के उत्तर भी उनके नीचे दिये गये हैं।
5. अध्ययन एवं अध्यापन के उचित स्तर को बनाये रखने हेतु अधिकांश प्रश्नों तथा उदाहरणों का चयन एम. कॉम., सी. ए. तथा अन्य प्रोफेशनल परीक्षाओं के प्रश्नो में से किया गया है।

लेखकगण उन विद्वान लेखकों के प्रति हृदय से आभारी हैं, जिनकी कृतियों से प्रस्तुत पुस्तक को लिखने में सहायता ली गई है। श्री सन्तोष कुमारजी अजमेरा (सर्वश्री रमेश बुक डिपो, जयपुर) के सक्रिय सहयोग के बिना शायद ही यह पुस्तक इस प्रारूप में प्रस्तुत हो पाती, उनके प्रति आभार प्रदर्शन।

आशा है इस जटिल विषय के स्पष्टीकरण मे हमारा यह प्रयास सहायक सिद्ध होगा। शिक्षक बन्धुओं से हमारा विनम्र निवेदन है कि वे अपने अमूल्य सुझाव देकर हमें कृतार्थ करे।

लेखकगण

विषय-सूची

1

कम्पनियों का आन्तरिक पुनर्निर्माण
(Internal Reconstruction of Companies)

पुनर्निर्माण से आशय किसी कम्पनी के पुनर्गठन के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया से है। जब किसी कम्पनी को लगातार हानि होने के कारण उसकी एकत्रित हानियाँ काफी हो जाती हैं अथवा कम्पनी वित्तीय कठिनाइयों का सामना कर रही हो अथवा कम्पनी अति पूँजीकृत (over-capitalised) हो तो उसके पुनर्निर्माण की आवश्यकता होती है। कम्पनी का पुनर्निर्माण आन्तरिक (Internal) अथवा बाह्य (External) हो सकता है।

आन्तरिक पुनर्निर्माण (Internal Reconstruction) : आन्तरिक पुनर्निर्माण के अन्तर्गत कम्पनी का अस्तित्व (Existence) कायम रखते हुए उसकी पूँजी संरचना (Capital Structure) में आवश्यक परिवर्तन किया जाता है। यह एक ऐसी योजना है जिसके अन्तर्गत कम्पनी को घाटे की स्थिति से निकालकर लाभ की स्थिति में पहुँचाने का प्रयास किया जाता है। इसमें कम्पनी का समापन नहीं होता है। अतः इसे अर्द्ध-पुनर्गठन (Quasi-Reorganisation) की संज्ञा दी जाती है।

बाह्य पुनर्निर्माण (External Reconstruction) : बाह्य पुनर्निर्माण के अन्तर्गत वर्तमान कम्पनी का समापन हो जाता है तथा उसके स्थान पर उसके व्यापार को अधिग्रहित करने के लिए एक नई कम्पनी की स्थापना की जाती है। जबकि आन्तरिक पुनर्निर्माण के अन्तर्गत न तो वर्तमान कम्पनी का समापन होता है और न ही किसी नई कम्पनी की स्थापना होती है। कम्पनी के बाह्य पुनर्निर्माण का विवरण अगले अध्याय में दिया गया है।

कम्पनी के आन्तरिक पुनर्निर्माण की वांछनीयता
(Desirability of Internal Reconstruction of Company)

आन्तरिक पुनर्निर्माण कम्पनी के समापन से बचने का एक विकल्प है जिसमें कम्पनी को अपनी स्थिति सुधारने का एक अवसर और प्राप्त होता है। कम्पनी कानून द्वारा निर्मित एक कृत्रिम व्यक्ति है। मानव स्वास्थ्य में होने वाले परिवर्तनों की तरह एक कम्पनी के जीवन काल में भी कई परिवर्तन आते हैं। एक मनुष्य की बीमारी अत्यधिक बढ़ जाने पर उसका निदान एक बड़ी शल्य क्रिया (Major operation) से ही सम्भव हो पाता है, ठीक उसी प्रकार एक कम्पनी के आर्थिक जीवन (Economic Life) में संकट उत्पन्न हो जाने पर आन्तरिक पुनर्निर्माण रूपी शल्य क्रिया से कम्पनी अपनी जर्जर हालत से निकालकर स्वस्थ आर्थिक जीवन प्रारम्भ कर सकती है। निम्नलिखित परिस्थितियों में कम्पनी का आन्तरिक पुनर्निर्माण वांछनीय हो जाता है :—

(i) जब कम्पनी की पूँजी संरचना अत्यधिक क्लिस्ट (Typical) हो और उसे सरल एवं सुविधाजनक बनाना हो।

(ii) जब कम्पनी की पिछले वर्षों की एकत्रित हानियाँ बहुत अधिक हों और उन्हें अपलिखित करना आवश्यक हो ताकि भविष्य में कम्पनी लाभांश घोषित कर सके।

(iii) जब कम्पनी के चिट्ठे में प्रदर्शित सम्पत्तियाँ पूँजी का पूर्ण रूप से प्रतिनिधित्व नहीं करती हों अर्थात् चिट्ठे में सम्पत्तियों को उनके उचित मूल्य से अधिक मूल्य पर दिखाया हुआ हो और उन्हें सही मूल्य पर लाना हो।

(iv) जब कम्पनी की समता अंश पूँजी एवं स्थिर लागत पूँजी के मध्य सम्बन्ध अर्थात् पूँजी मिलान अनुपात (Capital Gearing Ratio) उचित न हो।

(v) जब कम्पनी के अंशों के अंकित मूल्य में परिवर्तन की आवश्यकता हो ताकि वे भावी विनियोजकों के लिए आकर्षक बन सकें।

आन्तरिक पुनर्निर्माण के प्रारूप
(Forms of Internal Reconstruction)

आन्तरिक पुनर्निर्माण के प्रारूप निम्न प्रकार हैं :

(I) अंश पूँजी में परिवर्तन (Alteration in Share Capital);

(II) अंश पूँजी में कमी करना (Reduction in Share Capital);

(III) कम्पनी के सदस्यों, ऋणपत्रधारियों एवं लेनदारों के साथ अनुविन्यसन की योजना (Scheme of Arrangement with Members, Debentureholders and Creditors of the Company)।

(I) अंश पूँजी में परिवर्तन (Alteration in Share Capital)

एक अंशों द्वारा सीमित कम्पनी, कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 94 के अन्तर्गत अपनी अंश पूँजी में परिवर्तन कर सकती है यदि कम्पनी के पार्षद अन्तर्नियम (Articles of Association) अनुमति देते हों तथा कम्पनी की साधारण सभा में इस आशय का प्रस्ताव पास किया गया हो। अंश पूँजी में परिवर्तन निम्न प्रकार से किया जा सकता है :—

(1) नये अंशों के निर्गमन द्वारा अंश पूँजी को बढ़ाना (Increase in Share Capital by issue of new shares)—जब किसी कम्पनी को अतिरिक्त पूँजी की आवश्यकता पड़ती है तो वह नये अंशों का निर्गमन करके अपनी अंश पूँजी बढ़ा सकती है। यदि कम्पनी ने अपनी अधिकृत पूँजी (Authorised Capital) के समस्त अंश निर्गमित नहीं कर रखे हैं तो शेष अंशों का निर्गमन कर दिया जाता है। यदि कम्पनी अपनी सम्पूर्ण अधिकृत पूँजी को पहले ही निर्गमित कर चुकी हो तो नये अंशों के निर्माण द्वारा अपनी अधिकृत अंश पूँजी को बढ़ाकर पूँजी प्राप्त करने के लिए अंशों का निर्गमन कर सकती है। अधिकृत अंश पूँजी को बढ़ाने के लिए कम्पनी के पार्षद सीमानियम (Memorandum of Association) में आवश्यक परिवर्तन करना होगा तथा पूँजी निर्गमन नियन्त्रक (Controller of Capital Issues) से अनुमति भी लेनी होगी। कम्पनी अधिनियम की धारा 81 के अन्तर्गत लगाये गये प्रतिबन्ध के अनुसार नये अंशों के निर्गमन के सम्बन्ध में निर्गमन का प्रस्ताव सर्वप्रथम कम्पनी के वर्तमान समता अंशधारियों को उनकी पूँजी के अनुपात में किया जायेगा। यदि वर्तमान अंशधारी नये अंशों को नहीं खरीदते हैं तो इन्हें अन्य व्यक्तियों को बेचा जा सकता है। कम्पनी विशेष प्रस्ताव द्वारा अथवा केन्द्रीय सरकार की अनुमति से साधारण प्रस्ताव द्वारा धारा 81 के प्रतिबन्ध से मुक्ति पा सकती है। कम्पनी की अधिकृत अंश पूँजी बढ़ाने के सम्बन्ध में कोई लेखा प्रविष्टि नहीं की जायेगी लेकिन नये अंशों के निर्गमन के सम्बन्ध में लेखा प्रविष्टियाँ उसी प्रकार होंगी जैसी कि अंशों के निर्गमन के समय सामान्यतया की जाती हैं।

(2) अंशों का समेकन (Consolidation of shares) : जब किसी कम्पनी के कम मूल्य वाले अंशों को अधिक मूल्य वाले अंशों में बदला जाता है तो इसे अंशों का समेकन कहते हैं। अंशों के समेकन से कम्पनी की कुल पूँजी में कोई अन्तर नहीं आता है लेकिन अंशों की संख्या कम हो जाती है। जैसे एक कम्पनी के 20 रु० वाले

50,000 अंश निर्गमित किये हुए हैं तथा कम्पनी इन अंशों का मूल्य 100 रु० प्रति अंश करना चाहती है तो 20 रु० के पुराने 5 अंशों के बदले एक नया अंश बन जायेगा और समेकित अंशों की संख्या 50,000 के स्थान पर 10,000 रह जायेगी, लेकिन प्रदत्त पूँजी 10,00,000 रु० ही रहेगी। निर्गमित अंश अंशतः दत्त होने पर समेकन के पश्चात् भी उनके प्रदत्त मूल्य तथा अंकित मूल्य का अनुपात पूर्ववत् ही रहना चाहिए। अंशों के समेकन से सदस्यों द्वारा धारित अंशों की संख्या में परिवर्तन हो जाता है अतः कम्पनी द्वारा अपने सदस्यों के रजिस्टर में भी आवश्यक संशोधन कर दिया जाता है। ऐसी दशा में निम्नांकित लेखा प्रविष्टि की जाती है :—

(Old Denomination) Share Capital a/c Dr.

To (New Denomination) Share Capital a/c

(Being Consolidation of.......Shares of Rs........each into........Shares of Rs ....each)

Illustration 1.1 : On 31st December, 1991 M Ltd. had authorised capital of Rs 4,00,000 divided into equity shares of Rs. 10 each. All the shares were issued on which Rs 8 per share were called and paid up. On 1st July, 1992 the company decided to consolidate 10 equity shares of Rs. 10 each Rs. 8 paid up into one equity share of Rs. 100 each Rs. 80 paid up and divided the same amongst its existing shareholders. Pass necessary journal entry.

31 दिसम्बर, 1991 को एम. लिमिटेड की अधिकृत पूँजी 4,00,000 रु० थी जो 10 रु० वाले समता अंशों में विभक्त थी। ये सभी अंश निर्गमित किये हुये थे जिन पर 8 रु० प्रति अंश माँग एवं भुगतान किया जा चुका था। 1 जुलाई, 1992 को कम्पनी ने अपने 10 रु० वाले 10 समता अंशों को जो कि 8 रु० प्रति अंश प्रदत्त थे, 100 रु० वाले एक समता अंश 80 रु० प्रदत्त में समेकित करके अपने वर्तमान अंशधारियों में वितरित करने का निश्चय किया। आवश्यक जर्नल प्रविष्टि दीजिये।

Solution :

Journal of M Ltd.

Date	Particulars	Dr.	Cr.
1992		Rs.	Rs.
July 1	(Rs. 10) Equity Share Capital a/c Dr.	3,20,000	
	To (Rs. 100) Equity Share Capital a/c		3,20,000
	(40,000 Equity shares of Rs. 10 each Rs. 8 paid up consolidated into 4,000 Equity Shares of Rs 100 each Rs. 80 paid up.)		

(3) अंशों का उप-विभाजन (Sub-division of shares) : जब कम्पनी के अंशों को कम मूल्य वाले अंशों में विभाजित किया जाता है तो इसे अंशों का उप-विभाजन कहते हैं। अंशों को कम मूल्य के अंशों में विभाजित करने का कम्पनी की कुल पूँजी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है लेकिन इससे अंशों की संख्या बढ़ जाती है। कम्पनी अपने समस्त अंशों का या उसके किसी भाग का उप-विभाजन कर सकती है। ऐसा प्रायः छोटे विनियोजकों को आकर्षित करने के लिए किया जाता है। यदि कम्पनी द्वारा आंशिक प्रदत्त अंशों को उप विभाजित किया जाता है तो विभाजन के पश्चात् उन अंशों के चुकता मूल्य एवं अंकित मूल्य के अनुपात में परिवर्तन नहीं होना चाहिए। जैसे एक कम्पनी के 100 रु० वाले 6,000 अंश निर्गमित किये हुये हैं तथा इन पर 75 रु०

प्रति अंश माँगा एवं भुगतान किया जा चुका है। अब कम्पनी इन अंशों का मूल्य 10 रु० प्रति अंश करना चाहती है तो 100 रु० के पुराने एक अंश के बदले 10 अंश बन जायेंगे और अंशों की संख्या 6,000 के स्थान पर 60,000 हो जायेगी लेकिन चुकता मूल्य 7·50 रु० ही रहेगा। इस सम्बन्ध में निम्नांकित जर्नल प्रविष्टि की जाती है—

(Old Denomination) Share Capital a/c Dr.
To (New Denomination) Share Capital a/c
(Sub-division of ..... Shares of Rs ....each into...... Shares of Rs ....each)

Illustration 1·2 : B Ltd. decided to subdivide its 10,000 Equity Shares of Rs 100 each fully paid up into Equity Shares of Rs. 10 each fully paid up. Pass the necessary journal entry.

बी. लिमिटेड 100 रु० वाले पूर्ण प्रदत्त 10,000 ईक्विटी अंशों को 10 रु० वाले पूर्ण प्रदत्त ईक्विटी अंशों में उपविभाजित करने का निश्चय करती है। आवश्यक जर्नल प्रविष्टि दीजिये।

Solution :

Journal of B Ltd.

	Particulars		Dr. Rs.	Cr. Rs.
	(Rs. 100) Equity Share Capital a/c	Dr.	10,00,000	
	To (Rs. 10) Equity Share Capital a/c			10,00,000
	(Sub-division of 10,000 Equity Shares of Rs. 100 each into 1,00,000 Equity Shares of Rs. 10 each)			

(4) **अंशों को स्टॉक में अथवा स्टॉक को अंशों में बदलना (Conversion of shares into stock or stock into shares)**—एक कम्पनी अपने पूर्ण प्रदत्त अंशों को स्टॉक में अथवा स्टॉक को पूर्ण प्रदत्त अंशों में परिवर्तित कर सकती है। अंशों को स्टॉक में बदलने पर सदस्यों के पास अंशों की निश्चित संख्या के स्थान पर स्टॉक पूँजी का एक निश्चित भाग होता है। अंशों को स्टॉक में परिवर्तित करने से किसी भी मूल्य की स्टॉक पूँजी को किसी अन्य को हस्तान्तरित किया जा सकता है। ऐसे परिवर्तन की सूचना एक माह के भीतर कम्पनियों के रजिस्ट्रार को देनी होती है। कम्पनी द्वारा सदस्यों के रजिस्टर में भी अंशों की संख्या के बजाय स्टॉक की रकम सदस्यों के नाम दर्ज कर दी जाती है। ऐसे परिवर्तन पर निम्नांकित जर्नल प्रविष्टियाँ की जाती हैं—

(a) अंशों के स्टॉक में परिवर्तन पर

Equity Share Capital a/c Dr.
To Equity Stock a/c
(....... Equity shares of Rs ....each fully paid up converted into equity stock of Rs........)

(b) स्टॉक का पूर्ण प्रदत्त अंशों में परिवर्तन करने पर—

Equity Stock a/c Dr.
To Equity Share Capital a/c
(Equity stock of Rs........converted into.........equity shares of Rs ....each fully paid up)

Illustration 1·3 : S Ltd. converts its 10,000 Equity Shares of Rs. 100 each fully paid up into Equity Stock of Rs. 10,00,000 on 30th June, 1991 and then reconverts the Equity Stock into Equity Shares of Rs. 10 each fully paid up on 30th June, 1992. Give journal entries and show the items in the Balance Sheets as on 30th June 1991 and 1992.

एस लिमिटेड 30 जून, 1991 को अपने 100 रु० वाले पूर्ण प्रदत्त 10,000 ईक्विटी अंशों को 10,00,000 रु० के ईक्विटी स्टॉक में परिवर्तित करती है तथा फिर 30 जून, 1992 को ईक्विटी स्टॉक को 10 रु० वाले पूर्ण प्रदत्त ईक्विटी अंशों में पुन: परिवर्तित करती है। जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये तथा 30 जून, 1991 व 1992 के चिट्ठे में मदों को दिखाइए।

Solution :

Journal of S Ltd.

Date	Particulars		Dr. Rs.	Cr. Rs.
1991 June, 30	Equity Share Capital a/c	Dr.	10,00,000	
	To Equity Stock a/c			10,00,000
	(10,000 equity shares of Rs. 100 each fully paid up converted into equity stock of Rs. 10,00,000)			
1992 June, 30	Equity Stock a/c	Dr.	10,00,000	
	To Equity Share Capital a/c			10,00 000
	(Equity stock of Rs. 10,00,000 converted into 1,00,000 equity shares of Rs. 10 each fully paid up)			

Balance Sheet of S Ltd. as at 30th June, 1991
(*Liabilities side only*)

	Rs.
Authorised Capital	....
Issued and Subscribed Capital	
Equity Stock	10,00,000

Balance Sheet of S Ltd. as at 30th June, 1992
(*Liabilities side only*)

	Rs.
Authorised Capital	....
Issued and Subscribed Capital	
1,00,000 Equity Shares of Rs. 10 each fully paid	10,00,000

(5) अनिर्गमित अंशों को रद्द करना (Cancellation of unissued shares) : एक कम्पनी को अपने समस्त अनिर्गमित अंशों को रद्द करना कम्पनी की अंश पूँजी में कटौती नहीं मानी जाती है। चूँकि ऐसे अंशों के सम्बन्ध में कम्पनी की पुस्तकों में कोई लेखा किया हुआ नहीं होता है अत. इनको रद्द करने के

लिए कोई लेखा प्रविष्टि नही की जाती है केवल कम्पनी के स्थिति विवरण मे अधिकृत पूँजी मे आवश्यक समायोजन कर लिया जाता है।

(II) अंश पूंजी में कमी करना (Reduction in Share Capital) : कम्पनी अधिनियम 1956 की धाराओं 100 से 105 के अन्तर्गत दी हुई व्यवस्थाओ के अनुसार एक कम्पनी अपनी अश पूँजी मे कमी कर सकती है। अश पूँजी मे कटौती के लिए कम्पनी को निम्नलिखित शर्तों की पूर्ति करनी होती है—

(अ) कम्पनी के पार्षद अन्तर्नियम कम्पनी को पूँजी मे कटौती करने की अनुमति प्रदान करते हो।

(ब) कम्पनी ने इस उद्देश्य के लिए एक विशेष प्रस्ताव पारित किया हो।

(स) न्यायालय द्वारा अश पूँजी मे कमी की योजना को स्वीकृति प्रदान कर दी गयी हो।

जब कम्पनी अपनी अश पूँजी मे कमी करने का विशेष प्रस्ताव पास कर देती है तो वह इसकी स्वीकृति के लिए न्यायालय को आवेदन करती है। यदि अश पूँजी मे कमी की योजना के अन्तर्गत अशधारियों के दायित्व में कमी नही होती है या आवश्यकता से अधिक पूँजी उन्हे वापस नही लौटाई जाती है तो न्यायालय लेनदारो की सहमति लिए बिना ही पूँजी मे कमी की योजना को अनुमोदित कर देता है। लेकिन पूँजी मे कमी की योजना से अशधारियो के दायित्व मे कमी होती है या उन्हे पूँजी वापस लौटाई जाती है तो न्यायालय कम्पनी के प्रत्येक लेनदारों को सुनने का अवसर प्रदान करता है। यदि कोई लेनदार अंश पूँजी मे कमी का विरोध करता है तो ऐसे लेनदारो की एक सूची तैयार की जाती है। न्यायालय एक सूचना प्रकाशित करके एक निश्चित समय के अन्दर अन्य लेनदारो को भी इस सूची मे शामिल कर सकता है। न्यायालय ऐसे लेनदारो की अश पूँजी मे कमी के लिए सहमति प्राप्त करने अथवा उनकी सम्पूर्ण राशि का भुगतान करने की कम्पनी से माँग कर सकता है।

यदि न्यायालय इस बात से सन्तुष्ट है कि लेनदारों की अश पूँजी मे कमी के लिए सहमति प्राप्त कर ली गई है अथवा उनके दावों का निपटारा कर दिया गया है अथवा उनके हित सुरक्षित है तो वह अंश पूँजी मे कमी की योजना का अनुमोदन कर देता है। यदि न्यायालय आवश्यक समझे तो इसके सम्बन्ध मे कुछ शर्तें भी निर्धारित कर सकता है तथा एक निश्चित अवधि तक कम्पनी के नाम में 'And Reduced' शब्द जोड़ने का आदेश दे सकता है। कम्पनी को सामान्य जनता की सूचनार्थ अश पूँजी मे कमी के कारणो तथा अन्य किसी सूचना को प्रकाशित करने का आदेश दे सकता है। पूँजी में कमी की योजना न्यायालय द्वारा अनुमोदित कर दिये जाने पर कम्पनी द्वारा रजिस्ट्रार को न्यायालय के आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि तथा अश पूँजी की राशि, अशो की सख्या, प्रत्येक अश की अंकित राशि तथा प्रदत्त राशि का एक विवरण प्रस्तुत किया जायेगा। रजिस्ट्रार द्वारा न्यायालय के आदेश तथा प्रस्तुत विवरण की रजिस्ट्री करने के बाद अश पूँजी मे कमी का आदेश प्रभावशाली होगा।

अंश पूंजी में कमी करने की विधियां (Methods of Reduction in Share Capital) : एक कम्पनी अपनी अश पूँजी मे निम्नलिखित तीन विधियों से कमी कर सकती है—

(1) अशो पर अदत्त राशि मे कमी करके अथवा दायित्व समाप्त करके।

(2) आवश्यकता से अधिक पूँजी को अंशधारियो को लौटाकर।

(3) प्रदत्त अश पूँजी में कटौती करके।

अंश पूंजी में कमी का कम्पनी की पुस्तकों में लेखांकन : कम्पनी की अश पूँजी मे कमी करने की उपरोक्त तीन विधियो के अन्तर्गत लेखे निम्न प्रकार से किये जाते हैं :

(1) अशो पर अदत्त राशि में कमी करना अथवा अदत्त दायित्व समाप्त करना : यदि कम्पनी द्वारा निर्गमित अंश पूर्णदत्त नही हैं तो कम्पनी ऐसे अशो के सम्बन्ध मे अदत्त राशि के दायित्व को आंशिक रूप से

अथवा पूर्ण रूप से समाप्त कर सकती है। इस प्रकार अंशों पर अदत्त राशि सम्बन्धी दायित्व को समाप्त कर दिये जाने से कम्पनी की प्रदत्त पूँजी में कोई कमी नहीं होती है बल्कि कम्पनी अदत्त राशि मांगने के अपने अधिकार को त्याग देती है तथा अंशधारियों का अदत्त पूँजी सम्बन्धी दायित्व समाप्त कर दिया जाता है। इस तरह से अंश पूँजी में कमी करने पर निम्नलिखित जर्नल प्रविष्टि की जाती है—

(Old Denomination) Share Capital a/c Dr.
To (New Denomination) Share Capital a/c
(Uncalled amount of Rs ... .. per share cancelled)

Illustration 1·4 : A Company has an issued capital of 40,000 Equity Shares of Rs. 100 each Rs. 70 called and paid up. Having complied with the formalities, the company decided to reduce the share of Rs. 100 to the share of Rs. 70 as fully paid up by cancelling unpaid amount of Rs. 30 per share. Give necessary journal entry and show the share capital in the balance sheet of the company after cancellation.

एक कम्पनी की निर्गमित पूँजी 100 रु० वाले 40,000 ईक्विटी अंश है जिन पर 70 रु० प्रति अंश मांगा व भुगतान किया जा चुका है। समस्त वैधानिक औपचारिकताओं को पूर्ण करके कम्पनी ने अपने 100 रु० वाले अंशों को 70 रु० पूर्ण प्रदत्त तक कम करके 30 रु० प्रति अंश की अदत्त राशि को रद्द करने का निश्चय किया है। आवश्यक जर्नल प्रविष्टि दीजिए तथा रद्द किये जाने के पश्चात् अंश पूँजी को कम्पनी के चिट्ठे में दिखाइए।

Solution :

Journal

	Particulars		Dr. Rs.	Cr. Rs.
	(Rs. 100) Equity Share Capital a/c	Dr.	28,00,000	
	To (Rs. 70) Equity Share Capital a/c			28,00,000
	(Uncalled amount of Rs. 30 per share on 40,000 Equity Shares cancelled)			

Balance Sheet as at ....

(Liabilities side only)

	Rs.
Authorised Capital	....
Issued and Subscribed Capital	
40,000 Equity Shares of Rs. 70 each fully paid	28,00,000

(2) आवश्यकता से अधिक पूँजी को अंशधारियों को लौटाना : यदि कम्पनी के पास आवश्यकता से अधिक पूँजी एकत्रित हो गयी है तो वह इस अधिक पूँजी को अंशधारियों को लौटा सकती है। अंशधारियों को पूँजी वापस लौटाने से लेनदारों की सुरक्षा में कमी आती है। अतः पूँजी की वापसी उनकी आपत्ति को दूर करके तथा कम्पनी अधिनियम की व्यवस्थाओं का पालन करते हुये की जा सकती है। इसके अन्तर्गत अंशधारियों को पूँजी नकद में वापस लौटायी जाती है। इस सम्बन्ध में अग्रलिखित जर्नल प्रविष्टियां की जाती हैं—

(i) जब अंशों के अंकित मूल्य में परिवर्तन किया जाये—

(Old Denomination) Share Capital a/c Dr.		(पुरानी प्रदत्त पूँजी की कुल राशि से)
To (New Denomination) Share Capital a/c		(नयी पूँजी की राशि से
To Sundry Shareholders a/c		(लौटायी जाने वाली राशि से)
(Conversion of Rs ... . shares into Rs ... ...fully paid shares and refund of Rs ... . per share on ....shares)		
Sundry Share holders a/c Dr.		
To Bank a/c		
(Payment made to Shareholders)		

(ii) जब अंशों के अंकित मूल्य में परिवर्तन न किया जाये—

Share Capital a/c Dr.	(लौटाई जाने वाली राशि से
To Sundry Shareholders a/c	(लौटाई जाने वाली राशि से)
(Rs ... .. per Share on .. .. Shares refunded to shareholders)	
Sundry Shareholders a/c Dr.	
To Bank a/c	
(Payment made to shareholders)	

Illustration 15 : A Company has a subscribed capital of Rs. 5,00,000 divided into 50,000 Equity shares of Rs. 10 each fully paid up. The company decides to repay Rs. 2 per share to Equity Shareholders. Give necessary journal entries in the books of the company if the (i) Shares are made of Rs. 8 each fully paid (ii) Nominal value remains unchanged.

एक कम्पनी की प्रार्थित पूँजी 5,00,000 रु० है जो कि 10 रु. वाले पूर्णदत्त 50,000 ईक्विटी अंशों में विभाजित है। कम्पनी ने ईक्विटी अंशधारियों को 2 रु. प्रति अंश लौटाने का निश्चय किया है। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिये यदि :

(i) अंशों को 8 रु. प्रति अंश पूर्णदत्त बना दिया जाता है;

(ii) अंशों का अंकित मूल्य अपरिवर्तित रहता है।

Solution : (i) *When shares are made of Rs. 8 each fully paid :*

Journal

	Particulars		Dr	Cr.
			Rs.	Rs.
	(Rs. 10) Equity Share Capital a/c Dr.		5,00,000	
	To (Rs. 8) Equity Share Capital a/c			4,00,000
	To Equity Shareholders a/c			1,00,000
	(Conversion of Rs. 10 equity shares into Rs 8 fully paid equity shares and refunded Rs. 2 per equity share on 50,000 equity shares)			
	Equity Shareholders a/c Dr.		1,00,000	
	To Bank a/c			1,00,000
	(Payment made to equity shareholders)			

(*ii*) *When nominal value of share remains unchanged* :

Journal		Dr.	Cr.
		Rs.	Rs.
Equity Share Capital a/c	Dr.	1,00,000	
To Equity Shareholders a/c			1,00,000
(Rs 2 per share on 50,000 equity shares refunded to equity shareholders.)			
Equity Shareholders a/c	Dr.	1,00,000	
To Bank a/c			1,00,000
(Payment made to equity shareholders)			

(3) प्रदत्त अंश पूँजी में कटौती करना (Reduction in paid up Share Capital) : जब एक कम्पनी विभिन्न कारणों से निरन्तर हानि की स्थिति में चल रही हो तो उसके स्थिति विवरण (Balance Sheet) के सम्पत्ति पक्ष में संचित हानियाँ कृत्रिम सम्पत्ति (Fictitious Assets) शीर्षक के अन्तर्गत दिखायी जाती हैं। इन संचित हानियों में लाभ हानि खाते का डेबिट शेष, प्रारम्भिक व्यय, अंशों एवं ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टा, आस्थगित व्यय, आदि सम्मिलित किये जाते हैं। ऐसी कम्पनी में ख्याति मूल्यहीन होती है और अन्य सम्पत्तियाँ भी उचित मूल्य पर दिखाई हुई नहीं होती है। ऐसी कम्पनी की पूँजी उसकी सम्पत्तियों का सही प्रतिनिधित्व नहीं करती है। वास्तव में कम्पनी की पूँजी व्यवसाय में उतनी विद्यमान नहीं है जितनी कि सम्पत्ति पक्ष का योग है वरन् संचित हानियों, आस्थगित व्ययों एवं सम्पत्तियों के पुस्तक मूल्य में कमी की सीमा तक पूँजी नष्ट (Loss) हो गई है। ऐसी स्थिति में कम्पनी एक रोगग्रस्त (Sick) एवं अत्यन्त कमजोर (Weak) कम्पनी हो जाती है तथा कम्पनी को सुचारु रूप से चलाने के लिए इसके रोग (Disease) का इलाज होना आवश्यक हो जाता है। इस प्रकार रोगग्रस्त कम्पनी की शल्य-चिकित्सा 'पूँजी कटौती कार्यक्रम' (Capital Reduction Programme) के माध्यम से की जाती है। पूँजी में कटौती कार्यक्रम के अन्तर्गत नष्ट हुई पूँजी को अपलिखित कर दिया जाता है तथा अंशधारियों से नयी पूँजी प्राप्त करने का प्रबन्ध किया जाता है।

कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 100 के प्रावधानों का पालन करते हुये कम्पनी के संचालकों द्वारा पूँजी में कमी का कार्यक्रम तैयार किया जाता है। इसके अन्तर्गत अंशधारियों के समक्ष उनके द्वारा अपनी प्रदत्त अंश पूँजी में किये जाने वाले त्याग का प्रस्ताव रखा जाता है। यदि कम्पनी की संचित हानियाँ बहुत अधिक हैं तो ऋणपत्रधारियों एवं लेनदारों को भी त्याग के लिए सहमत किया जाता है। पूँजी में कटौती की योजना को लागू करने के लिए कम्पनी की पुस्तकों में एक नया खाता खोला जाता है जिसे 'पूँजी कटौती खाता' (Capital Reduction Account) कहते हैं। इस खाते में ऋणपत्रधारियों, अंशधारियों तथा लेनदारों द्वारा त्यागी गयी राशि क्रेडिट कर दी जाती है तथा इस राशि से संचित हानियों एवं आस्थगित व्ययों को अपलिखित कर दिया जाता है। कभी-कभी 'पूँजी कटौती खाता' के स्थान पर 'पुनर्निर्माण खाता' (Reconstruction Account) भी खोला जाता है। यह खाता भी पूँजी कटौती खाते के समान ही होता है। पूँजी कटौती के कार्यक्रम के अन्तर्गत लेखांकन निम्न प्रकार से किया जाता है :—

(i) जब पूर्वाधिकार अंशों व ईक्विटी अंशों का अंकित मूल्य घटा दिया जावे :—

(Old Denomination) Share Capital a/c	Dr.	(पुरानी पूँजी की राशि से)
To (New Denomination) Share Capital a/c		(नयी पूँजी की राशि से)
To Capital Reduction a/c		(पूँजी में कमी की राशि से)

(ii) जब पूर्वाधिकार अंशो एवं ईक्विटी अंशों के अंकित मूल्य में परिवर्तन न किया जाये किन्तु उनका प्रदत्त मूल्य घटा दिया जावे।

Share Capital a/c Dr. (पूंजी मे कमी की राशि से)
To Capital Reduction a/c

(iii) यदि कम्पनी के पास पूंजीगत संचय, सामान्य अथवा अन्य किसी संचय खाते में जमा शेष पाया जाता है तो उसे भी पूंजी-कटौती खाते में हस्तान्तरित कर दिया जाता है। इसके लिए निम्न प्रविष्टि की जाती है :—

Capital Reserve a/c Dr.
General Reserve a/c Dr.
Any Particular Reserve a/c Dr.
To Capital Reduction a/c

(iv) जब ऋणपत्र धारी एव लेनदार त्याग करने के लिए सहमत हो जाते हैं तो उनके द्वारा त्यागी गयी राशि के सम्बन्ध मे निम्न प्रविष्टि की जाती है :—

Debentures a/c Dr.
Creditors a/c Dr.
To Capital Reduction a/c

(v) पुनर्मूल्यांकन के कारण किसी सम्पत्ति के मूल्य में वृद्धि एवं दायित्व मे कमी होने पर :—

(Particular) Asset a/c Dr. (वृद्धि की राशि से)
(Particular) Liability a/c Dr. (कमी की राशि से)
To Capital Reduction a/c

(vi) विभिन्न संचित हानियों, आस्थगित व्ययो, सम्पत्तियों के मूल्यो मे कमी तथा दायित्वो में वृद्धि को अपलिखित करने पर :—

Capital Reduction a/c Dr.
To Profit and Loss a/c
To Preliminary Expenses a/c
To Discount on Issue of Shares/Debentures a/c
To Goodwill a/c
To Patents a/c
To (Particular) Asset a/c
To (Particular) Liability a/c

(vii) कम्पनी द्वारा किसी सम्भावित दायित्व (Contingent Liability) के लिए आयोजन करने पर :—

Capital Reduction a/c Dr.
To Provision for Contingencies a/c

(viii) पूंजी कटौती खाते के शेष के हस्तान्तरण पर :—

Capital Reduction a/c Dr.
To Capital Reserve a/c

संचयी पूर्वाधिकार अंशों पर बकाया लाभांश (Arrears of Dividend on Cumulative Preference Shares) :—कम्पनी को निरन्तर हानि होने की स्थिति में संचयी पूर्वाधिकार अंशों पर एक या अधिक वर्षों की लाभांश की राशि संचित होती रहती है। बकाया लाभांश की राशि को स्थिति विवरण के नीचे संदिग्ध दायित्व (Contingent Liability) के रूप में दिखाया जाता है। पूंजी में कमी की योजना के अन्तर्गत बकाया लाभांश के सम्बन्ध में लेखांकन निम्न प्रकार से किया जाता है :—

(i) जब पूर्वाधिकार अंशधारी अपने लाभांश की सम्पूर्ण बकाया राशि को त्यागने के लिए सहमत हो जाते हैं तो लाभांश के सम्बन्ध में कोई प्रविष्टि नहीं की जायेगी क्योंकि लाभांश की बकाया राशि एक संदिग्ध दायित्व होने के कारण पुस्तकों में कोई लेखा नहीं किया हुआ है।

(ii) जब पूर्वाधिकार अंशधारियों को बकाया लाभांश पूर्णतया अथवा आंशिक रूप से देना तय होता है तो भुगतान किये जाने वाली लाभांश की राशि का लेखा निम्न प्रकार होगा :—

Capital Reduction a/c Dr.
    To Preference Share Dividend a/c
(Preference Share Dividend payable to Preference Shareholders provided out of Capital Reduction Account)

Preference Share Dividend a/c Dr.
    To Bank a/c
    To Share Capital a/c
    To Debentures a/c
(Preference Share Dividend paid)

(iii) यदि पूर्वाधिकार अंशों पर लाभांश की घोषणा की जा चुकी है लेकिन भुगतान नहीं किया गया है तो कम्पनी के स्थिति विवरण में दायित्व पक्ष में 'पूर्वाधिकार अंश लाभांश खाता' (Preference Share Dividend Account) दिखाया हुआ होता है। इस सम्बन्ध में विभिन्न परिस्थितियों में निम्नलिखित प्रविष्टियां की जायेंगी :—

(1) जब न चुकाये गये लाभांश का अंशधारियों द्वारा पूर्ण त्याग कर दिया जाता है :

Preference Share Dividend a/c Dr. (कुल राशि से)
    To Capital Reduction a/c

(2) जब न चुकाये गये लाभांश का अंशधारियों द्वारा आंशिक रूप से त्याग किया जाता है :

Preference Share Dividend a/c Dr. (कुल राशि से)
    To Capital Reduction a/c (त्याग की राशि से)
    To Bank a/c OR (चुकाये जाने वाली राशि से)
    To Share Capital a/c OR
    To Debentures a/c

(3) जब न चुकाये गये लाभांश का अंशधारियों को पूर्ण भुगतान किया जाता है :

Preference Share Dividend a/c Dr.
To Bank a/c
To Share Capital a/c
To Debentures a/c

Illustration 1.6 : The Balance Sheet of X Ltd. on 30th June, 1992 is as follows :

एक्स लिमिटेड का 30 जून, 1992 का चिट्ठा निम्न प्रकार है :

Balance Sheet

Liabilities	Rs	Assets	Rs.
Authorised, Issued and Subscribed Capital :		Goodwill	25,000
20,000, 10% Preference		Fixed Assets	90,000
Shares of Rs 5 each fully paid	1,00,000	Stock in trade	25,000
20,000 Equity Shares of Rs. 5 each fully paid	1,00,000	Debtors	30,000
Creditors	15,000	Preliminary Expenses	10,000
		Profit and Loss account	35,000
	2,15,000		2,15,000

The following 'Capital Reduction Scheme' is approved by the Court.

(i) 10% Preference Shares of Rs. 5 each be reduced to 10% Preference Shares of Rs. 3 each fully paid up.

(ii) Equity Shares of Rs. 5 each be reduced to fully paid up shares of Rs. 2·50 each.

(iii) Goodwill, Preliminary Expenses and debit balance of Profit and Loss Account be written off completely.

(iv) The balance of the amount be used to write off fixed assets.

Give journal entries and revised balance sheet of the Company.

न्यायालय द्वारा पूँजी मे कमी की निम्नलिखित योजना स्वीकृत की जाती है :

(i) 5 रु० वाले 10% पूर्वाधिकार अंशों को घटाकर 3 रु० वाले पूर्ण प्रदत्त 10% पूर्वाधिकार अंश बना दिया जावे।

(ii) 5 रु० वाले ईक्विटी अंशों को घटाकर 2·50 रु० वाले पूर्णदत्त ईक्विटी अंश बना दिया जावे।

(iii) ख्याति, प्रारम्भिक व्यय तथा लाभ हानि खाते के डेबिट शेष को पूर्णरूप से अपलिखित कर दिया जावे।

(iv) शेष राशि का उपयोग स्थायी सम्पत्तियों को अपलिखित करने में किया जावे।
जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये तथा कम्पनी का परिवर्तित चिट्ठा तैयार कीजिये।

Solution : Journal of X Ltd. Dr. Cr.

Date	Particulars		Amount Rs.	Amount Rs.
1992 July 1	(Rs. 5) 10% Preference Share Capital a/c Dr To (Rs 3) 10% Preference Share Capital a/c To Capital Reduction a/c (10% Preference Shares of Rs. 5 each reduced to Rs 3 per share and balance transferred to Capital Reduction Account)		1,00,000	60,000 40,000
,,	(Rs. 5) Equity Share Capital a/c Dr. To (Rs. 2 50) Equity Share Capital a/c To Capital Reduction a/c (Equity Shares of Rs. 5 each reduced to Rs. 2·50 per share and balance transferred to Capital Reduction Account)		1,00,000	50,000 50,000
,,	Capital Reduction a/c Dr. To Profit and Loss a/c To Goodwill a/c To Preliminary Expenses a/c To Fixed Assets a/c (Losses written off)		90,000	35,000 25,000 10,000 20,000

Balance Sheet of A Ltd. *as at 1st July, 1992*
(After Reconstruction)

Liabilities	Rs.	Assets	Rs.
Authorised Issued and Subscribed Capital :		Fixed Assets	70,000
20,000 10% Preference Share of Rs. 3 each fully paid up.	60,000	Stock in trade	25,000
20,000 Equity Shares of Rs. 2·50 each fully paid up	50,000	Debtors	30,000
Creditors	15,000		
	1,25,000		1,25,000

Illustration 1·7 : The following is the Balance Sheet of Ram Limited as on 31st March, 1992 :

राम लिमिटेड का 31 मार्च, 1992 का चिट्ठा निम्नलिखित है :

Liabilities	Amount	Assets	Amount
	Rs.		Rs.
Share Capital		Goodwill at cost	50,000
Authorised, Issued and Subscribed Capital :		Leasehold Property at cost less Rs. 30,000 Depreciation	50,000
1,500 6% Cum. Preference Shares of Rs. 100 each fully paid.	1,50,000	Plant and Machinery at cost less Rs. 57,500 Depreciation	1,52,500
2,000 Equity Shares of Rs. 100 each fully paid	2,00,000	Stock in trade	79,175
		Debtors	30,200
Capital Reserve	36,000	Preliminary Expenses	7,250
Trade Creditors	42,500	Profit and Loss Account	1,10,375
Bank Overdraft	51,000		
	4,79,500		4,79,500

Note : Dividend on Preference Shares is in arrear for the last three years.

The Company is experiencing trading difficulties and decided to reorganise its finances. The approval of the court was obtained for the following scheme for reduction of capital :—

(i) The Cumulative Preference shares to be reduced to Rs. 75 per share.

(ii) The Equity shares to be reduced to Rs. 12·50 per share.

(iii) One Rs. 12·50 Equity share to be issued for each Rs. 100 of gross Preference share dividend arrears.

(iv) The balance in Capital Reserve Account to be utilised.

(v) Plant and Machinery to be written down to Rs. 75,000.

(vi) The debit balance of Profit and Loss Account and all intangible assets to be written off.

(vii) The authorised share capital to be retained to Rs. 3,50,000 consisting of 1,500 6% *Cumulative Preference shares of* Rs 75 each and the Balance in Equity shares of Rs. 12·50 each.

(viii) 5,000 Equity shares to be issued at par, for cash payable in full upon application. The same were fully subscribed and paid for. You are required to pass the necessary journal entries and prepare the balance sheet of the company after completion of the scheme.

पूर्वाधिकार अंशों पर लाभांश गत तीन वर्षों से बकाया है। कम्पनी व्यापारिक कठिनाइयाँ महसूस कर रही है तथा वित्तीय साधनों को पुनर्गठित करने का निश्चय किया है। पूँजी में कमी की निम्नलिखित योजना के लिए न्यायालय में स्वीकृति प्राप्त की गई :—

(i) पूर्वाधिकार अंशों को 75 रु० प्रति अंश तक कम किया जाये।

(ii) ईक्विटी अंशों को 12.50 रु० प्रति अंश तक कम किया जाये।

(iii) सकल लाभांश की बकाया प्रति 100 रु० के लिए 12.50 रु० वाला एक ईक्विटी अंश निर्गमित किया जाये।

(iv) पूँजी संचय खाते के शेष का प्रयोग किया जाये।

(v) प्लान्ट एवं मशीनरी को 75,000 रु० तक अपलिखित किया जाये।

(vi) लाभ हानि खाते का डेबिट शेष एवं समस्त अदृश्य सम्पत्तियाँ अपलिखित करनी हैं।

(vii) कम्पनी की अधिकृत पूँजी को 3,50,000 रु. पर कायम रखना है जो कि 1,500, 75 रु. वाले 6% संचयी पूर्वाधिकार अंशों तथा शेष 12.50 रु. प्रति अंश वाले ईक्विटी अंशों में होगी।

(viii) 5,000 ईक्विटी अंश सम मूल्य पर नकद के लिए निर्गमित किये जायें जिन पर समस्त राशि आवेदन-पत्र के साथ ही देय हो। सभी अंशों के लिए पूर्ण अभिदान राशि प्राप्त कर ली गई।

आपको आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ करनी है तथा योजना के पूर्ण होने के पश्चात् का कम्पनी का चिट्ठा तैयार करना है।

Solution : **Journal** Dr. Cr.

Date	Particulars		Amount Rs.	Amount Rs.
1992 April, 1	(Rs. 100) 6% Cum. Pref. Share Capital a/c Dr.		1,50,000	
	To (Rs. 75) 6% Cum. Pref. Share Capital a/c			1,12,500
	To Capital Reduction a/c			37,500
	(6% Cum. Preference Share of Rs. 100 each reduced to 6% Cum. Preference Shares of Rs. 75 each fully paid and balance transferred to Capital Reduction Account)			
April, 1	(Rs. 100) Equity Share Capital a/c Dr.		2,00,000	
	To (Rs 12.50) Equity Share Capital a/c			25,00
	To Capital Reduction a/c			1,75,00
	(Equity Shares of Rs. 100 each reduced to Equity Shares of Rs. 12.50 per Share fully paid and balance transferred to Capital Reduction Account)			

(Contd.............)

Date	Particulars			Dr.	Cr.
1992 April	Capital Reduction a/c	Dr.		3,375	
	To Preference Share Dividend a/c				3,375
	(Part of Preference Share Dividend payable to Preference Shareholders provided out of Capital Reduction Account)				
,,	Preference Share Dividend a/c	Dr.		3,375	
	To (Rs. 12·50) Equity Share Capital a/c				3,375
	(270 Equity Shares of Rs. 12·50 each issued to Preference Shareholders for dividend)				
,,	Capital Reserve a/c	Dr.		36,000	
	To Capital Reduction a/c				36,000
	(Balance transferred)				
,,	Capital Reduction a/c	Dr.		2,45,125	
	To Plant and Machinery a/c				77,500
	To Profit and Loss a/c				1,10,375
	To Preliminary Expenses a/c				7,250
	To Goodwill a/c				50,000
	(Losses written off)				
Date of Receipt	Bank a/c	Dr.		62,500	
	To Equity Share Application & Allotment a/c				62,500
	(Amount received on 5,000 Equity Shares @ Rs. 12·50 per share with applications)				
Date of Allotment	Equity Share Application & Allotment a/c	Dr.		62,500	
	To Equity Share Capital a/c				62,500
	(Allotment made and application money transferred to share capital account)				

Balance Sheet of Ram Ltd.
as on 1st April, 1992

Liabilities	Amount Rs.	Assets	Amount Rs.
Share Capital :		**Fixed Assets :**	
Authorised Capital :		Leasehold Property at cost	
1,500 6% Cum. Preference		less Rs. 30,000 Depreciation	50,000
Shares of Rs 75 each	1,12,500	Plant and Machinery	
19,000 Equity Shares of		at cost Depreciation	75,000
Rs. 12·50 each	2,37,500		
	3,50,000	**Current Assets, Loans and Advances :**	
Issued & Subscribed Capital :		Stock in trade	79,175
1,500 6% Cum. Preference		Sundry Debtors	30,200
Shares of Rs. 75 each fully paid up	1,12,500	Cash at Bank	11,500
7,000 Equity shares of Rs. 12 50 each fully paid, issued for cash	87,500		
270 Equity Shares of Rs. 12·50 each fully paid issued for consideration other than cash	3,375		
Current Liabilities and Provisions :			
Sundry Creditors	42,500		
	2,45,875		2,45,875

टिप्पणी : (i) पूर्वाधिकार अंशो पर 3 वर्ष का बकाया लाभांश (9,000 × 3) 27,000 रु० है जिसके लिए प्रति 100 रु० लाभांश की राशि के बदले 12·50 रु० वाले एक अंश के हिसाब से ($\frac{27000}{100}$) 270 अंश दिये जायेंगे।

(ii) कम्पनी की अधिकृत पूंजी 3,50,000 रु० पर कायम रहेगी। अतः इसमें 1,12,500 रु० की पूंजी 75 रु० वाले 1,500 6% संचयी पूर्वाधिकार अंशों में तथा शेष 2,37,500 रु० की पूंजी 12·50 रु० वाले 19,000 ईक्विटी अंशों में विभक्त होगी।

Illustration 1·8 : The following is the Balance Sheet of Unlucky Ltd. as on 31st December, 1991 :

अनलक्ष्मी लिमिटेड का चिट्ठा 31 दिसम्बर, 1991 को निम्न प्रकार है :

Liabilities	Amount Rs.	Assets	Amount Rs.
Share Capital :		Goodwill	50,000
20,000 8% Preference Share		Land and Buildings	1,30,000
of Rs. 10 each fully paid	2,00,000	Plant and Machinery	3,20,000
50,000 Equity Shares of Rs. 10		Stock in trade	1,40,000
each fully paid	5,00,000	Debtors	1,10,000
Share Premium Account	10,000	Cash in hand	1,000
8% Debentures of Rs. 100 each	1,00,000	Discount on Issue of Debentures	5,000
Creditors	1,40,000	Preliminary Expenses	10,000
Bank overdraft	50,000	Profit & Loss Account	2,34,000
	10,00,000		10,00,000

Note : Preference Share Dividend is in arrears for Rs. 48,000.

It is hoped that the worst time is over and the company would start earning profits after reconstruction. Upon revaluation of assets, it was found that goodwill is worthless and that other assets have overvalued to the following extent : Land and Buildings Rs 10,000, *Plant and Machinery Rs. 60,000; Stock in trade Rs. 15,000* and Debtors Rs 20,000. The following scheme of reorganisation is prepared and approved by the court :

1. The Equity Shares be reduced to Rs. 2·50 each.
2. The 8% Preference Shares be reduced to Rs. 7·50 each and then exchanged for one new 10% Preference Share of Rs. 5 each and one equity share of Rs 2·50 each.
3. Preference Shareholders have forgone their right for 2 years dividend and one year's dividend Rs. 16,000 is payable to them in fully paid equity shares.
4. The debenture holders be given the option to either accept 90% of their claims in cash or to convert their claims in full into new 10% Preference shares of Rs. 5 each. One half (in value) of the debentureholders accepted Preference shares and the rest were paid in cash.
5. The revaluation of assets be adopted.
6. 1,00,000 new equity shares of Rs. 2·50 each are to be issued at par payable in full *on application. This issue was under-written for a commission of 2% and was fully* taken up.
7. The total expenses incurred in *connection with the scheme excluding under-writing* commission amounted Rs. 2,000.

Pass necessary journal entries to record the above arrangements and prepare Company's Balance Sheet after the scheme of reorganisation had been carried out.

नोट—अधिमान अंशों पर बकाया लाभांश 48,000 रु० है।

यह आशा की जाती है कि खराब समय व्यतीत हो गया है और कम्पनी पुनर्निर्माण के बाद लाभ कमाना प्रारम्भ कर देगी। सम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन पर यह ज्ञात हुआ कि ख्याति का मूल्य शून्य है और अन्य सम्पत्तियाँ निम्नलिखित सीमा तक अधिक मूल्यांकित की हुई हैं : भूमि एवं भवन 10,000 रु०; यन्त्र एवं मशीनरी 60,000 रु०; व्यापारिक रहतिया 15,000 रु०; तथा देनदार 20,000 रु०। पुनर्गठन की निम्न योजना तैयार की गई व न्यायालय से स्वीकृति प्राप्त हुई :

1. समता अंशों को 2·50 रु० प्रति अंश तक कम कर दिया जाये।

2. 8% अधिमान अंशों को 7·50 रु० प्रति अंश तक कम कर दिया जाये तथा फिर 5 रु० वाले एक नये 10% अधिमान अंश तथा 2·50 रु० वाले एक समता अंश में बदल दिया जाये।

3. अधिमान अंशधारियों ने दो वर्ष के लाभांश के अधिकार का त्याग कर दिया है तथा उन्हें एक वर्ष का लाभांश 16,000 रु० का पूर्णदत्त समता अंशों में भुगतान किया जाये।

4. ऋण-पत्रधारियों को विकल्प दिया जाये कि वे या तो अपने दावों का 90% नकद प्राप्त कर लें अथवा अपने दावों की पूर्ण राशि को नये 5 रु० वाले 10% अधिमान अंशों में परिवर्तित करा लें। आधे (मूल्य के) ऋण-पत्रधारियों ने अधिमान अंश लेना स्वीकार किया तथा शेष को नकद भुगतान कर दिया अभिदत्त गया।

5. सम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन को अपनाया जाये।

6. 1,00,000 नये 2·50 रु० वाले समता अंश सम मूल्य पर निर्गमित किये जायें जिनकी सम्पूर्ण राशि प्रार्थना पत्र के साथ देय हो। इस निर्गमन का 2% कमीशन पर अभिगोपन किया गया तथा पूर्ण रूप से अभिदत्त हुआ।

7. अभिगोपन कमीशन के अतिरिक्त उक्त योजना पर 2,000 रु० की राशि व्यय की गई।

उपरोक्त व्यवस्थाओं को दर्ज करने के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए तथा पुनर्गठन की योजना को कार्यान्वित करने के पश्चात् कम्पनी का चिट्ठा बनाइये।

Solution :

Journal of Unlucky Ltd.

Date	Particulars		Dr. Amount	Cr. Amount
1992			Rs.	Rs.
Jan 1	(Rs. 10) Equity Share Capital a/c Dr		5,00,000	
	To (Rs. 2·50) Equity Share Capital a/c			1,25,000
	To Capital Reduction a/c			3,75,000
	(Equity Shares of Rs. 10 each reduced to Equity Shares of Rs. 2·50 each fully paid and balance transferred to Capital Reduction Account)			

(*Contd ...... *)

1992		Rs.	Rs.
Jan. 1	(Rs. 10) Preference Share Capital a/c Dr.	2,00,000	
	To (Rs. 7 50) Preference Share Capital a/c		1,50,000
	To Capital Reduction a/c		50,000
	(8% Preference Shares of Rs. 10 each reduced to 8% Preference shares of Rs. 7·50 each fully paid and balance transferred to Capital Reduction Account)		
,,	(Rs. 7·50) 8% Pref. Share Capital a/c Dr.	1,50,000	
	To (Rs 5) 10% Pref. Share Capital a/c		1,00,000
	To (Rs 2·50) Equity Share Capital a/c		50,000
	(Rs 7 50 8% Preference Shares converted into Rs. 5 10% Preference Shares and Rs. 2·50 Equity Shares)		
,,	Share Premium a/c Dr.	10,000	
	To Capital Reduction a/c		10,000
	(Balance transferred.)		
,,	Capital Reduction a/c Dr.	16,000	
	To Preference Share Dividend a/c		16,000
	(Preference Share Dividend provided.)		
,,	Preference Share Dividend a/c Dr.	16,000	
	To Equity Share Capital a/c		16,000
	(Equity shares issued for arrear of Preference share dividend.)		
,,	6% Debentures a/c Dr.	1,00,000	
	To Debenture holders a/c		1,00,000
	(Balance transferred)		
Date of Receipt	Bank a/c Dr.	2,50,000	
	To Equity Share Application & Allotment a/c		2,50,000
	(Application money received on 1,00,000 Equity Shares @ Rs. 2·50 each.)		
Date of allotment	Equity Share Application & Allotment a/c Dr.	2,50,000	
	To Equity Share Capital a/c		2,50,000
	(Application money transferred to Equity Share Capital account on allotment.)		

(Contd.......)

				Rs.	Rs.
Date of Payment	Underwriting Commission a/c	Dr.		5,000	
	Reconstruction Expenses a/c	Dr.		2,000	
	To Bank a/c				7,000
	(Underwriting Commission and Reconstruction Expenses paid.)				
,,	Debenture holders a/c	Dr.		1,00,000	
	To 10% Preference Share Capital a/c				50,000
	To Bank a/c				45,000
	To Capital Reduction a/c				5,000
	(Debenture holders claim discharged by converting 50% debentures into 10% Preference shares and rest paid in cash.)				
,,	Capital Reduction a/c	Dr.		4,11,000	
	To Profit and Loss a/c				2,34,000
	To Goodwill a/c				50,000
	To Land and Building a/c				10,000
	To Plant and Machinery a/c				60,000
	To Stock in trade a/c				15,000
	To Debtors a/c				20,000
	To Discount on Issue of Debentures a/c				5,000
	To Preliminary Expenses a/c				10,000
	To Under-writing Commission a/c				5,000
	To Reconstruction Expenses a/c				2,000
	(Losses and expenses written off.)				
,,	Capital Reduction a/c	Dr.		13,000	
	To Capital Reserve a/c				13,000
	(Balance transferred)				

Balance Sheet of Unlucky Ltd.
as on 1st January, 1992

Liabilities	Amount	Assets	Amount
	Rs.		Rs.
Share Capital		Land and Buildings	1,20,000
Authorised Capital :		Plant and Machinery	2,60,000
40,000 10% Preference Shares of		Stock in trade	1,25,000
Rs 5 each	2,00,000	Debtors	90,000
2,00,000 Equity Shares of		Cash at Bank	1,48,000
Rs. 2·50 each	5,00,000	Cash in hand	1,000
	7,00,000		
Issued and Subscribed Capital :			
30,000 10% Preference Shares			
of Rs 5 each fully paid up	1,50,000		
1,76,400 Equity Shares of			
Rs. 2·50 each fully paid up	4,41,000		
Capital Reserve	13,000		
Creditors	1,40,000		
	7,44,000		7,44,000

टिप्पणियाँ : (i) स्थिति विवरण में दिखायी जाने वाली ईक्विटी अंश पूँजी निम्न प्रकार ज्ञात की गई है :

	रु०
पुराने ईक्विटी अंशों की घटी हुई अंश पूँजी	1,25,000
पूर्वाधिकार अंशों को जारी की गई ईक्विटी अंश पूँजी	50,000
पूर्वाधिकार अंशों पर लाभांश के लिए निर्गमित ईक्विटी अंश पूँजी	16,000
नयी निर्गमित की गई ईक्विटी अंश पूँजी	2,50,000
कुल राशि	4,41,000

(ii) स्थिति विवरण में दिखायी जाने वाली अधिमान अंश पूँजी निम्न प्रकार ज्ञात की गई है :

	रु०
पुराने अधिमान अंशों की घटी हुई अंश पूँजी	1,00,000
ऋण-पत्र धारियों को निर्गमित अधिमान अंश पूँजी	50,000
कुल राशि	1,50,000

		रु०
(iii) पूँजी संचय में अन्तरित पूँजी में कमी खाते का शेष निम्न प्रकार ज्ञात किया गया है :		
पूँजी कमी खाते में जमा राशियाँ (3,75,000 रु० + 50,000 रु० + 10,000 रु० + 5,000 रु०)		4,40,000
घटाइये : पूँजी कमी खाते से अपलिखित की गई राशियाँ (16,000 रु० + 4,11,000 रु०)		4,27,000
पूँजी संचय में अन्तरित राशि		13,000

	रु०	रु०
(iv) बैंक शेष इस प्रकार ज्ञात किया गया है :		
1,00,000 ईक्विटी अंशों के निर्गमन से प्राप्त राशि		2,50,000
घटाइये : ऋण-पत्र धारियों को भुगतान	45,000	
अभिगोपन कमीशन	5,000	
पुनर्निर्माण व्यय	2,000	
बैंक अधिविकर्ष	50,000	1,02,000
बैंक शेष		1,48,000

III. कम्पनी के सदस्यों, ऋण-पत्रधारियों एवं लेनदारों के साथ अनुविन्यसन की योजना

(Scheme of Arrangement with Members, Debentureholders and Creditors of the Company)

कभी-कभी कम्पनी की आर्थिक स्थिति इतनी जर्जर अवस्था में पहुँच जाती है कि कम्पनी की अधिकांश पूँजी डूब चुकी होती है। ऐसी स्थिति में यदि कम्पनी का समापन कर दिया जाय तो कम्पनी के ईक्विटी एवं पूर्वाधिकार अंशधारियों को कुछ भी राशि मिलने की सम्भावना नहीं होती है तथा ऋणपत्रधारियों एवं लेनदारों के दावों के भी अधिकांश भाग का भुगतान संदिग्ध हो जाता है। इस स्थिति में ऐसी सम्भावना है कि यदि कम्पनी अपनी हानियों को अपलिखित करके कुछ अतिरिक्त धन की व्यवस्था कर सुचारु रूप से व्यापार का संचालन करे तो भविष्य में लाभ अर्जित कर सकती है, तो कम्पनी के अंशधारी, ऋण पत्रधारी एवं लेनदार आपसी सहमति से ऐसी योजना बना सकते हैं, जिसके अनुसार हानियों को अपलिखित किया जाये एवं अतिरिक्त धन की व्यवस्था हो सके। ऐसी योजना को समझौते की योजना अथवा अनुविन्यसन की योजना कहा जा सकता है। इस योजना के अन्तर्गत यह निर्धारित किया जाता है कि विभिन्न पक्ष जैसे ईक्विटी अंशधारी, पूर्वाधिकार अंशधारी, ऋणपत्रधारी एवं लेनदार अपने हितों अर्थात् दावों का कितना भाग त्याग देंगे जिससे कि हानियों को अपलिखित किया जा सके एवं कम्पनी का सुचारु रूप से संचालन करने के लिए आवश्यक धन की व्यवस्था की जा सके।

इस योजना के अन्तर्गत लेखा प्रविष्टियाँ योजना की शर्तों पर निर्भर करती हैं जो कि सामान्य नियमों के अनुसार ही की जायेंगी।

Illustration 19 : R Ltd. had been suffering heavy losses in the past. It is now considered that the worst period is over and a sound re-organisation will enable it to successfully operate in future. The Balance Sheet of the Company immediately before the reconstruction is as follows :

आर लिमिटेड गत वर्षों मे अत्यधिक हानियां उठा रही है। अब यह समझा जाता है कि कम्पनी के बुरे दिन समाप्त हो गये हैं तथा एक सुदृढ पुनर्गठन से भविष्य मे इसे सफलतापूर्वक चलाया जा सकेगा। पुनर्निर्माण के ठीक पूर्व का कम्पनी का चिट्ठा निम्नांकित है :

Balarce Sheet

as at 31st December, 1991

Liabilities	Amount	Assets	Amount
	Rs.		Rs.
Share Capital :		Goodwill	1,00,000
Authorised Capital :		Fixed Assets	14,00,000
5,000 6% Cum Preference Shares		Stock in trade	90,000
of Rs. 100 each.	5,00,000	Sundry Debtors	50,000
20,0 0 Equity Shares of Rs. 100		Investments	20,000
each	20,00,000	Cash at Bank	12,000
		Preliminary Expenses	5,000
	25,00,000	Discount on Issue of Shares	3,000
		Profit and Loss a/c	10,20,000
Issued & Subscribed Capital :			
2,000 6% Cum. Preference Shares			
of Rs. 100 each fully paid	2,00,000		
10,000 Equity Shares of Rs. 100			
each fully paid	10,00,000		
5% Debentures of Rs. 100 each	10,00,000		
Sundry Creditors	4,80,000		
Liabilities for Income Tax	20,000		
	27,00,000		27,00,000

Dividends on Preference Shares is in arrears for 5 years.

The following scheme of reconstruction was agreed upon and duly confirmed by the court :—

(i) The Equity Shares shall be reduced to shares of Rs. 10 each, Rs. 5 per share being paid up.

(ii) The Preference Shareholders shall forego 80% of their claims in shares and the remaining shares sha'l be converted into 7% Preference shares of Rs. 20 each fully paid up.

(iii) The claim for arrears of dividend shall be reduced to one year's dividend and shall be discharged by issue of fully paid equity shares.

(iv) The Debenture holders agreed to have 80% of their claims which shall be discharged by converting to $7\frac{1}{2}$% debentures of Rs. 100 each.

(v) The Sundry Creditors are required to forego 25% of their claims.

(vi) The assets to be revalued as follows : Fixed Assets Rs. 12,00,000; Stock in trade Rs. 70,000; Sundry Debtors Rs. 40,000; Investments Rs. 10,000.

(vii) The debit balance of Profit and Loss Account, Goodwill, Preliminary Expenses and Discount on Issue of Shares to be completely written off.

(viii) In order to provide sufficient working capital the Equity Shareholders are to pay the balance amount due against each share.

Give journal entries in the books of the Company and also the Balance Sheet after implementation of the scheme.

पूर्वाधिकार अंशों पर लाभांश 5 वर्षों से बकाया है । पुनर्निर्माण की निम्नांकित योजना पर सहमति हुई तथा न्यायालय द्वारा स्वीकृति प्राप्त की गयी :—

(i) समता अंशों को 10 रु० वाले अंशों में परिवर्तित किया जाये जिन पर 5 रु० प्रति अंश प्रदत्त माना जाये ।

(ii) पूर्वाधिकार अंशधारी अंशों पर अपने अधिकार का 80% त्याग करेंगे और शेष अंशों को 20 रु० वाले 7% पूर्वाधिकार अंशों में परिवर्तित कर दिया जायेगा ।

(iii) बकाया लाभांश का अधिकार कम करके एक वर्ष के लाभांश के बराबर कर दिया जायेगा और इसका भुगतान पूर्णदत्त समता अंशों के निर्गमन द्वारा किया जायेगा ।

(iv) ऋणपत्रधारी अपनी राशि का 80% ही लेंगे जिसे 100 रु० वाले $7\frac{1}{2}\%$ ऋणपत्रों में परिवर्तित कर दिया जायेगा ।

(v) विविध लेनदार अपनी राशि का 25% त्याग करेंगे ।

(vi) सम्पत्तियों का मूल्यांकन इस प्रकार किया जायेगा—स्थायी सम्पत्तियाँ 12,00,000 रु०; व्यापारिक रहतिया 70,000 रु०; विविध देनदार 40,000 रु०; विनियोग 10,000 रु० ।

(vii) लाभ-हानि खाते का डेबिट शेष, ख्याति, प्रारम्भिक व्यय तथा अंशों के निर्गमन पर बट्टा पूर्णरूप से अपलिखित किया जायेगा ।

उपरोक्त व्यवहारों को दर्ज करने के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए तथा उपरोक्त व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन के पश्चात् कम्पनी का चिट्ठा बनाइये।

Solution :

Journal of B Ltd.

Date	Particulars	Dr. Amount Rs.	Cr. Amount Rs.
	(Rs. 100) Equity Share Capital a/c Dr. To (Rs 25) Equity Share Capital a/c To Capital Reduction a/c (Equity shares of Rs 100 each reduced to Rs. 25 and balance transferred in Capital Reduction Account)	7,00,000	 1,75,000 5,25,000
	(Rs. 100) 10% Pref Share Capital a/c Dr. To (Rs. 75) Pref Share Capital a/c To Capital Reduction a/c (Pref. shares reduced to Rs 75 and balance transferred to capital reduction account)	3,00,000	 2,25,000 75,000
	(Rs 75) Pref. Share Capital a/c Dr. To (Rs 50) 12% Pref. Share Capital a/c To Equity Share Capital a/c (One new Pref. share of Rs 50 each & one Equity share of Rs. 25 each issued for each old Pref share)	2,25,000	 1,50,000 75,000
	Capital Reduction a/c Dr. To Pref Share Dividend a/c (Arrear of Pref. Share dividend payable for one year.)	30,000	 30,000
	Pref. Share Dividend a/c Dr. To Equity Share Capital a/c (Equity shares of Rs 25 each issued for arrear of Pref. share dividend)	30 000	 30,000
	9% Debentures a/c Dr. To Debenture holders a/c (Balance of 9% debentures transferred)	1,00,000	 1,00,000
	Loan from director a/c Dr. To Provision for Contingent Liability a/c (Contingent liability of Rs. 30,000 is payable and adjusted with Loan from director.)	30,000	 30,000

(*Contd*……)

	Bank a/c Dr.	2,20,000	
	To Equity Share Application & Allotment a/c		2,20,000
	(Application money received on 8,800 Equity shares @ Rs. 25 each)		
	Equity Share Application & Allotment a/c Dr	2,20,000	
	To Equity Share Capital a/c		2,20,000
	(Application money transferred on allotment)		
	Underwriting Commission a/c Dr.	6,600	
	Reorganisation Expenses a/c Dr.	3,400	
	To Bank		10,000
	(Underwriting commission and reorganisation expenses paid)		
	Debenture holders a/c Dr.	1,00,000	
	To 12% Pref Share Capital a/c		50,000
	To Bank a/c		45,000
	To Capital Reduction a/c		5,000
	(50% of Debentureholders opt to take new Pref. shares at par and remaining took 90% cash payment for their claims)		
	Land & Buildings a/c Dr.	50,000	
	To Capital Reduction a/c		50,000
	(Value of Land & Buildings increased.)		
	Capital Reduction a/c Dr.	6,25,000	
	To Goodwill a/c		80,000
	To Plant & Machinery a/c		90,000
	To Stock a/c		20,000
	To Debtors a/c		30,000
	To Preliminary Expenses a/c		70,000
	To Profit and Loss a/c		3,10,000
	To Underwriting Commission a/c		6,600
	To Reorganisation Expenses a/c		3,400
	To Capital Reserve a/c		15,000
	(Various losses written off and balance of Capital Reduction Account transferred to Capital Reserve a/c)		

Balance Sheet of B Ltd.
(After Reorganisation)

Liabilities	Amount	Assets	Amount
	Rs.		Rs.
4,000 12% Pref. Shares of Rs. 50 each fully paid	2,00,000	Land & Buildings	2,50,000
20,000 Equity Shares of Rs. 25 each fully paid	5,00,000	Plant & Machinery	2,10,000
Share Premium Account	20,000	Stock	1,00,000
Capital Reserve Account	15,000	Debtors	2,70,000
Creditors	2,50,000	Cash at Bank	1,85,000
Provision for Contingent Liability	30,000		
	10,15,000		10,15,000

टिप्पणी—(i) बैंक शेष की गणना

Bank Account

	Rs.		Rs.
To Balance b/d	20,000	By Underwriting Commission a/c	6,600
To Equity Share Application & Allotment a/c	2,20,000	By Reorganisation Expenses a/c	3,400
		By Debentureholders a/c	45,000
		By Balance c/d	1,85,000
	2,40,000		2,40,000

प्रश्न (Questions)

सैद्धान्तिक प्रश्न (Theoretical Questions) :

1. What is meant by internal reconstruction ? Give conditions when internal reconstruction becomes desirable ?

आन्तरिक पुनर्निर्माण से क्या आशय है ? उन परिस्थितियों को बताइये जब आन्तरिक पुनर्निर्माण वाछनीय हो जाता है ।

2. What are the different methods of alteration of Share Capital as provided under Companies Act, 1956 ?

कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत अंश पूँजी में परिवर्तन की कौन-कौनसी विधियाँ हैं ?

3. Discuss the legal and accounting procedure of alterations of share capital,

अंश पूँजी में परिवर्तन की वैधानिक एवं लेखाकन प्रक्रिया का वर्णन कीजिये ।

4. When internal reconstruction necessarily involve reduction of capital ? Discuss the legal procedure of it.

आन्तरिक पुनर्निर्माण में आवश्यक रूप से पूँजी में कटौती कब की जाती है ? इसकी वैधानिक प्रक्रिया का वर्णन कीजिए ।

5. Explain different methods of reduction of capital. Give Journal entries in the books of a company adopting Capital Reduction Scheme.

पूँजी में कटौती की विभिन्न रीतियों को समझाइये। पूँजी में कटौती की योजना अपनाने वाली एक कम्पनी की लेखा पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये।

व्यावहारिक प्रश्न (Practical Questions) :

6. The following is the Balance Sheet of A Ltd. as on 31st December, 1991 :

31 दिसम्बर, 1991 को ए लिमिटेड का चिट्ठा निम्न प्रकार है :

Liabilities	Amount Rs.	Assets	Amount Rs.
Share Capital :		Land and Buildings	50,000
4,000 8% Preference Shares		Plant and Machinery	44,000
of Rs. 10 each fully paid	40,000	Furniture	2,000
4,000 Equity Shares of Rs. 10		Investments	15,000
each fully paid	40,000	Stock in trade	24,000
General Reserve	47,000	Sundry Debtors	26,000
Bank Loan	15,000	Bank Balance	2,000
Creditors	21,000		
	1,63,000		1,63,000

The following scheme of reconstruction was duly passed for the expansion of the Company :

(1) The share capital of the company be increased to Rs. 1,50,000 divided into 4 000 6% Cumulative Preference shares of Rs. 10 each and 44,000 Equity shares of Rs 2 50 each.

(2) Rs. 40,000 of the General Reserve is to be capitalised by the issue of Rs. 2·50 bonus shares in the form of equity Shares.

(3) Such shareholders who agree to convert their 8% Preference shares into 6% Preference shares of equal number were to be allotted one bonus share of Rs. 2·50 each for every Preference share converted.

(4) Such shareholders who agree to convert each Rs. 10 Equity share into four Rs. 2·50 Equity shares were to receive a bonus of three Rs. 2·50 Equity shares for every Equity share originally held.

(5) The remaining Equity shares of Rs. 2·50 each are offered to the existing Equity shareholders at a premium of 50%.

All shareholders exercised this option and approved the above scheme. The amounts due were fully received. The expenses of reconstruction amounted to Rs. 2,500. Give Journal entries and prepare the revised Balance Sheet.

कम्पनी के विस्तार के लिए पुनर्निर्माण की निम्न योजना स्वीकारकी गई :

(1) कम्पनी की अश पूँजी बढ़कर 1,50,000 रु० की जाय जो कि 10 रु० वाले 4,000 6% संचयी पूर्वाधिकार अंश तथा 2·50 रु० वाले 44,000 समता अशो मे विभाजित हो।

(2) 2·50 रु० वाले बोनस अश समता अशो म निर्गमित कर सामान्य सचय के 40,000 रु० का पूँजीकरण किया जाय।

(3) ऐसे अशधारी जो अपने 8% पूर्वाधिकार अश बराबर सख्या के 6% पूर्वाधिकार अशों मे परिवर्तन करने के लिए तैयार हो जाते हैं उन्हे प्रत्येक पूर्वाधिकार अश के बदले मे 2·50 रु० वाला एक बोनस अश दिया जाय।

(4) ऐसे अशधारी जो 10 रु० वाले प्रत्येक समता अश को 2 50 रु० वाले चार समता अशों में परिवर्तन करने के लिए तैयार हो जाते हैं उन्हे प्रत्येक मूल समता अश के बदले मे तीन बोनस अश 2·50 रु० वाले दिये जाय।

(5) शेष समता अश 2·50 रु० वाले विद्यमान समता अशधारियो को 50% प्रीमियम पर दिये जाय।

सभी अशधारियो ने उपर्युक्त योजना स्वीकार कर ली। देय राशियाँ पूर्णतया प्राप्त हो गयी। पुनर्निर्माण के व्यय 2,500 रु० हुए। जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए और सशोधित चिट्ठा बनाइए।

Ans. Total of Balance Sheet Rs. 2,05,500 (1 1)

7. The following is the Balance Sheet of N Ltd as on 31st March, 1992 :

31 मार्च 1992 को एन लिमिटेड का चिट्ठा निम्न प्रकार है :

Liabilities	Amount Rs.	Assets	Amount Rs.
Authorised Capital :		Patents at cost	3,72,000
10,000 7% Preference Shares		*Leasehold Premises*	1,30,000
of Rs. 100 each	10,00,000	Plant and Machinery	4,20,000
10,000 Equity Shares of		Stock in trade	55,000
Rs. 100 each	10,00,000	Sundry Debtors	76,500
	20,00,000	Discount on Issue of Shares	18,000
		Preliminary Expenses	12,000
Issued & Subscribed Capital :		Profit and Loss Account	2,15,000
7,500 7% Preference Shares		Cash in hand	1,500
of Rs. 100 each fully paid	7,50,000		
5,000 Equity Shares of Rs. 100			
each fully paid	5,00,000		
Bank Overdraft	20,000		
Sundry Creditors	30 000		
	13,00,000		13,00,000

The company suffered losses and was not getting on well. The following scheme of reconstruction was adopted :

(i) *The 7% Preference shares be reduced to an equal number of fully paid 7% Preference shares of Rs. 50 each.*

(ii) The equity shares be reduced to an equal number of equity shares of Rs. 25 each fully paid.

(iii) The amount available be used to write off Rs. 30,000 of the Leasehold Premises, Rs. 15,000 of Stock, 20% Plant and Machinery, Rs. 16,500 of Sundry Debtors and the balance available of Patents.

Journalise the transactions and prepare the Balance Sheet after the reconstruction has been carried out.

कम्पनी को हानियाँ हुई तथा उसकी स्थिति ठीक नहीं चल रही थी। पुनर्निर्माण की निम्नलिखित योजना अपनायी गयी :

(i) 7% पूर्वाधिकार अंशों को घटाकर उतनी ही संख्या के 50 रु० वाले पूर्णदत्त 7% पूर्वाधिकार अंश बना दिये जायें।

(ii) समता अंशों को घटाकर उतनी ही संख्या के 25 रु० वाले पूर्णदत्त समता अंश बना दिये जायें।

(iii) उपलब्ध राशि का उपयोग 30,000 रु० पट्टे पर लिए गए भवन को 15,000 रु०, स्टॉक को 20%, प्लांट और मशीन को 16,500 रु०, विविध देनदारों के तथा शेष उपलब्ध राशि को एकस्व को अपलिखित करने में उपयोग किया जाये।

इन व्यवहारों की जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए तथा पुनर्निर्माण के पश्चात् का चिट्ठा तैयार कीजिए।

Ans. Total of Balance Sheet Rs. 5,50,000 (1·2).

8. The following terms were agreed upon reconstruction of X Ltd. :

(i) The shareholders to receive in lieu of their present holding of 50,000 shares of Rs. 10 each the following :

(a) Fully paid Equity shares equal to 2/5th of their holding;

(b) 8% Preference shares, fully paid to the extent of 1/5th of the above new Equity shares; and

(c) Rs. 60,000 6% Second Debentures.

(ii) An issue of Rs. 50,000 5% First Debentures was made and payment for the same have been received in cash.

(iii) The Goodwill which stood Rs. 30,000 was written off.

(iv) Plant and Machinery which stood at Rs. 1,00,000 was written down to Rs. 75,000.

(v) The Freehold Leasehold Premises which stood at Rs. 1,50,000 were written down to Rs 1,25,000.

(vi) The debit balance of Profit and Loss Account amounting to Rs. 1,10,000 was written off.

Give journal entries in the books of the company necessitated by the above reconstruction.

एक्स लिमिटेड के पुनर्निर्माण पर निम्नलिखित शर्तें स्वीकृत की गईं :

(i) अंशधारियों को अपने वर्तमान 10 रु० वाले 50,000 अंशों के बदले में निम्न प्राप्त करना है :

(अ) अपने विद्यमान अंशों के 2/5 भाग के बराबर पूर्णदत्त समता अंश :

(ब) उपरोक्त नये समता अंशों के 1/5 भाग के बराबर पूर्णदत्त 8% अधिमान अंश; तथा

(स) 60,000 रु० के 6% द्वितीय ऋणपत्र।

(ii) 50,000 रु० के 5% प्रथम ऋणपत्र निर्गमित किये गये तथा जिसके लिए भुगतान नकदी में प्राप्त हो गया।

(iii) ख्याति जो 30,000 रु० मूल्य पर थी अपलिखित कर दी गई।

(iv) प्लाट एवं मशीनरी जो 1,00,000 रु० मूल्य पर थे घटाकर 75,000 रु० के कर दिये गये।

(v) स्वकीय एवं पट्टे पर भवन जो 1,50,000 रु० मूल्य पर थे, घटाकर 1,25,000 रु० कर दिये गये।

(vi) लाभ-हानि खाते का 1,10,000 रु० का डेबिट शेष अपलिखित कर दिया गया।

उपर्युक्त पुनर्निर्माण के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये।

Ans Capital Reserve Rs. 10,000 (1·3)

9. The Balance Sheet of Z Ltd. is as follows on 31–3–92 :

31–3–92 को जेड लिमिटेड का चिट्ठा निम्न प्रकार है :

Balance Sheet

Liabilities	Amount	Assets	Amount
	Rs.		Rs.
Authorised Capital :		Goodwill	10,000
20,000 Equity Shares of Rs. 10		Land and Buildings	20,500
each	2,00,000	Machinery	50,800
		Preliminary Expenses	1,500
Issued, Subscribed and Paid-up		Stock	10,200
Capital :		Book Debts	15,000
12,000 Shares of Rs. 10 each		Cash at Bank	1,200
Rs 1,20,0 0		Profit and Loss Account :	
Less : Calls in arrear :		Balance as per last balance sheet	
(Rs. 3 per share on		Rs. 22,000	
3,000 shares) 9,000	1,11,000	*Less* : Profit for the year	
		Rs. 1,200	20,800
Sundry Creditors	15,000		
Provision for Taxes	4,000		
	1,30,000		1,30,000

The directors have had made a valuation of the machinery and find it over-valued by Rs. 10,000. It is proposed to write down this asset to its true value and to extinguish the deficiency in the Profit and Loss Account and to write off Goodwill and Preliminary Expenses, by the adoption of the following course :

1. To forfeit the shares on which the call is outstanding,

2. To reduce the paid up capital by Rs. 3 per share.
3 To reissue the forfeited shares at Rs. 5 per share.
4. To utilise the provision for taxes if necessary

The shares on which the calls were in arrear were duly forfeited and reissued on payment of *Rs. 5 per share. You are requested to draft the necessary Journal entries* and the Balance Sheet of the company after carrying out the terms of the scheme as set above.

संचालकों ने मशीन का पुनर्मूल्यांकन कराया है और उन्हे ज्ञात होता है कि यह 10,000 रु० से अधिमूल्यांकित है। यह प्रस्ताव किया जाता है कि इस सम्पत्ति का मूल्य घटाकर सही मूल्य पर ले आया जाये, लाभ-हानि खाते की कमी को तथा ख्याति और प्रारम्भिक खर्चों को अपलिखित कर दिया जाये। इसके लिए निम्नलिखित प्रक्रिया अपनायी जाये—

1. जिन अंशों पर बकाया मांग है उनको जब्त कर लिया जाये।
2. प्रदत्त पूंजी को 3 रु० प्रति अंश के हिसाब से घटा दिया जाये।
3. जब्त किये गये अंशों को 5 रु० प्रति अंश के हिसाब से पुनर्निर्गमित किया जाये।
4. कर के लिए आयोजन यदि आवश्यक हो तो काम में लिया जाये।

जिन अंशों पर मांग बकाया थी उन्हें विधिवत् जब्त कर लिया गया और 5 रु० प्रति अंश के भुगतान पर पुनर्निर्गमित कर दिया गया।

आपको आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ देनी हैं और उपर्युक्त योजना को पूर्ण करने के पश्चात् का चिट्ठा देना है।

Ans. Total of Balance Sheet Rs. 1,02,700 and Profit on reissue of forfeited shares Rs 15,000. (1·4)

10. On 31st December, 1991 the Balance Sheet of Ashok Ltd. was as follows :

31 दिसम्बर, 1991 को अशोक लिमिटेड का चिट्ठा निम्न प्रकार था :

Balance Sheet

Liabilities	Rs.	Assets	Rs.
Share Capital :		Buildings	4,50,000
Authorised and Paid up Capital :		Machinery	8,20,000
6,000 7% Preference Shares of Rs. 100 each	6,00,000	Goodwill	1,20,000
1,10,000 Equity Shares Rs. 10 each	11,00,000	Stock	1,40,000
Share Premium	1,50,000	Debtors	60,000
Creditors	1,70,000	Cash at Bank	30,000
		Preliminary Expenses	30,000
		Advertisement Expenses	20,000
		Profit & Loss Accoun)	3,50,000
	20,20,000		20,20,000

Preference Share Dividend in arrears for two years.

The following scheme of reconstruction was approved :

(a) Preference shares to be reduced to Rs. 80 each and Equity shares to Rs. 5 each fully paid.

(b) One Rs 5 Equity share to be issued for each Rs. 10 Preference share dividend (gross) in arrears.

(c) Goodwill, Advertisement Expenses, Profit & Loss Account and Preliminary Expenses are to be written off.

(d) Machinery to be written off by Rs. 1,30,000.

(e) The authorised share capital is to be restored to original figure.

Give necessary Journal entries and prepare the revised Balance Sheet.

पूर्वाधिकार अंशों का विगत दो वर्षों का लाभांश बकाया है।

पुनर्निर्माण की निम्नलिखित योजना स्वीकृत की गई—

(अ) पूर्वाधिकार अंशो को 80 रु० तक तथा ईक्विटी अशो को 5 रु० तक पूर्ण प्रदत्त घटा दिया जाए।

(ब) पूर्वाधिकार अंश लाभाश की बकाया राशि (सकल) के प्रत्येक 10 रु० के लिए 5 रु० वाला एक ईक्विटी अश निर्गमित किया जाए।

(स) ख्याति, विज्ञापन व्यय, लाभ-हानि खाता तथा प्रारम्भिक व्ययों को अपलिखित किया जाए।

(द) मशीनरी को 1,30,000 रु० से अपलिखित किया जाए।

(य) अधिकृत अंश पूँजी को उसकी मूल राशि पर रखा जाए।

आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए तथा सशोधित चिट्ठा बनाइये।

Answer : Total of Balance Sheet Rs. 13,70,000 (1·5)

11. The following is the Balance Sheet of Sad Ltd. as on 31–12–91 :

31–12–91 को सेड लि० का चिट्ठा निम्न प्रकार था :

Balance Sheet

Liabilities	Rs.	Assets	Rs.
13% Cumulative Preference shares of Rs. 100 each fully paid	2,00,000	Fixed Assets	30,00,000
Equity shares of Rs. 10 each fully paid	14,00,000	Current Assets	70,00,000
8% Debentures	6,00,000	Profit & Loss Account	6,00,000
Current Liabilities	78,00,000		
Provision for Taxation	6,00,000		
	1,06,00,000		1,06,00,000

The following scheme of reorganisation is sanctioned :

(1) Fixed Assets are to be written down by $33\frac{1}{3}\%$.

(2) Current Assets are to be revalued at Rs. 54,00,000.

(3) Preference shareholders decide to forego their right of arrears of dividend which are in arrears for three years.

(4) The taxation liability of the Company will be Rs. 8,00,000.

(5) One of the creditors of the Company, to whom the Company owes Rs. 50,00,000, decided to forego 50% of his claim. He is allotted 2,00,000 Equity shares of Rs. 5 each in part satisfaction of the balance of his claim.

(6) The rate of interest on debentures is increased to 11% The debenture-holders surrender their existing debentures of Rs. 100 each and exchange the same for fresh debentures of Rs. 75 each.

(7) All existing Equity shares are reduced to Rs. 5 each.

(8) All Preference shares are reduced to Rs. 75 each.

Pass Journal entries and show the Balance Sheet of the Company after giving effect to the above.

पुनर्गठन की निम्न योजना स्वीकृत हुई—

(1) स्थायी सम्पत्तियों को $33\frac{1}{3}\%$ से अपलिखित करना है।

(2) चालू सम्पत्तियों का पुनर्मूल्यांकन 54,00,000 रु० पर करना है।

(3) पूर्वाधिकार अंशधारियों ने अपने बकाया लाभांश के अधिकार को त्यागने का निश्चय किया है जो कि विगत तीन वर्षों से बकाया है।

(4) कम्पनी का कर दायित्व 8,00,000 रु० होगा।

(5) कम्पनी के लेनदारों में से एक लेनदार जिसके कम्पनी में 50,00,000 रु० बकाया है, अपने दावे का 50% त्यागने का निश्चय करता है। उसके दावे के शेष के आंशिक भुगतान में उसको 5 रु० वाले 2,00,000 अंश आवंटित किये गये।

(6) ऋणपत्रों पर ब्याज की दर 11% तक बढ़ा दी गई। ऋणपत्रधारी अपने वर्तमान 100 रु० वाले ऋणपत्रों को समर्पित करते हैं एवं इनको 75 रु० वाले नये ऋणपत्रों में बदल लेते हैं।

(7) सभी वर्तमान ईक्विटी अंशों को 5 रु० तक घटा दिया जाता है।

(8) सभी पूर्वाधिकार अंशों को 75 रु० तक घटा दिया जाता है।

जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये एवं उपरोक्त को प्रभावित करने के बाद का चिट्ठा बनाइये।

Answer : Total of Balance Sheet Rs. 74,00,000. (1·6)

12. The receiver for debentureholders who had charge on all assets presented the following statement relating to Uncomfortable Ltd. from the creditors point of view as on December 31, 1991 :

ऋणपत्रधारियों के एक प्रापक, जिसको कि सभी सम्पत्तियों पर प्रभार उपलब्ध है, ने अनकम्फर्टेबल लि. के सम्बन्ध में 31 दिसम्बर, 1991 को स्थिति के अनुसार अग्र विवरण प्रस्तुत किये हैं :

Statement of Financial Position

	Rs.		Rs.
Nominal Capital :		Cash in hand of the receiver	40,00,000
75,000 Shares of Rs. 50 each	37,50,000	Property, Machinery and Plant etc. (Cost Rs 40,00,000)	15,00,000
			55,00,000
Issued and Subscribed Capital :		Uncalled Capital :	
50,000 Shares of Rs. 50 each	25,00,000	50,000 Shares at Rs. 25 each	12,50,000
Called-up and Paid-up Capital :		Deficiency (Balancing figure)	37,50,000
50,000 Shares of Rs. 50 each Rs 25 per share called up	....		
First Debentures	20,00,000		
Second Debentures	40,00,000		
Unsecured Creditors	45,00,000		
	1,05,00,000		1,05,00,000

X holds the first debentures for Rs 20,00,000 and second debentures for Rs. 20,00,000. He is an unsecured creditor for Rs. 10,00,000.

Y holds second debentures for Rs. 20,00,000 and is an unsecured creditor for Rs. 12,50,000.

The following scheme of reconstruction is proposed :

(a) X is to advance Rs. 8,75,000 in cash and is to accept new first debentures (those already held by him being surrendered and cancelled) for Rs. 40,00,000 in full satisfaction of all his claims against the Company.

(b) Y is to accept Rs 17,50,000 in cash in satisfaction of all claims to him.

(c) Unsecured creditors other than X and Y are to accept 2 shares of Rs. 5 each fully paid in full satisfaction of 50 paise in the rupee of every Rs. 45 of their claims. The balance of 50 paise in the rupee is to be postponed and is to be payable at the end of one year from the date of the court's approval of the scheme.

(d) Uncalled capital is to be called up in full and the shares are to be sub-divided into shares of Rs. 5 each. Ninety percent of the shareholdings is to be cancelled. Assuming that the scheme is duly approved by all parties interested and by the court, prepare :

(1) Balance Sheet of the Company before reconstruction;

(2) The necessary Journal entries for implementing the scheme of reconstruction; and

(3) The Balance Sheet after reconstruction of the Company.

एक्स के पास 20,00,000 रु० के प्रथम ऋणपत्र तथा 20,00,000 रु० के द्वितीय ऋणपत्र हैं एवं वह 10,00,000 रु० के लिए असुरक्षित लेनदार भी है।

वाई के पास 20,00,000 रु० के द्वितीय ऋणपत्र हैं एवं वह 12,50,000 रु० के लिए असुरक्षित लेनदार भी है।

पुनर्निर्माण की निम्न योजना प्रस्तावित की गई :—

(अ) एक्स 8,75,000 रु० नकद कम्पनी को उधार देगा एवं 40,00,000 रु० के नये प्रथम ऋण-पत्र स्वीकार करेगा (उसके पास पहले से चले आ रहे ऋणपत्रों को समर्पण कर रद्द कर दिये जायेंगे) जो उसके कम्पनी के विरुद्ध सभी दावों के निपटारे के रूप में होंगे।

(ब) वाई अपने सभी दावों के निपटारे के रूप में 17,50,000 रु० नकद प्राप्त करेगा।

(स) एक्स एवं वाई के अतिरिक्त अन्य असुरक्षित लेनदार उनके दावों के प्रत्येक 45 रुपये के लिए प्रति रुपया 50 पैसे के बदले में 5 रु० वाले पूर्णदत्त 2 अंश स्वीकार करते हैं। शेष प्रति रुपया 50 पैसे के भुगतान को स्थगित कर देना है और इसका भुगतान न्यायालय द्वारा योजना स्वीकार करने की तारीख से एक वर्ष के अन्त में करना है।

(द) न माँगी गई राशि को पूर्ण रूप से माँगना है एवं अंशों को 5 रुपये वाले अंशों में उपविभाजित करना है। अंश धारण का 90% रद्द करना है।

यह मानते हुए कि योजना विधिवत रूप से सभी सम्बन्धित पक्षों द्वारा स्वीकृत एवं न्यायालय द्वारा अनुमोदित की जा चुकी है, आपको तैयार करना है :

(1) कम्पनी के पुनर्निमाण के पूर्व का चिट्ठा;

(2) पुनर्निर्माण की योजना क्रियान्विति के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ; एवं

(3) पुनर्निर्माण के पश्चात् का चिट्ठा।

Answer : (1) B/S Total Rs. 1,17,50,000 (3) B/S Total Rs. 58,75,000. (1 7)

13. The Balance Sheet of Goodwill India Ltd. as on 31st December, 1991 is as follows :

31 दिसम्बर, 1991 को गुडविल इण्डिया लिमिटेड का चिट्ठा निम्नलिखित है :

Balance Sheet

Liabilities	Amount	Assets		Amount
	Rs.			Rs.
Share Capital :		Land and Buildings		9,60,000
80,000 12% Preference shares		Plant and Machinery		8,62,500
of Rs. 10 each fully paid	8,00,000	Goodwill		5,97,500
2,40,000 Equity shares of Rs. 5		Stock		1,60,000
each fully paid	12,00,000	Debtors		2,40,000
15% Debentures	4,80,000	Cash		24,000
Creditors	8,00,000	Bills Receivables		80,000
		Profit and Loss A/c	3,60,000	
		Less : General Reserve	4,000	3,56,000
	32,80,000			32,80,000

Upon revaluation of assets it was found that the goodwill was worthless and that other assets were overvalued to the following extent :

Land and Building by Rs. 1,60,000 and Plant and Machinery by Rs. 2,20,000,

A provision for doubtful debts to the extent of 10% was considered necessary.

The following scheme of reorganisation was prepared and duly sanctioned by the court :

(i) The creditors to accept 15% debentures to the extent of 50 percent of their claims, the balance to be paid in cash six months after the date.

(ii) The Preference shares to be reduced to Rs. 5 each.

(iii) The Equity shares to be reduced to Re. 1 each.

(iv) The assets to be reduced to the revalued figures and the debit balance of the profit and loss account to be wiped off.

Make journal entries to give effect to the above scheme and prepare the revised balance sheet of the Company.

सम्पत्तियों का पुनर्मूल्याकन करने पर यह ज्ञात हुआ कि ख्याति का मूल्य शून्य है और अन्य सम्पत्तियाँ निम्नलिखित सीमा तक अधिक मूल्यांकित है :

भूमि एवं भवन 1,60,000 रु० से और प्लाट एवं मशीनरी 2,20,000 रु० से एवं संदिग्ध ऋणों के लिए 10% का प्रायोजन आवश्यक समझा गया है।

पुनर्गठन की निम्नलिखित योजना बनाई गयी एवं न्यायालय द्वारा स्वीकृत की गयी है :—

(i) लेनदारों ने अपने दावों के 50 प्रतिशत के लिए 15% ऋणपत्र लेना स्वीकार किया, शेष राशि का इस तिथि के पश्चात् नकद में भुगतान किया जायेगा।

(ii) प्रत्येक पूर्वाधिकार अंश को 5 रुपये तक कम करना है।

(iii) प्रत्येक ईक्विटी अंश को 1 रुपये तक कम करना है।

(iv) सम्पत्तियों को पुनर्मूल्यांकित राशि तक कम करना है और लाभ हानि खाते के डेबिट शेष को अपलिखित करना है।

उक्त योजना को क्रियान्वित करने के लिए जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये और कम्पनी का संशोधित चिट्ठा बनाइये।

> **Answer :** Total of Balance Sheet Rs. 19,22,500, Balance of capital reduction account transferred to capital reserve Rs. 2,500. **(1·8)**

14. The following is the summarised Balance Sheet of A Ltd :

ए लिमिटेड का संक्षिप्त चिट्ठा इस प्रकार है :

Balance Sheet as at 31st March, 1992

Liabilities	Rs.	Assets	Rs.
Issued and Subscribed Capital :		Goodwill	50,000
20,000 6% Cumulative Preference Shares of Rs 10 each	2,00,000	Patents and Trade Marks	20,000
40,000 Equity Shares of Rs. 10 each	4,00,000	Land & Buildings	1,76,000
5% Debentures (Mortgaged on Land & Building) Rs. 1,00,000		Plant and Machinery	1,72,000
Add : Interest Accrued 5,000	1,05,000	Shares in S Ltd.	60,000
Bank Overdraft	1,20,000	Stock in trade	1,46,000
Creditors	1,70,000	Book-Debts	1,97,000
Loan from Directors	46,000	Advertisement outlays	50,000
		Profit and Loss Account	1,70,000
	10,41,000		10,41,000

The following further information is provided : (1) Dividend on Preference Shares are in arrears for the last three years; (2) There is a contingent liability for damages Rs. 20,000; (3) A Capital Reduction Scheme was duly approved on the following terms :

(i) The Preference shares are to be reduced to Rs. 8 each and the Equity share to Rs. 2·50 each

(ii) These shares are then converted into Preference and Equity stock respectively.

(iii) The stock is to be consolidated into shares of Rs. 10 each.

(iv) The Authorised Capital is to be restored to Rs. 2,00,000 6% Cumulative Preference shares of Rs. 10 each and Rs. 4,00,000 Equity shares of Rs. 10 each

(v) The Preference shareholders waive two-third of the arrears of their dividend and are alloted Equity shares for the balance.

(vi) All intangible assets are to be written off

(vii) Bad debts Rs. 15,000 and obsolete stock of Rs. 20,000 are to be written off.

(viii) The shares in S. Ltd. are sold for Rs. 1,20,000.

(ix) The Debenture-holders agreed to take over one of the Company's Land and Buildings of the book value of Rs. 36,000 at a price of Rs. 50,000 in part satisfaction of and to provide further cash of Rs 30,000 on a floating charge. The arrears of interest are redeemed.

(x) The contingent liability has to be paid but of this Rs. 10,000 are recovered from one of the directors. This was deducted from his loan account of Rs. 16,000 and the balance was paid to him in cash.

(xi) The remaining directors agreed to take Equity shares in satisfaction of their loans.

Give necessary journal entries to rercord the above and give the revised Balance Sheet. Also show entries in Capital Reduction Account.

निम्नलिखित सूचना और दी जाती है : (1) अधिमान अंशों पर लाभांश पिछले तीन वर्षों से देय है; (2) हर्जाने के सम्बन्ध में 20,000 रु० का संदिग्ध दायित्व है, (3) एक पूँजी कटौती योजना को निम्नलिखित शर्तों के आधार पर मान्यता मिल चुकी है :

(i) अधिमान अंशों को घटाकर 8 रु० प्रति अंश तथा ईक्विटी अंशों को 2·50 रु० प्रति अंश बना दिया जाये।

(ii) इन अंशों को क्रमश. अधिमान और ईक्विटी स्टॉक में बदल दिया गया।

(iii) स्टॉक का 10 रु० वाले अंशों में समेकन किया गया।

(iv) अधिकृत पूँजी को 10 रु० वाले 6% 2,00,000 रु० संचयी अधिमान अंशों तथा 10 रु० वाले 4,00,000 रु० ईक्विटी अंशों पर कायम रखना है।

(v) अधिमान अंशधारियों ने अपने लाभांश की बकाया का ⅔ भाग छोड़ दिया तथा शेष के लिए उनको ईक्विटी अंश वटित किये गये।

(vi) समस्त अदृश्य सम्पत्तियों को अपलिखित करना है।

(vii) डूबत ऋण 15,000 रु० तथा अप्रचलित स्टॉक 20,000 रु० को अपलिखित करना है।

(viii) एस लिमिटेड के अंश 1,20,000 रु० में बेच दिये जाते हैं।

(ix) ऋणपत्रधारी आंशिक भुगतान में 36,000 रु० पुस्तक मूल्य के कम्पनी के भूमि और भवन में से एक को 50,000 रु० मूल्य पर लेने को राजी हो जाते हैं और चल प्रभार के आधार पर 30,000 रु० और नकद देने को तैयार हो जाते हैं। ब्याज का बकाया चुका दिया जाता है।

(x) संदिग्ध दायित्व को चुकाना पड़ा लेकिन इसमें से 10,000 रु० संचालकों में से एक से वसूल हो गये। यह राशि उसके 16,000 रु० के ऋण खाते से काट ली गयी और शेष का उसको भुगतान कर दिया गया।

(xi) शेष संचालक अपने ऋण भुगतान में ईक्विटी अंश लेने को राजी हो गये।

उपरोक्त का लेखा करने के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए तथा परिवर्तित चिट्ठा दीजिए। पूँजी कटौती खाते में भी प्रविष्टियाँ दिखाइए।

Ans : Total of Balance Sheet Rs. 6,20,000; Balance of Capital Reduction Account transferred to Capital Reserve Rs. 67,000. (1.9)

15. A Company's position on 30th June, 1992 was as follows :

	Rs.
10,000 Equity Shares of Rs. 100 each	10,00,000
1,000 6% Debentures of Rs. 500 each	5,00,000
Interest on above	60,000
Creditors for goods	2,50,000
The assets on that date were :	
Fixed Assets	10,00,000
Current Assets	3,25,000

The Fixed Assets were valued at Rs. 4,80,000 and the Current Assets at Rs. 2,40,000.

(1) *The shares were sub-divided into shares of Rs. 5 each and the 90% of the* shares were surrendered.

(2) The total claims of the debenture holders were reduced to Rs. 2,45,000 and in consideration of this, they were also allotted shares amounting to Rs. 1,25,000 out of the surrendered shares

(3) The creditors agreed to reduce their claims to Rs. 1,50,000, 1/3rd of which was to be satisfied by the issue of equity shares out of those surrendered.

(4) The shares surrendered but not reissued were cancelled.

Draft journal entries and give the Balance Sheet of the Company after reconstruction.

30 जून, 1992 को एक कम्पनी की स्थिति इस प्रकार थी :	रु०
100 रु० वाले 10,000 समता अंश	10,00,000
500 रु० वाले 1,000 6% ऋणपत्र	5,00,000
उपरोक्त पर ब्याज	60,000
माल के लिए लेनदार	2,50,000
उस तिथि को सम्पत्तियाँ थी :	
स्थायी सम्पत्तियाँ	10,00,000
चालू सम्पत्तियाँ	3,25,000

स्थायी सम्पत्तियों को 4,80,000 रु० तथा चालू सम्पत्तियों को 2,40,000 रु० पर मूल्यांकित किया गया।

(1) अंशों को 5 रु० वाले अंशों में उपविभाजित किया गया तथा 90% अंशो का समर्पण किया गया।

(2) ऋणपत्रधारियों के कुल दावों को 2,45,000 रु० तक कम किया गया तथा इसके प्रतिफल के रूप में समर्पण किये गये अंशों में से 1,25,000 रु० के अंश आवटित किये गये।

(3) लेनदार अपने दावों को 1,50,000 रु० तक कम करने को सहमत हो गये, जिसमें से $\frac{1}{5}$ भाग की पूर्ति समर्पण किये हुये अंशों में समता अंशो के निर्गमन से की गयी।

(4) समर्पण किये हुए अंश किन्तु अनिर्गमित रद्द कर दिये गये।

जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए तथा पुनर्निर्माण के बाद कम्पनी का चिट्ठा दीजिए।

Ans : Balance transferred to Capital Reserve Rs. 1,00,000 and
Total of Balance Sheet Rs. 7,20,000. (1.10)

2

कम्पनियों का बाह्य पुनर्निर्माण
(External Reconstruction of Companies)

जब एक कम्पनी निरन्तर हानि उठा रही हो तो इसमें कार्यशील पूँजी का अभाव हो जाता है तथा वित्तीय कठिनाइयाँ उत्पन्न हो जाती हैं। कम्पनी के अंशों के बाजार मूल्य में गिरावट आने लगती है तथा बाजार में उसकी *साख गिर जाती है। ऐसे में कम्पनी को अतिरिक्त अंशों या ऋणपत्रों का विक्रय करने तथा वित्तीय* संस्थाओं से अतिरिक्त ऋण प्राप्त करने में कठिनाई एवं असुविधा होती है। ऐसी स्थिति में कम्पनी के आन्तरिक पुनर्निर्माण के द्वारा आर्थिक एवं वित्तीय स्थिति को नहीं सुधारा जा सकता है तथा बाह्य पुनर्निर्माण का सहारा लेना पड़ता है।

बाह्य पुनर्निर्माण का अर्थ (Meaning of External Reconstruction) : जब एक विद्यमान कम्पनी का समापन होता है और उसके स्थान पर एक नई कम्पनी की स्थापना होती है, तो इसे बाह्य पुनर्निर्माण कहा जाता है। इसके अन्तर्गत नयी कम्पनी की स्थापना पुरानी कम्पनी को सम्पत्तियों तथा दायित्वों को लेते हुए होती है। इसमें नयी स्थापित होने वाली कम्पनी का नाम पुरानी कम्पनी के नाम के समान ही रखा जाता है केवल पुराने नाम में थोड़ा परिवर्तन कर दिया जाता है। उदाहरणार्थ, एक कम्पनी जिसका नाम एक्स लिमिटेड है का बाह्य पुनर्निर्माण 1992 में किया जाता है तो नई कम्पनी का नाम एक्स लिमिटेड (1992) रखा जा सकता है।

बाह्य पुनर्निर्माण के उद्देश्य (Objects of External Reconstruction) : जब एक विद्यमान कम्पनी कई वर्षों से लगातार होने वाली हानियों तथा आर्थिक कठिनाइयों के कारण अपना व्यापार सुचारु रूप से चलाने में असमर्थ होती है तो बाह्य पुनर्निर्माण का सहारा लिया जाता है। कभी-कभी कुछ विशेष अधिकारों को प्राप्त करने अथवा सुविधा के लिए भी बाह्य पुनर्निर्माण किया जाता है। बाह्य पुनर्निर्माण में अनावश्यक कानूनी औपचारिकताओं से बचा जा सकता है तथा यह आन्तरिक पुनर्निर्माण की तुलना में शीघ्रता से सम्पन्न किया जा सकता है। निम्नलिखित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए बाह्य पुनर्निर्माण किया जा सकता है—

(1) एकत्रित हानियों को अपलिखित करना : जब किसी कम्पनी पर पुरानी हानियों का बोझ अत्यधिक हो जाता है तथा व्यापार को बिना हानि उठाये चलाना कठिन हो जाता है तब हानियों को पूँजी से अपलिखित करने तथा सम्पत्तियों को उनके वास्तविक मूल्य पर लाने के लिए बाह्य पुनर्निर्माण करना पड़ता है।

(2) अतिरिक्त पूँजी प्राप्त करना : जब कम्पनी हानि की स्थिति में होती है तो उसकी साख गिर जाती है जिससे उसे पूँजी अथवा ऋण के रूप में साधन जुटाने में कठिनाई आती है। बाह्य पुनर्निर्माण के अन्तर्गत नयी कम्पनी की स्थापना करके अंशों, ऋणपत्रों के निर्गमन द्वारा अथवा अन्य ऋणों के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में वित्तीय साधन जुटाये जा सकते हैं।

(3) नये अधिकार प्राप्त करना : जब कोई कम्पनी अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए नये अधिकार प्राप्त करना चाहती है तो इसके लिए पार्षद सीमानियम में परिवर्तन आवश्यक हो जाता है। यह परिवर्तन विद्यमान कम्पनी का समापन करके नयी कम्पनी बनाने पर ही सम्भव हो सकता है।

(4) पंजीकृत कार्यालय स्थानान्तरित करना : जब कम्पनी कुछ लाभों अथवा सुविधाओं को प्राप्त करने के के लिए अपना पंजीकृत कार्यालय एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थानान्तरित करना चाहती है तो पार्षद सीमा नियम में परिवर्तन करना होता है जो बाह्य पुनर्निर्माण से ही सम्भव है।

बाह्य पुनर्निर्माण के सम्बन्ध में कम्पनी अधिनियम के प्रावधान (Provisions of Companies Act relating to External Reconstruction) : कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 494 के अन्तर्गत कम्पनियों के बाह्य पुनर्निर्माण को सुगम बनाने के लिए कुछ प्रावधान दिये गये हैं। इन प्रावधानों के अनुसार व्यवसाय का हस्तान्तरण करने वाली कम्पनी 'हस्तान्तरक कम्पनी' (Transferor Company) तथा व्यवसाय को क्रय करने वाली कम्पनी हस्तान्तरिती कम्पनी (Transferee Company) के नाम से जानी जाती है। बाह्य पुनर्निर्माण में कम्पनी के ऐच्छिक समापन की स्थिति में अंशधारियों द्वारा समापक या निस्तारक (Liquidator) की नियुक्ति की जाती है। कम्पनी के समापक या निस्तारक को एक विशेष प्रस्ताव पारित करके अधिकृत किया जाता है कि वह हस्तान्तरिती कम्पनी में अंश प्राप्त कर सकता है और ऐसे अंशों को वह हस्तान्तरक कम्पनी के अंशधारियों में वितरित कर सकता है। यदि समापन में जाने वाली कम्पनी के किसी सदस्य ने व्यवसाय हस्तान्तरण के सम्बन्ध में पारित विशेष प्रस्ताव के पक्ष में अपना मत नहीं दिया था और वह इस सम्बन्ध में लिखित में निस्तारक को अपनी असहमति की सूचना प्रस्ताव पारित होने की तिथि से 7 दिन में प्रस्तुत कर देता है तो निस्तारक को यह अधिकार होता है कि वह या तो विशेष प्रस्ताव की क्रियान्विति को रोक सकता है अथवा असहमत सदस्य के हित को पारस्परिक समझौते या पंचनिर्णय द्वारा तय किये गये मूल्य पर खरीद सकता है। यदि निस्तारक द्वारा असहमत सदस्य के हित को क्रय किया जाता है तो क्रय मूल्य का भुगतान कम्पनी के विघटन से पूर्व करना होता है।

क्रय प्रतिफल की गणना (Computation of Purchase Consideration) : क्रेता कम्पनी (Purchasing Company) द्वारा विक्रेता कम्पनी (Vendor Company) को व्यवसाय क्रय करने के बदले जो राशि देय होती है उसे क्रय प्रतिफल कहा जाता है। क्रय प्रतिफल का निर्धारण आपसी समझौते द्वारा किया जाता है। क्रय प्रतिफल की गणना करने के लिए शुद्ध सम्पत्ति विधि (Net Assets Method) अथवा शुद्ध भुगतान विधि (Net Payment Method) का प्रयोग किया जाता है।

(1) शुद्ध सम्पत्ति विधि (Net Assets Method) : इस विधि के अनुसार क्रय प्रतिफल की गणना करने के लिए सर्वप्रथम क्रेता कम्पनी द्वारा ली जाने वाली सभी सम्पत्तियों (ख्याति के मूल्य सहित) के निर्धारित मूल्य का योग कर लिया जाता है। इसी तरह क्रेता कम्पनी द्वारा लिये जाने वाले सभी दायित्वों के निर्धारित मूल्य का योग कर लिया जाता है। इसके बाद सम्पत्तियों के मूल्य के योग में से दायित्वों के मूल्य के योग को घटा दिया जाता है, जो राशि शेष बचती है उसे शुद्ध सम्पत्तियाँ (Net Assets) या व्यवसाय का शुद्ध मूल्य (Net Value of Business) कहा जाता है। यह शुद्ध मूल्य ही क्रय प्रतिफल कहलाता है। संक्षेप में :

	Rs.
Total value of the assets taken over by the Purchasing Company	....
Less : Total of liabilities taken over by the Purchasing Company	....
Net Assets or Purchase Consideration	....

इस विधि के अन्तर्गत क्रय प्रतिफल की गणना करते समय क्रेता कम्पनी द्वारा ली जाने वाली सम्पत्तियों एवं दायित्वों को बाजार मूल्य अथवा समझौते के अनुसार तय मूल्य पर लिया जाता है, लेकिन बाजार मूल्य

अथवा तय मूल्य सम्बन्धी कोई सूचना उपलब्ध न होने पर पुस्तक मूल्य ही लिया जाता है। क्रेता कम्पनी द्वारा विक्रेता कम्पनी का सम्पूर्ण व्यवसाय के लिये जाने में रोकड़ शेष तथा ख्याति को भी ली गई सम्पत्तियों में सम्मिलित कर लिया जाता है, लेकिन विभिन्न कृत्रिम सम्पत्तियों को सम्मिलित नहीं किया जाता है।

(2) शुद्ध भुगतान विधि (Net Payment Method) : इस विधि के अनुसार क्रेता कम्पनी द्वारा विक्रेता कम्पनी को विभिन्न रूपों में किये जाने वाले भुगतान की राशियों का जोड़ लगाकर क्रय प्रतिफल ज्ञात किया जाता है। यह भुगतान नकद, ऋणपत्रों, पूर्वाधिकार अंशों एवं ईक्विटी अंशों में हो सकता है। भुगतान विक्रेता कम्पनी व अंशधारियों, ऋणपत्रधारियों, लेनदारों, समापन व्ययों अथवा अन्य किसी भी कार्य के लिए किया जा सकता है। अत. इस विधि के अन्तर्गत इन सब राशियों को जोड़कर क्रय प्रतिफल ज्ञात किया जाता है। इस विधि से क्रय प्रतिफल की गणना करते समय क्रेता कम्पनी द्वारा लिये जाने वाले दायित्वों को विभिन्न भुगतानों के योग में सम्मिलित नहीं किया जाता है। क्रय प्रतिफल में केवल ऐसे लेनदारों या दायित्वों को ही सम्मिलित किया जाता है जिनका भुगतान क्रेता कम्पनी द्वारा विक्रेता कम्पनी के माध्यम से किया जाता है। क्रेता कम्पनी द्वारा विक्रेता कम्पनी के लेनदारों को सीधे भुगतान किये जाने पर इन्हें क्रय प्रतिफल की गणना में शामिल नहीं किया जाता है।

विधि का चयन (Selection of Method) : क्रय प्रतिफल ज्ञात करने की उपरोक्त दोनों विधियों में से किस विधि का प्रयोग किया जाये यह दी गई सूचना पर निर्भर करता है। क्रय प्रतिफल की गणना के लिए शुद्ध भुगतान विधि उपयुक्त मानी जाती है लेकिन इस विधि के सम्बन्ध में भुगतान की समस्त राशियों का विवरण नहीं दिया गया है तब शुद्ध सम्पत्ति विधि का प्रयोग किया जाना चाहिए। यदि इन दोनों विधियों के अनुसार क्रय प्रतिफल की राशि में अन्तर आता है तो ऐसा अन्तर ख्याति अथवा पूँजीगत सचय होगा। शुद्ध भुगतान की राशि शुद्ध सम्पत्तियों की राशि से अधिक होने पर अन्तर की राशि को ख्याति माना जायेगा तथा भुगतान की जाने वाली राशि शुद्ध सम्पत्तियों से कम होने पर अन्तर की राशि को पूँजी सचय माना जायेगा।

Illustration 21 : The following is the Balance Sheet of Z Ltd as on 30th June 1992 :

30 जून, 1992 को जेड लिमिटेड का चिट्ठा निम्न प्रकार है :

Liabilities	Amount	Assets	Amount
	Rs.		Rs.
Share Capital :		Goodwill	10,000
10,000 8% Cumulative Pref. Shares of Rs. 10 each	1,00,000	Fixed Assets	5,14,000
48,000 Equity Shares of Rs. 10 each	4,80,000	Stock	1,20,000
8% Debentures	2,00,000	Debtors	1,00,000
Accrued Interest on Debentures	16,000	Bank	2,000
Creditors	2,00,000	Preliminary Expenses	10,000
Note—Dividend in arrear Rs. 24,000		Profit & Loss a/c	2,40,000
	9,96,000		9,96,000

The following scheme is passed :

(1) A new company Z (1992) Ltd. is formed with Rs. 6,00,000 share capital divided into 60,000 Equity shares of Rs. 10 each.

(2) The Company will acquire assets and liabilities by means of cash, shares and debentures as follows :

(a) Old company's debentures are paid by similar debentures in new company and for each Rs. 100 debentures interest outstanding, 10 Equity shares are issued

(b) The creditors are paid for every Rs. 100 Rs. 20 cash and 10 equity shares.

(c) Preference shareholders are paid one Equity share for one share held, and for arrears of dividend 5 Equity shares will be issued for each Rs. 100 in full satisfaction.

(d) Equity shareholders are issued one Equity share for 3 shares held.

(e Expenses of liquidation Rs. 8 000 are to be borne by the new company as a part of purchase consideration.

(3) Current assets are to be taken at book values (except stock which is to be reduced by Rs. 6,000,.

You are required to calculate the purchase consideration payable by the new company to Z Ltd.

निम्न योजना स्वीकृत हुई—

(1) एक नई कम्पनी जेड (1992) लिमिटेड की स्थापना 6 लाख रु० की अंश पूंजी जो 10 रु० वाले 60,000 ईक्विटी अंशों में विभक्त है, की गई।

(2) कम्पनी रोकड़, अंशों एवं ऋणपत्रों के माध्यम से निम्न प्रकार सम्पत्तियों एवं दायित्वों को अधिग्रहित करेगी :

(अ) पुरानी कम्पनी के ऋणपत्रों का भुगतान नई कम्पनी में समान प्रकार के ऋणपत्रों से होगा और ऋणपत्रों पर बकाया ब्याज की प्रति 100 रु० की राशि के लिए 10 ईक्विटी अंश निर्गमित किये जावेंगे।

(ब) प्रति 100 रु० के लेनदारों का भुगतान 20 रु० नकद एवं 10 ईक्विटी अंशों के रूप में होगा।

(स) पूर्वाधिकार अंशधारियों को प्रति धारित अंश के लिए ईक्विटी अंश दिया जावेगा एवं लाभांश की बकाया प्रति 100 रु० की राशि के लिए 5 ईक्विटी अंश पूर्ण भुगतान में दिये जावेंगे।

(द) ईक्विटी अंशधारियों को प्रति 3 धारित अंशों के लिए एक ईक्विटी अंश निर्गमित किया जावेगा।

(य) समापन व्यय के 8 000 रु० नई कम्पनी द्वारा वहन किये जावेंगे जो कि क्रय प्रतिफल का भाग होंगे।

(3) चालू सम्पत्तियां (स्टॉक के अलावा जिसको 6,000 रु० से कम करना है) को पुस्तक मूल्यों पर लिया जावेगा।

आपको नई कम्पनी द्वारा जेड लिमिटेड को देय क्रय प्रतिफल की गणना करनी है।

Solution :

Statement Showing Computation of Purchase Consideration

Particulars	Debentures	Equity Shares	Cash	Total
	Rs.	Rs.	Rs	Rs.
(a) For Debentureholders :				
Debentures	2,00,000	—	—	2,00,000
Accrued Interest	—	16,000	—	16,000
(b) For Creditors :	—	2,00,000	40,000	2,40,000
(c) For Preference Shareholders :				
Preference Share Capital	—	1,00,000		1,00,000
Arrears of dividend	—	12,000	—	12,000
(d) For Equity Shareholders	—	1,60,000	—	1,60,000
(e) For Liquidation Expenses	—	—	8,000	8,000
Purchase Consideration	2,00,000	4,88,000	48,000	7,36,000

लेखांकन प्रविष्टियां (Accounting Entries)

समापन में जाने वाली कम्पनी अर्थात् विक्रेता कम्पनी की पुस्तकों में लेखा : बाह्य पुनर्निर्माण के अन्तर्गत पुरानी कम्पनी का समापन होता है अत: उसकी लेखा पुस्तकों को बन्द किया जाता है। पुरानी कम्पनी अर्थात् विक्रेता कम्पनी की खाता बहियाँ पहले से ही खुली रहती है जिसमें खुले हुए विभिन्न खातों को स्थानान्तरण प्रविष्टियों द्वारा बन्द किया जाता है। खातों को बन्द करने के लिए निम्न प्रविष्टियाँ की जाती हैं.—

(1) क्रेता कम्पनी द्वारा ली गई सम्पत्तियों के खातों को पुस्तक मूल्य पर वसूली खाते में स्थानान्तरित कर दिया जाता है जिसके लिए निम्न प्रविष्टि होगी :—

Realisation a/c Dr.
  To Assets (individual) a/c

उपरोक्त प्रविष्टि से विक्रेता कम्पनी की पुस्तकों में खुले हुए उन समस्त सम्पत्तियों के खाते बन्द हो जायेंगे जिन्हें क्रेता कम्पनी ने ले लिया है। यदि क्रेता कम्पनी ने विक्रेता कम्पनी की समस्त सम्पत्तियों को लिया है तो रोकड़ एवं बैंक खाते को भी वसूली खाते में स्थानान्तरित कर देंगे।

(2) क्रेता कम्पनी द्वारा लिये गये दायित्वों के खाते भी पुस्तक मूल्य पर वसूली खाते में स्थानान्तरित कर दिये जायेंगे जिसके लिए निम्न प्रविष्टि होगी :—

Liabilities (Individual) a/c Dr.
  To Realisation a/c

इस प्रविष्टि से क्रेता कम्पनी द्वारा लिये गये दायित्वों के खाते बन्द हो जायेंगे।

(3) अंश पूँजी खाते के शेषों को अंशधारियों के खाते में स्थानान्तरित कर दिया जाता है, जिसके लिए निम्नलिखित प्रविष्टियाँ होंगी :—

Equity Share Capital a/c Dr.
To Equity Shareholders a/c
Preference Share Capital a/c Dr.
To Preference Shareholders a/c

(4) ऐसे ऋणपत्र जिन्हें क्रेता कम्पनी ने नही लिया है एवं जिनका भुगतान विक्रेता कम्पनी द्वारा किया जाना है तो ऋणपत्र खाते के शेष को एवं यदि उन पर कोई ब्याज बकाया है जो कि स्थिति विवरण के दायित्व पक्ष में दिखाया गया है तो बकाया ब्याज खाते के शेष को ऋणपत्रधारियों के खाते में स्थानान्तरित कर देना चाहिए। इसके लिए निम्न प्रविष्टि की जायेगी—

Debentures a/c Dr.
Accrued Interest on Debentures a/c Dr.
To Debentureholders a/c

(5) चिट्ठे में दिखाये गये सभी आयगत एवं पूँजीगत संचयों को ईक्विटी अंशधारियों के खाते में स्थानान्तरित कर दिया जाना चाहिए जिसके लिए निम्न प्रविष्टि होगी—

General Reserve a/c Dr.
Profit & Loss a/c Dr.
(Particular) Reserve a/c Dr.
To Equity Shareholders a/c

(6) चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में दिखायी गई विभिन्न कृत्रिम सम्पत्तियों एवं संचित हानियों (जैसे आस्थगित आयगत व्यय, प्रारम्भिक व्यय, लाभ-हानि खाते का डेबिट शेष आदि) को भी ईक्विटी अंशधारियों के खाते में स्थानान्तरित कर दिया जाता है, जिसके लिए निम्न प्रविष्टि होगी—

Equity Shareholders a/c Dr.
To Profit & Loss a/c
To Preliminary Expenses a/c
To (Particular) Loss a/c

(7) ऐसी सम्पत्तियाँ जिन्हे नई कम्पनी द्वारा नही लिया गया है, पुरानी कम्पनी द्वारा इनकी वसूली की जाती है जिसके लिए निम्न प्रविष्टि की जायेगी—

Cash/Bank a/c Dr. (सम्पत्ति के विक्रय से प्राप्त राशि)
Realisation a/c Dr. (सम्पत्ति के बेचने से हुई हानि, यदि कोई है)
To (Particular) Asset a/c (सम्पत्ति के पुस्तक मूल्य की राशि

सम्पत्तियों को बेचने से यदि कोई लाभ हो तो उसे वसूली खाते में क्रेडिट कर दिया जायेगा।

वैकल्पिक विधि—ऐसी सम्पत्तियाँ जिन्हें नई कम्पनी द्वारा नही लिया गया उनको भी रोकड़ एवं बैंक शेष के अतिरिक्त नई कम्पनी द्वारा ली जाने वाली सम्पत्तियों के साथ ही वसूली खाते में स्थानान्तरित कर दिया जाता है। जब इन सम्पत्तियों से राशि वसूल होती है तो रोकड़ खाता डेबिट एवं वसूली खाता क्रेडिट कर दिया जाता है, इस स्थिति में सम्पत्तियों को बेचने से होने वाले लाभ अथवा हानि की अलग से कोई प्रविष्टि नही की जायेगी।

(8) नई कम्पनी से प्राप्य क्रय प्रतिफल के देय होने पर निम्न प्रविष्टि की जायेगी—

New Company's a/c Dr. (क्रय प्रतिफल की राशि से)
To Realisation a/c

(9) क्रय प्रतिफल के प्राप्त होने पर निम्न प्रविष्टि की जायेगी—

Equity Shares in New Co a/c Dr.
Preference Shares in New Co. a/c Dr.
Debentures in New Co. a/c Dr.
Cash/Bank a/c Dr.
To New Company's a/c

(10) समापन व्ययों के सम्बन्ध में निम्न लेखा प्रविष्टियों में से कोई एक प्रविष्टि प्रश्न में दी गई सूचना के आधार पर की जायेगी :

(अ) समापन व्ययों के लिए राशि नई कम्पनी (क्रेता कम्पनी) से प्राप्त होनी है, जो क्रय प्रतिफल का भाग समझी जाये तो समापन व्ययों के भुगतान करने पर निम्न प्रविष्टि होगी—

Realisation a/c Dr.
To Cash/Bank a/c

समापन व्यय के लिए जो राशि क्रेता कम्पनी से प्राप्त होगी उसके लिए अलग से कोई प्रविष्टि नहीं होगी क्योंकि क्रय प्रतिफल में समापन व्यय सम्मिलित हैं जिसकी प्रविष्टि क्रय प्रतिफल के प्राप्त होने के साथ हो जायेगी।

(ब) यदि समापन व्ययों के लिए राशि नई कम्पनी से प्राप्त हो जो क्रय प्रतिफल का भाग नहीं समझी जाये :

(i) समापन व्ययों की राशि नई कम्पनी से प्राप्त होने पर

Cash a/c Dr.
To Realisation a/c

(ii) समापन व्ययों के भुगतान करने पर निम्न प्रविष्टि होगी—

Realisation a/c Dr.
To Cash a/c

(स) जब समापन व्यय की राशि पुरानी कम्पनी द्वारा ही वहन की जाती हो तो निम्न प्रविष्टि की जायेगी—

Realisation a/c Dr.
To Cash a/c

संचयी पूर्वाधिकार अंशों पर लाभांश की बकाया—संचयी पूर्वाधिकार अंशों पर लाभांश की बकाया राशि को एक संदिग्ध दायित्व के रूप में चिट्ठे के नीचे टिप्पणी के रूप में दिखाया जाता है। लाभांश की बकाया राशि के सम्बन्ध में निम्न परिस्थितियाँ हो सकती हैं—

(अ) लाभांश की सम्पूर्ण बकाया राशि के लिए अंशधारियों से त्याग के लिए सहमति प्राप्त की जाय—इस परिस्थिति में कोई लेखा प्रविष्टि नहीं होगी।

(ब) लाभांश की सम्पूर्ण बकाया राशि का भुगतान करना हो—ऐसी स्थिति में लाभांश की देय राशि के सम्बन्ध में निम्नलिखित लेखा प्रविष्टियां होंगी :

Realisation a/c Dr.
To Preference Share Dividend a/c

Preference Share Dividend a/c Dr.
To Preference Shareholders a/c

उपरोक्त दो प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित एक प्रविष्टि भी हो सकती है—

Realisation a/c Dr.
To Preference Shareholders a/c

(स) लाभांश की बकाया राशि के लिए आंशिक रूप से अंशधारियों से त्याग की सहमति प्राप्त की जाय एवं आंशिक रूप से भुगतान किया जाये—लाभांश के त्याग के लिए कोई प्रविष्टि नहीं होगी। आंशिक रूप से भुगतान के लिए उपरोक्त (ब) के समान ही लेखा प्रविष्टियाँ होंगी।

(12) विभिन्न पक्षों को भुगतान—पुरानी कम्पनी क्रय प्रतिफल की प्राप्त राशि से विभिन्न पक्षों जैसे लेनदारों, ऋणपत्रधारियों, पूर्वाधिकार एवं ईक्विटी अंशधारियों को भुगतान करती है। यह भुगतान नकद, ऋणपत्रों, पूर्वाधिकार एवं ईक्विटी अंशों के रूप में हो सकता है। विभिन्न पक्षों को भुगतान के लिए निम्न प्रविष्टियाँ की जायेंगी—

(अ) लेनदारों अर्थात् दायित्वों का भुगतान—

(Particular) Liability a/c	Dr.	(दायित्व के पुस्तक मूल्य की राशि से)
To Cash/Bank a/c		(नकद राशि से)
To Debentures in New Co.		(ऋण-पत्रों के मूल्य से)
To Equity/Preference Shares in New Co. a/c		(अंशों के मूल्य से)

यदि दायित्व के भुगतान से कोई लाभ अथवा हानि होती है तो ऐसी राशि से क्रमशः वसूली खाते को क्रेडिट अथवा डेबिट किया जायेगा।

(ब) ऋणपत्रधारियों को भुगतान—

Debentureholders a/c	Dr.	(ऋणपत्रधारियों के खाते के शेष से)
To Cash/Bank a/c		(नकद भुगतान की राशि से)
To Debentures in New Co. a/c		(ऋण-पत्रों के मूल्य से)
To Equity/Preference Shares in New Co. a/c		(अंशों के मूल्य से)

ऋणपत्रधारियों को भुगतान करने के पश्चात् उनके खाते में यदि कोई शेष बचता है तो उसे वसूली खाते में स्थानान्तरित कर दिया जायेगा। यदि ऋणपत्रधारियों के खाते का क्रेडिट शेष है तो निम्नलिखित प्रविष्टि होगी—

Debentureholders a/c Dr.
To Realisation a/c

यदि ऋणपत्रधारियों के खाते में डेबिट शेष है तो विपरीत प्रविष्टि होगी।

(स) पूर्वाधिकार अंशधारियों को भुगतान

Preference Shareholders a/c Dr.
To Preference Shares in New Co. a/c
To Equity Shares in New Co. a/c
To Debentures in New Co. a/c
To Cash/Bank a/c

पूर्वाधिकार अंशधारियों को भुगतान करने के पश्चात् उनके खाते में शेष रहता है तो उसे वसूली खाते में स्थानान्तरित कर दिया जायेगा। यदि पूर्वाधिकार अंशधारियों के खाते में क्रेडिट शेष है तो निम्नलिखित प्रविष्टि होगी—

Preference Shareholders a/c Dr.
To Realisation a/c

यदि पूर्वाधिकार अंशधारियों के खाते में डेबिट शेष है तो विपरीत प्रविष्टि की जायेगी।

(13) वसूली खाते को बन्द करना—उपरोक्त सभी प्रविष्टियों के पश्चात् वसूली खाते में जो शेष बचता है उसे ईक्विटी अंशधारियों के खाते में स्थानान्तरित कर दिया जाता है। वसूली खाते में यदि डेबिट शेष है तो यह हानि का सूचक होगा, जिसके लिए निम्नलिखित जर्नल प्रविष्टि की जायेगी—

Equity Shareholders a/c Dr.
To Realisation a/c

यदि वसूली खाते में क्रेडिट शेष है तो लाभ होगा, जिसके लिए विपरीत जर्नल प्रविष्टि होगी।

(14) ईक्विटी अंशधारियों को भुगतान—उपरोक्त सभी प्रविष्टियों के पश्चात् ईक्विटी अंशधारियों को भुगतान के लिए निम्न प्रविष्टि की जायेगी—

Equity Shareholders a/c Dr.
To Equity Shares in New Co. a/c
To Preference Shares in New Co a/c
To Debentures in New Co. a/c
To Cash/Bank a/c

इन जर्नल प्रविष्टियों की खातों में खतौनी के साथ ही विक्रेता कम्पनी की पुस्तकों में खुले हुए सभी खाते बन्द हो जायेंगे।

नई कम्पनी अर्थात् क्रेता कम्पनी की पुस्तकों में लेखा प्रविष्टियाँ

(1) सम्पत्तियों एवं दायित्वों को अधिग्रहित करने के लिए—

Goodwill a/c	Dr.	(यदि अन्तर ख्याति है)
(Particular) Assets a/c	Dr.	(जिस मूल्य पर सम्पत्तियों को लिया गया है)
To (Particular) Liabilities a/c		(दायित्वों को जिस मूल्य पर लिया गया है)
To Liquidator of Vendor Co a/c		(क्रय प्रतिफल की राशि से)
To Capital Reserve a/c		(यदि अन्तर पूँजी संचय है)

यदि क्रेता कम्पनी की पुस्तकों में सम्पत्तियों एवं दायित्वों को क्रय करने के सम्बन्ध में 'व्यापार क्रय खाता' खोलना हो तो सम्पत्तियों एवं दायित्वों के अधिग्रहित करने के लिए लेखा प्रविष्टियाँ निम्न प्रकार होगी—

Business Purchase a/c	Dr.	(क्रय प्रतिफल की राशि से)
To Liquidator of Vendor Co. a/c		(क्रय प्रतिफल की राशि से)
Goodwill a/c	Dr.	(यदि अन्तर ख्याति है)
(Particular) Assets a/c	Dr.	(जिस मूल्य पर सम्पत्तियों को लिया गया है)
समापन की लागत 3,000 रु० थी जिसका भुगतान भी होपफुल लिमिटेड द्वारा किया गया। होपफुल लिमिटेड के अंशो के विभिन्न टुकड़े (Fractions) $133\frac{1}{3}$ अंशो के बराबर थे जिसके लिए नकद चुकाया गया। अन्य अंशो को विधिवत आवंटित किया गया एवं उन पर देय समस्त भुगतान होपफुल लिमिटेड द्वारा प्राप्त कर लिया गया। अनिर्गमित अंशों में से 5,000 अंश जनता को प्रस्तावित किये गये एवं मैसर्स मेहता फाइनेन्सीयल कन्सलटेंट द्वारा 4% कमीशन पर अभिगोपित किये गये। समस्त प्रस्तावित अंश ले लिये गये एवं नकद भुगतान कर दिया गया। जर्नल प्रविष्टियों के माध्यम से डिसअपाइन्टेड लिमिटेड की पुस्तकों को बन्द कीजिये एवं होपफुल लिमिटेड की पुस्तकों को प्रारम्भ कीजिये एव इसका चिट्ठा बनाइये। एकस्व अधिकारों के मूल्य को आवश्यक सीमा तक समायोजित किया गया है।

Answer : Loss on Realisation of Disappointed Ltd. Rs. 1,30,000; Total of Balance Sheet Rs 4,32,000, Purchase consideration Rs. 3,20,000, being Rs. 70,800 in Cash, Rs. 50,000 in Debentures, Rs. 1,99,200 in 33,200 Equity Shares of Rs. 6 each. (2·2)

6. The Balance Sheet as on December 31, 1991 of the Alpha Co. Ltd. was as follows—

31 दिसम्बर, 1992 को एल्फा कम्पनी लिमिटेड का चिट्ठा निम्न प्रकार था—

Liabilities	Rs.	Assets	Rs.
Share Capital :		Land and Buildings	65,000
1,000 Shares of Rs. 100		Machinery	22,000
each fully paid up	1,00,000	Furniture	3,000
8% Debentures	40,000	Stock	25,000
Creditors	6,000	Debtors	15,000
		Cash	4,000
		Profit and Loss Account	12,000
	1,46,000		1,46,000

It was decided to reconstruct the company and for this purpose a new company called the Beta Co. Ltd. was formed with nominal capital of Rs. 1,00,000 divided into 500 9% Preference shares of Rs. 100 each and 500 Equity shares of Rs. 100 each. The assets and liabilities of the Alpha Co. Ltd. are taken over on the following basis :

(a) The debenture holders in Alpha Co. Ltd. are to accept 400 Preference shares;

(b) The shareholders of Alpha Co. Ltd. are to receive one Equity share in Beta Co. Ltd. for every two shares held by them; and

(c) The cost of liquidation amounting to Rs. 600 is paid by the new company. The balance of Preference shares has been issued and taken up by the public.

Give important ledger accounts in the books of Alpha Co. Ltd. and Journal Entries in the books of Beta Co. Ltd Also prepare Balance Sheet of Beta Co. Ltd.

यह निश्चय किया गया कि कम्पनी का पुनर्निर्माण किया जाये एवं इस उद्देश्य के लिए एक नई कम्पनी बीटा लिमिटेड की स्थापना 1,00,000 रु० की अधिकृत पूँजी से की जाये जो कि 100 रु० वाले 9% 500 पूर्वाधिकार अंशों मे एव 100 रु० वाले 500 ईक्विटी अंशों में विभक्त थी। एल्फा कम्पनी लिमिटेड की सम्पत्तियों एव दायित्वों को निम्नलिखित आधार पर अधिग्रहित किया गया :

(अ) एल्फा कम्पनी लिमिटेड के ऋणपत्रधारी 400 पूर्वाधिकार अंश स्वीकार करते हैं; (ब) एल्फा कम्पनी लिमिटेड के अंशधारी प्रति 2 धारित अंशों के लिए बीटा कम्पनी मे एक ईक्विटी अंश प्राप्त करते हैं; एवं (स) समापन की लागत 600 रु० का भुगतान नई कम्पनी करती है। शेष पूर्वाधिकार अंश जनता मे निर्गमित किये गये एव जनता द्वारा ले लिये गये।

एल्फा कम्पनी की पुस्तकों मे महत्त्वपूर्ण खाते दीजिये एवं बीटा कम्पनी लिमिटेड की पुस्तकों मे आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये। बीटा कम्पनी लिमिटेड का चिट्ठा भी तैयार कीजिये।

Answer : *Purchase consideration* Rs. 90,600 and Loss on *realisation* Rs. 38,000. Capital reserve in the books of Beta Co. Ltd. Rs. 37,400, Balance Sheet Total Rs. 1,43,400. **(23)**

7. Given below is the Balance Sheet of Sick Unit Ltd. as at March 31, 1992 :
सिक यूनिट लिमिटेड का 31 मार्च, 1992 का चिट्ठा नीचे दिया गया है :

Liabilities	Rs.	Assets	Rs.
40,000 Shares of Rs. 10 each fully paid	4,00,000	Land and Buildings	3,20,000
Creditors	3,00,000	Plant and Machinery	1,30,000
		Stock	70,000
		Debtors	1,20,000
		Cash	500
		Preliminary Expenses	5,000
		Profit and Loss Account	54,500
	7,00,000		7,00,000

The following scheme of reconstruction was arranged :

(1) The company to go into liquidation and a new company with an authorised capital of Rs. 8,00,000 to be formed to take over the assets and liabilities.

(2) Preferential creditors of Rs. 10,000 included in the above Balance Sheet are to be paid in full.

(3) Unsecured creditors to receive either

(a) 50 per cent of their claim in cash, or (b) 6 per cent debentures in the new company, equivalent to their claims at par.

(4) Shareholders in Sick Unit Ltd. to be alloted one share in the new company of Rs. 10 each, Rs. 5 per share paid for every existing share held by them.

(5) Reconstruction cost amounting to Rs. 6,000 to be paid by Sick Unit Ltd. from cash made available by the company.

Half of the unsecured creditors in value opted for immediate cash payment. For that purpose necessary cash was made available by the new company which made a call of Rs. 5 each on the partly paid shares alloted as aforesaid at book value. The new company valued all assets (except Land and Buildings) taken over from Sick Unit Ltd. at book value

Prepare the Balance Sheet of the new company after the above transactions are concluded.

निम्नलिखित पुनर्निर्माण की योजना तैयार की गई थी :

(1) कम्पनी समापन में चली जाये एवं उसकी सम्पत्तियों एवं दायित्वों को लेने के लिए 8,00,000 रु० की अधिकृत पूंजी से एक नई कम्पनी की स्थापना की जाये।

(2) उपरोक्त स्थिति विवरण में सम्मिलित 10,000 रु० के पूर्वाधिकार लेनदारों का पूर्ण भुगतान किया जाये।

(3) असुरक्षित लेनदार या तो (अ) अपने दावों का 50 प्रतिशत नकद में प्राप्त करें, या (ब) अपने दावों के मूल्य के बराबर 6% ऋण पत्र नई कम्पनी में सम मूल्य पर प्राप्त करें।

(4) सिक यूनिट लिमिटेड के अंशधारियों को प्रति धारित अंश के लिए नई कम्पनी में 10 रु० वाला एक अंश 5 रु० प्रदत्त मानकर आवंटित किया जाये।

(5) पुनर्निर्माण की लागत 6,000 रु० का भुगतान सिक यूनिट लिमिटेड द्वारा नई कम्पनी द्वारा उपलब्ध कराये गये नकद धन में से किया गया।

आधे मूल्य के असुरक्षित लेनदारों ने तुरन्त नकद भुगतान का विकल्प काम में लिया जिसके लिए नई कम्पनी ने उपरोक्त वर्णित अंशतः प्रदत्त अंशों पर 5 रु० प्रति अंश के हिसाब से मांग राशि मांग कर आवश्यक नकद राशि उपलब्ध करायी। नई कम्पनी ने भूमि एवं भवन को छोड़कर सभी ली गई सम्पत्तियों को पुस्तक मूल्य पर मूल्यांकित किया। उपरोक्त व्यवहारों को सम्मिलित करने के पश्चात् नई कम्पनी का चिट्ठा बनाइये।

Answer : Purchase consideration Rs 4,33,500; Rs. 88,500 in cash, Rs. 1,45,000 in Debentures and Rs. 2,00,000 in Shares. Total of Balance Sheet Rs. 5,45,000, value of Building Rs. 1,13,000. (24)

8. The books of Hard Luck Ltd. contained the following balances on 31st December 1991 :

31 दिसम्बर 1991 को हार्टलक को लिमिटेड पुस्तकों में निम्नलिखित शेष थे :

	Rs	Rs.
Share Capital : 12,000 Equity Shares of Rs. 10 each		1,20,000
Creditors		1,40,000
Patents	1,20,000	
Plant & Machinery	40,000	
Stock	30,000	
Debtors	50,000	
Cash	1,250	
Preliminary Expenses	7,250	
Profit and Loss a/c	11,500	
	2,60,000	2,60,000

The company being unable to raise further capital and the patents standing in the books at a figure much higher of its real value. The following scheme was submitted to the Shareholders and Creditors :

(a) The company to go into voluntary liquidation and a new company New United Ltd. to be formed with an authorised capital of Rs. 2,00,000 to take over the assets and liabilities.

(b) Liability to the creditors to be discharged by the new company as follows : 25 paise in the rupee by payment in cash and 50 paise in the rupee by the issue of 6% debentures in the new company.

(c) 12,000 shares of Rs. 10 each, Rs. 5 per share paid up to be issued to the Share holders of the old company, the balance of Rs. 5 per share being payable on allotment.

(d) The expenses of Liquidation amounted to Rs. 1,750 to be paid by the new company as a part of the purchase consideration.

Assuming that scheme has been approved and sanctioned, you are required to prepare the following in the books of the old company :

(i) Realisation a/c (ii) Shareholders' a/c (iii) Statement of Purchase Consideration.

कम्पनी अतिरिक्त पूँजी प्राप्त करने में असमर्थ है एवं एकस्व का मूल्य पुस्तकों में उनके वास्तविक मूल्य से बहुत अधिक दिखाया गया है। अंशधारियों एवं लेनदारों को निम्नलिखित योजना प्रस्तुत की गई :

(अ) कम्पनी ऐच्छिक समापन में चली जावे एवं एक नई कम्पनी न्यू युनाइटेड लिमिटेड 2 लाख रु० की अधिकृत पूँजी से स्थापित की जाय जो पुरानी कम्पनी की सम्पत्तियों एवं दायित्वों को अधिग्रहित करे।

(ब) नई कम्पनी द्वारा लेनदारों के सम्बन्ध में दायित्व का निपटारा निम्न प्रकार किया जावे :

नकद भुगतान रुपये में से 25 पैसे किया जावे और नई कम्पनी में 6% ऋणपत्रों का निर्गमन रुपये में से 50 पैसे के बराबर हो।

(स) पुरानी कम्पनी के अंशधारियों को 10 रु० वाले 5 रु० प्रदत्त मानकर 12,000 अंश निर्गमित किये जावें जिन पर शेष 5 रु० का भुगतान आवंटन पर देय है।

(द) समापन के व्ययों के 1,750 रु० का भुगतान क्रय प्रतिफल के भाग के रूप में नई कम्पनी द्वारा किया जाये ।

यह मानते हुए कि योजना अनुमोदित एवं स्वीकृत की जा चुकी है, आपसे पुरानी कम्पनी की पुस्तकों में निम्नलिखित बनाने को कहा गया है :

(i) वसूली खाता (ii) अंशधारियों का खाता (iii) क्रय प्रतिफल का विवरण

Answer Purchase consideration Rs. 1,66,750, Realisation Loss Rs 41,250. (25)

9. Rajesh Bros. Ltd. decided to reconstruct and consequently went into voluntary liquidation. Its Balance Sheet was as follows :

राजेश ब्रदर्स लिमिटेड ने पुनर्निर्माण का निश्चय किया एवं परिणामस्वरूप ऐच्छिक समापन में चली गई । उसका चिट्ठा निम्न प्रकार था :

Liabilities	Rs.	Assets		Rs.
Share Capital :		Land and Buildings		63,600
8,000 7% Preference Shares of Rs 10 each fully paid	80,000	Plant and Machinery		33,000
1,20,000 Equity Shares of Re. 1 each fully paid	1,20,000	Motor Lorries		1,240
		Stock in hand	Rs.	16,700
		Trade Debtors	26,800	
		Less Provision	600	26,200
	2,00,000			
Profit Prior to Incorporation	2,420	Cash in hand		80
Loans	1,000	Profit and Loss Account		82,540
Trade Creditors	17,220			
Bills Payable	840			
Bank Overdraft	1,880			
	2,23,360			2,23,360

Note : There is a contingent liability in respect of a claim for royalties amounting to Rs. 2,900.

It was arranged that a new company Rajesh (New) Ltd. should be formed to acquire the undermentioned assets at values stated as : Land & Buildings Rs. 40,000; Plant and Machinery Rs. 24,000; Motor Lorries Rs 2,000; Stock Rs. 14,000. The total of Rs. 80,000 payable was satisfied by the allotment of 4,000 6% Preference shares of Rs. 10 each fully paid and 4,000 Equity shares of Rs. 15 each credited as Rs. 10 paid up. The new company also satisfied the contingent liability in respect of the claim for royalties by alloting to the claiment 80 Equity shares fully paid up.

The Preference shareholders in the old company accepted the Preference shares in the new company in full satisfaction and Equity shareholders took the partly paid Equity shares.

The book debts realised Rs. 25,450 and the amount of trade creditors proved to be Rs. 16,268. The liabilities were discharged and the costs of winding up were Rs. 2,142.

Preliminary expenses were Rs. 4,000 payable by the new company.

(a) Close the books of the old company, showing the necessary cash book entries and ledger accounts.

(b) Give journal entries recording the transactions in the books of the new company and also prepare Balance Sheet.

यह तय किया गया कि राजेश (न्यू) लिमिटेड के नाम से एक नई कम्पनी की स्थापना की जाये जो कि निम्न वर्णित सम्पत्तियो को दिये गये मूल्यो पर अधिग्रहित करे : भूमि एवं भवन 40,000 रु०; प्लान्ट एवं मशीनरी 24,000 रु०; मोटर लॉरी 2,000 रु०; स्टॉक 14,000 रु० पर। 80,000 रु० की कुल देय राशि 10 रु० वाले पूर्ण प्रदत्त 4,000 6% पूर्वाधिकार अंशो मे एवं 15 वाले 10 रु० प्रदत्त 4,000 ईक्विटी अंशो के आबंटन से चुकायी गयी थी। नई कम्पनी ने रॉयल्टी के लिए दावे के संदिग्ध दायित्व का निवटारा दावेदार को पूर्ण प्रदत्त 80 ईक्विटी अंशों के निर्गमन द्वारा किया।

पुरानी कम्पनी के पूर्वाधिकार अंशधारियो ने अपने पूर्ण भुगतान के रूप मे नई कम्पनी मे पूर्वाधिकार अंशो को स्वीकार किया और ईक्विटी अंशधारियो ने अंशत. प्रदत्त ईक्विटी अंशो को ले लिया।

पुस्तक ऋणो से 25,450 रु० वसूल हुये एव व्यापारिक लेनदारों की राशि 16,268 रु० सिद्ध हुई। दायित्वों का भुगतान कर दिया गया एव समापन की लागत 2,142 रु० थी।

प्रारम्भिक व्यय 4,000 रु० थे जो नई कम्पनी द्वारा देय हैं।

(अ) पुरानी कम्पनी की पुस्तको को रोकड़ बही की प्रविष्टियाँ एव खाते प्रदर्शित करते हुये बन्द कीजिये।

(ब) नई कम्पनी की पुस्तको मे इन व्यवहारो को दर्ज करने के लिए जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए एव स्थिति विवरण भी बनाइये।

Answer : Profit on Realisation Rs. 3,520, Payment to Equity Shareholders Rs. 43,400, Rs. 3,400 in Cash and Rs. 40,000 in Equity Shares; Total of Balance Sheet Rs. 85,200 (2·6)

Hint : There will be no effect in the books of old company for payment of contingent liability by the new company.

10. The following is the Balance Sheet of Lazy Ltd. as at 31st March, 1992 :

31 मार्च, 1992 को लेजी लिमिटेड का स्थिति विवरण अग्र प्रकार है :

Balance Sheet

Liabilities	Amount	Assets	Amount
	Rs.		Rs.
Share Capital :		Goodwill	10,000
10,000 8% Cumulative Preference		Fixed Assets	5,14,000
shares of Rs. 10 each.	1,00,000	Stock	1,20,000
48,000 Equity Shares of Rs. 10		Debtors	1,00,000
each	4,80,000	Bank	2,000
8% Debentures	2,00,000	Preliminary Expenses	10,000
Interest on Debentures	16,000	P. & L. Account	2,40,000
Creditors	2,00,000		
	9,96,000		9,96,000

Note : Preference share dividend in arrears for Rs. 24,000. The following scheme of reconstruction is sanctioned.

(1) A new company 'Smart Ltd.' is formed with an authorised capital of Rs. 6,00,000 divided into 60,000 Equity shares of Rs 10 each

(2) The new company will acquire the business on the following terms :

(i) Old company's debentures are paid by similar debentures in new company; further for each Rs. 100 of debenture interest outstanding 10 Equity shares are to be issued.

(ii) Creditors are paid for every Rs. 100 Rs. 20 in cash and 10 Equity shares.

(iii) Preference shareholders are allotted one Equity share for one share held; further, for arrears of dividend 5 Equity shares will be issued for each Rs. 100 of arrears in full satisfaction.

(iv) Equity shareholders are allotted one Equity share for every thre sharees held.

(v) Liquidation expenses of Rs. 8,000 are to be paid by the new company as part of purchase consideration.

(3) Current assets are to be taken at book values except stock, which is to be reduced by Rs. 6,000; goodwill to be eliminated and balance of purchase consideration being attributed to fixed assets.

(4) Remaining shares of the new company are issued at par fully paid.

You are required to prepare :

(a) Realisation Account, Preference Shareholders Account and Equity Shareholders Account in the books of old company; and

(b) Cash Book, Journal and initial Balance Sheet of new Company.

पुनर्निर्माण की निम्नलिखित योजना स्वीकृत हुई :

एक नई कम्पनी स्मार्ट लिमिटेड को 10 रु० वाले 60,000 ईक्विटी अंशों में विभाजित 6,00,000 रु० की अधिकृत पूंजी से स्थापना की जाए।

(2) नयी कम्पनी व्यापार को निम्न शर्तों पर खरीदेगी :

(i) पुरानी कम्पनी के ऋणपत्रों को नयी कम्पनी में इसी प्रकार के ऋणपत्रों द्वारा भुगतान करना है; आगे ऋणपत्रों के बकाया ब्याज के प्रत्येक 100 रु० के लिए 10 ईक्विटी अंश निर्गमित करने हैं।

(ii) लेनदारों को प्रत्येक 100 रु० के लिए 20 रु० नकद और 10 ईक्विटी अंश भुगतान में दिया जायेगा।

(iii) अधिमान अंशधारियों को पुराने एक अंश के बदले नयी कम्पनी में एक ईक्विटी अंश वटित किया जायेगा। आगे लाभांश की बकाया के प्रत्येक 100 रु० के लिए 5 ईक्विटी अंश निर्गमित किये जायेंगे।

(iv) ईक्विटी अंशधारियों को प्रत्येक तीन अंशों के बदले एक नया ईक्विटी अंश वटित किया जायेगा।

(v) समापन व्यय के 8,000 रु० नयी कम्पनी द्वारा क्रय प्रतिफल के भाग के रूप में भुगतान किये जायेंगे।

(3) चालू सम्पत्तियों को पुस्तक मूल्य पर लेना है सिवाय स्टॉक के जिसे 6,000 रु० से घटाना है; ख्याति को छोड़ देना है तथा क्रय प्रतिफल का शेष स्थायी सम्पत्तियों का प्रतिनिधित्व करता है।

(4) नयी कम्पनी के शेष अंश सम मूल्य पर पूर्णदत्त निर्गमित किये गये।

आपको तैयार करना है

(अ) पुरानी कम्पनी की पुस्तकों में वसूली खाता, अधिमान अंशधारियों का खाता तथा ईक्विटी अंशधारियों का खाता।

(ब) नयी कम्पनी की रोकड़ बही, जर्नल तथा प्रारम्भिक चिट्ठा।

Answer : Purchase consideration Rs. 7,36,000; Loss on Realisation Rs. 70,000; Balance Sheet Total Rs. 8,00,000. (27)

3

कम्पनियों का एकीकरण एवं संविलयन
(Amalgamation and Absorption of Companies)

वर्तमान प्रतिस्पर्द्धा के युग में छोटी कम्पनियों का बाजार में बने रहना कठिन होता है, क्योंकि वे आर्थिक रूप से सुदृढ़ नहीं होती हैं। ऐसी कम्पनियों को बड़े पैमाने के उत्पादन के लाभ भी नहीं मिल पाते हैं जिससे उनकी उत्पादन लागत अधिक आती है। उत्पादन की मात्रा सीमित होने के कारण ऐसी संस्थायें बाजार एवं मूल्य नियन्त्रण करने की स्थिति में नहीं होती हैं। एकसा व्यापार करने वाली ऐसी कम्पनियाँ मिलकर बड़ी व्यावसायिक इकाइयों को उपलब्ध लाभों को प्राप्त कर सकती हैं। एक से अधिक इकाइयों का आपस में मिलना एकीकरण (Amalgamation) अथवा संविलयन (Absorption) के रूप में हो सकता है।

एकीकरण (Amalgamation) : जब दो या दो से अधिक कम्पनियों का समापन करके एक नयी कम्पनी का निर्माण होता है तो इसे एकीकरण कहते हैं। इसके अन्तर्गत पुरानी कम्पनियों की सम्पत्तियों एवं दायित्वों को लेकर एक नयी कम्पनी जन्म लेती है।

एकीकरण की विशेषतायें : (1) पुरानी कम्पनियों का समापन। (2) नयी कम्पनी का निर्माण। (3) पुरानी कम्पनियों की सम्पत्तियों एवं दायित्वों का लेना। (4) सम्पत्तियों एवं दायित्वों के पुनर्मूल्यांकन करके क्रय मूल्य का निर्धारण। (5) नयी कम्पनी के पूर्णदत्त अंशों में क्रय मूल्य का भुगतान।

संविलयन (Absorption) : जब एक विद्यमान कम्पनी द्वारा एक या एक से अधिक विद्यमान कम्पनियों का अधिग्रहण कर लिया जाता है तो इसे संविलयन कहते हैं। संविलयन के अन्तर्गत मिलने या मिलाने वाली कम्पनियाँ पहले से ही विद्यमान होती हैं और *किसी नयी कम्पनी का जन्म नहीं होता।* इसमें मिलने वाली कम्पनी का समापन हो जाता है जिसकी सम्पत्तियों एवं दायित्वों को दूसरी कम्पनी ले लेती है।

संविलयन की विशेषतायें : (1) विक्रेता कम्पनी का समापन हो जाता है तथा किसी नयी कम्पनी का जन्म नहीं होता है। (2) विक्रेता कम्पनी की सम्पत्तियों एवं दायित्वों का क्रेता कम्पनी को हस्तान्तरण। (3) विक्रेता कम्पनी के क्रय प्रतिफल का निर्धारण आपसी समझौते द्वारा। (4) क्रय प्रतिफल का भुगतान नकद, अंशों और ऋणपत्रों द्वारा किया जाना।

एकीकरण एवं संविलयन के उद्देश्य : एकीकरण एवं संविलयन का प्रमुख उद्देश्य प्रतिस्पर्द्धा को समाप्त करना एवं आर्थिक मितव्ययिताओं को प्राप्त करना है।

इनके निम्नलिखित उद्देश्य हो सकते हैं :

(1) प्रतिस्पर्द्धा को समाप्त करना अथवा कम करना।

(2) बाजार पर नियन्त्रण स्थापित करना।

(3) अनुसंधान कार्यों को बढ़ावा देना।

(4) तकनीकी साधनों का एकत्रीकरण करना।

(5) बड़े पैमाने पर उत्पादन के लाभ प्राप्त करना।

(6) पूँजी में वृद्धि तथा पूँजी का अधिकतम उपयोग करना।

(7) उत्पादन को बढ़ावा।

(8) कर्मचारियों का सर्वोत्तम उपयोग करना।

(9 विज्ञापन एवं वितरण व्ययों में कमी लाना।

(10) मजदूर संघों का प्रभावपूर्ण तरीके से सामना करना।

एकीकरण एवं सविलयन के विरुद्ध आपत्तियाँ :—जहाँ एक ओर एकीकरण एवं सविलयन से विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति होती है वहीं इसके दुष्परिणाम भी सामने आते हैं। इसके विरुद्ध निम्न आपत्तियाँ की जाती हैं :

(1) व्यापार का संगठन बड़ा होने के कारण प्रबन्ध में कठिनाइयाँ।

(2) स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा की समाप्ति से विकास में रुकावट।

(3) एकाधिकारी प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलने से जनता का शोषण।

(4) बाजार पर नियन्त्रण से वस्तुओं की कृत्रिम कमी करना एवं मुनाफाखोरी को बढ़ावा देना।

(5) अधिक पूँजी संसाधनों के समुचित उपयोग के अभाव में अतिपूँजीकरण का भय।

(6) छोटी व्यावसायिक इकाइयों के विकास में बाधा।

(7) बड़े पैमाने के उत्पादन के दोष आ जाना।

(8) पुराने व्यवसायों की ख्याति में कमी।

क्रय प्रतिफल का निर्धारण (Determination of Purchase Consideration) :—एकीकरण एवं सविलयन दोनों में ही एक कम्पनी द्वारा अन्य कम्पनी या कम्पनियों की सम्पत्तियों एवं दायित्वों का अधिग्रहण किया जाता है। ऐसी स्थिति के क्रय प्रतिफल का निर्धारण करना आवश्यक होता है। क्रय प्रतिफल का निर्धारण आपसी समझौते द्वारा किया जाता है। क्रय प्रतिफल ज्ञात करने की निम्न विधियाँ हैं :

(1) शुद्ध सम्पत्ति विधि (Net Assets Method) : इस विधि के अनुसार क्रय प्रतिफल की गणना करने के लिए क्रेता कम्पनी द्वारा विक्रेता कम्पनी की जिन सम्पत्तियों को लिया गया है उनके मूल्य के योग में से लिये गये दायित्वों के मूल्य के योग को कम कर दिया जाता है। इस विधि के अन्तर्गत क्रय प्रतिफल की गणना में सम्पत्तियों के पुस्तक मूल्य के स्थान पर वह मूल्य लिया जाता है जो कि क्रेता एवं विक्रेता कम्पनी के मध्य तय हुआ है। इसी प्रकार क्रेता कम्पनी द्वारा लिये दायित्वों को भी पुस्तक मूल्य के स्थान पर तय मूल्य (Agreed price) पर लिया जाता है। संक्षेप में, क्रेता कम्पनी द्वारा ली गई सम्पत्तियों के तयशुदा मूल्य में से लिये गये दायित्वों के तय मूल्य को घटाकर सम्पत्तियों का शुद्ध मूल्य ज्ञात किया जायेगा जो कि क्रय प्रतिफल कहलायेगा।

इस विधि के अनुसार क्रय प्रतिफल की गणना करने के लिए कृत्रिम सम्पत्तियों को क्रय प्रतिफल की गणना में सम्मिलित नहीं किया जाता है, किन्तु अमूर्त सम्पत्तियाँ जैसे ख्याति, पेटेन्ट, आदि को तय मूल्य पर सम्मिलित किया जाता है। इसी प्रकार दायित्वों में उन दायित्वों को क्रय प्रतिफल की गणना करते समय ली गई सम्पत्तियों के योग में से कम नहीं किया जायेगा जिसे क्रेता कम्पनी ने नहीं लिया है।

(2) शुद्ध भुगतान विधि (Net Payment Method) : इस विधि के अन्तर्गत क्रय प्रतिफल की गणना करने के लिए क्रेता कम्पनी द्वारा विक्रेता कम्पनी को जो विभिन्न भुगतान किये जाते हैं उनका योग लगा लिया जाता है। ये भुगतान अंशधारियों के लिए ही नहीं अन्य पक्षों के लिए अर्थात् लेनदारों, ऋणपत्रधारियों आदि के लिए भी हो सकता है। क्रेता कम्पनी द्वारा किये जाने वाले भुगतान केवल नकद ही नहीं वरन् ऋणपत्रों, ईक्विटी

एवं पूर्वाधिकार अंशों के रूप में भी हो सकता है। यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि यदि किसी पक्ष को भुगतान क्रेता कम्पनी के माध्यम से न किया जाकर सीधे ही (Direct) किया जाता है तो उसे क्रय प्रतिफल की गणना में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

लेखा प्रविष्टियाँ (Accounting Entries)

विक्रेता कम्पनी की पुस्तकों में लेखा (In the Books of Vendor Company): एकीकरण एवं सविलयन दोनों ही स्थितियों में जिस कम्पनी का समापन होता है उसकी लेखा पुस्तकों को बन्द करना होता है। इसके लिए वसूली खाते (Realisation Account) के माध्यम से लेखा प्रविष्टियाँ की जाती हैं। विक्रेता कम्पनी की पुस्तकों में की जाने वाली प्रविष्टियाँ निम्न प्रकार होंगी :

(1) क्रेता कम्पनी द्वारा ली गयी सम्पत्तियों के खाते वसूली खाते में स्थानान्तरित करने पर—

Realisation a/c Dr.
  To (Particular) Assets a/c (पुस्तक मूल्य की राशि से)

(2) क्रेता कम्पनी द्वारा लिये गये दायित्वों के खाते वसूली खाते में स्थानान्तरित करने पर—

(Particular) Liabilities a/c Dr. (पुस्तक मूल्य की राशि से)
  To Realisation a/c

(3) ईक्विटी अंश पूँजी को ईक्विटी अंशधारियों के खाते में स्थानान्तरित करने पर—

Equity Share Capital a/c Dr.
  To Equity Shareholders a/c

(4) पूर्वाधिकार अंश पूँजी को पूर्वाधिकार अंशधारियों के खाते में स्थानान्तरित करने पर—

Preference Share Capital a/c Dr.
  To Preference Shareholders a/c

(5) ऋणपत्रों को यदि क्रेता कम्पनी द्वारा नहीं लिया गया है एवं विक्रेता कम्पनी के माध्यम से भुगतान होना है तो ऋणपत्रों एवं उनके बकाया ब्याज की राशि यदि कोई हो तो ऋणपत्रधारियों के खाते में स्थानान्तरित करने पर—

Debentures a/c Dr.
Accrued Interest on Debentures a/c Dr.
  To Debentureholders a/c

(6) आयगत एवं पूँजीगत संचयों को ईक्विटी अंशधारियों के खाते में स्थानान्तरित करने पर—

General Reserve a/c Dr.
Profit & Loss a/c Dr.
Capital Reserve a/c Dr.
(Particular) Reserve a/c Dr.
  To Equity Shareholders a/c

(7) कृत्रिम सम्पत्तियों एवं संचित हानियों को इक्विटी अंशधारियों के खाते में स्थानान्तरित करने पर—

Equity Shareholders a/c Dr.
To Profit & Loss a/c
To Preliminary Expenses a/c
To (Particular) Loss a/c

(8) क्रेता कम्पनी द्वारा न ली गई सम्पत्तियों से वसूली पर—

Cash/Bank a/c	Dr.	(सम्पत्ति के विक्रय से प्राप्त राशि)
Realisation a/c	Dr.	(सम्पत्ति के विक्रय से हुई हानि की राशि, यदि कोई है)
To (Particular) Assets a/c		(सम्पत्ति के पुस्तक मूल्य से)

यदि सम्पत्ति के विक्रय से लाभ हो तो उसे वसूली खाते में क्रेडिट कर दिया जावेगा।

वैकल्पिक विधि : ऐसी सम्पत्तियाँ जिन्हें नई कम्पनी द्वारा नहीं लिया गया है उनके खाते को (रोकड़ एवं बैंक शेष के अतिरिक्त) भी वसूली खाते में स्थानान्तरित कर बन्द कर दिया जाता है। जब इन सम्पत्तियों के विक्रय से राशि वसूल होती है तब निम्न प्रविष्टि कर दी जाती है—

Cash/Bank a/c Dr. (सम्पत्ति के वसूली मूल्य से)
To Realisation a/c

इस स्थिति में सम्पत्ति के विक्रय पर हुए हानि-लाभ की कोई प्रविष्टि नहीं की जावेगी।

(9) क्रेता कम्पनी से क्रय प्रतिफल प्राप्य होने पर—

Purchasing Co Dr. (क्रय प्रतिफल की राशि से)
To Realisation a/c

(10) क्रय प्रतिफल प्राप्त होने पर—

Cash/Bank a/c Dr
Debentures in Purchasing Co a/c Dr
Preference Shares in Purchasing Co a/c Dr
Equity Shares in Purchasing Co a/c Dr
To Purchasing Co

(11) वसूली व्ययों का भुगतान—

Realisation a/c Dr.
To Cash a/c

(12) क्रयकर्ता कम्पनी पूर्वाधिकार अंशों पर बकाया लाभांश देय होने पर—

Realisation a/c Dr.
  To Preference Share Dividend a/c

Preference Share Dividend a/c Dr.
  To Preference Share holders a/c

उपरोक्त दो प्रविष्टियों के स्थान पर एक प्रविष्टि भी की जा सकती है जो निम्न प्रकार होगी—

Realisation a/c
  To Preference Shareholders a/c

(13) ऐसे कम्पनी द्वारा नहीं लिये गये दायित्वों का भुगतान करने पर—

Creditors (or particular Liability) a/c Dr.
  To Cash/Bank a/c
  To Debentures in Purchasing Co. a/c
  To Preference Shares in Purchasing Co. a/c
  To Equity Shares in Purchasing Co. a/c

यदि दायित्वों के भुगतान पर कोई लाभ अथवा हानि होती है तो ऐसी राशि से क्रमशः वसूली खाते को क्रेडिट अथवा डेबिट किया जावेगा।

(14) ऋणपत्रधारियों एवं पूर्वाधिकार अंशधारियों को भुगतान करने पर—

इनको भुगतान की स्थिति में लेखा प्रविष्टि लेनदारों के भुगतान के समान ही होगी। लेनदारों के स्थान पर ऋणपत्रधारियों एवं पूर्वाधिकार अंशधारियों का खाता डेबिट कर दिया जावेगा।

इनके भुगतान पर होने वाले लाभ अथवा हानि को वसूली खाते में स्थानान्तरित कर दिया जावेगा।

(15) वसूली खाते के शेष को ईक्विटी अंशधारियों के खाते में स्थानान्तरित करने पर—

यदि वसूली खाते का डेबिट शेष है अर्थात् हानि है—

Equity Shareholders a/c Dr.
  To Realisation a/c

यदि वसूली खाते का क्रेडिट शेष है अर्थात् लाभ है—

Realisation a/c Dr.
  To Equity Shareholders a/c

(16) ईक्विटी अंशधारियों को भुगतान करने पर—

Equity Shareholders a/c Dr.
  To Cash/Bank a/c
  To Debentures in Purchasing Co. a/c
  To Preference Shares in Purchasing Co. a/c
  To Equity Shares in Purchasing Co. a/c

इन जर्नल प्रविष्टियों को खातों में खतौनी के साथ ही विक्रेता कम्पनी की पुस्तकों में खुले हुए समस्त खाते बन्द हो जायेंगे।

क्रेता कम्पनी की पुस्तकों में लेखा

(1) सम्पत्तियों एवं दायित्वों को क्रय करने पर

(Particular) Assets a/c	Dr.	(जिन मूल्यों पर सम्पत्तियों को लिया गया है)
To (Particular) Liabilities a/c		(दायित्वों को जिस मूल्य पर लिया गया है)
To Liquidator of Vendor Co. a/c		(क्रय प्रतिफल की राशि से)

क्रेता कम्पनी द्वारा ली गई सम्पत्तियों के क्रय मूल्य का योग यदि लिये गये दायित्वों के क्रय मूल्य एवं क्रय प्रतिफल की राशि से कम है तो अन्तर की राशि ख्याति (Goodwill) होगी और सम्पत्तियों का मूल्य दायित्वों एवं क्रय प्रतिफल की राशि से अधिक है तो अन्तर की राशि पूँजी संचय (Capital Reserve) होगी जैसी भी स्थिति हो उपरोक्त जर्नल प्रविष्टि में ख्याति खाते को डेबिट अथवा पूँजी संचय खाते को क्रेडिट किया जाता है।

(2) क्रय प्रतिफल का भुगतान करने पर—

Liquidator of Vendor Co. a/c	Dr.	(क्रय प्रतिफल की राशि से)
To Equity Share Capital a/c		(अंशों के प्रदत्त मूल्य से)
To Preference Share Capital a/c		(,, ,, ,, ,,)
To Share Premium a/c		(अंशों के निर्गमन पर प्राप्त प्रीमियम से)
To Debentures a/c		(ऋण पत्रों के प्रदत्त मूल्य से)
To Cash/Bank a/c		(नकद भुगतान की राशि से)

(3) क्रेता कम्पनी द्वारा विक्रेता कम्पनी के समापन व्ययों का भुगतान करने पर यदि ऐसे व्यय क्रय प्रतिफल का भाग नहीं है—

Goodwill/Capital Reserve a/c	Dr.
To Cash/Bank a/c	

ऐसे व्यय का क्रय प्रतिफल का भाग होने पर—कोई अतिरिक्त लेखा प्रविष्टि नहीं होगी।

एकीकरण सम्बन्धी लेखे—एकीकरण के अन्तर्गत नयी स्थापित कम्पनी को क्रेता कम्पनी (Purchasing Company) तथा समापन होने वाली कम्पनियों को विक्रेता कम्पनियाँ (Vendor Companies) कहा जाता है। इसमें क्रय मूल्य का निर्धारण, समापन होने वाली कम्पनियों की पुस्तकों को बन्द करने तथा नयी स्थापित कम्पनी की पुस्तकों में व्यापार क्रय के सम्बन्ध में लेखे किये जाते हैं।

Illustration 3.1 Two companies R Ltd. and S Ltd. carrying on similar business decided to amalgamate. A new company T Ltd. is to be formed to take over the assets and liabilities of each company. The following are their Balance Sheets :

दो समान व्यापार करने वाली कम्पनियाँ आर. लिमिटेड और एस. लिमिटेड ने एकीकरण करने का निश्चय किया है। प्रत्येक कम्पनी की सम्पत्तियों एवं दायित्वों को लेकर एक कम्पनी टी लिमिटेड का निर्माण करना है। उनके चिट्ठे अग्रलिखित हैं :

Balance Sheet as at 31st December, 1991

Liabilities	R Ltd.	S Ltd.	Assets	R Ltd.	S Ltd.
	Rs.	Rs.		Rs.	Rs.
Share Capital :			Property	1,19,500	70,000
Equity Shares of Rs.			Machinery	70,500	95,000
100 each	3,00,000	2,00,000	Stock	90,000	40,000
Reserve Fund	—	40,000	Debtors	—	26,000
P. & L. Account	—	5,000	Cash at Bank	25,000	34,000
Sundry Creditors	50,000	20,000	P & L Account	45,000	—
	3,50,000	2,65,000		3,50,000	2,65,000

The assets and liabilities of both the companies are to be taken at book values. The fully paid shares of Rs. 50 each shall be issued by the new company for the value of net assets for each of the old companies. State how many shares the liquidator of each company will receive from the new company. Give the opening entries in the books of the new company and its Balance Sheet.

दोनों कम्पनियों की सम्पत्तियाँ एवं दायित्व पुस्तक मूल्यों पर लेने हैं। नयी कम्पनी द्वारा प्रत्येक पुरानी कम्पनी की शुद्ध सम्पत्तियों के लिए 50 रु० वाले पूर्णदत्त अंश निर्गमित किये जायेंगे। यह बताइये कि प्रत्येक कम्पनी का निस्तारक नयी कम्पनी से कितने अंश प्राप्त करेगा। नयी कम्पनी की पुस्तकों में प्रारम्भिक प्रविष्टियाँ दीजिये तथा इसका चिट्ठा बनाइये।

Solution :

Computation of Purchase Consideration

(Net asset method)	For R Ltd.	For S Ltd.
Value of Assets Taken over	Rs.	Rs.
Property	1,19,500	70,000
Machinery	70,500	95,000
Stock	90,000	40,000
Debtors	—	26,000
Cash at Bank	25,000	34,000
	3,05,000	2,65,000
Less : Liabilities taken over : Sundry Creditors	50,000	20,000
Net assets being Purchase consideration	2,55,000	2,45,000

No. of Shares to be received by liquidator of R Ltd. :

$$\text{No. of Shares} = \frac{\text{Purchase consideration}}{\text{Issue price of shares}} = \frac{\text{Rs. } 2,55,000}{\text{Rs. } 50} = 5,100 \text{ Shares}$$

No of Shares to be received by Liquidator of S Ltd :
No. of Shares = Rs 2,45,000 ÷ 50 = 4,900 Shares.

Books of T Ltd. (New Company)

Journal

Particulars		Dr.	Cr.
		Rs.	Rs.
Property a/c	Dr.	1,19,500	
Machinery a/c	Dr.	70,500	
Stock a/c	Dr.	90,000	
Bank a/c	Dr.	25,000	
To Sundry Creditors a/c			50,000
To Liquidator of R Ltd			2,55,000
(Assets and Liabilities of R Ltd. taken over)			
Property a/c	Dr.	70,000	
Machinery a/c	Dr.	95,000	
Stock a/c	Dr.	40,000	
Debtors a/c	Dr.	26,000	
Bank a/c	Dr.	34,000	
To Sundry Creditors a/c			20,000
To Liquidators of S Ltd.			2,45,000
(Assets and Liabilities of S Ltd taken over.)			
Liquidator of R Ltd.	Dr	2,55,000	
To Equity Share Capital a/c			2,55,000
(5,100 Equity Shares of Rs 50 each fully paid issued at par for purchase consideration)			
Liquidator of S Ltd	Dr	2,45,000	
To Equity Share Capital a/c			2,45,000
(4,900 Equity Shares of Rs. 50 each fully paid issued at par for purchase consideration)			

Balance Sheet of T Ltd.

Liabilities	Amount	Assets	Amount
	Rs.		Rs.
Authorised Share Capital	....	Property	1,89,500
Issued Capital :		Machinery	1,65,500
10,000 Equity Shares of Rs 50		Stock	1,30,000
each fully paid	5,00,000	Debtors	26,000
Sundry Creditors	70,000	Bank Balance	59,000
	5,70,000		5,70,000

Illustration 3·2 : X Ltd. and Y Ltd. agreed to amalgamate and to form a new company Z Ltd. by transferring their undertakings. On the date of amalgamation Balance Sheets of both the companies were as under :

एक्स लिमिटेड और वाई लिमिटेड एकीकरण के लिए सहमत होती हैं। तथा अपने व्यावसायिक उपक्रमों को हस्तान्तरित करके एक नयी कम्पनी जेड लिमिटेड की स्थापना करती है। एकीकरण की तिथि को दोनों कम्पनियों के चिट्ठे निम्न प्रकार थे :

Balance Sheets

Liabilities	X Ltd.	Y Ltd.	Assets	X Ltd.	Y Ltd.
	Rs.	Rs.		Rs.	Rs.
Authorised & Issued Capital			Sundry Assets	9,60,000	6,44,000
			Freehold Property	4,00,000	2,00,000
Equity Shares of Rs. 10	10,00,000	6,00,000	Investments	1,00,000	40,000
5% Debentures	4,00,000	2,00,000	Debtors	5,00,000	3,00,000
Reserve Fund	—	1,00,000	Preliminary Expenses	40,000	16,000
Profit and Loss Account	60,000	40,000			
Mortgage Loan : Secured on Freehold Property	1,00,000	—			
Sundry Creditors	4,40,000	2,60,000			
	20,00,000	12,00,000		20,00,000	12,00,000

The purchase consideration consisted of :

(a) The discharge of the debentures in X Ltd. and Y Ltd. by the issue of equivalent amount of 6% Debentures in Z Ltd.

(b) The acquisition of the liabilities of both companies; and

(c) The issue of Equity shares of Rs. 10 each at a premium of Rs. 2 per share in Z Ltd. for the purpose of the amalgamation, the assets are to be revalued as under :

	X Ltd.	Y Ltd
	Rs.	Rs.
Goodwill	2,00,000	1,50,000
Sundry Assets	8,20,000	5,60,000
Freehold Property	5,20,000	2,80,000
Investments	1,02,000	40,000
Debtors	4,50,000	2,70,000

Journalise the above transactions in the books of X Ltd, Y Ltd. and Z Ltd. Indicate the basis on which the shares in Z Ltd. will be distributed amongst the shareholders of X Ltd. and Y Ltd. respectively.

क्रय प्रतिफल में सम्मिलित हैं—

(अ) एक्स लिमिटेड एवं वाई लिमिटेड के ऋणपत्रों का भुगतान समान राशि के जेड लिमिटेड के 6% ऋण-पत्रों के निर्गमन द्वारा;

(ब) दोनों कम्पनियों के दायित्वों का अधिग्रहण; एवं

(स) जेड लिमिटेड में 10 रु० वाले ईक्विटी अंशों का 2 रु० प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमन।

एकीकरण के उद्देश्य के लिए सम्पत्तियाँ निम्न प्रकार पुनर्मूल्यांकित की जाती हैं :

	एक्स लिमिटेड	वाई लिमिटेड
	रु०	रु०
ख्याति	2,00,000	1,50,000
विविध सम्पत्तियाँ	8,20,000	5,60,000
स्वकीय सम्पत्तियाँ	5,20,000	2,80,000
विनियोग	1,02,000	40,000
देनदार	4,50,000	2,70,000

एक्स लिमिटेड, वाई लिमिटेड एवं जेड लिमिटेड की पुस्तकों में उपरोक्त व्यवहारों की जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए। जेड लिमिटेड में अंशों का बटवारा एक्स लिमिटेड एवं वाई लिमिटेड के अंशधारियों में किस प्रकार किया जायेगा, इसका आधार बताइये।

Solution

CALCULATION OF PURCHASE CONSIDERATION

		X Ltd.		Y Ltd.
Assets Taken Over		Rs.		Rs.
Goodwill		2,00,000		1,50,000
Sundry Assets		8,20,000		5,60,000
Freehold Property		5,20,000		2,80,000
Investments		1,02,000		40,000
Debtors		4,50,000		2,70,000
		20,92,000		13,00,000
Less : Liabilities taken over :				
Mortgage Loan Rs.	1,00,000		—	
Sundry Creditors Rs.	4,40,000	5,40,000	2,60,000	2,60,000
Purchase Consideration		15,52,000		10,40,000

Purchase Consideration to be discharged by :	Rs.	Rs.
Issue of 6% Debentures in Z Ltd.	4,00,000	2,00,000
Issue of Shares of Rs. 10 each at a premium of Rs. 2 per share	11,52,000	8,40,000
	15,52,000	10,40,000

	X Ltd.	Y Ltd.
Number of shares issued	$\frac{11,52,000}{12} = 96,000$	$\frac{8,40,000}{12} = 70,000$

Nominal value of shares issued $96,000 \times 10 = 9,60,000$; $70,000 \times 10 = 7,00,000$

Shareholders of X Ltd. will get 96,000 shares for 1,00,000 shares held.

∴ Shareholders of X Ltd. will get 24 shares for every 25 shares held.

Shareholders of Y Ltd. will get 70,000 shares for 60,000 shares held.

∴ Shareholders of Y Ltd. will get 7 shares for every 6 shares held.

Books of X Ltd.

Journal		Dr.	Cr.
		Rs.	Rs.
Realisation a/c	Dr.	19,60,000	
To Sundry Assets a/c			9,60,000
To Freehold Property a/c			4,00,000
To Investments a/c			1,00,000
To Debtors a/c			5,00,000
(Assets taken over by Z Ltd. transferred to Realisation Account.)			
Mortgage Loan a/c	Dr.	1,00,000	
Sundry Creditors a/c	Dr.	4,40,000	
To Realisation a/c			5,40,000
(Liabilities taken over by Z Ltd. transferred to Realisation Account.)			
Z Ltd.	Dr.	15,52,000	
To Realisation a/c			15,52,000
(Purchase consideration agreed to be paid by Z Ltd.)			
6% Debentures in Z Ltd. a/c	Dr.	4,00,000	
Equity Shares in Z Ltd. a/c	Dr.	11,52,000	
To Z Ltd.			15,52,000
(Purchase consideration received from Z Ltd.)			

(Contd.) Journal

Particulars		Dr. Rs.	Cr. Rs.
5% Debentures a/c	Dr.	4,00,000	
To Debenture holders a/c			4,00,000
(Transfer of debentures to debentureholders account)			
Debenture holders a/c	Dr	4,00,000	
To 6% Debentures in Z Ltd a/c			4,00,000
(Payment made to debenture holders)			
Realisation a/c	Dr	1,32,000	
To Equity Shareholders a/c			1,32,000
(Profit on realisation transferred)			
Equity Shareholders a/c	Dr	40,000	
To Preliminary Expenses a/c			40,000
(Transfer of preliminary expenses to shareholders a/c)			
Equity Share Capital a/c	Dr.	10,00,000	
Profit and Loss a/c	Dr	60,000	
To Equity Shareholders a/c			10,60,000
Balances transferred to equity shareholders)			
Equity Shareholders a/c	Dr.	11,52,000	
To Equity Shares in Z Ltd. a/c			11,52,000
(Payment made to Equity Shareholders)			

Books of Y Ltd Journal

Particulars		Dr. Rs.	Cr. Rs.
Realisation a/c	Dr.	11,84,000	
To Sundry Assets a/c			6,44,000
To Freehold Property a/c			2,00,000
To Investments a/c			40,000
To Debtors a/c			3,00,000
(Assets taken over by Z Ltd. transferred to Realisation Account)			
Sundry Creditors a/c	Dr.	2,60,000	
To Realisation a/c			2,60,000
(Creditors taken over by Z Ltd. transferred to Realisation Account)			

(*Contd*) Journal

Journal		Dr. Rs.	Cr. Rs.
Z Ltd.	Dr.	10,40,000	
To Realisation a/c			10,40,000
(Purchase consideration payable by Z Ltd.)			
6% Debentures in Z Ltd. a/c	Dr.	2,00,000	
Equity Shares in Z Ltd. a/c	Dr.	8,40,000	
To Z Ltd.			10,40,000
(Purchase consideration received)			
5% Debentures a/c	Dr.	2,00,000	
To Debenture holders a/c			2,00,000
(Transfer of debentures to debenture holders a/c)			
Debenture holders a/c	Dr.	2,00,000	
To 6% Debentures in Z Ltd. a/c			2,00,000
(Payment made to debenture holders)			
Realisation a/c	Dr.	1,16,000	
To Equity Shareholders a/c			1,16,000
(Transfer of profit on realisation)			
Equity Shareholders a/c	Dr.	16,000	
To Preliminary Expenses a/c			16,000
(Transfer of preliminary expenses)			
Equity Share Capital a/c	Dr.	6,00,000	
Reserve fund a/c	Dr.	1,00,000	
Profit and Loss a/c	Dr.	40,000	
To Equity Shareholders a/c			7,40,000
(Balances transferred to Equity Shareholders)			
Equity Shareholders a/c	Dr.	8,40,000	
To Equity Shares in Z Ltd. a/c			8,40,000
(Equity Shares in Z Ltd. issued to shareholders)			

Books of Z Ltd **Journal**

Particulars		Dr. Rs.	Cr. Rs.
Goodwill a/c	Dr.	2,00,000	
Sundry Assets a/c	Dr.	8,20,000	
Freehold Property a/c	Dr.	5,20,000	
Investments a/c	Dr.	1,02,000	
Debtors a/c	Dr.	4,50,000	
To Mortgage Loan a/c			1,00,000
To Sundry Creditors a/c			4,40,000
To Liquidator of X Ltd.			15,52,000
(Assets and Liabilities of X Ltd. taken over.)			
Liquidator of X Ltd.	Dr	15,52,000	
To Equity Share Capital a/c			9,60,000
To Share Premium a/c			1,92,000
To 6% Debentures a/c			4,00,000
(Issue of 96,000 equity shares of 10 each at a premium of Rs. 2 per share and Rs. 4,00,000 6% debentures in settlement of the purchase consideration)			
Goodwill a/c	Dr.	1,50,000	
Sundry Assets a/c	Dr.	5,60,000	
Freehold Property a/c	Dr.	2,80,000	
Investments a/c	Dr.	40,000	
Debtors a/c	Dr.	2,70,000	
To Sundry Creditors a/c			2,60,000
To Liquidator of Y Ltd.			10,40,000
(Assets and Liabilities of Y Ltd taken over)			
Liquidator of Y Ltd	Dr.	10,40,000	
To Equity Share Capital a/c			7,00,000
To Share Premium a/c			1,40,000
To 6% Debentures a/c			2,00,000
(Issue of 70,000 equity shares of Rs 10 each at a premium of Rs 2 per share and Rs. 2,00,000 6% debentures in settlement of purchase consideration)			

Illustration 3·3 : Alpha Ltd. and Beta Ltd. are merged into AB Ltd. On the date of amalgamation their Balance Sheets were as under :

एल्फा लिमिटेड एवं बीटा लिमिटेड ए बी लिमिटेड में विलीन होती हैं। एकीकरण की तिथि को उनके विवरण निम्न प्रकार थे :

Liabilities	Alpha Ltd.	Beta Ltd.	Assets	Alpha Ltd.	Beta Ltd.
	Rs.	Rs.		Rs.	Rs.
Equity Share Capital Rs. 10	12,00,000	8,00,000	Goodwill	1,20,000	40,000
8% Debenture Stock	4,00,000	—	Buildings	4,00,000	2,00,000
Share Premium	60,000	40,000	Plant	8,00,000	4,00,000
General Reserve	80,000	40,000	Furniture	40,000	20,000
Profit & Loss Account	2,00,000	—	*Stock*	3,40,000	1,80,000
Debenture Redemption Fund	1,60,000	—	Debtors	3,60,000	2,40,000
			Cash and Bank	2,00,000	80,000
Provident Fund	1,20,000	80,000	Investments	4,80,000	1,00,000
Depreciation Fund	1,60,000	80,000	Preliminary Exp.	40,000	8,000
Sundry Creditors	3,20,000	2,00,000	*Profit & Loss A/c*	—	12,000
Outstanding Expenses	80,000	40,000			
	27,80,000	12,80,000		27,80,000	12,80,000

AB Ltd. takes over Alpha Ltd. on the following terms.

(1) Equity shareholders are to be paid by 6 Equity shares of Rs. 10 of AB Ltd. issued at 10% premium and five 7% Preference shares of Rs. 10 issued at par for surrender of every 10 Equity shares.

(2) *Debentures, creditors for purchases* and *expenses* and *provident fund liabilities* are to be taken over.

(3) Before merger Alpha Ltd. shall declare and pay 10% dividend.

(4) Buildings are valued at Rs. 6,00,000.

(5) Rs. 20,000 shall be retained for liquidation expenses.

Beta Ltd., is taken over on the following terms :

(1) Goodwill is valued as nil.

(2) Stock and Debtors are worth Rs. 1,60,000 and Rs. 2,00,000 respectively.

(3) Liquidation expenses Rs. 12,000 shall paid by AB Ltd.

(4) Investments are worth Rs. 60,000.

(5) Other assets and liabilities are taken over at book values.

(6) Requisite number of Equity shares of Rs. 10 are to be issued at par. Formation expenses of AB Ltd. amounted to Rs. 40,000. 40,000 Equity shares of Rs. 10 are issued to the public at 10% premium.

Show necessary Ledger Accounts to close the books of Alpha Ltd. and Beta Ltd. Draft formation and acquisition entries in the books of AB Ltd. and also Balance Sheet of AB Ltd.

ए बी लिमिटेड एल्फा लिमिटेड को निम्नलिखित शर्तों पर अधिग्रहित करती है—

(1) प्रत्येक 10 ईक्विटी अंशों के बदले ईक्विटी अंशधारियों को ए बी लिमिटेड के 10 रु० वाले 6 ईक्विटी अंश 10% प्रीमियम पर एवं 10 रु० वाले पाँच 7% पूर्वाधिकार अंश सम मूल्य पर निर्गमित किये जायेंगे।

(2) ऋणपत्र, क्रय एवं खर्चों के लेनदारों एवं भविष्य निधि दायित्वों को लिया जाना है।

(3) एकीकरण के पूर्व एल्फा लिमिटेड 10% लाभांश की घोषणा कर उनका भुगतान करेगी।

(4) भवन का मूल्यांकन 6,00,000 रु० पर किया गया।

(5) समापन व्ययों के लिए 20,000 रु० रखे जायेंगे।

बीटा लिमिटेड को निम्नलिखित शर्तों के आधार पर लिया गया है :—

(1) ख्याति शून्य पर मूल्यांकित की गई।

(2) स्टॉक एवं देनदार क्रमशः 1,60,000 रु० एवं 2,00,000 रु० के मूल्यांकित किये गये हैं।

(3) समापन व्यय के 12,000 रु० ए बी लिमिटेड द्वारा वहन किये जायेंगे।

(4) विनियोगों का मूल्य 60,000 रु० लिया गया है।

(5) अन्य सम्पत्तियाँ एवं दायित्व पुस्तक मूल्य पर लिये जायेंगे।

(6) आवश्यक मात्रा में 10 रु० वाले ईक्विटी अंश सम मूल्य पर निर्गमित किये जायेंगे।

ए बी लिमिटेड के निर्माण व्यय 40,000 रु० हैं। 10 रु० वाले 40,000 ईक्विटी अंश जनता में 10% प्रीमियम पर निर्गमित किये गये।

एल्फा लिमिटेड एवं बीटा लिमिटेड की पुस्तकें बन्द करने के लिए आवश्यक खाते प्रदर्शित कीजिये। ए बी लिमिटेड की पुस्तकों में निर्माण एवं अधिग्रहण की प्रविष्टियाँ दीजिये एवं उसका चिट्ठा भी बनाइये।

Solution : **Calculation of Purchase Consideration**

Alpha Ltd.

Payment to Equity shareholders : Rs

Equity Shares in AB Ltd. $\left[\frac{6}{10} \times 1,20,000\right]$ @ Rs. 11 = 7,92,000

7% Preference Shares in AB Ltd $\left[\frac{5}{10} \times 1,20,000\right]$ @ Rs. 10 = 6,00,000

Purchase Consideration 13,92,000

टिप्पणी : एल्फा लिमिटेड के लिए क्रय प्रतिफल की गणना करते समय सम्पत्तियों एवं दायित्वों के पुनर्मूल्यांकन का कोई प्रभाव नहीं होगा क्योंकि शुद्ध भुगतान विधि से क्रय प्रतिफल ज्ञात किया गया है।

Beta Ltd

Assets taken over :	Rs.
Buildings	2,00,000
Plant	4,00,000
Furniture	20,000
Stock	1,60,000
Debtors	2,00,000
Cash at Bank	80,000
Investments	60,000
	11,20,000

Less : **Liabilities taken over**	Rs.	Rs.
Provident Fund	80,000	
Sundry Creditors	2,00,000	
Outstanding Expenses	40,000	3,20,000
No. of Equity Shares in AB Ltd. @ Rs. 10 (80,000)		8,00,000
Cash for Liquidation Expenses		12,000
Purchase Consideration		8,12,000

Books of Alpha Ltd.

Realisation Account

Dr.	Rs.		Cr. Rs.
To Goodwill a/c	1,20,000	By 6% Debenture Stock a/c	4,00,000
To Buildings a/c	4,00,000	By Provident Fund a/c	1,20,000
To Plant a/c	8,00,000	By Depreciation Fund a/c	1,60,000
To Furniture a/c	40,000	By Sundry Creditors a/c	3,20,000
To Stock	3,40,000	By Outstanding Expenses a/c	80,000
To Debtors a/c	3,60,000	By AB Ltd.	13,92,000
To Cash & Bank a/c (2,00,000 – 1,20,000 – 20,000)	60,000	By Equity Shareholder' a/c (Realisation Loss)	1,48,000
To Investments a/c	4,80,000		
To Cash a/c (Expenses)	20,000		
	26,20,000		26,20,000

Equity Shareholders Account

Dr.	Rs.		Cr. Rs.
To Preliminary Expenses a/c	40,000	By Equity Share Capital a/c	12,00,000
To Realisation Account (Loss)	1,48,000	By Share Premium a/c	60,000
To Equity Shares of AB Ltd.	7,92,000	By General Reserve a/c	80,000
To Preference Shares of AB Ltd.	6,00,000	By Profit & Loss a/c	80,000
		By Debenture Redemption Fund a/c	1,60,000
	15,80,000		15,80,000

AB Ltd.

Dr.	Rs.		Cr. Rs.
To Realisation a/c	13,92,000	By Equity Shares of AB Ltd.	7,92,000
		By Preference Shares of AB Ltd.	6,00,000
	13,92,000		13,92.000

Profit and Loss Account

Dr.	Rs.		Cr. Rs.
To Dividend a/c	1,20,000	By Balance b/d	2,00,000
To Equity Shareholders a/c	80,000		
	2,00,000		2,00,000

Cash and Bank Account

	Rs.		Rs.
To Balance b/d	2,00,000	By Dividend a/c	1,20,000
		By Realisation a/c (Liquidation Expenses)	20,000
		By Realisation a/c (Balance transferred)	60,000
	2,00,000		2,00,000

टिप्पणी : 1 लाभ हानि खाते के शेष में से 1,20,000 रुपये लाभांश के कम करके शेष राशि ईक्विटी अंशधारियों के खाते में हस्तान्तरित की गई है।

Books of Beta Ltd.

Realisation Account

	Rs.		Rs.
To Goodwill a/c	40,000	By Provident Fund a/c	80,000
To Buildings a/c	2,00,000	By Depreciation Fund a/c	80,000
To Plant a/c	4,00,000	By Sundry Creditors a/c	2,00,000
To Furniture a/c	20,000	By Outstanding Expenses a/c	40,000
To Stock a/c	1,80,000	By AB Ltd.	8,12,000
To Debtors a/c	2,40,000	By Equity Shareholders a/c (Realisation Loss)	60,000
To Cash and Bank a/c	80,000		
To Investments a/c	1,00,000		
To Cash (Expenses)	12,000		
	12,72,000		12,72,000

Equity Shareholders Account

	Rs		Rs.
To Preliminary Expenses a/c	8,000	By Equity Share Capital a/c	8,00,000
To Profit and Loss a/c	12,000	By Share Premium a/c	40,000
To Realisation Account (Loss)	60,000	By General Reserve a/c	40,000
To Equity Shares in AB Ltd	8,00,000		
	8,80,000		8,80,000

AB Ltd.

	Rs.		Rs.
To Realisation Account	8,12,000	By Equity Shares in AB Ltd. a/c	8,00,000
		By Cash a/c	12,000
	8,12,000		8,12,000

Books of AB Ltd.

Journal Entries

Particulars		Rs.	Rs.
Bank a/c	Dr.	4,40,000	
To Equity Share Capital a/c			4,00,000
To Share Premium a/c			40,000
(10,000 shares of Rs. 10 each issued at 10% premium.)			
Preliminary Expenses a/c	Dr.	40,000	
To Bank a/c			40,000
(Preliminary expenses paid.)			
Building a/c	Dr.	6,00,000	
Plant a/c	Dr.	8,00,000	
Furniture a/c	Dr.	40,000	
Stock a/c	Dr.	3,40,000	
Debtors a/c	Dr.	3,60,000	
Investments a/c	Dr.	4,80,000	
Cash and Bank a/c	Dr.	60,000	
To Provident Fund a/c			1,20,000
To Sundry Creditors a/c			3,20,000
To Outstanding Expenses a/c			80,000
To 8% Debenture Stock a/c			4,00,000
To Liquidator of Alpha Ltd.			13,92,000
To Capital Reserve a/c			3,68,000
(Assets and Liabilities taken over from Alpha Ltd.)			
Liquidator of Alpha Ltd.	Dr.	13,92,000	
To Equity Share Capital a/c			7,20,000
To Share Premium a/c			72,000
To 7% Preference Share Capital a/c			6,00,000
(Purchase consideration satisfied.)			

(Contd ... ...)

		Rs.	Rs.
Buildings a/c	Dr.	2,00,000	
Plant a/c	Dr.	4,00,000	
Furniture a/c	Dr.	20,000	
Stock a/c	Dr.	1,60,000	
Sundry Debtors a/c	Dr.	2,40,000	
Cash and Bank a/c	Dr.	80,000	
Investments a/c	Dr.	60,000	
Acquisition Expenses a/c	Dr.	12,000	
To Provision for Bad Debts a/c			40,000
To Provident Fund a/c			80,000
To Sundry Creditors a/c			2,00,000
To Outstanding Expenses a/c			40,000
To Liquidator of Beta Ltd.			8,12,000
(Assets and Liabilities of Beta Ltd. taken over.)			
Liquidator of Beta Ltd.	Dr.	8,12,000	
To Equity Share Capital a/c			8,00,000
To Cash a/c			12,000
(Being Purchase consideration paid off.)			
Capital Reserve a/c	Dr.	52,000	
To Preliminary Expenses a/c			40,000
To Acquisition Expenses			12,000
(Preliminary and Acquision Expenses written off)			

Balance Sheet A B Ltd.

Liabilities	Amount	Assets		Amount
	Rs.			Rs.
Equity Share Capital	19,20,000	Buildings		8,00,000
7% Preference Share Capital	6,00,000	Plant		12,00,000
Share Premium	1,12,000	Furnitures		60,000
Capital Reserve	3,16,000	Investments		5,40,000
8% Debenture Stock	4,00,000	Stock	Rs.	5,00,000
Provident Fund	2,00,000	Debtors	6,00,000	
Sundry Creditors	5,20,000	*Less*: Provision for		
Outstanding Expenses	1,20,000	Bad debts	40,000	5,60,000
		Cash and Bank		5,28,000
	41,88,000			41,88,000

टिप्पणी : (1) ए बी लिमिटेड द्वारा बीटा लिमिटेड को देय समापन व्यय के 12,000 रु० व्यय प्रतिफल का भाग माना गया है एवं इस राशि से ए बी लिमिटेड की पुस्तकों में अधिग्रहण व्यय (Acquision

Expenses) खाते को डेबिट किया गया है। अधिग्रहण व्यय खाते तथा प्रारम्भिक व्यय खाते का शेष पूँजीगत संचय से अपलिखित कर दिया गया है।

संविलयन सम्बन्धी लेखे—संविलयन की स्थिति में मिलने वाली कम्पनी अर्थात् व्यवसाय को बेचने वाली कम्पनी संविलयन होने वाली कम्पनी (Absorbed Company) अथवा विक्रेता कम्पनी (Vendor Company) कहलाती है तथा व्यवसाय को खरीदने वाली कम्पनी संविलयन करने वाली कम्पनी (Absorbing Company) अथवा क्रेता कम्पनी (Purchasing Company) कहलाती है। इसमें क्रय प्रतिफल के निर्धारण, विक्रेता कम्पनी की पुस्तकों को बन्द करने तथा क्रेता कम्पनी की पुस्तकों में व्यापार क्रय के सम्बन्ध में लेखे उसी प्रकार किये जाते हैं जैसे कि एकीकरण की स्थिति में किये जाते हैं।

Illustration 3 4 : The following are the Balance Sheets of two companies, A Ltd and B Ltd., as on 1st January, 1992 :

ए लिमिटेड तथा बी लिमिटेड के चिट्ठे 1 जनवरी 1992 को निम्न प्रकार हैं—

Liabilities	A Ltd.	B Ltd.	Assets	A Ltd.	B Ltd.
	Rs.	Rs.		Rs.	Rs.
Authorised Capital in			Fixed Assets	3,00,000	5,00,000
Rs. 10 shares	5,00,000	10,00,000	Debtors & Stock	3,50,000	1,00,000
			Goodwill	1,00,000	3,50,000
Issued Share Capital	5,00,000	7,00,000	Cash at Bank	Nil	1,00,000
5% Debentures	1,00,000	—	Profit and Loss a/c	1,50,000	—
Creditors	3,00,000	2,00,000			
Profit and Loss Account	—	1,50,000			
	9,00,000	10,50,000		9,00,000	10,50,000

B Ltd. agrees to absorb A Ltd. upon the following terms :

(a) The Shares in A Ltd. are to be considered as worth Rs. 6 each of which the shareholders are to be paid one-quarter in cash and the balance in shares in B Ltd , @ Rs. 12·50 each.

(b) The Debenture holders in A Ltd., agreed to accept Rs. 95 7% Debentures in B Ltd., for every Rs. 100 5% Debentures in A Ltd.

(c) A Ltd. is to be wound up.

Show necessary Journal entries to record the above in the books of both the companies and draw the Balance Sheet to show the position of B Ltd. thereafter. Cost of absorption comes to Rs. 6,000 which is born and paid by B Ltd.

बी लिमिटेड निम्न शर्तों पर ए लिमिटेड का संविलयन करने के लिए सहमत होती है :

(4 **स्थिति विवरण (Statement of Affairs) :** जब न्यायालय सरकारी निस्तारक की नियुक्ति करता है तो सचालक, सचिव, प्रबन्धक, अथवा अधिकारी कम्पनी की सम्पत्तियो एवं दायित्वो का विवरण निर्धारित प्रारूप मे आवश्यक सूचनाओ सहित सरकारी निस्तारक को उसकी नियुक्ति के 21 दिन के भीतर प्रस्तुत करेंगे।

(5) **निस्तारक के अधिकार एवं प्रतिवेदन :** निस्तारक अपनी नियुक्ति के पश्चात् कम्पनी की सम्पत्तियो को अपने अधिकार मे ले लेता है और उनको बेचकर कम्पनी के विभिन्न लेनदारो एवं अशधारियो को वैधानिक व्यवस्थाओ के अनुरूप भुगतान करता रहता है। समापन आदेश की तिथि के 6 महिने के भीतर अपने हिसाब का विवरण बनाकर न्यायालय को प्रस्तुत करता है।

(6) **समापन पूर्ण होने का आदेश एवं रजिस्ट्रार की सूचना :** निस्तारक के प्रतिवेदन की जाँच करने के पश्चात् न्यायालय समापन पूर्ण होने का आदेश प्रसारित कर देता है तथा इस आदेश की तिथि से 30 दिन के भीतर निस्तारक इस आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि रजिस्ट्रार के कार्यालय मे भेज देता है। रजिस्ट्रार इस आदेश के आधार पर कम्पनी का नाम अभिलेखो से हटा देता है।

II. ऐच्छिक समापन (Voluntary Winding up)

ऐच्छिक समापन से आशय किसी समामेलित कम्पनी के ऐसे समापन से है, जो न्यायालय के हस्तक्षेप के बिना, कम्पनी के लेनदारो अथवा अशधारियों द्वारा किया जाता है। ऐच्छिक समापन का मुख्य उद्देश्य लेनदारो एवं अशधारियो को न्यायालय की शरण मे गये बिना ही, आपसी मामले स्वय, पारस्परिक समझौते द्वारा निपटा लेना है। कम्पनी अधिनियम की धारा 484 के अन्तर्गत निम्नलिखित दशाओ मे कम्पनी का ऐच्छिक समापन किया जा सकता है :

(1) **साधारण प्रस्ताव द्वारा :** (i) जब अन्तर्नियमों मे कम्पनी की निर्दिष्ट अवधि समाप्त हो गई हो तो कम्पनी की साधारण सभा मे साधारण प्रस्ताव पारित करके कम्पनी का समापन किया जा सकता है; अथवा (ii) जब वह घटना घटित हो जावे जिसके घटने पर, अन्तर्नियमो के अनुसार, कम्पनी का समापन साधारण प्रस्ताव द्वारा किया जा सकता है।

(2) **विशेष प्रस्ताव द्वारा :** उपरोक्त कारणो के अतिरिक्त यदि अन्य किसी आधार पर कम्पनी ने ऐच्छिक समापन के लिए विशेष प्रस्ताव पारित कर लिया है तो कम्पनी का ऐच्छिक समापन हो सकता है।

ऐच्छिक समापन दो प्रकार का हो सकता है :

A सदस्यो द्वारा ऐच्छिक समापन : (Members' Voluntary Winding up)

(i **शोधन क्षमता की घोषणा।** सचालको द्वारा, यदि उनकी सख्या दो से अधिक है तो उनके बहुमत द्वारा एक वैधानिक घोषणा करनी आवश्यक होती है। एक शपथ-पत्र (Affidavit) द्वारा उन्हें यह घोषित करना होता है कि उन्होने कम्पनी की दशा की पूर्ण रूप से जांच कर ली है और इस निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि कम्पनी पर कोई ऋण नहीं है अथवा कम्पनी शोधन-क्षमता रखती है और समापन के प्रारम्भ होने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के भीतर अपना पूरा ऋण चुकता कर देगी। यह घोषणा 'शोधन क्षमता' की घोषणा (Declaration of Solvency) कहलाती है। इस घोषणा को समापन का प्रस्ताव पारित होने की तिथि से पूर्व ही रजिस्ट्रार के कार्यालय मे प्रस्तुत कर देना चाहिए।

(ii) विशेष प्रस्ताव पास करना : शोधन-क्षमता की घोषणा रजिस्ट्रार के यहाँ फाइल कर देने के पश्चात् 5 सप्ताह के भीतर कम्पनी की साधारण सभा बुलाई जाती है जिसमें कम्पनी के सदस्यों द्वारा कम्पनी के ऐच्छिक समापन करने के लिए आवश्यक विशेष प्रस्ताव पारित किया जाता है।

(iii) निस्तारक की नियुक्ति : उपरोक्त साधारण सभा में ही एक प्रस्ताव के द्वारा कम्पनी के समापन कार्य का सचालन करने हेतु एक निस्तारक नियुक्त किया जाता है। इसकी नियुक्ति एवं पारिश्रमिक सदस्यों द्वारा पारित प्रस्ताव द्वारा ही निश्चित होती है।

(iv) संचालक आदि के अधिकारों का अन्त : निस्तारक की नियुक्ति होने के साथ ही संचालकों, प्रबन्ध संचालक तथा प्रबन्धक पद एवं समस्त अधिकारों का अन्त हो जाता है।

(v) दिवालिया की स्थिति में ऋणदाताओं की सभा : यदि निस्तारक के विचार में कम्पनी अपने समस्त ऋणों को शोधन-क्षमता की घोषणा में निर्दिष्ट अवधि के भीतर चुकाने में क्षमता नहीं रखती हो तो वह ऋण-दाताओं की सभा बुलायेगा जिसमें कम्पनी की सम्पत्ति व समस्त देनदारियों का विवरण प्रस्तुत किया जावेगा।

(vi) प्रतिवर्ष सभा बुलाना : यदि कम्पनी के समापन की प्रक्रिया एक वर्ष से अधिक समय तक चलती रहती है तो निस्तारक को प्रत्येक वर्ष की समाप्ति के पश्चात् 3 महीने की अवधि में कम्पनी की साधारण सभा बुलानी चाहिए। इस सभा में वह कम्पनी के सम्पूर्ण वर्ष का समापन लेखा तथा स्वयं के किये गये कार्यों व व्यवहारों का विवरण प्रस्तुत करेगा।

(vii) अन्तिम सभा : जब निस्तारक कम्पनी के समापन का कार्य पूरा कर लेता है तो वह सदस्यों की अन्तिम सभा बुलाता है। इस सभा में निस्तारक के द्वारा समापन-खाता प्रस्तुत किया जाता है जिसमें कम्पनी की सम्पत्तियों से प्राप्त राशि और वितरण के विवरण को स्पष्टीकरण सहित दिखाया जाता है। इस लेखे की एक प्रति सभा की तिथि से एक सप्ताह की अवधि में रजिस्ट्रार के यहाँ तथा सरकारी निस्तारक के पास भेजी जानी चाहिए। इसके पश्चात् सरकारी निस्तारक कम्पनी के समापन लेखे की जाँच करके न्यायालय को इस आशय की सूचना देगा। यही तिथि कम्पनी के समापन की तिथि होती है।

2 ऋणदाताओं द्वारा ऐच्छिक समापन (Creditors' Voluntary Winding up)

जब कम्पनी के संचालकों द्वारा ऋण-शोधन-क्षमता की घोषणा नहीं की जाती है तथा इसे रजिस्ट्रार के पास फाइल नहीं की जाती है और अंशधारी कम्पनी के समापन के लिए प्रस्ताव स्वीकार करते हैं तो ऐसा समापन, ऋणदाताओं द्वारा ऐच्छिक समापन कहलाता है। जब कम्पनी की आर्थिकस्थिति ऐसी नहीं है कि वह अपने दायित्वों का भुगतान कर सके तो यह उचित ही है कि कम्पनी का समापन कार्य ऋणदाताओं के नियन्त्रण में किया जावे ताकि उनके हितों को अधिकतम सुरक्षा प्राप्त हो सके।

समापन की विधि (Procedure of Winding up)

(i) संचालक-मण्डल की सभा बुलाना : सर्वप्रथम संचालक-मण्डल की सभा बुलाई जायेगी और यदि वह इस बात से सहमत है कि कम्पनी वित्तीय स्थिति असन्तोषजनक होने के कारण वह तीन वर्षों की अवधि के भीतर अपनी समस्त देनदारियों का भुगतान करने में असमर्थ रहेगी तो वे एक प्रस्ताव पारित करेंगे कि कम्पनी का लेनदारों द्वारा ऐच्छिक समापन कर दिया जावे।

(ii) सदस्यों एवं ऋणदाताओं की सभायें बुलाना : इसके पश्चात् कम्पनी का संचालक-मण्डल दो अलग-अलग सभायें बुलाता है : (a) कम्पनी की साधारण सभा में सदस्यों द्वारा कम्पनी के ऋणदाताओं द्वारा ऐच्छिक समापन के लिए प्रस्ताव पारित करना; (b) इसके पश्चात् उसी दिन अथवा अगले दिन कम्पनी के लेनदारों की सभा बुलाना।

(iii) **स्थिति विवरण प्रस्तुत करना :** लेनदारो की सभा का सभापतित्व करने के लिए सचालक-मण्डल एक संचालक नियुक्त करेगा। इस सभा मे कम्पनी की सम्पूर्ण वित्तीय स्थिति, लेनदारो की सूची एव उनके दावो का अनुमान प्रस्तुत किया जाना है। इस सभा की सूचना एव पारित प्रस्ताव की प्रति रजिस्ट्रार के कार्यालय मे भेजना आवश्यक है।

(iv) **निस्तारक की नियुक्ति :** यदि सदस्यों एवं ऋणदाताओ ने अपनी-अपनी सभाओ मे एक ही व्यक्ति को निस्तारक पद के लिए नामांकित किया है तो ऐसा व्यक्ति ही उस कम्पनी का निस्तारक होगा। यदि सदस्यों एव ऋणदाताओ ने अलग-अलग व्यक्तियो को निस्तारक के पद के लिए नामांकित किया है तो लेनदारो द्वारा नामांकित व्यक्ति ही निस्तारक होगा। लेनदारो द्वारा नामांकित किये गये निस्तारक के स्थान पर नामांकन की तिथि से 7 दिन के भीतर कम्पनी का कोई सचालक अथवा सदस्य न्यायालय से प्रार्थना कर सकता है कि लेनदारो द्वारा नामांकित निस्तारक के स्थान पर कम्पनी द्वारा नामांकित व्यक्ति को निस्तारक नियुक्त किया जावे, लेनदारो द्वारा नामांकित निस्तारक के साथ कम्पनी द्वारा नामांकित निस्तारक को भी संयुक्त रूप से निस्तारक नियुक्त किया जावे, अथवा लेनदारो द्वारा नामांकित निस्तारक के स्थान पर सरकारी निस्तारक नियुक्त किया जावे।

(v) **निरीक्षण समिति :** (a) कम्पनी के लेनदार यदि उचित समझे तो अपनी सभा म निस्तारक के परामर्श एव मार्ग दर्शन हेतु एक निरीक्षण-समिति नियुक्त कर सकते हैं जिसमे अधिक से अधिक 5 सदस्य हो सकते हैं। (b) कम्पनी भी अपनी साधारण सभा मे इस समिति के सदस्यो के रूप मे काम करने के लिए अधिक स अधिक 5 सदस्य नियुक्त कर सकती है।

(vi) **सदस्यों व ऋणदाताओं की सभा बुलाना :** कम्पनी के समापन की कार्यवाही एक वर्ष से अधिक समय तक चालू रहने पर प्रत्येक वर्ष की समाप्ति के पश्चात तीन माम की अवधि मे निस्तारक द्वारा (a) सदस्यों की साधारण सभा, और (b) ऋणदाताओं की सभा का आयोजन करना चाहिए। इन सभाओ मे वह वर्ष भर के समापन कार्य का विवरण प्रस्तुत करेगा।

(vii) **अन्तिम सभा बुलाना एवं कम्पनी की समाप्ति :** जब कम्पनी के समापन का कार्य समाप्त हो जाता है तो निस्तारक कम्पनी के सदस्यो एव ऋणदाताओं की अन्तिम सभा बुलाता है और समापन का हिसाब सदस्यों के सम्मुख प्रस्तुत करता है। सभा होने के एक सप्ताह के भीतर निस्तारक समापन आदेश की एक प्रति रजिस्ट्रार को एव सरकारी निस्तारक को भेजेगा सरकारी निस्तारक द्वारा न्यायालय को कम्पनी के समापन की रिपोर्ट भेजने की तिथि से कम्पनी का समापन पू । माना जावेगा।

III. न्यायालय के निरीक्षण में समापन (Winding up under supervision of court)

जब किसी कम्पनी का ऐच्छिक समापन न्यायालय की देख-रेख अथवा निरीक्षण मे क्रियान्वित होता है, तो इसे कम्पनी का न्यायालय के निरीक्षण मे समापन कहते हैं। किसी कम्पनी द्वारा ऐच्छिक समापन किय जाने का प्रस्ताव पारित किय जाने पर न्यायालय यह आदेश दे सकता है कि इस प्रकार का ऐच्छिक समापन उसके निरीक्षण मे किया जावेगा यदि·

(1) ऐच्छिक समापन के लिए प्रस्ताव विधिवत् स्वीकृत नहीं किया गया हो, अथवा

(2) कम्पनी के किसी ऋणदाता अथवा सदस्य ने न्यायालय से यह आवेदन किया हो कि कम्पनी का ऐच्छिक समापन न्यायालय के निरीक्षण मे किया जाये क्योंकि निस्तारक कम्पनी की सम्पत्तियां एकत्रित करने मे लापरवाही कर रहा है तथा अल्पमत वाले सदस्यों के प्रति पक्षपात किया जा रहा है; अथवा

(3) जब न्यायालय इस बात मे सन्तुष्ट हो जावे कि ऐसा किये बिना कम्पनी के ऋणदाताओ अथवा अंशदाताओं के हितो की रक्षा नहीं हो सकती।

(iii) कोई भूतपूर्व सदस्य उस राशि से अधिक के लिए दायी नही होगा जो सम्बन्धित अंशों पर प्रदत्त है;

(iv) कोई भूतपूर्व सदस्य उस समय तक दायी नही होगा जब तक कि न्यायालय इस बात से सन्तुष्ट नहीं हो जाय कि विद्यमान सदस्य उन अंशदानों को पूरा करने में असमर्थ हैं; और

(v) भूतपूर्व-सदस्यों का दायित्व, सदस्यता की समाप्ति के समय उनके अधिकार में रहने वाले अंशों के अनुपात म होगा।

Illustration 4·1 : Bad Luck Limited went into voluntary liquidation and the proceedings commenced on 2nd July, 1992. Certain creditors could not receive payment out of the realisation of assets and out of the contributions from the contributories of the 'A' list. The following details of share transfers are made available to you :

बैड लक लिमिटेड ऐच्छिक समापन मे चली गई जिसकी कार्यवाही 2 जुलाई, 1992 से प्रारम्भ हुई। कुछ लेनदारों की सम्पत्तियो की वसूली एव 'अ' सूची के धनदाताओं से प्राप्त राशि से भुगतान प्राप्त नहीं हो सका। अंश हस्तान्तरण के सम्बन्ध मे निम्नलिखित सूचना आपको उपलब्ध कराई जाती है :

Name of the transferor shareholder	No. of shares transferred	Date of the transferor ceasing to be a member	Creditors remaining unpaid and outstanding at the time of the transferor ceasing to be a member
(i) A	1,000	1st March, 1991	Rs. 6,000
(ii) B	1,250	15th August, 1991	Rs. 8,000
(iii) C	500	1st October, 1991	Rs. 10,750
(iv) D	2,000	1st December, 1991	Rs. 13,000
(v) E	250	1st April, 1992	Rs. 15,000

All the shares were of Rs. 10 each, on which Rs. 5 per share had been paid up. Ignoring other details like liquidator's expenses etc., you are required to work-out the liability of the individual contributories listed above.

सभी अंश 10 रु० वाले थे जिन पर 5 रु० प्रति अंश प्रदत्त थे। निस्तारक के खर्चों इत्यादि को छोड़ते हुए, उपर्युक्त सूची मे दिये गए व्यक्तिगत अंशदाताओ के दायित्व की गणना कीजिए।

Solution : **Statement of Liability of B list Contributories**

Date	Creditors Outstanding	Incremental Amount	B	C	D	E
			No. of shares held			
			1,250	500	2,000	250
	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
15th Aug. 91	8,000	8,000	2,500	1,000	4,000	500
1st Oct., 91	10,750	2,750	—	500	2,000	250
1st Dec., 91	13,000	2,250	—	—	2,000	250
1st April, 92	15,000	2,000	—	—	—	2,000
Max. amount payable to creditors (A)			2,500	1,500	8,000	3,000
Amount of calls is arrear @ Rs 5/- per share (B)			6,250	2,500	10,000	1,250
Actual liability lower of (A) or (B)			2,500	1,500	8,000	1,250

Total amount paid to Creditors Rs 13,250

Working Notes :

(i) A को इस सूची में शामिल नहीं किया गया है, क्योंकि उसने अपने अंशों का हस्तान्तरण समापन की तिथि से एक वर्ष पहले ही कर दिया था, अतः यह इस सूची में सम्मिलित नहीं होगा।

(ii) विभिन्न तिथियों को 'B' सूची के अंशदाताओं के लेनदारों के भुगतान के लिए धन राशि देने सम्बन्धी दायित्व उनके अंश धारण के अनुपात में बाँटा जायेगा।

(iii) 1 अप्रैल, 1992 को 2,000 रु० के लेनदारों को केवल E से 250 रु० ही मिलेंगे क्योंकि E का अधिकतम दायित्व 1,250 रु० ही है जिसमें से 1,000 रु० तो एक दिसम्बर तक के बकाया दायित्वों के भुगतान के काम आ जायेंगे।

स्थिति विवरण

(Statement of Affairs)

जब कम्पनी का समापन न्यायालय के आदेशानुसार होता है अथवा न्यायालय द्वारा अस्थायी सरकारी निस्तारक की नियुक्ति की जाती है तब कम्पनी के संचालकों एवं प्रमुख अधिकारियों को समापन आदेश की तिथि या निस्तारक की नियुक्ति की तिथि के 21 दिन के अन्दर कम्पनी का स्थिति-विवरण बनाकर निस्तारक को देना पड़ता है। इस स्थिति विवरण में निम्नलिखित बातों का उल्लेख किया जाता है :

(i) कम्पनी की सम्पत्तियाँ जिनमें कार्यालय में रोकड़, बैंक में रोकड़ तथा विनिमय साध्य पत्रों का पृथक्-पृथक् उल्लेख किया जाता है।

(ii) ऋण और दायित्व।

(iii) लेनदारों सम्बन्धी पूर्ण विवरण अर्थात् उनके नाम, पते एवं व्यवसाय तथा उनका ऋण सुरक्षित है अथवा असुरक्षित और यदि ऋण सुरक्षित है तो कम्पनी की उनके पास क्या प्रतिभूतियाँ हैं।

(iv) कम्पनी के देनदारों के नाम, पते एवं व्यवसाय तथा उनसे कितनी रकम वसूल होने की सम्भावना है।

(v) केन्द्रीय सरकार एवं निस्तारक द्वारा माँगी गई अन्य सूचनाएँ।

यह स्थिति विवरण निर्धारित प्रारूप में तैयार किया जाता है। इसका प्रारूप अग्र प्रकार है :

Form of Statement of Affairs

Statement as to the affairs of...... Ltd., on the ......day of......19..., being the date of winding up order (or order appointing Provisional Liquidator or the date directed by the Official Liquidator as the case may be) showing assets at estimated realisable values and liabilities expected to rank :

Assets not specifically pledged (as per list 'A') :					Estimated realisable value Rs.
Bank Balance					
Cash in hand					
Marketable Securities					
Bills Receivable					
Trade Debtors					
Loans and Advances					
Unpaid Calls					
Stock-in-Trade					
Work-in-Progress					
Freehold Property, Land and Buildings					
Leasehold Property					
Plant and Machinery					
Furniture, Fittings, Utensils etc.					
Investments other than marketable securities					
Livestock					
Other Property viz.,					
... ...					
... ...					
Assets specifically pledged (as per list 'B')	(a) *Estimated* realisable values Rs.	(b) *Due to* secured creditors Rs.	(c) *Deficiency* ranking as unsecured Rs.	(d) *Surplus* carried to last column Rs.	
Estimated Surplus from Assets specifically pledged					....
Estimated Total Assets available for Preferential Creditors, Debentureholders secured by a floating charge, and Unsecured Creditors (carried forward)					
Summary of Gross Assets			Rs.		....
Gross realisable value of Assets specifically pledged			...	...	
Other Assets		...	...	...	
Gross Assets Total (Rs.)		...	...		

Note : All Assets specifically mortgaged, pledged or otherwise given as security should be included under this head. In the case of goods given as security, those in possession of the Company and those not in possession should be *separately* set out.

Statement of Affairs Contd.

Gross Liabilities Rs.		Rs.
	Estimated Total Assets available for Preferential Creditors, Debentureholders secured by a floating charge, and Unsecured Creditors (brought forward)	....
	Liabilities	
	(to be deducted from surplus or added to deficiency as the case may be)	
....	Secured Creditors (as per lists 'B') *to the extent to which claims are* estimated to be covered by Assets specifically pledged [item (a) or (b) whichever is less]	
	(Insert in Gross Liabilities Column only)	
....	(deduct) Preferential Creditors (as per list 'C')	
	Estimated balance of assets available for debentureholders and creditors secured by a floating charge and unsecured creditors	.. ....
	(deduct) Debentureholders and creditors secured by a floating charge (as per list 'D')	.. . ...
....		
	Estimated surplus/deficiency as regards Debentureholders	....
	Unsecured Creditors (as per list 'E')	
	Rs.	
....	Estimated unsecured balance of claims of Creditors	
....	partly secured on specific assets brought from (c)	
....	Trade Accounts	
....	Bills Payable	
....	Outstanding Expenses	
....	Bank Overdraft	
	Contingent Liabilities	... ...
....	Estimated surplus/deficiency as regards creditors, being difference between :	
	Rs.	
	Gross Assets and	
	Gross Liabilities	....
	Issued and Called up Capital	
	Rs.	
	... .. Preference Shares of Rs ....each	
	Rs ....called up (as per list F)	
	.... Equity Shares of Rs....... each	
	Rs. ....called up as per list (G)	
	....	
	....	....
	Estimated Surplus/Deficiency as regards Members (as per list 'H')	....

These figures must be read subject to the following notes :

1. (a) There in no unpaid capital liable to be called up, or

(b) The nominal amount of unpaid capital liable to be called up is Rs .... estimated to produce Rs ....which is/is not charged in favour of Debentureholders *[strike out (a) or (b)].*

2. The estimates are subject to cost of winding up and to any surplus or deficiency on trading pending realisation of assets.

इस प्रकार उपरोक्त प्रारूप को देखने से यह स्पष्ट होता है कि इसमें कम्पनी की सम्पत्ति एवं दायित्वों को विभिन्न सूचियों के अन्तर्गत प्रदर्शित किया जाता है। इन सूचियों का विस्तृत विवरण इस प्रकार है :

1 सम्पत्तियाँ जो विशिष्ट रूप से गिरवी नहीं रखी हुई हैं (Assets not specifically pledged as per list A) इस शीर्षक के अन्तर्गत कम्पनी की उन सभी सम्पत्तियों को दिखाया जाता है जो कहीं भी गिरवी नहीं रखी हुई हैं। रकम के खाने में इन सम्पत्तियों के वसूली मूल्य को ही दिखाया जाता है अंश पूँजी पर बकाया माँग की राशि अगर दी हुई हो तो उसमें से जितना वसूल होने की सम्भावना है उसे इस सूची में दिखाया जायेगा।

2. सम्पत्तियाँ जो विशिष्ट रूप से गिरवी रखी हुई है (Assets specifically pledged as per list B) : इस शीर्षक के अन्तर्गत उन सम्पत्तियों को दिखाया जाता है जो लेनदारों के पास गिरवी रखी हुई हैं। इस शीर्षक के अन्तर्गत सम्पत्ति तथा ऋण से सम्बन्धित विवरण को रकम के चार खानों में दिखाया जाता है। पहले खाने में प्रत्येक सम्पत्ति का जो कि लेनदारों के पास गिरवी रखी हुई है, वसूली मूल्य लिखा जाता है, दूसरे में सुरक्षित लेनदारों को कुल देय बकाया राशि दिखाई जाती है। इसके पश्चात् रकम के प्रथम खाने में दर्ज राशि की तुलना द्वितीय खाने में दर्ज राशि से की जाती है। यदि प्रथम खाने में दर्ज रकम दूसरे खाने में दर्ज रकम से कम होती है तो न्यूनता की रकम को तीसरे खाने में दर्ज किया जाता है। यदि गिरवी रखी हुई सम्पत्ति का वसूली मूल्य ऋण की राशि से अधिक है तो इस राशि को चतुर्थ कॉलम में दर्ज किया जाता है। इसके पश्चात् इन चारों खानों का योग लगा दिया जाता है। तीसरे खाने का योग असुरक्षित लेनदारों की राशि को बताएगा जिसे असुरक्षित लेनदारों की सूची E में बतलाया जावेगा। चौथे खाने का योग सम्पत्तियों के दायित्वों पर आधिक्य को बतलाएगा जिसे सूची A की सम्पत्तियों के वसूली मूल्य में जोड़कर सम्पत्तियों से अनुमानित कुल वसूली मूल्य ज्ञात कर लिया जाता है।

3. पूर्वाधिकार लेनदार (Preferential creditors as per list C) : इसके अन्तर्गत उन लेनदारों को सम्मिलित किया जाता है जो सुरक्षित नहीं हैं किन्तु जिन्हें असुरक्षित लेनदारों से पहले भुगतान प्राप्त करने का अधिकार है। कम्पनी अधिनियम की धारा 530 (1) के अनुसार एक कम्पनी के समापन पर निम्नलिखित लेनदारों को पूर्वाधिकार लेनदार माना जाता है :

(i) सम्बन्धित तारीख[1] को कम्पनी द्वारा राज्य सरकार अथवा केन्द्रीय सरकार अथवा स्थानीय सत्ता को देय लगान, कर तथा महसूल व दरें। ये ऋण सम्बन्धित तारीख के 12 माह की अवधि में ही देय और भुगतान

---

1. सम्बन्धित तारीख से तात्पर्य यदि कम्पनी का ऐच्छिक समापन हुआ है तो प्रस्ताव पास करने की तारीख तथा यदि कम्पनी का अनिवार्य समापन हुआ है तो काम चलाऊ निस्तारक की नियुक्ति की तारीख अथवा समापन आदेश की तारीख, दोनों में जो पहले हो; वे होगा।

योग्य होने चाहिए। यदि कोई लगान, कर इत्यादि 12 माह की अवधि से पूर्व देय तथा भुगतान योग्य हो गये हैं तो उन्हें पूर्वाधिकार लेनदार नहीं माना जायेगा।

(ii) किसी कर्मचारी की मजदूरी अथवा वेतन (अर्जित कमीशन सहित); यह कर्मचारी कम्पनी अधिनियम की धारा 2 (30) में वर्णित कम्पनी का अधिकारी नहीं होना चाहिए। यह पारिश्रमिक सम्बन्धित तारीख से ठीक पूर्व के 12 माह की अवधि से सम्बन्धित होना चाहिए तथा इसमें से 4 माह का पारिश्रमिक या 1,000 रु० प्रति व्यक्ति अधिकतम पूर्वाधिकार माना जायेगा तथा शेष असुरक्षित लेनदारों में शामिल किया जायेगा। इसके अतिरिक्त किसी श्रमिक को औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अन्तर्गत देय क्षतिपूर्ति की राशि भी 1,000 रु० (प्रति व्यक्ति) की सीमा तक पूर्वाधिकार लेनदार मानी जाती है।

(iii) किसी कर्मचारी को समस्त अर्जित अवकाश का देय पारिश्रमिक। इसमें अधिकारी को सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

(iv) यदि किसी व्यक्ति ने उक्त (ii) अथवा (iii) में वर्णित देय राशि का भुगतान करने के लिए कम्पनी को कोई धन उधार दिया है तो वह व्यक्ति कम्पनी का पूर्वाधिकार लेनदार माना जायेगा।

(v) वे सब रकमें जो कम्पनी द्वारा नियोक्ता की हैसियत से कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत सम्बन्धित तारीख से पहले 12 माह के अन्तर्गत देय हों। यह नियम उस समय लागू नहीं होगा जबकि कम्पनी का समापन स्वेच्छा से एकीकरण या पुनर्निर्माण के लिए होता है।

(vi) कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923 के अन्तर्गत दी जाने वाली क्षतिपूर्ति की रकम। यह नियम उस समय लागू नहीं होगा जबकि कम्पनी का समापन स्वेच्छा से एकीकरण या पुनर्निर्माण के लिए होता है।

(vii) अधिकारियों के अतिरिक्त अन्य कर्मचारियों को भविष्य निधि, पेंशन फण्ड, ग्रेच्युटी फण्ड या किसी अन्य कोष से, जो कर्मचारी के हित के लिए है, देय राशि।

(viii) कम्पनी अधिनियम की धारा 235 या 237 के अन्तर्गत कम्पनी द्वारा दिये जाने वाले अनुसंधान के खर्चे।

4. कम्पनी की सम्पत्तियों पर चल प्रभार रखने वाले ऋण-पत्र (Debentures having floating charge on the assets of the company as per list D) : सामान्यतया ऋण-पत्रों का कम्पनी की चल एवं अचल सम्पत्तियों पर चल प्रभार होता है अतः इन्हें असुरक्षित लेनदारों से पहले दिखाते हैं। यदि किसी सम्पत्ति पर इनका स्थायी प्रभार हो तो इन्हें सूची B के अन्तर्गत दिखाया जाता है।

5. असुरक्षित लेनदार (Unsecured Creditors as per list E) : पूर्वाधिकार लेनदारों एवं पूर्णतः व अंशतः सुरक्षित लेनदारों को छोड़कर सभी लेनदार इस सूची में सम्मिलित किये जायेंगे। सूची B के अन्तर्गत न्यूनता के खाने का योग भी इस सूची में लाया जायेगा।

6 पूर्वाधिकार अंश पूँजी (Preference Share Capital as per list F) : इसके अन्तर्गत याचित अंश पूँजी (called up share capital) को ही लिखा जायेगा। यदि इन अंशों पर कोई calls in arrear हों तो इससे वसूल की गई राशि तो सूची A में दिखाई जाएगी एवं न वसूल हुई राशि को सूची F में से घटाकर दिखाया जायेगा। स्थिति विवरण में यदि Deficiency as regards creditors आती है तो इस पूँजी की राशि को भी न्यूनता में जोड़ दिया जायेगा और आधिक्य की स्थिति में इसे आधिक्य में से घटा दिया जायेगा।

7. ईक्विटी अंश पूँजी (Equity Share Capital as per list G) : इस सूची के अन्तर्गत याचित अंश पूँजी को उसी प्रकार दिखलाया जायेगा जैसे कि पूर्वाधिकार अंश पूँजी को दिखलाया जाता है। न्यूनता की स्थिति में इसको जोड़ दिया जायेगा और आधिक्य की स्थिति में इसको घटा दिया जायेगा।

8. न्यूनता अथवा आधिक्य Deficiency or Surplus as regards members as per list H) : इस सूची के अन्तर्गत कम्पनी के समापन पर न्यूनता या आधिक्य शामिल किया जाता है।

Illustration 4.2. The following items were contained in the balance sheet of a company under liquidation on 31st October, 1991.

31 अक्टूबर 1991 को एक कम्पनी परिसमापन प्रक्रिया में थी जिसके चिट्ठे में निम्न मद थे :

		Rs.
5% Debenture		26,000
Loan from Bank guaranteed by directors (which was implemented)		39,000
Sundry Trade Creditors (including Rs. 2,000 for local taxes which became due and payable in 1989)		1,17,000
Income Tax Assessment year 1989-90	Rs. 3,250	
„ „ 1990-91	Rs. 13,650	
„ „ 1991-92	Rs. 650	17,550
(Assessment for 1989-90 was completed on 30-9 90 and for 1990-91 and 1991-92 on 31-7-91)		
Employee's Salaries for one month (including Rs. 1,950 for *Managing Director*)		5,590

Determine the amount of Preferential Creditors

पूर्वाधिकार लेनदारों की राशि का निर्धारण कीजिए। [Raj. Univ. M. Com.]

Solution : **Statement showing amount due to Preferential Creditors**

Particulars	Amount
	Rs.
Income Tax Assessment year 1990-91	13,650
Income Tax Assessment year 1991-92	650
Salary due to Employees (Excluding the salary due to Managing Director)	3,640
Preferential Creditors	17,940

टिप्पणियाँ :

(i) स्थानीय कर के 2,000 रु० 1989 में देय हो गए थे। यह अवधि कम्पनी की समापन तिथि 31 अक्टूबर, 1991 के 12 माह पूर्व पड़ती है, अतः यह कर पूर्वाधिकार लेनदार नहीं माना गया है।

(ii) 1989-90 कर निर्धारण वर्ष के लिए आयकर की राशि के 3,250 रु० असुरक्षित लेनदार माने जायेंगे, पूर्वाधिकार लेनदार नहीं, क्योंकि यह राशि 30-9-90 को देय हो गई थी जो तिथि समापन की तिथि के 12 माह पूर्व पड़ती है।

(iii) प्रबन्ध संचालक को देय वेतन कम्पनी अधिनियम की धारा 530 (1) के अन्तर्गत पूर्वाधिकार लेनदार नहीं माना गया है।

Illustration 4.3 : The following information is extracted from the book of Bad Luck Limited on December 31, 1991 on which date a winding up order was made :

निम्नलिखित सूचना बैड लक लिमिटेड की पुस्तकों से 31 दिसम्बर, 1991 को ली गई है जिस तिथि को समापन का आदेश पारित हुआ :

		Rs.
Equity share capital, 20,000 shares of Rs. 10 each		2,00,000
6% Preference share capital, 3,000 shares of Rs. 100 each		3,00,000
Calls in arrears on equity shares (estimated to produce Rs. 2,000)		4,000
5% First Mortgage Debentures, secured by a floating charge on the whole of the assets of the company		2,00,000
Creditors fully secured (value of shares in Y Ltd. Rs. 40,000)		35,000
Creditors partly secured (value of shares in Y Ltd. Rs. 20,000)		40,000
Preferential Creditors		7,500
Unsecured Creditors		2,70,000
Bank Overdraft, secured by a second charge on the whole of the assets of the company		20,000
Cash in hand		2,200
Book Debts ;	Rs.	
Good	37,000	
Doubtful (estimated to produce 37½%)	8,000	
Bad	4,500	
		49,500
Stock in Trade (estimated to produce to Rs. 60,000)		72,000
Freehold Land & Buildings (estimated to produce Rs. 1,95,000)		2,10,000
Plant & Machinery (estimated to produce Rs. 53,000)		60,000
Fixtures & Fittings (estimated to produce Rs. 8,000)		12,000

Prepare a Statement of Affairs : (a) as regards creditors; and (b) as regards contributories.

स्थिति विवरण : (a) ऋणदाताओं के सम्बन्ध में; एवं (b) अंशदाताओं के सम्बन्ध में तैयार कीजिए।

Solution :

Statement of Affairs of Bad Luck Ltd.
as at 31st December, 1991

Assets	Estimated Realisable Value Rs.
Assets not specifically pledged as per list A	
Cash in hand	2,200
Trade Debtors	40,000
Unpaid Calls	2,000
Stock in Trade	60,000
Freehold Land & Buildings	1,95,000
Plant & Machinery	53,000
Fixtures & Fittings	8,000
	3,60,200
Assets specifically pledged as per List B	

	Estimated realisable value (a)	Due to secured creditors (b)	Deficiency ranking as Unsecured (c)	Surplus carried to last column (d)	
	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	
Shares in X Ltd.	40,000	35,000	—	5,000	
Shares in Y Ltd.	20,000	40,000	20,000	—	
	60,000	75,000	20,000	5,000	
Estimated surplus from assets specifically pledged					5,000
Estimated total assets available for preferential creditors, debentureholders and bank overdraft secured by a floating charge on assets and unsecured creditors carried forward					3,65,200

Summary of Gross Assets

Gross realisable value of assets :	Rs.
Specifically Pledged	60,000
Others	3,60,200
Gross Assets	4,20,200

Gross Liabilities Rs.	Liabilities	Rs.
	Estimated total assets available for preferential creditors, debentureholders and bank overdraft secured by a floating charge on assets and unsecured creditors brought forward	3,65,200
55,000	Secured creditors (as per List B) to the extent to which claims are estimated to be covered by assets specifically pledged	
7,500	Preferential creditors as per List C	7,500
	Estimated balance of assets available for debentureholders and bank overdraft secured by a floating charge and unsecured creditors	3,57,700
2,00,000	Debentureholders secured by a first floating charge as per List D	2,00,000
		1,57,700
20,000	Bank overdraft secured by a second floating charge as per List D	20,000
	Estimated surplus as regards debentureholders and Bank overdraft	1,37,700
	Unsecured creditors as per List E	
	Estimated unsecured balance of claims of creditors partly secured on specific assets Rs. 20,000	
2,90,000	Others Rs. 2,70,000	2,90,000
5,72,500		
	Estimated deficiency as regards creditors being the difference between gross liabilities and gross assets	1,52,300
	Gross Assets Rs. 4,20,200	
	Gross Liabilities Rs. 5,72,500	
	Issued and called up capital :	
	3,000 6% Preference shares of Rs. 100 each fully paid as par List F	3,00,000
	20,000 Equity shares of Rs. 10 each fully called up as per List G 2,00,000	
	Less : Irrecoverable unpaid calls 2,000	1,98,000
	Estimated deficiency as regards members as per List H	6,50,300

न्यूनता अथवा आधिक्य खाते का प्रारूप (Form of Deficiency or Surplus Account)

स्थिति विवरण में List H के अन्तर्गत दी गई न्यूनता अथवा आधिक्य का विवरण इस खाते द्वारा दिया जाता है। इसे विवरण (Statement) के रूप में तैयार किया जाता है, खाते के रूप में नहीं। इस खाते में पहले उन मदों को लिखा जाता है जो न्यूनता बढ़ाते अथवा आधिक्य में कमी करते हैं तत्पश्चात् उन मदों को लिखा जाता है, जो न्यूनता में कमी लाते हैं अथवा आधिक्य को बढ़ाते हैं। इनका अन्तर ही Deficiency/Surplus होगा जो कि स्थिति विवरण में प्रदर्शित List H के अनुसार Deficiency/Surplus के बराबर होना चाहिए। इसका प्रारूप इस प्रकार है :

List 'H'—Deficiency/Surplus Account

The period covered by this account must commence on a date not less than 3 years before the date of the winding-up order (or the order appointing Provisional Liquidator, or the date directed by the Official Liquidator) or, if the company has not been incorporated for the whole of that period, the date of formation of the company, unless the Official Liquidator otherwise agrees.

Items contributing to deficiency (or Reducing Surplus) : **Rs.**

1. Excess (if any) of Capital and Liabilities over assets on the .... 19......... as shown by Balance Sheet (copy annexed),
2. Net dividends and bonuses declared during the period .. ..19 .... to the date of the statement.
3. Net trading losses (after charging items shown in note-below) for the same period.
4. *Losses other than trading losses written off or for which provision* has been made in the books during the same period (give particulars or annex schedule).
5. Estimated losses now written off or for which provision has been made for the purpose of preparing the statement (give particulars or annex schedule).
6. Other items contributing to Deficiency or reducing Surplus.

Items reducing deficiency (or contributing to surplus : **Rs.**

7. Excess (if any) of assets over capital and liabilities on the .... 19 .... as shown in the Balance Sheet (copy annexed)
8. Net trading profits (after charging items shown in note below) for the period from the ....19......... .. to the date of statement.
9. *Profit and income other than trading profit during the same period* (give particulars or annex schedule)
10. Other items reducing Deficiency or contributing to Surplus.

Deficiency/Surplus as shown by Statement of Affairs

Note as to Net Trading Profits and Losses :	Rs.
Particulars are to be inserted here (so far as applicable) of the items mentioned below, which are to be taken into account in arriving at the amount of net trading profits or losses shown *in this account* :	
Provision for depreciation, renewals, or diminution in value of fixed assets	
Charges for Indian Income-tax and other Indian taxation on profits	
Interest on debentures and other fixed loans, payments to directors made by the Company and required by law to be disclosed in the accounts	
Exceptional or non recurring expenditure :	
	———
Less : Exceptional or non-recurring receipts :	
	———
Balance, being other trading profits or losses	
Net trading profits or losses as shown in Deficiency or Surplus Account above	———

Signature : Dated........19........

Illustration 4.4 : X Company Ltd. went into compulsory liquidation on 31st March, 1991. Following information were received on this date from the books of the company :

एक्स कम्पनी लि. का 31 मार्च 1991 को अनिवार्य रूप से समापन हो गया। इस तिथि को कम्पनी की पुस्तकों से निम्नांकित सूचनायें प्राप्त हुई :

	Rs.
Equity Share Capital :	
3,000 Shares of Rs. 100 each Rs. 80 paid up	2,40,000
5% Preference Share Capital :	
2,000 Shares of Rs. 100 each fully paid but on 100 shares Rs. 25 were not paid. It is estimated that Rs. 1,000 will be recovered on these shares	2,00,000
6% First mortgage debentures having a floating charge on all the assets of the company	3,00,000
Fully secured creditors which have first charge on Land and Buildings	60,000
Partly secured creditors which have second charge on Land and Buildings to the extent of Rs. 50,000	50,000
Preferential Creditors	5,000
Unsecured Trade Creditors (in addition to Pref. Creditors)	1,20,000
Bank Overdraft	75,000
Liability on Bills discounted Rs. 10,000 estimated liability	4,500
(Bills Receivable (out of which one bill of Rs. 5,000 is bad)	15,000
Books Debts—Good	1,25,000
Bad	21,000

	Rs.
Stock (estimated to realise Rs. 1,50,000)	1,20,000
Machinery lodged with the Bank as security for overdraft (estimated realisable value of Machine Rs. 1,10,000)	1,50,000
Land and Buildings (estimated realiable value Rs. 1,00,000)	1,30,000
Cash in hand	6,000

Prepare a statement of affairs and deficiency account.

स्थिति विवरण तथा न्यूनता खाता बनाइए।

Solution :

Statement of Affairs of X Co. Ltd.
(on 31st March, 1991)

					Estimated Realisable Value
Assets not specifically pledged as per List A :					Rs.
Cash in hand					6,000
Bills Receivable					*10,000*
Debtors					1,25,000
Stock-in-trade					1,50,000
Unpaid calls (amount receivable)					1,000
					2,92,000
Assets specifically pledged as per List B	(a) Estimated realisable value	(b) Due to secured creditors	(c) Deficiency ranking as unsecured	(d) *Surplus* carried to last column	
	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	
Land & Buildings (1,00,000—30,000)	70,000	60,000	—	10,000	
Land & Buildings	30,000	50,000	20,000	—	
Machinery	1,10,000	75,000	—	35,000	
	2,10,000	1,85,000	20,000	45,000	
Estimated surplus from Assets specifically pledged					45,000
Estimated total assets available for preferential creditors, Debentureholders secured by a floating charge and unsecured creditors carried forward					3,37,000
Summary of Gross assets :					
Gross Realisable value of Assets specifically Pledged				Rs. 2,10,000	
Other Assets				2,92,000	
				5,02,000	

List 'H'–Deficiency Account

	Items contributing to Deficiency		Rs.
1.	Excess of Capital and Liabilities over assets on 31st March, 1991 (as shown by Balance Sheet)		4,80,500[1]
2.	Net Dividend and Bonus declared during the period		NIL
3.	Net Trading losses for the same period		NIL
4.	Losses other than trading losses written off or for which provision has been made in the books during the same period		NIL
5.	Estimated losses now written off for which provision has been made for the purpose of preparing the statement :	Rs.	
	Bills Receivable	5,000	
	Book Debts	21,000	
	Machinery	40,000	
	Land and Buildings	30,000	
	Bills Discounted	4,500	
		1,00,500	1,00,500
6.	Other items contributing to deficiency		NIL
		(A)	5,81,000
	Items reducing Deficiency		
7.	Excess of Assets over Capital		NIL
8.	Net Trading profits for the period		NIL
9.	Profits other than trading profits :		
	Profit on realisation of stock		30,000
10.	Other items reducing deficiency		NIL
		(B)	30,000
	Deficiency as shown by the statement of Affairs [(A) - (B)]		5,51,000

1. [Rs. 2,40,000 + 2,00,000 − 2,500 + 3,00,000 + 60,000 + 50,000 + 5,000 + 1,20,000 + 75,000]
− [15,000 + 1,25,000 + 21,000 + 1,20,000 + 1,50,000 + 1,30,000 + 6,000]
= Rs. 4,80,500

Illustration 4.5 : The following information is obtained with regard to the assets and liabilities of M Ltd. as on 30th June, 1991 on which date a winding up order has been issued against it :

निम्नलिखित सूचना 30 जून, 1991 को एम लिमिटेड की सम्पत्तियों एवं दायित्वों के सम्बन्ध में प्राप्त की गई है जिस तिथि को इसके विरुद्ध समापन आदेश निर्गमित किया गया है :

	Rs.
Freehold Premises (book value Rs. 4,50,000) valued at	3,75,000
First Mortgage of Freehold Premises	3,00,000
Second Mortgage of Freehold Premises	1,12,500
8% Debentures carrying a floating charge on the undertaking, Interest due on 1st September and 1st April, and paid on due dates	1,50,000
Managing Director's emoluments (6 months)	22,500
Staff Salary unpaid (one month)	*16,050*
Trade Debtors—Good	31,500
Doubtful (*Estimated to realise 50%*)	*12,900*
Bad	*72,750*
Plant and Machinery (Book value Rs. 2,47,500) Estimated to realise	1,74,000
Bank Overdraft	58,125
Cash in hand	825
Stock (at cost Rs. 50,850) Estimated to realise	33,900
Issued Capital : Equity shares of Rs. 10 each, fully called up	1,50,000
Calls in arrears, Rs. 3,000; estimated to realise	1,500
Unsecured Creditors	2,96,250
Contingent Liabilities in respect of a claim for damages Rs. 37,500 – Estimated to be settled for	18,000
Income-tax liability : For 30–6–1989	5,250
For 30–6–1990	1,275
For 30–6–1991	2,700

The Reserves of the company on 1-7-1990 amounted to Rs. 7,500.

You are required to prepare : (i) Statement of Affairs (ii) Deficiency Account.

1-7-1990 को कम्पनी के संचय 7,500 रु० के थे।

आपको (i) स्थिति विवरण (ii) न्यूनता खाता तैयार करना है।

Solution :

Statement of Affairs of M Ltd.
on 30th June, 1991

					Estimated Realisable value Rs.
Assets not specifically pledged as per List A :					
Cash in hand					825
Trade Debtors					37,950
Unpaid Calls (recovery)					1,500
Stock					33,900
Plant & Machinery					1,74,000
Assets specifically pledged as per List B	(a) Estimated realisable value	(b) Due to secured creditors	(c) Deficiency ranking as unsecured	(d) Surplus carried to last column	
	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	
Freehold Premises (first mortgage)	3,00,000	3,00,000	—	—	
Freehold Premises (second mortgage)	75,000	1,12,500	37,500		
	3,75,000	4,12,500	37,500	—	
Estimated total assets available for Preferential Creditors, Debentureholders secured by a floating charge and unsecured creditors carried forward					2,48,175
Summary of Gross Assets				Rs.	
Assets specifically pledged				3,75,000	
Other Assets				2,48,175	
Gross Assets				6,23,175	

Gross Liabilities Rs.	Liabilities		Rs.
	Estimated total assets available for Preferential Creditors, Debentureholders secured by a floating charge and Unsecured creditors brought forward		2,48,175
3,75,000	Secured Creditors as per List B to the extent claims are covered by assets specifically pledged		—
20,025	Preferential creditors as per List C		20,025
	Estimated balance of assets available for Debentureholders having a floating charge and unsecured creditors		2,28,150
1,53,000	Debentureholders secured by floating charge as per List D		1,53,000
	Estimated surplus as regards debentureholders		75,150
	Unsecured creditors as per List E :		
		Rs.	
37,500	Unsecured balance of claims of partly secured creditors	37,500	
2,96,250	Trade creditors	2,96,250	
27,750	Outstanding expenses and taxes	27,750	
58,125	Bank Overdraft	58,125	
18,000	Contingent liability for claim for damages	18,000	
			4,37,625
9,85,650	Estimated deficiency as regards creditors, being the difference between		
		Rs.	
	Gross Assets	6,23,175	
	and Gross Liabilities	9,85,650	
			3,62,475
	Issued and Called up Capital :		
	Preference Share Capital as per List F		
	15,000 Equity shares of Rs. 10 each fully called up (as per List G)	Rs. 1,50,000	
	Less : Irrecoverable calls	1,500	
			1,48,500
	Estimated deficiency as regards members as per List H		5,10,975

List H – Deficiency Account

	Rs.	Rs.
Items contributing to deficiency		
Net Trading Losses		2,55,825
Estimated losses now written off for which no provision has been made :	Rs.	
On Freehold Premises	75,000	
,, Trade Debtors	79,200	
,, Plant and Machinery	73,500	
,, Stock	16,950	
,, Claim for damages	18,000	2,62,650
		5,18,475
Items reducing deficiency		
Excess of Assets over Capital and Liabilities as on 1st July, 1990 (reserves)		7,500
Deficiency as shown in the Statement of Affairs		5,10,975

Working Notes :

(i) Preferential Creditors . Income-tax Rs. 1,275 and Rs 2,700 for 30th June, 1990 and 1991 treated as due and payable within 12 months of winding up — Rs. 3,975

Staff Salary — Rs. 16,050

Total: Rs. 20,025

(ii) Calculation of Net Trading Losses by preparing Balance Sheet

	Rs.		Rs.
Capital (net)	1,47,000	Freehold Premises	4,50,000
Reserves	7,500	Plant and Machinery	2,47,500
First Mortgage Loan	3,00,000	Sundry Debtors	1,17,150
Second Mortgage Loan	1,12,500	Stock	50,850
8% Debentures	1,50,000	Cash	825
Interest for 3 months (April, 1991 to June, 1991)	3,000	Profit & Loss Account (balancing figure)	2,55,825
Sundry creditors (including managerial remuneration and salaries)	3,34,800		
Bank Overdraft	58,125		
Provision for Taxation	9,225		
	11,22,150		11,22,150

निस्तारक का अन्तिम हिसाब का विवरण
(Liquidator's Final Statement of Account)

जैसाकि पूर्व में बताया जा चुका है कि एक कम्पनी का समापन न्यायालय द्वारा किया जा सकता है या ऐच्छिक समापन किया जा सकता है। दोनों ही परिस्थितियों में निस्तारक की नियुक्ति की जाती है। समापन आदेश के बाद वह कम्पनी का सर्वोच्च अधिकारी होता है। समापन का आदेश जारी होने के बाद वह कम्पनी की समस्त सम्पत्तियों को अपने कब्जे में ले लेता है एवं उनको बेचकर कम्पनी के ऋणों व पूंजी का भुगतान करता है।

यदि कम्पनी का समापन न्यायालय द्वारा किया गया है तो उसकी नियुक्ति भी न्यायालय द्वारा ही की जाती है। निस्तारक का यह कर्त्तव्य है कि वह अपने प्राप्ति तथा भुगतानों का पूर्ण विवरण रखे तथा प्रत्येक छः माह के अन्त में अपने हिसाब का विवरण बनाकर न्यायालय में प्रस्तुत करे। जब कम्पनी की समस्त सम्पत्तियाँ वसूल हो जाती हैं और उनसे दायित्वों का भुगतान कर दिया जाता है तो निस्तारक न्यायालय को अन्तिम हिसाब का विवरण बनाकर प्रस्तुत करता है। इसे "निस्तारक का अन्तिम हिसाब का विवरण" (Liquidator's Final Statement of Account) कहा जाता है।

यदि कम्पनी का ऐच्छिक समापन किया जा रहा है तो उसकी नियुक्ति अंशधारियों द्वारा की जाती है अतः वह अपने हिसाब का अन्तिम विवरण बनाकर कम्पनी को प्रस्तुत करता है जिसमें सम्पत्तियों से प्राप्ति व दायित्वों के भुगतान का विवरण लिखा जाता है।

निस्तारक द्वारा दोनों ही परिस्थितियों में प्रस्तुत किये जाने वाले 'अन्तिम हिसाब के विवरण' का प्रारूप निम्न प्रकार है :

Form No. 156

(See Rule 329)

Companies Act, 1956

+Strike out what does not apply

+Here state whether the winding up is a members' or creditors' voluntary winding-up or a winding-up *under the supervision* of the Court If *under* the supervision of the Court, mention the number of the petition in which the order was made and the date of the order.

Liquidator's Statement of Account of the Winding-up

(Members'/Creditors' Voluntary winding up)

1. Name of the company ... .Ltd.
2. Nature of proceeding :
3. Date of commencement of the winding-up :
4. Name and address of the Liquidator :

Statement showing how the winding-up has been conducted and the property of the company has been disposed of from ....19 . .... (commencement of winding-up *to* ....*19* (close of winding-up.)

Receipts	Estimate Value Rs. P.	Value realised Rs. P.	Payments	Rs. P.	Payment Rs. P.
Assets :			Legal charges		
Cash at Bank ...			Liquidators' remuneration		
Cash in hand ...			Where applicable :		
Marketable Securities...			% on Rs.... .. realised		
Bills Receivable			% on Rs .. distributed		
Trade Debtors			Total		
Loans and Advances			(By whom fixed .)		
Stock in Trade			Auctioneer's an valuers' charges		
Work in Progress					
Freehold Property ...			Costs of possession and maintenance of estate		
Leasehold Property					
Plant and Machinery			Cost of notices in Gazette and newspapers		
Furniture, Fitting, Utensils, etc. ...			Incidental outlay (establishment charges and other expences of liquidation)		
Patents, Trade Marks, etc.					
Inve tments other than Marketable *Securities*			Total costs and charges		
			(i) *Debentureholders :*		
Surplus from *Securities*			Payment of Rs .. *Debenture per Rs ..*		—
Unpaid Calls at commencement of winding up ...			*Payment of* Rs..... .. Per debenture Rs......		
			Payment of Rs....... per debenture Rs	—	—
Amount received from calls on con- *tributories made in* the winding-up .			(ii) *Creditors :*		
			..........+Preferential		
			....+Unsecured :		
Receipts as per Trading Account ..			*Dividend (S)* ....P. in the rupees on Rs.		
Other Property viz ...			(The estimated of *the amount expected* to rank for dividend was Rs ......)		
....					
....					
Total			(iii) *Returns to contributories :*		
Less :					
Payments to redeem securities			... ... P. per rupee ...† share		
Costs of execution ..			.. ... P. per rupee ...† share		
Payments as per Trading Account		—	...... P. per rupee ...†		—
—		—	Share Add balance		—

*State the number : Preferential creditors need not be separately shown if all creditors have paid in full.

†State nominal value and class of share.

(1) The following assets estimated to be of the value of Rs .. ..have proved to be unrealisable :
(Give details of the assets which have proved to be unrealisable).

(2) Amount paid into the Companies Liquidation Account in respect of :

(a) Unclaimed dividends payable to creditors in the winding-up — Rs....... ....

(b) Other unclaimed distributions in the winding-up — Rs ....

(c) Moneys held by the company in trust in respect of dividend or other sum due before the commencement of the winding up to any person as a member of the company — Rs................

(3) Add here any remarks the Liquidator thinks desirable : (Sd.)

Dated this ....day of ....19 Liquidator

I declare that the above statement is true and contains a full and accurate account of the winding up from the commencement to the close of the winding-up.

Dated this..................day of.....................19 (Sd.)
Liquidator

निस्तारक के लेखा विवरण में दी जाने वाली सूचनाओं का स्पष्टीकरण
(Clarification of the Information given in the Liquidator's Statement of Account) :

उपरोक्त प्रारूप को देखने से यह स्पष्ट होता है कि निस्तारक के लेखा विवरण में मुख्यतः निम्नांकित सूचनायें दी जाती हैं : (a) उसके द्वारा वसूल की हुई राशियाँ (Amounts realised by him); (b) विभिन्न दायित्वों का भुगतान (Payment of various liabilities); एवं (c) आधिक्य का वितरण (Distribution of Surplus)। इनमें से प्रत्येक का विस्तृत विवरण इस प्रकार है :

(a) निस्तारक द्वारा वसूल की हुई राशियाँ : निस्तारक कम्पनी के समापन के समय निम्नांकित तरीकों से राशियाँ प्राप्त या वसूल कर सकता है :

1. सम्पत्तियों को बेचने से वसूली : निस्तारक कम्पनी की सम्पत्तियाँ जो कहीं गिरवी नहीं रखी हुई हैं, को विक्रय करके धनराशि वसूल करता है। इसके अतिरिक्त कम्पनी का रोकड़ एवं बैंक शेष भी अपने कब्जे में लेता है। सम्पत्तियों से प्राप्त राशि एवं रोकड़ व बैंक शेष की राशि को विवरण में बायीं तरफ जो कि प्राप्ति पक्ष है, पर लिखता है।

2. सुरक्षित लेनदारों के पास सम्पत्ति से वसूली : सुरक्षित लेनदार वे होते हैं जिनके पास कम्पनी की सम्पत्तियाँ ऋण की गारण्टी के रूप में गिरवी रखी रहती हैं। कम्पनी के समापन की दशा में इन लेनदारों को गिरवी रखी हुई सम्पत्ति को बेचने का अधिकार होता है। वे अपने ऋण की राशि के बराबर रकम को रोक कर शेष र [illegible]

कम्पनी को लौटा देते हैं। इस प्रकार निस्तारक के विवरण में इस प्राप्त राशि को अलग से प्राप्ति पक्ष की ओर दिखाया जाता है। कभी-कभी ऐसी गिरवी रखी हुई सम्पत्ति को लेनदार निस्तारक को ही विक्रय करने का अधिकार सौंप देते हैं। ऐसी दशा में भी निस्तारक आधिक्य राशि को ही अपने विवरण में दिखाएगा। अतः सुरक्षित लेनदारों को किये गये भुगतान की राशि को विवरण में दिखाने की आवश्यकता नहीं है।

3 अदत्त याचना राशि की प्राप्ति : यदि किसी अंशधारी ने कम्पनी के द्वारा अंशों पर मांगी गई राशि का भुगतान नहीं किया है तो समापन की दशा में निस्तारक को ऐसी राशि वसूल करने का अधिकार होता है। वसूल की हुई राशि को लेखा विवरण में प्राप्ति पक्ष पर बताया जाता है।

4 कम्पनी के अंशदाताओं (Contributories) से वसूली : यदि कम्पनी के अंश अंशतः प्रदत्त हैं और लेनदारों को भुगतान करने के लिए कम्पनी की सम्पत्तियाँ अपर्याप्त हैं तो निस्तारक कम्पनी के अंशदाताओं से अदत्त राशि को वसूल कर सकता है। वह अयाचित राशि पहले 'अ' सूची के अंशदाताओं से प्राप्त करेगा और यदि कुछ 'अ' सूची के अंशदाता इस राशि का भुगतान कर सकने में असमर्थ हैं तो वह 'ब' सूची के अंशदाताओं से यह राशि वसूल करेगा। इस प्रकार वसूल की गई राशि को निस्तारक के विवरण में प्राप्ति पक्ष की ओर दिखाया जाता है।

5. दोषी संचालकों एवं अन्य अधिकारियों से राशि वसूल करना : यदि कम्पनी के किसी संचालक या अधिकारी ने कम्पनी के साथ कोई दुराचरण एवं कपट इत्यादि *किया है और न्यायालय ने उसको इसके लिए* दण्डित किया है तो इनसे निस्तारक जुर्माने इत्यादि की राशि भी वसूल करेगा। इसे भी इस लेखा विवरण में प्राप्ति पक्ष में दिखाया जायेगा।

(b) विभिन्न दायित्वों का भुगतान : निस्तारक द्वारा प्राप्त की गई राशियों को वह कम्पनी के विभिन्न लेनदारों एवं अंशधारियों को भुगतान करने में काम लेता है। ये भुगतान निश्चित क्रम में किये जाते हैं और इन्हें वह अपने विवरण में दायीं तरफ भुगतानों के अन्तर्गत दिखाता है, भुगतान करने का क्रम इस प्रकार होगा :

1. कानूनी व्यय Legal Expenses) : यदि कम्पनी को अपने समापन की अवधि में अन्य कम्पनी पर कोई दावा करना पड़ता है या अपने ऊपर किये गये दावे से अपना बचाव करना होता है, तो इस सम्बन्ध में जो कानूनी व्यय किये जाते हैं इन्हें कानूनी व्यय कहते हैं। इन व्ययों का भुगतान निस्तारक को सबसे पहले करना पड़ता है अतः इसे भुगतान पक्ष पर सबसे पहले दिखाया जाता है।

2 निस्तारक का पारिश्रमिक (Liquidator's Remuneration) : कानूनी व्ययों का भुगतान करने के पश्चात् निस्तारक अपना पारिश्रमिक प्राप्त करता है। निस्तारक को पारिश्रमिक के रूप में सामान्यतया कमीशन दो प्रकार से दिया जाता है : प्रथम, सम्पत्तियों की वसूली की रकम के प्रतिशत के रूप में; और द्वितीय, असुरक्षित लेनदारों को भुगतान की गई या ईक्विटी अंशधारियों को भुगतान की गई रकम पर प्रतिशत के रूप में। इनका विस्तृत विवरण इस प्रकार है :

(i) सम्पत्तियों की वसूली की रकम पर कमीशन (Commission on the assets realised) : निस्तारक द्वारा सम्पत्तियों से वसूल की गई राशि पर दी गई प्रतिशत के आधार पर यह कमीशन निकाला जाता है। जैसा कि हमने प्राप्ति पक्ष में देखा कि निस्तारक सुरक्षित लेनदारों से आधिक्य की राशि भी प्राप्त करता है तो इस आधिक्य की राशि को भी कमीशन की गणना में सम्मिलित किया जाये या नहीं। इसके सम्बन्ध में अधिकांश लेखकों का यही मत है कि, जब तक इसके सम्बन्ध में प्रश्न में अन्यथा कुछ न दिया गया हो, इसे भी कमीशन की गणना में सम्मिलित कर लेना चाहिए। कभी-कभी सुरक्षित लेनदारों द्वारा भी अपने पास गिरवी रखी सम्पत्ति को निस्तारक को वसूल करने के लिए दे दिया जाता है। ऐसी दशा में वसूल की गई समस्त राशि को कमीशन की गणना में सम्मिलित कर लिया जाएगा। इसी प्रकार यह प्रश्न उत्पन्न होता है कि निस्तारक को समापन की तिथि को कम्पनी के पास नकद एवं बैंक शेष की राशि पर भी कमीशन दिया जाये या नहीं। सामान्यतया इसे कमीशन

की गणना में सम्मिलित नहीं करना चाहिए यदि कमीशन 'सम्पत्तियों की वसूली' (Assets realised) पर दिया जाना है। किन्तु यदि प्रश्न में कमीशन 'धन राशि की वसूली' (Amount realised) पर दिया हुआ है तो इसे कमीशन की गणना के लिए सम्मिलित कर लिया जाना चाहिए।

(ii) असुरक्षित लेनदारों को भुगतान की गई रकम पर कमीशन (Commission on the amount paid to Unsecured Creditors) : निस्तारक द्वारा असुरक्षित लेनदारों को भुगतान की गई राशि पर कमीशन दी गई प्रतिशत के आधार पर निकाला जाता है। इस सम्बन्ध में विचारणीय प्रश्न यह है कि क्या पूर्वाधिकार लेनदारों को भुगतान की गई राशि को भी इस कमीशन की गणना में सम्मिलित किया जाए? इस सम्बन्ध में विभिन्न विद्वान एक मत नहीं हैं। कुछ विद्वान इसे असुरक्षित लेनदारों में शामिल करते हैं एवं कुछ नहीं। किन्तु *अधिकांश विद्वानों की यही राय है कि चूंकि पूर्वाधिकार लेनदार भी मूलतः असुरक्षित लेनदार ही होते हैं अतः इन्हें* कमीशन की गणना में असुरक्षित लेनदारों में शामिल किया जाना चाहिए जब तक कि प्रश्न में इस सम्बन्ध में कुछ अन्यथा नहीं दिया गया हो।

1,000 7% Non cumulative Preference shares of Rs. 100 each	1,00,000	Machinery	3,55,000
5,000 Equity Shares of Rs. 80 each fully paid	4,00,000	Stock	4,85,000
12,500 Equity shares of Rs. 80 each, Rs. 40 per share called and paid up	5,00,000	Sundry Debtors	3,62,000
	12,00,000	Cash in hand	3,000
Sundry Creditors	9,95,000	Profit & Loss A/c	4,85,000
Bank Overdraft (having a floating charge on the assets)	25,000		
	22,20,000		22,20,000

Note : (a) Dividends on cumulative preference shares are two years in arrear and dividends on non-cumulative preference shares are four years in arrear.

(b) Sundry Creditors include :

(i) Outstanding income-tax demanded but not paid Rs. 2,50,000, (ii) Municipal rates Rs. 4,000, (iii) Wages of factory workers Rs. 10,000, (iv) Loans fully secured by mortgage on Buildings Rs. 2,00,000.

नोट : (a) सचयी पूर्वाधिकार अशो पर लाभाश दो वर्षों से बकाया है जबकि गैर-सचयी पूर्वाधिकार अशो पर लाभाश चार वर्षों से बकाया है। (b) विविध लेनदारो मे सम्मिलित है : (i) अदत्त आय-कर मांगा गया लेकिन चुकाया नही गया 2,50,000 रु० (ii) म्युनिसिपल दरें 4,000 रु० (iii) कारखाना कर्मचारी की मजदूरी 10,000 रु० (iv) भवन के बन्धक पर पूर्ण सुरक्षित ऋण 2,00,000 रु०।

The liquidator realised the assets as follows :

निस्तारक ने सम्पत्तियो से वसूली निम्न प्रकार की :

	Rs.
Buildings	2,25,000
Machinery	1,00,000
Stock	3,00,000
Sundry Debtors	3,00,000

The liquidator by way of his own remuneration, is entitled to 3% of the amount realised from the sale of assets and 2% of the amount distributed to the unsecured creditors. Liquidation expenses amounted to Rs. 5,000.

निस्तारक अपने पारिश्रमिक के रूप में सम्पत्तियों के विक्रय से वसूल की गई राशि पर 3% तथा असुरक्षित लेनदारों को बाँटी गई राशि पर 2% से पारिश्रमिक पाने का अधिकारी है। समापन व्यय 5,000 रु० के थे।

Prepare the liquidator's final statement of account showing the distribution.

वितरण बताते हुए निस्तारक का अन्तिम लेखा विवरण तैयार कीजिए।

Answer : Calls made on 12,500 equity shares @ Rs. 40 each and paid 17,500 equity shares @ Rs. 3·38 each. (4·11)

18. A Ltd got into financial difficulties and on 31st march 1992 a receiver was appointed by the debentureholders under the terms of the agreement which provided a floating charge.

A resolution for voluntary winding up was passed on April 30, 1992 when a liquidator was appointed.

The following is a summary of the company's position as on 31–3–1992 :

ए लिमिटेड को वित्तीय कठिनाइयाँ आ गई और ऋणपत्रधारियों द्वारा शर्तानुसार, 31 मार्च 1992 को प्रापक नियुक्त किया गया। ऋणपत्रधारियों को सम्पत्तियों पर चल प्रभार था।

30 अप्रैल, 1992 को ऐच्छिक समापन के लिए प्रस्ताव पारित किया गया और उसी तारीख को निस्तारक की नियुक्ति भी की गई।

31 मार्च, 1992 को कम्पनी की आर्थिक स्थिति निम्न प्रकार थी :

Balance Sheet

		Rs.		Rs.
200 6% Preference Shares of Rs. 100 each fully paid		20,000	Fixed Assets	77,500
1,00,000 Equity Shares of Re. 1 each, 0.80 paise called up	Rs. 80,000		Stock	61,230
Less : Calls in arrears 20 paise per share on 5,000 shares	1,000	79,000	Debtors	21,365
Capital Reserve		8,000	Profit & Loss A/c	59,225
5% Debentures	20,000			
Interest Accrued	375	20,375		
Bank Loan @ $5\frac{1}{2}\%$ p. a. (Collaterally secured by depositing debentures worth Rs. 10,000 ranking equally with the above)		8,800		
Creditors		83,145		
		2,19,320		2,19,320

Creditors comprised as follows : (लेनदारों में निम्नलिखित सम्मिलित थे) :

	Rs.		Rs.
1. Local Taxes	148	6. Loan by a director to enable salaries for the month of March, 1992 to be paid	2,600
2. Sales Tax	130	7. Remaining Creditors	75,567
3. Managing Director's Remuneration	1,200		83,145
4. Director's Fees	3,000		
5. Income Tax	500		

The Receiver collected Rs. 12,490 from debtors and sold some of the stock for Rs. 30,792. His expenses and remuneration amounted to Rs 2,800 On June 30, 1992 he made all his obligatory payments and transferred the balance to the liquidator.

The liquidator realised Rs. 42,886 from the fixed assets and Rs. 28,339 from the remaining stock and collected the rest of the book debts in full.

He made a final call The call was paid in full by all the shareholders except one who owed Rs. 1,000 for calls in arrear because he could not be traced.

The liquidator made his distribution on August 31, 1992. His expenses amounted to Rs 305 His remuneration was fixed at a sum equal to 2% on the amount realised by him and 1% on the amount what so ever distributed by him.

The Company's articles provided that the preference shareholders, together with any arrears of dividend to the date of winding up, should rank in priority to the equity *shareholders. No dividend on preference shares has been paid since July 1, 1990.*

You are required to prepare :

(i) Receiver's Receipts and Payments Account, and

(ii) Liquidator's Final Statement of Account

प्रापक (Receiver) ने लेनदारों से 12,490 रु० तथा आंशिक स्टॉक की बिक्री से 30,792 रु० एकत्रित किए। उसका व्यय तथा पारिश्रमिक 2,800 रु० हुआ। 30 जून, 1992 को उसने समस्त आवश्यक भुगतान कर दिए और शेष धन राशि को निस्तारक को हस्तान्तरित कर दिया।

निस्तारक ने स्थायी सम्पत्तियों से 42,886 रु० शेष स्टॉक की बिक्री से 28,339 रु० तथा शेष देनदारों से समस्त धन वसूल किया। उसने अंशों पर अन्तिम माग की जो पूर्ण प्राप्त हो गई, केवल उस अंशधारी से कोई रकम प्राप्त न हो सकी जिसकी तरफ 1,000 रु० की बकाया माँगें थीं क्योंकि उसका कहीं पता ही न लग सका।

निस्तारक ने 31 अगस्त, 1992 को धन राशि का वितरण किया। उसका व्यय 305 रु० हुआ। पारिश्रमिक वसूल किए हुए धन पर 2% और वितरित (जो भी) किए गए धन पर 1% की दर से निश्चित हुआ था।

कम्पनी के नियमों में यह प्रावधान था कि पूर्वाधिकार अंशों को उनके *लाभांश की बकाया सहित (उसका समापन की तारीख तक का)* इक्विटी अंशधारियों के पूर्व भुगतान किया जायेगा। 1 जुलाई, 1990 से पूर्वाधिकार अंशों पर कोई लाभांश नहीं दिया गया था।

आपको निम्नलिखित तैयार करना है :

(i) प्रापक का एक प्राप्ति तथा भुगतान खाता, तथा

(ii) निस्तारक का अन्तिम लेखा विवरण।

Answer : Liquidator's Remuneration Rs. 3,016 and Refund of Capital Rs. 1,370.)

Note— Calls realised by *him will be included in amount realised.* *(4 12)*

19. A Limited Company which has a paid up share capital of Rs. 5,00,000 and a loss of Rs. 2,57,000 standing in its Balance Sheet went into voluntary liquidation on 31st March, 1992. The following are the particulars of its assets and liabilities as on that date :

31 मार्च, 1992 को एक सीमित कम्पनी जिसके चिट्ठे में पूर्णदत्त अंश पूँजी 5,00,000 रु० तथा हानि 2,57,000 रु० थी, ऐच्छिक समापन में गई। उस तिथि पर उसकी सम्पत्तियों व दायित्वों का विवरण निम्न प्रकार था :

Machinery, Stock and Debtors (which realised their book value) Rs. 3,95,000; Cash Rs. 5,000; Creditors Rs. 2,00,000; 6% Debentures carrying a floating charge Rs. 2,50,000 and interest accrued thereon for six months.

The Debentures were paid of with interest upto 30th September, 1992 on which date the first and final dividend was also paid to the creditors. Creditors for Rs. 25,000 were preferential and the rest unsecured. The cost of liquidation amounted to Rs. 2,500. The liquidator is entitled to 3% on the amount realised including cash in hand and 2% on the amount distributed to the unsecured creditors by way of his own remuneration.

ऋणपत्रों का 30 सितम्बर, 1992 तक ब्याज सहित भुगतान कर दिया गया। उसी तिथि को लेनदारों को भी प्रथम व अन्तिम लाभांश का भुगतान किया गया। 25,000 रु० के लेनदार पूर्वाधिकार थे तथा शेष असुरक्षित थे। समापन व्यय 2,500 रु० थे। निस्तारक को रोकड़ सहित वसूल की गई राशि पर 3% तथा असुरक्षित लेनदारों को वितरित की गई राशि पर 2% पारिश्रमिक के रूप में प्राप्त करने का अधिकार है।

Prepare the Liquidator's Final Statement of Account.

निस्तारक के अन्तिम हिसाब का विवरण बनाइये।

Answer : Liquidator's Remuneration Rs. 14,363 and Final payment made to Unsecured Creditor Rs. 93,137. (4·13)

5

ख्याति का मूल्यांकन
(Valuation of Goodwill)

ख्याति की अवधारणा (Concept of Goodwill)

किसी भी व्यवसाय का प्रारम्भ करने मे व्यवसायी को अनेक प्रकार की कठिनाइयो का सामना करना पड़ता है। फिर भी यह आवश्यक नही है कि व्यवसाय लाभदायकता पूर्ण तरीके से ही चले। इसके अतिरिक्त व्यवसाय के समापन की दशा मे पूँजी नष्ट होने का भी भय रहता है। अतः किसी चालू व्यवसाय को खरीदने मे किसी प्रकार की जोखिम भी नही रहती एव क्रेता को व्यवसाय प्रारम्भ करने मे आने वाली कठिनाइयो का सामना भी नही करना पडता है। जिस प्रकार एक मोटरकार को चालू करने और उसे गति प्रदान करने मे चालक को कई प्रकार की प्रारम्भिक क्रियाएँ करनी पडती हैं उसी प्रकार एक व्यवसाय को स्थापित करने एव उसे अच्छी हालत में लाने के लिए व्यवसायी को अनेक कार्य करने पडते हैं। यदि कार एक बार गति पकड़ लेती है एवं रास्ते में रुकावटें नही हैं तो उस चालक की जगह दूसरा व्यक्ति ले लेता है तो भी उसे अब कार को चालू रखने एवं संचालन में उतनी कठिनाइयो का सामना नहीं करना पड़ेगा जितना कि पहले वाले चालक को उसे प्रारम्भ करने एवं गति प्रदान करने मे करना पड़ा था। ठीक उसी प्रकार एक चालू व्यवसाय को यदि दूसरा व्यक्ति क्रय कर लेता है तो उसे उन कठिनाइयो का सामना नही करना पड़ेगा जिनका सामना व्यापार के विक्रेता ने पूर्व मे किया था। अतः व्यापार के स्वामित्व हस्तान्तरण की दशा मे विक्रेता-क्रेता से उन कठिनाइयो के लिए, जो उसने प्रारम्भ मे उठाई हैं, कुछ राशि की माँग करता है जिसे ख्याति, पगड़ी, प्रीमियम आदि की सज्ञा दी जाती है।

पुराने व्यवसाय की अपेक्षा नये व्यवसाय मे ग्राहको की सख्या कम होती है और बिक्री कम होने के कारण लाभ की मात्रा भी कम होती है। परन्तु व्यवसायी अपनी ईमानदारी और व्यवहार-कुशलता से कुछ ही समय में प्रसिद्धि अवश्य प्राप्त कर लेता है जिससे उसके ग्राहक स्थायी बन जाते हैं। परिणामस्वरूप व्यवसाय की विक्रय राशि मे निरन्तर वृद्धि होती है और व्यापार की ऐसी स्थिति आ जाती है कि उसे अपने स्थायी ग्राहको को बिक्री करने के लिए विशेष प्रयत्न नही करना पड़ता है। अतः जैसे-जैसे व्यवसाय की प्रसिद्धि होगी वैसे-वैसे व्यवसाय की बिक्री बढ़ेगी और अपेक्षाकृत लाभ की मात्रा भी बढ़ेगी। इस प्रकार व्यवसाय की प्रसिद्धि ही उसकी ख्याति मे परिवर्तित हो जायेगी और वह सस्था उसी प्रकार के व्यापार मे सलग्न अन्य सस्थाओ की अपेक्षा अधिक लाभ कमायेगी और ग्राहको द्वारा अधिक पसन्द की जायेगी।

ख्याति एक ऐसी सम्पत्ति है जिसे देखा नही जा सकता, महसूस किया जा सकता है और इसका कोई रूप भी नही होता है। अतः इसे अमूर्त (Intangible) सम्पत्ति कहा जाता है। इसका वर्णन करना आसान है किन्तु इसे परिभाषित करना कठिन है। इसको विभिन्न व्यक्तियो ने विभिन्न रूपो मे देखा एवं महसूस किया है एव उसी प्रकार मे परिभाषित भी किया है। कुछ प्रमुख विद्वानों द्वारा भी दी गई ख्याति की परिभाषायें अग्र प्रकार हैं—

लॉर्ड एल्डन के अनुसार, "ख्याति इस सम्भावना से अधिक कुछ नहीं है कि पुराने ग्राहक पुराने स्थान पर ही लौटेंगे।"[1]

लॉर्ड मैकनाटन ने कमिश्नर ऑफ इनलैण्ड रेवन्यूज बनाम मूलर (Commissioner of Inland Revenues Vs. Muller) नामक वाद में निर्णय देते समय स्वयं ही प्रश्न किया कि ख्याति क्या है? फिर स्वयं ने ही जवाब देते हुए कहा कि, "ख्याति एक ऐसी वस्तु है जिसका वर्णन करना सरल है, किन्तु इसकी परिभाषा देना कठिन है। यह व्यवसाय के अच्छे नाम, प्रतिष्ठा और सम्बन्धों से मिलने वाला लाभ है। यह वह आकर्षण-शक्ति है जो ग्राहकों को व्यापारिक संस्था से वस्तु क्रय करने हेतु लाती है। यह एक ऐसी वस्तु है जो पुराने जमे हुए व्यापार को नये व्यवसाय से पृथक् करती है।...." ख्याति बहुत से तत्वों से मिलकर बनती है, इसके स्वरूप विभिन्न व्यापारों में व एक ही व्यापार में विभिन्न होते हैं।"[2]

उपरोक्त दोनों ही परिभाषाओं में जो न्यायाधीशों द्वारा दी गई हैं, ख्याति को ग्राहकों से सम्बद्ध किया गया है। लॉर्ड एल्डन ने ख्याति को ग्राहकों को पुराने स्थान पर बार-बार लौटने की सम्भावना के रूप में देखा है तो लॉर्ड मैकनाटन ने ख्याति को ग्राहक को बार-बार आकर्षित करने वाली आकर्षण-शक्ति के रूप में परिभाषित किया है। इस प्रकार इन्होंने ख्याति को ग्राहकों तक ही सीमित कर दिया है।

स्पाइसर एवं पेगलर के शब्दों में, "ख्याति उसे कहते हैं जो व्यवसाय की प्रतिष्ठा, सम्बन्ध और उसे प्राप्त अन्य लाभों से उत्पन्न होती है जिसके कारण व्यवसाय अपनी शुद्ध मूर्त सम्पत्तियों में विनियोजित पूँजी पर सामान्य अपेक्षित लाभ से अधिक कमाता है।"[3]

प्रो. डिक्सी के मतानुसार "जब एक व्यक्ति ख्याति के लिए कुछ राशि देता है तो वह राशि इसलिए देता है कि ऐसा करने से वह इतनी अधिक आय प्राप्त करेगा जितनी कि वह बिना इसके प्राप्त नहीं कर सकता।"[4]

जॉनसन के अनुसार, 'ख्याति एक सम्पत्ति या व्यवसाय का वह अमूर्त भाग है जिसकी सम्पत्ति ऐसी सम्पत्तियों या व्यवसाय से परोक्ष रूप में सम्बन्धित घटकों के कारण उत्पन्न नहीं होती है। उदाहरणार्थ, ख्याति

---

1. "Goodwill is notning more than the probability that the old customers will resort to the old place." —Lord Eldon.
2. "Goodwill is a thing very easy to describe, very difficult to define. It is the benefit and advantage of the good name, reputation and connection of a business. It is the attractive force which brings in customers. It is the one thing which distinguishes an old established business from a new business at its first start....... Goodwill is composed of a variety of elements. It differs in its composition in different trades and different businesses to the same trade."
—Lord Macnaghten in Commissioner of Inland Revenues Vs. Muller, 1901.
3. "Goodwill may be said to be that element arising from the reputation, connection, or other advantages possessed by a business which enables it to earn greater profits than the return normally to be expected on the capital represented by net tangible assets employed in the business." —Spicer and Pegler
4. "When a man pays for goodwill, he pays for someting which places him in the position of being able to earn money than he would be able to do by his own unaided efforts." —Prof. Dicksee

की उत्पत्ति व्यवसाय की उत्तम प्रतिष्ठा के कारण या सामान्य लाभ से अधिक लाभार्जन-क्षमता के कारण हो सकती है।"[1]

मोरिसे ने ख्याति को परिभाषित करते हुए कहा है कि, "ख्याति एक संस्था के आशातीत अधिलाभों का वर्तमान मूल्य है।"[2]

प्रो शुक्ला एवं प्रो. ग्रेवाल ने *अपनी पुस्तक में ख्याति को परिभाषित करते हुए लिखा है कि,* 'ख्याति एक व्यापार-गृह की यश व कीर्ति का वह मूल्य है जिसका निर्धारण उसी प्रकार के अन्य व्यापार-गृहों द्वारा अर्जित लाभों के सामान्य स्तर से अधिक लाभ कमाने की आशा में किया जाता है।"[3]

इस प्रकार उपरोक्त परिभाषाओं में लेखाशास्त्र के विद्वानों ने ख्याति को एक ऐसी सम्पत्ति के रूप में परिभाषित किया है जिसकी सहायता से व्यवसाय सामान्य लाभों से अधिक लाभ कमाने में सक्षम होता है। अतः लेखाविदों के दृष्टिकोण से ख्याति का आशय उस लाभ के वर्तमान मूल्य से है जिसे भविष्य में उसी प्रकार के व्यवसायों के सामान्य लाभ के अतिरिक्त प्राप्त किये जाने की सम्भावना हो। व्यवसाय के द्वारा सामान्य लाभों से अधिक लाभ केवल इसी कारण से कमाये जाते हैं कि उस व्यवसाय में ख्याति के रूप में कोई अदृश्य सम्पत्ति कार्य कर रही है। अतः इस सम्पत्ति का विक्रय मूल्य भी होना चाहिए। लेखाशास्त्र में ख्याति की परिभाषा को उतना महत्त्व नहीं दिया जाता जितना कि उसकी विद्यमानता को। लेखाशास्त्री किसी व्यवसाय में ख्याति की विद्यमानता की दो लक्षणों के आधार पर जाँच करते हैं :

(i) क्या वह व्यवसाय सामान्य लाभों से अधिक लाभ कमा रहा है ?

(ii) क्या उस व्यवसाय को बेचने की स्थिति में उसमें विनियोजित पूँजी से अधिक मूल्य प्राप्त होने की सम्भावना है ? यदि इन दोनों ही प्रश्नों का उत्तर हाँ में है तो इसका तात्पर्य है कि व्यवसाय में ख्याति के नाम की कोई सम्पत्ति विद्यमान है जिसके कारण व्यवसाय अधिलाभ (Super Profit) अर्जित कर रहा है और क्रेता व्यवसाय में लगी हुई शुद्ध सम्पत्तियों (Net Assets) के मूल्य से ज्यादा मय प्रतिफल देने को तैयार है।

ख्याति की प्रकृति (Nature of Goodwill)

(1) यद्यपि ख्याति व्यवसाय के स्वामी द्वारा बुद्धि, व्यक्तित्व व ईमानदारी आदि के कारण मूल्यवान बनाई जाती है, फिर भी उसे व्यवसाय की पुस्तकों में सम्पत्ति के रूप में कम ही दिखाया जाता है, जब तक कि उसे खरीदा न गया हो।

(2) *ख्याति 'अमूर्त सम्पत्ति वर्ग' से सम्बन्धित होती है। अन्य सम्पत्तियों की तुलना में,* इस सम्पत्ति की यह विशेषता है कि इसमें प्रयोग से टूट-फूट (Wear and Tear) नहीं होती है। अत. अन्य सम्पत्तियों की भाँति यह ह्रासित भी नहीं होती है। यह अदृश्य है, प्रयोगहीन नहीं होती है और व्यवसाय संचालन के दौरान यह पूर्णतया समाप्त नहीं होती है। इसलिए इसके पुनर्स्थापन की समस्या भी उत्पन्न नहीं होती है।

---

1. 'Goodwill is a nebulous term for that part of the value of an asset or business arising from factors not directly associated with the assets or business as such. For instance, Goodwill may arise from the good reputation of the business or the fact that it is making profits above the average due to some particular advantage." —Johnson

2. "Goodwill is the present value of a firm's anticipated 'excess' earnings." —Morrissey

3. "Goodwill may be defined as the value of the reputation of a business house in respect of profits expected in future over and above the normal level of profits earned by undertaking belonging to the same class of business."—*Shukla and Grewal*

(3) यद्यपि ख्याति के मूल्य में प्रयोग में आने से ह्रास नहीं होता है किन्तु इसमें उच्चावचन (Fluctuations) होते रहते हैं। जिन व्यवसायों में सामान्य से अधिक लाभ होता है वहाँ पर ख्याति सदैव अदृश्य सम्पत्ति के रूप में विद्यमान रहती है, जबकि लाभ में कमी आने के साथ-साथ इसका मूल्य भी गिरता चला जाता है। अतः ख्याति व्यवसाय का 'सुख का साथी' (Fair Weather Friend) है। जिस प्रकार एक व्यक्ति के सुख के क्षणों में उसके कई व्यक्ति मित्र बन जाते हैं और दुःख के दिनों में सब उससे कतराने लगते हैं उसी प्रकार एक व्यवसाय जब अधिलाभ (Super Profit) कमा रहा होता है तो ख्याति के रूप में अदृश्य सम्पत्ति व्यवसाय में विद्यमान रहती है और लाभों में कमी आने पर या हानि होने पर ख्याति के रूप में कोई सम्पत्ति व्यवसाय में विद्यमान नहीं रहती है। अतः यदि यह पुस्तकों में विद्यमान है तो इसे जितना जल्दी हो सके अपलिखित कर देना चाहिए।

ख्याति को प्रभावित करने वाले घटक (Factors affecting Goodwill)

जैसाकि पहले बताया जा चुका है कि ख्याति व्यवसाय की अधिलाभ अर्जन करने की क्षमता का द्योतक है अतः ऐसे घटक जो लाभों को कमाने में सहायता पहुँचाते हैं सरथा की ख्याति को प्रभावित करते हैं। ये घटक इस प्रकार है :

(i) **व्यवसाय की स्थिति** (Location of the business) : यदि व्यवसाय की स्थापना एक अनुकूल एक प्रमुख स्थान पर की गई है तो इससे ख्याति के मूल्य में वृद्धि होती है। व्यवसाय की बाजार में स्थिति ही प्रमुख रूप से ग्राहकों को आकर्षित करने में सहायता करती है। इस प्रकार, व्यवसाय की अनुकूल स्थिति उसकी ख्याति में वृद्धि करती है।

(ii) **समय घटक** (Time factor) : ख्याति के मूल्य को प्रभावित करने वाले घटकों में दूसरा घटक है कि एक व्यवसाय कितने समय से बाजार में स्थापित है। उदाहरणार्थ, यदि व्यवसाय एक ही स्थान पर स्थापित है तो अन्य बातें समान रहने पर वह व्यवसाय ग्राहकों द्वारा अच्छी तरह जाना जायेगा जो पहले स्थापित हुआ है और उसकी ख्याति का मूल्य अधिक होगा।

(iii) **व्यवसाय की प्रकृति** (Nature of business) : यदि व्यवसाय उन वस्तुओं का व्यापार करता है जो नित्य उपयोग की है एवं जिनकी माँग स्थायी है तो उसमें लाभ भी स्थिर रहेंगे, अतः ऐसे व्यवसाय की ख्याति का मूल्य अधिक होगा। यदि व्यवसायी ऐसी वस्तुओं का व्यापार करता है जिसमें ग्राहकों की रुचि एवं फैशन में परिवर्तन होता रहता है तो ऐसे व्यवसाय के लाभ भी अनिश्चित होंगे और ख्याति का मूल्य भी कम होगा। इसी प्रकार यदि व्यवसाय एकाधिकार स्वभाव का है तो ख्याति का मूल्य अधिक होगा।

(iv) **जोखिम की मात्रा** (Amount of risk) : यदि व्यवसाय में जोखिम अधिक होगी तो ख्याति का मूल्य कम होगा और जोखिम कम होगी तो ख्याति का मूल्य अधिक होगा।

(v) **ग्राहकों का रुख** (Tendency of customers) : जिस व्यवसाय के प्रति ग्राहकों का रुख अनुकूल है तो ख्याति का मूल्य अधिक होगा।

(vi) **आवश्यक पूँजी** (Capital required) : जिस व्यवसाय में तुलनात्मक रूप से कम पूँजी की आवश्यकता होगी उसके अधिक क्रेता होंगे। अतः इससे ख्याति का मूल्य बढ़ जायेगा। दूसरी तरफ, ऐसे व्यवसाय को जिसमें अधिक पूँजी की आवश्यकता पड़ती है कम ही व्यक्ति क्रय करना चाहेगा। इस प्रकार क्रेताओं में प्रतिस्पर्धा का अभाव ख्याति के मूल्य में कमी कर देगा।

(vii) **प्रबन्ध की कुशलता** (Efficiency of management) : कुशल प्रबन्ध व्यवसाय के लाभों को नियोजित उत्पादन एवं वितरण के द्वारा वृद्धि करने में सहायता करता है जिसके परिणामस्वरूप ख्याति का मूल्य बढ़ता है। इसलिए ख्याति का मूल्यांकन करने से पहले इस तथ्य को भी भली प्रकार से देख लेना चाहिए कि भविष्य में ऐसे कुशल प्रबन्ध की सेवाएँ उपलब्ध होती रहेंगी।

(viii) प्रतिस्पर्धा की सम्भावना (Possibility of competition) : भविष्य में सम्भावित प्रतिस्पर्धा या तो स्वयं विक्रेता के द्वारा या अन्य पक्षकारो द्वारा, ख्याति के मूल्य को कम कर देनी है।

(ix) मुद्रा बाजार की स्थिति (Condition of money market) : मुद्रा बाजार की परिस्थितियाँ व्यवसाय के अनुकूल हैं तो ऐसे व्यवसाय की ख्याति का मूल्य अधिक होगा।

(x) औद्योगिक शान्ति (Industrial peace) : यदि देश में औद्योगिक शान्ति है तो ख्याति का मूल्य बढ़ जायेगा।

(xi) सरकारी दृष्टिकोण (Government's attitude) : किसी विशिष्ट व्यापार या उद्योग में सरकारी प्रोत्साहन की नीति उस व्यापार या उद्योग मे लगी संस्थाओ की ख्याति बढा देती है। इसी प्रकार, किसी व्यवसाय या उद्योग के प्रति सरकार का सदिग्ध दृष्टिकोण उस व्यवसाय मे लगी संस्थाओ की ख्याति मे कमी कर देता है।

(xii) लाभ की प्रवृत्ति (Tendency of profit) : यदि व्यवसाय के लाभो की प्रवृत्ति वृद्धि की ओर है तो ख्याति की राशि अधिक होगी। लाभो के घटने की प्रवृत्ति ख्याति के मूल्य मे कमी कर देती है।

(xiii) विज्ञापन आन्दोलन (Advertisement campaign) – निरन्तर विज्ञापन आन्दोलन करके भी ख्याति का मूल्य बढ़ाया जा सकता है।

ख्याति के मूल्यांकन की आवश्यकता (Need for Valuation of Goodwill)

ख्याति के मूल्याकन की आवश्यकता सगठन के स्वरूप पर निर्भर करती है। लेकिन सामान्यतः व्यवसाय को बेचने पर ख्याति का मूल्य प्राप्त किया जा सकता है। कोई भी व्यक्ति व्यवसाय की ख्याति (फर्म का नाम, व उसकी विशिष्ट सुविधाएं) बेचकर व्यवसाय को चालू नही रख सकता है। इसी प्रकार कोई भी व्यक्ति ख्याति को इस शर्त पर नही खरीद सकेगा कि पुरानी फर्म व्यवसाय को चालू रखेगी। साधारणतया निम्न दशाओ में सगठन के विभिन्न स्वरूपो के लिए ख्याति का मूल्याकन आवश्यक होता है :

1 एकाकी व्यापार की दशा में (In case of Sole Trader)—

(i) जब व्यापार बेचा जा रहा हो;

(ii) जब एकाकी व्यापारी किसी दूसरे व्यक्ति को साझेदार बना रहा हो; तथा

(iii) आवश्यक क्रय के अन्तर्गत सरकार द्वारा या स्थानीय सत्ता द्वारा व्यापार-भवन को प्राप्त किया जा रहा हो।

2. साझेदारी फर्म की दशा में (In the case of Partnership Firm)—

(i) जब फर्म मे नये साझेदार का आगमन हो रहा हो;

(ii) जब कोई साझेदार फर्म से अवकाश ग्रहण कर रहा हो;

(iii) जब किसी साझेदार की मृत्यु हो गई हो,

(iv) जब साझेदारो के लाभ-हानि अनुपात मे परिवर्तन किया जा रहा हो;

(v) जब फर्म व व्यवसाय को बेचा जा रहा हो; तथा

(vi) जब दो या दो से अधिक फर्मों का एकीकरण किया जा रहा हो या फर्म का कम्पनी मे परिवर्तन किया जा रहा हो।

3 कम्पनी की दशा में (In the case of Company)—

(i) जब कम्पनी द्वारा अपना व्यवसाय विक्रय किया जा रहा हो;

(ii) जब कम्पनियो का एकीकरण या सविलयन हो रहा हो;

(iii) जब पूर्वकाल मे ख्याति की राशि को अपलिखित कर दिया गया हो और अब उसे पुनः उचित मूल्य पर पुस्तको मे लाया जा रहा हो,

(iv) जब अंशो का किसी विशेष उद्देश्य के लिए मूल्याकन किया जा रहा हो;

(v) कम्पनी पर नियन्त्रण स्थापित करने हेतु बड़ी संख्या में अंशों को खरीदना एवं बेचना हो; तथा

(vi) सरकार अथवा अर्द्ध-सरकारी संस्था द्वारा अनिवार्य रूप से कम्पनी का व्यवसाय क्रय किया जावे।

ख्याति के मूल्यांकन के आधार
(Basis of Valuation of Goodwill)

जैसा कि पीछे वर्णन किया जा चुका है कि लेखांकन में ख्याति का मूल्य व्यवसाय के द्वारा अर्जित लाभों पर निर्भर करता है। ये लाभ औसत लाभ भी हो सकते हैं और अधिलाभ भी। एक क्रेता विक्रेता की ख्याति के रूप में किसी राशि का इसलिए भुगतान करता है कि वह भविष्य में भी एक निश्चित राशि लाभों के रूप में अर्जित करता रहेगा। अतः ख्याति के मूल्यांकन में सर्वप्रथम निम्नलिखित लाभों की गणना की जाती है जिनके आधार पर ख्याति के मूल्य का निर्धारण किया जाता है :

(1) प्रत्याशित लाभ (Expected Profit) या वास्तविक औसत लाभ या अधिलाभ (Super profit) इनमें से प्रत्येक की गणना विधि निम्न प्रकार है :

1. वास्तविक औसत लाभ ज्ञात करना (Calculation of Actual Average Profit)—**अब यह** एक प्रमाणित सत्य है कि ख्याति के मूल्यांकन में लाभ एक महत्वपूर्ण घटक है। प्रत्येक विनियोक्ता अपने धन का विनियोजन आय कमाने के लिए ही करता है और लाभ की मात्रा ही निश्चित करती है कि किसी सम्पत्ति या व्यवसाय में कितना धन विनियोजित किया जाए। एक क्रेता व्यवसाय के विक्रेता को ख्याति की रकम इसलिए देता है कि जितने लाभ विक्रेता इस समय कमा रहा है उतने ही लाभ भविष्य में क्रेता को भी होते रहेंगे। अतः ख्याति का मूल्यांकन करते समय भूतकालीन लाभ की मात्रा को ही नहीं अपितु भावी लाभ की मात्रा का भी ध्यान में रखना चाहिए। वास्तविक औसत लाभ वे लाभ होते हैं जो भविष्य में क्रेता को भी होते रहेंगे। इसलिए इन्हें 'भविष्य में कायम रहने योग्य लाभ' (Future maintainable profits) भी कहा जाता है। इसकी एकाकी व्यापार तथा फर्म की स्थिति में गणना निम्न प्रकार की जाती है :

(i) सर्वप्रथम व्यवसाय के पिछले 3 से 5 वर्षों के शुद्ध लाभों को लेकर उनका औसत ज्ञात करना चाहिए। 3 या 5 वर्षों के लाभों का औसत लेने की इसलिए आवश्यकता पड़ती है कि केवल एक वर्ष का लाभ भावी लाभ के अनुमान के लिए पर्याप्त आधार नहीं हो सकता है क्योंकि एक वर्ष का लाभ-हानि खाता लाभ के उच्चावचन को प्रदर्शित नहीं कर सकता है। इसी प्रकार कई वर्षों का लाभ भी सही अनुमान प्रदान नहीं कर सकता क्योंकि अधिक वर्षों की अवधि के बीच सामान्य परिस्थितियाँ बदल जाती हैं। अतः पिछले 3 से 5 वर्षों के शुद्ध लाभों का ही औसत लेना चाहिए।

(ii) यहाँ पर शुद्ध लाभ से तात्पर्य सभी संचालन के खर्चे एवं कर के लिए आयोजन घटाने के बाद शेष बची राशि से है। यदि किसी वर्ष के लाभ में से कोई असाधारण हानि या व्यय (Abnormal Loss or Expenses) घटे हुए हैं तो उन्हें उस वर्ष के लाभ में वापस जोड़ देना चाहिए। इसी प्रकार यदि किसी वर्ष के लाभ में कोई असाधारण लाभ या आय (Abnormal Gain or Income) सम्मिलित है तो उसे उस वर्ष के लाभ में से घटा देना चाहिए। इसका कारण यह है कि शुद्ध लाभ में केवल वे ही लाभ सम्मिलित होने चाहिए जो व्यापार की सामान्य संचालन क्रियाओं से सम्बन्धित हैं।

(iii) यदि व्यवसाय के चिट्ठे में विनियोग भी दे रखे हैं तो हमें यह देखना होगा कि वे विनियोग व्यापारिक विनियोग (Trade Investments) हैं या गैर-व्यापारिक विनियोग (Non-trade Investments)। व्यापारिक विनियोग किसी व्यापारिक उद्देश्य के लिए किये जाते हैं अतः इन्हें व्यवसाय में विनियोजित सम्पत्ति ही मानना चाहिए। जबकि गैर व्यापारिक विनियोगों का उद्देश्य फालतू कोषों का थोड़े समय के लिए उपयोग करना होता है अतः ये व्यवसाय के बाहर किये गये विनियोग कहलाते हैं, इसलिए इनकी आय को शुद्ध लाभ में सम्मिलित नहीं करना चाहिए। यदि विनियोगों से आय पूरी अवधि में ही समान रही है तो इस आय को औसत लाभ में से

भी घटाया जा सकता है । चिट्ठे मे विनियोग के आगे व्यापारिक विनियोग (Trade Investment) नही लिखा हुआ हो या अतिरिक्त सूचना मे नही दे रखा हो तब इसे गैर-व्यापारिक विनियोग ही मानना चाहिए ।

(iv) यदि पिछले 3 से 5 वर्षो के लाभो मे घटने या बढ़ाने की कोई निश्चित प्रवृत्ति दृष्टिगोचर होती है, जैसे लाभो मे निरन्तर वृद्धि का क्रम या निरन्तर कमी का क्रम दिया हुआ है, तो सामान्य औसत की जगह भारित औसत (Weighted Average) ज्ञात करनी चाहिए । इसके लिए प्रथम वर्ष के लाभ को 1 व आगे के लाभो को क्रमश: 2, 3, 4 एव 5 इस प्रकार भार प्रदान करना चाहिए । इससे प्रारम्भ के लाभों को कम महत्त्व व उसके बाद के लाभो को अधिक महत्त्व प्रदान किया जाता है । सामान्य औसत तो उसी दशा मे लेना चाहिए जबकि लाभों मे कोई निश्चित प्रवृत्ति दृष्टिगोचर नही होती हो ।

उपरोक्त समायोजनो के करने के पश्चात् गत 3 से 5 वर्षो के लाभो का साधारण औसत या भारित औसत, जैसी भी परिस्थिति हो ज्ञात किया जाता है । इसके पश्चात् इस औसत लाभ मे से भविष्य से सम्बन्धित निम्नलिखित मे जो आवश्यक हो, समायोजन करके वास्तविक औसत लाभ (Actual Average Profits) ज्ञात किया जाता है ।

(i) व्यापार के स्वामी या साझेदारों को पारिश्रमिक (Remuneration to Owner or Partners)— यदि व्यापार का स्वामी स्वय प्रबन्ध करता है तो इसके पारिश्रमिक को औसत लाभ मे से घटाया जाना चाहिए । ऐसा उस समय उचित है जबकि 'स्वामी' की सेवाओं के पारिश्रमिक का कोई भी लेखा पुस्तको मे न किया गया हो । उचित पारिश्रमिक का निर्धारण व्यवसायी की योग्यता, कार्यक्षमता एव उसके द्वारा व्यापार की देखभाल व प्रबन्ध मे बिताये गये समय इत्यादि को देखकर किया जाना चाहिए । यह पारिश्रमिक औसत लाभ मे से इसलिए घटा देना चाहिए कि यदि व्यापारी स्वय देखभाल न करके अपने जैसे किसी योग्य व्यक्ति को कर्मचारी के रूप मे नियुक्त करता है तो व्यापार को उतने पारिश्रमिक का भुगतान करना पड़ता । इसी प्रकार यदि फर्म मे साझेदार फर्म के सचालन मे सक्रिय रूप से हिस्सा लेते हैं तो उनका भी उचित पारिश्रमिक औसत लाभो मे से घटा देना चाहिए ।

यदि प्रश्न मे दे रखा हो कि विक्रेता व्यापार का सचालन किसी कर्मचारी की सहायता से करता था और अब क्रेता को उस कर्मचारी की सेवाओ की आवश्यकता नही पड़ेगी तो ऐसी स्थिति मे कर्मचारी को दी जाने वाली राशि को औसत लाभ मे वापस जोड दिया जाता है । लेकिन अब क्रेता का उचित पारिश्रमिक औसत लाभ मे से घटाया जायेगा ।

(ii) **ऐसे व्यय जो भविष्य मे नहीं होगे** (Expenses that will not occur in future) : ऐसा कोई व्यय जो अब तक विक्रेता को तो करना पड रहा था किन्तु क्रेता को नही करना पड़ेगा या कम करना पड़ेगा तो ऐसे व्यय की राशि या कमी की राशि को औसत लाभ मे जोड देना चाहिए । जैसे अब तक तो व्यापार किराये की दुकान मे चल रहा था किन्तु अब क्रेता अपनी दुकान मे चलायेगा तो उसे किराये की राशि नही देनी पड़ेगी अत: ऐसी राशि से क्रेता के लाभ बढ जायेंगे ।

(iii) **ऐसे व्यय जो भविष्य में उत्पन्न होंगे** (Expenses that will occur in future) : ऐसे व्यय की राशि जो अब तक विक्रेता को तो खर्च नही करनी पड रही थी किन्तु अब क्रेता को करनी पड़ेगी तो इसे औसत मे से घटा देना चाहिए । जैसे दुकान का मालिक विक्रेता है किन्तु अब क्रेता को उसका किराया देना पड़ेगा अतः इसे औसत लाभ मे घटाया जायेगा ।

(iv) **ऐसी आय जो भविष्य में उत्पन्न होगी** (Income that will arise in future) : यदि प्रश्न मे कोई ऐसी आय दे रखी है जो अब तक तो नही प्राप्त हो रही थी किन्तु आगे क्रेता को प्राप्त होगी तो ऐसी आय की राशि को औसत लाभ मे जोड देना चाहिए ।

(v) **ऐसी आय जो भविष्य में उत्पन्न नहीं होगी** (Income that will not arise in future) : ऐसी कोई आय जो अब तक विक्रेता को तो प्राप्त हो रही थी किन्तु क्रेता को प्राप्त नही होगी तो ऐसी आय की राशि को औसत लाभ में से घटा देना चाहिए ।

उपर्युक्त समायोजनों को करने के पश्चात् जो औसत लाभ की राशि ज्ञात होगी वह वास्तविक औसत लाभों की राशि होगी जो भविष्य में क्रेता को प्रतिवर्ष प्राप्त होती रहेगी।

2 अधिलाभ ज्ञात करना (Calculation of Super Profits) : सामान्यतया क्रेता-विक्रेता को व्यवसाय का क्रय करते समय ख्याति की राशि इसलिए देना चाहता है कि वह व्यवसाय का अधिलाभ अर्जित कर रहा होता है। व्यवसाय के वास्तविक औसत लाभों का सामान्य लाभों पर आधिक्य ही अधिलाभ (Super Profits) कहलाता है। सूत्र रूप में इसे इस प्रकार अभिव्यक्त किया जा सकता है :—

Super Profit = Actual Average Profit – Normal Profit

वास्तविक औसत लाभों की गणना विधि पहले समझाई जा चुकी है। सामान्य लाभ की गणना निम्न सूत्र द्वारा की जा सकती है :—

$$\text{Normal Profit} = \text{Average Capital Employed} \times \frac{\text{Normal Rate of Return}}{100}$$

औसत विनियोजित पूंजी की गणना (Calculation of Average Capital Employed)

(i) सभी स्थायी सम्पत्तियों को उनके चालू मूल्य पर लेना चाहिए। चालू मूल्य से तात्पर्य बाजार मूल्य या प्रतिस्थापन मूल्य से है। यदि प्रश्न में बाजार मूल्य नहीं दिया हुआ हो तो अपलिखित मूल्य (Written down value) पर लेना चाहिए।

(ii) चालू सम्पत्तियों को उन पर बनाये गये आयोजन की राशि घटाकर शेष राशि पर लिया जाता है। जैसे देनदारों पर संदिग्ध आयोजन की राशि या स्टॉक पर हानि के लिए आयोजन की राशि, देनदारों व स्टॉक में से घटाई जाती है।

(iii) अमूर्त सम्पत्तियों को उनके वसूली मूल्य पर लिया जाता है। यदि चिट्ठे में ख्याति की रकम दी हुई हो और वह खरीदी हुई (Goodwill at cost) हो तो इसे सम्पत्तियों में शामिल करेंगे अन्यथा इसे छोड़ दिया जायेगा। कृत्रिम सम्पत्तियों (*Fictitious Assets*) को छोड़ दिया जायेगा।

(i) विनियोग यदि व्यापारिक विनियोग (Trade investments) हैं तो इन्हें सम्पत्तियों में शामिल किया जायेगा अन्यथा इन्हें छोड़ दिया जायेगा क्योंकि इनसे केवल स्थिर आय ही प्राप्त होती है।

(v) उपर्युक्त सम्पत्तियों के योग में से सभी बाहरी ऋणों एवं दायित्वों को घटा दिया जायेगा। इसके घटाने के बाद जो राशि बचेगी वह 'वर्ष के अन्त में विनियोजित पूंजी' (Capital *employed at the end of year*) कहलायेगी। इसे सूत्र के रूप में निम्न प्रकार से व्यक्त किया जा सकता है —

Capital Employed = Total Assets as per above – Outside Liabilities

(vi) वर्ष के अन्त में विनियोजित पूंजी ज्ञात करने के पश्चात् ऐसी पूंजी ज्ञात की जायेगी जो वर्ष भर समान रूप से व्यवसाय में प्रयुक्त की गई है, क्योंकि व्यवसाय द्वारा इसी पूंजी पर लाभ कमाये जाते हैं। यदि वर्ष के प्रारम्भ की विनियोजित पूंजी (Capital Employed at the beginning of year) ज्ञात हो तो अन्त की और प्रारम्भ की विनियोजित पूंजी का औसत ही "औसत विनियोजित पूंजी" (*Average Capital employed*) होगी जो व्यवसाय में सामान्य रूप से वर्ष भर विनियोजित रहेगी। किन्तु, सामान्यतया वर्ष के प्रारम्भ की पूंजी प्रश्न में नहीं दी जाती है, अतः वर्ष के अन्त में विनियोजित पूंजी में से चालू वर्ष के लाभ का आधा भाग घटाकर औसत विनियोजित पूंजी की राशि ज्ञात की जाती है क्योंकि प्रारम्भ की पूंजी की तुलना में अन्त की पूंजी में जो वृद्धि होती है वह चालू वर्ष में अर्जित लाभों के कारण ही होती है। इसे सूत्र में इस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है :

Average Capital Employed = Closing Capital Employed – $\frac{1}{2}$ of Current Year's Profit

सामान्य प्रत्याय की दर (Normal Rate of Return) : ख्याति के मूल्यांकन मे विनियोक्ताओं की आशंसा (Expectation of Investor) का महत्त्वपूर्ण स्थान होता है। विनियोक्ताओं के इस आशंसित लाभ की दर को 'प्रत्याय की सामान्य दर' (Normal Rate of Return) कहते हैं। यह प्रत्येक प्रकार के व्यापार या उद्योग के लिए अलग-अलग भी हो सकती है इसी प्रकार यह बाजार में प्रचलित चालू ब्याज की दर भी हो सकती है। सामान्यतया यह दर प्रश्न मे दी जाती है। किन्तु, यदि यह प्रश्न मे नही दी हुई हो तो इसे मान (assume) लेना चाहिये।

Illustration 5·1 : A purchased business from B on 30th June 1992. Profits earned by B for the preceeding years ending on 31st December each year were–1987 Rs. 78,000; 1988 Rs. 76,000; 1989 Rs. 82,000; 1990 Rs. 78,000; and 1991 Rs. 80,000.

It was ascertained that profits of 1989 included a non-recurring item of Rs. 3,000 and profit of 1991 was reduced by Rs. 4,000 due to an extra-ordinary loss on account of theft. The propersties were not insured and it was thought prudent to insure the business in future. The premium was estimated at Rs. 2,400 per annum. A, at the time of purchasing business was employed with Shyam Bros. and was getting Rs. 1,000 p. m. He intends to replace the manager of the business who at present is getting Rs. 700 p. m. The average capital employed in the business is Rs. 5,50,000 and the normal rate of return is 10% p. a. You are required to calculate the amount of actual average profit and super profit.

ए ने बी से 30 जून, 1992 को उसका व्यापार खरीदा। 31 दिसम्बर को समाप्त होने वाले पूर्व के वर्षों मे बी के द्वारा अर्जित लाभ 1987 मे 78,000 रु०; 1988 मे 76,000 रु०; 1989 मे 82,000 रु०; 1990 मे 78,000 रु०; एवं 1991 मे 80,000 रु० थे।

यह ज्ञात हुआ कि 1989 वर्ष के लाभो मे 3,000 रु० के एक गैर-आवर्ती मद मे आय सम्मिलित थी और 1991 के लाभो मे चोरी से असाधारण हानि 4,000 रु० की घटी हुई थी। सम्पत्तियों का बीमा नहीं करा रखा था किन्तु भविष्य में व्यवसाय का बीमा करवाने के लिए सोचा गया। प्रीमियम की राशि 2,400 रु० प्रति वर्ष के हिसाब से अनुमानित की गई। व्यवसाय के क्रय के समय 'ए' श्याम ब्रदर्स के यहाँ 1,000 रु० प्रति माह पर नौकरी कर रहा था। वह व्यवसाय के प्रबन्धक को हटाने की सोच रहा है जो वर्तमान मे 700 रु० प्रति माह प्राप्त कर रहा है। व्यवसाय मे औसत विनियोजित पूँजी 5,50,000 रु० है और सामान्य प्रत्याय की दर 10 प्रतिशत वार्षिक है। आपको वास्तविक औसत लाभों एवं अधिलाभो की राशि की गणना करनी है।

Solution : Calculation of Actual Average Profit :

		Rs.	Rs.
	Profits earned for 1987		78,000
	Profits earned for 1988		76,000
	Profits earned for 1989	82,000	
Less :	Non-recurring Profit	3,000	79,000
	Profits earned for 1990		78,000
	Profits earned for 1991	80,000	
Add :	Extra-ordinary Loss	4,000	84,000
	Total Profit,		3,95,000

Average Profit (Rs. 3,95,000 ÷ 5)		79,000
Add : Expenses not to be paid in future :		
Salary of manager no longer required		8,400
		87,400
Less : Expenses to be paid in future :	Rs.	
Insurance Premium	2,400	
Fair remuneration to A for his active supervision of the business	12,000	14,400
Actual Average Profit		73,000

Calculation of Super Profit :	Rs.
Actual Average Profit	73,000
Less : Normal Profit $\left(\text{Rs. } 5,50,000 \times \frac{10}{100}\right)$	55,000
Super Profit	18,000

Illustration 5·2 : From the following Balance Sheet you are required to calculate average capital employed :

निम्नलिखित चिट्ठे से औसत विनियोजित पूंजी की गणना करनी है :

Balance Sheet

Liabilities		Rs.	Assets	Rs.
Capital		3,00,000	Goodwill	20,000
Reserve (including profit of current year Rs. 40,000)		60,000	Land & Buildings	70,000
Workmen Compensation Fund		85,000	Plant	1,20,000
Depreciation Fund :			Current Assets	3,00,000
Land & Building	20,000		Investments	90,000
Plant	30,000	50,000	Investments for replacement of Plant	20,000
			Preliminary Expenses	5,000
Loan		70,000		
Creditors		60,000		
		6,25,000		6,25,000

Market value of Land and Buildings is Rs. 90,000 and that of Plant is Rs 70,000. Investments, other than those for replacement of Plant, may be treated as non-business investments.

भूमि एवं भवन का बाजार मूल्य 90,000 रु० एवं प्लान्ट का 70,000 रु० है। प्लान्ट को पुनर्स्थापित करने के लिए किये गये विनियोग के अलावा दूसरे विनियोग गैर-व्यापारिक विनियोग हैं।

Solution : Calculation of Average Capital Employed :

		Rs.
Land and Buildings (Market value)		90,000
Plant (Market value)		70,000
Investments for the replacement of plant		20,000
Current Assets		3,00,000
		4,80,000
Less : Loan	Rs. 70,000	
Creditors	Rs. 60,000	1,30,000
Capital Employed		3,50,000
Less : 1/2 of current year's profit		20,000
Average Capital Employed		3,30,000

ख्याति के मूल्यांकन की विधियाँ
(Methods of Valuation of Goodwill)

ख्याति के मूल्यांकन के लिए पहले उपर्युक्त वर्णित वास्तविक औसत लाभों एवं अधिलाभो की गणना कर लेनी चाहिए। तत्पश्चात् निम्नलिखित विधियों मे से उस व्यवसाय के लिए जो भी प्रचलित विधि हो उसका प्रयोग करते हुए ख्याति का मूल्यांकन कर लेना चाहिए।

1. वर्षों की क्रय विधि (Years' Purchase Method) : इस विधि के अन्तर्गत यह मानकर ख्याति का मूल्यांकन किया जाता है कि क्रेता को वास्तविक औसत लाभ या अधिलाभ आगे भी व्यवसाय के जीवन-काल मे होते रहेगे। अतः कुछ वर्षों के वास्तविक औसत लाभो या अधिलाभो की राशि क्रेता द्वारा अभी विक्रेता को ख्याति के रूप मे दे दी जाये। इन लाभो की वसूली क्रेता द्वारा आगे के वर्षों मे कर ली जायेगी। अब यहाँ यह प्रश्न उत्पन्न होता है कि कितने वर्षों के लाभो का क्रय मूल्य ख्याति का मूल्य माना जाये। यदि वास्तविक औसत लाभो को आधार बनाया जाये तो 2 या 3 वर्षों का क्रय मूल्य काम मे लेना उचित होगा एव यदि अधिलाभो को आधार बनाया जाये तो 4 या 5 वर्षों का क्रय मूल्य काम मे लेना उचित होगा। यदि प्रश्न मे वर्षों की सख्या दे रखी है तो उतने वर्षों से जिन लाभो के बारे मे कहा जाये उन्हे गुणा करके ख्याति का मूल्य ज्ञात किया जा सकता है। इसे सूत्र रूप मे निम्न प्रकार व्यक्त किया जा सकता है।

Value of Goodwill = Actual Average Profit × No. of Years (2 or 3)

or Super Profit × Number of Years (4 or 5)

Illustration 5·3 : Ram is desirous of selling his business to Shyam The former has earned an average profit in the past of Rs. 75,000 per annum. It is considered that such average profit fairly represents the profit likely to be earned in the future, except that : (i) Chemist's fees Rs 5,000, charged against such profits will not be payable by Shyam, as he is himself an able chemist and can work as such; and (ii) Rent Rs. 10,000 per annum which has been paid by Ram will not be a charge in future, since Shyam owns his premises for business purposes worth Rs. 1,00,000.

At present Shyam is employed and earning Rs. 800 p.m. After purchase of business he will have to resign. The value of net tangible assets of the business at the proposed date of the sale was Rs. 7,00,000 and it was considered that a reasonable return on capital invested for the type of business in question was 8%. Calculate the value of goodwill to be paid by Shyam if paid on the basis of (i) 2 years' purchase of actual average profit; and (ii) 5 years' purchase of super profit.

राम अपना व्यवसाय श्याम को बेचने का इच्छुक है। राम ने पिछले वर्षों में 75,000 रु० वार्षिक के हिसाब से औसत लाभ कमाया है। यह तय किया गया है कि ये औसत लाभ उचित है और भविष्य में अर्जित किये जाते रहेंगे, सिवाय इसके कि—(i) केमिस्ट की फीस 5,000 रु० जो कि इन लाभों में से चार्ज की गई है श्याम को नहीं देनी पड़ेगी, क्योंकि वह स्वयं एक योग्य केमिस्ट है और वह इस रूप में कार्य कर सकता है; और (ii) राम द्वारा किराया 10,000 रु० वार्षिक की दर से चुकाया गया है जो भविष्य में नहीं चुकाना पड़ेगा क्योंकि श्याम के पास व्यवसाय के लिए स्वयं का 1,00,000 रु० मूल्य का भवन है।

वर्तमान में श्याम नौकरी कर रहा है और 800 रु० प्रति माह कमा रहा है। वह व्यापार करने के पश्चात् उसे वह नौकरी छोड़नी पड़ेगी। प्रस्तावित विक्रय की तिथि को व्यवसाय की शुद्ध मूर्त सम्पत्तियों का मूल्य 7,00,000 रु० था और यह तय किया गया कि इस प्रकार के व्यवसाय के लिए विनियोजित पूँजी पर 8 प्रतिशत की दर एक उचित प्रत्याय की दर है। श्याम द्वारा चुकाये जाने वाले ख्याति के मूल्य की गणना कीजिए, यदि—(i) वास्तविक औसत लाभों के 2 वर्षों के क्रय; एवं (ii) अधिलाभों के 5 वर्षों के क्रय के आधार पर चुकाया जाये।

Solution : Calculation of Actual Average Profit

		Rs.
	Average Profits of the Vendor	75,000
Add :	Chemist's fees no longer required	5,000
	Rent of premises not required	10,000
		90,000
Less :	Fair Remuneration to the owner (Shyam)	9,600
	Actual Average Profit	80,400

Value of Net Tangible Assets = Rs. 7,00,000 + Rs. 1,00,000
= Rs. 8,00,000

Calculation of Super Profit

		Rs.
	Actual Average Profits	80,400
Less :	Normal Profits (Rs. 8,00,000 × 8/100)	64,000
	Super Profits	16,400

Value of Goodwill (a) on the basis of 2 years' purchase of Actual Average Profit
= 80,400 × 2 = Rs. 1,60,800

(b) on the basis of 5 years' purchase of Super Profit = Rs. 16,400 × 5 = Rs. 82,000

Illustration 5.4 : A and B are equal partners in a business. They invite offers of the purchase of their business. The highest price offered is Rs. 5,00,000. They ask you to advise whether this is a fair price and to suggest the basis of an alternative offer which in your opinion would be equitable. The following information is supplied to you :

ए और बी एक व्यवसाय में बराबर के साझेदार हैं। वे अपने व्यवसाय को क्रय करने के लिए प्रस्ताव आमन्त्रित करते हैं ? अधिकतम प्रस्तावित मूल्य 5,00,000 रु० है। वे आपसे सलाह मांगते हैं कि क्या यह उचित मूल्य है और आपको सुझाव देना है कि आपकी राय में वैकल्पिक प्रस्ताव के लिए किसी न्यायोचित आधार पर मूल्य क्या होगा ? निम्नलिखित सूचना आपको दी गई है ·

Balance Sheet

		Rs.		Rs.
Creditors	Rs.	1,00,000	Cash & Bank Balance	65,000
Capital :			Trade Investments	30,000
A	3,00,000		Sundry Debtors	2,45,000
B	2,00,000		Stock	2,00,000
		5,00,000	Machinery	20,000
			Buildings	40,000
		6,00,000		6,00,000

All the assets are worth their book value except machinery and buildings, which on a recent valuation are worth Rs. 35,000 and Rs. 85,000 respectively. The net profits after tax for last 5 years' are—Rs. 70,500; Rs. 72,000; Rs. 75,000; Rs. 80,000; and Rs. 83,000 respectively. The fair remuneration of partners can be charged @ Rs. 600 p m. The published market price of a share in the company doing similar business is three times of its paid up value on the basis of 30% dividend.

मशीन एवं भवन को छोड़कर जिनका वर्तमान में मूल्यांकन क्रमश: 35,000 रु० एवं 85,000 रु० किया है, सभी सम्पत्तियों का पुस्तक मूल्य ही उचित मूल्य है। कर के पश्चात् शुद्ध लाभ गत 5 वर्षों के क्रमश: 70,500; 72,000 रु०; 75,000 रु०; 80,000 रु०; एवं 83,000 रु० के हैं। साझेदारों का उचित पारिश्रमिक 600 रु० प्रति माह की दर से चार्ज करना है। उसी प्रकार का व्यवसाय करने वाली कम्पनी के अंश का प्रकाशित बाजार मूल्य 30 प्रतिशत लाभांश की दर के आधार पर प्रदत्त मूल्य का तिगुना है।

Solution : Calculation of Actual Average Profit

Year	Net Profit after tax	Weights	Profits × Weights
	Rs.		Rs.
1	70,500	1	70,500
2	72,000	2	1,44,000
3	75,000	3	2,25,000
4	80,000	4	3,20,000
5	83,000	5	4,15,000
		15	11,74,500

$$\text{Weighted Average of Profit} = \text{Rs. } \frac{11,74,500}{15} = \text{Rs. } 78,300$$

	Rs.
Actual Average Profit = Weighted Average Profit, i.e.	78,300
Less : Fair Remuneration to Partners	7,200
Actual Average Profit	71,100

Calculation of Average Capital Employed	Rs.
Cash & Bank Balance	65,000
Trade Investments	30,000
Sundry Debtors	2,45,000
Stock	2,00,000
Machinery	35,000
Buildings	85,000
	6,60,000
Less : Creditors	1,00,000
Capital Employed	5,60,000
Less : 1/2 of Current Year's Profit (Rs. 83,000 × 1/2)	41,500
Average Capital Employed	5,18,500

Calculation of Normal Rate of Return

$$\text{Normal Rate of Return} = \frac{\text{Dividend per Share}}{\text{Market Value per Share}} \times 100 = \frac{30}{300} \times 100 \text{ or } 10\%$$

Calculation of Super Profit	Rs.
Actual Average Profit	71,100
Less : Normal Profit $\left(\text{Rs. } 5{,}18{,}500 \times \frac{10}{100}\right)$	51,850
Super Profit	19,250

Value of Goodwill, say, at 5 years' purchase of super profit :
Rs. 19,250 × 5 = Rs. 96,250

The total value of business is Rs. 5,60,000 + Rs. 96,250 = Rs. 6,56,250. The offer of Rs. 5,00,000 is very inequitable. A fair offer would be for Rs. 6,56,250 approx.

नोट : व्यवसाय के सही मूल्य की गणना के लिए ख्याति की राशि विनियोजित पूँजी में ही जोड़ी गई है क्योंकि यही राशि वर्ष के अन्त में व्यवसाय में विनियोजित है।

2. पूँजीकरण विधि (Capitalisation Method)—इस विधि के अन्तर्गत व्यवसाय द्वारा अर्जित लाभों का पूँजीकरण करके ख्याति का मूल्य ज्ञात किया जाता है, अतः इसे पूँजीकरण विधि कहा जाता है।

लाभों के पूँजीकरण से तात्पर्य है कि लाभ की अमुक राशि यदि सामान्य प्रत्याय की दर से कमाई जाती तो कितनी पूँजी की आवश्यकता होती। इस पूँजी के आधार पर ही ख्याति का मूल्यांकन किया जाता है। इस विधि के अन्तर्गत ख्याति का मूल्यांकन दोनों ही आधारों, वास्तविक औसत लाभ एवं अधिलाभ, पर किया जा सकता है। दोनों से ही *ख्याति का मूल्यांकन करने पर ख्याति का मूल्य समान होगा।*

वास्तविक औसत लाभों के आधार पर यदि ख्याति का मूल्य ज्ञात किया जाता है तो निम्न सूत्र का प्रयोग किया जायेगा :

$$\text{Value of Goodwill} = \text{Value of Business} - \text{Capital Employed}$$

जबकि, $\text{Value of Business} = \dfrac{\text{Actual Average Profit}}{\text{Normal Rate of Return}} \times 100$

इस प्रकार जब वास्तविक औसत लाभों के आधार पर ख्याति के मूल्य की गणना करेंगे तो सर्वप्रथम वास्तविक औसत लाभों का सामान्य प्रत्याय की दर से पूँजीकरण करके यह ज्ञात करेंगे कि व्यवसाय का मूल्य क्या है या व्यवसाय में कितनी पूँजी की सामान्यतया आवश्यकता होगी। इस मूल्य की तुलना व्यवसाय में वास्तविक विनियोजित पूँजी से करेंगे। *यदि वास्तविक विनियोजित पूँजी व्यवसाय के मूल्य से कम है तो इसका* तात्पर्य है कि व्यवसाय का मूल्य ख्याति के कारण से ही अधिक है। यही अन्तर ख्याति का मूल्य होगा।

अधिलाभों के आधार पर यदि ख्याति का मूल्य ज्ञात किया जाता है तो अधिलाभों की राशि को ही सामान्य प्रत्याय की दर से पूँजीकृत करके ख्याति का मूल्य ज्ञात किया जाता है। इस अध्याय के प्रारम्भ में ही हमने पढ़ा है कि लेखाकन में ख्याति की विद्यमानता ही तब मानी जाती है जबकि वह व्यवसाय अधिलाभ अर्जित कर रहा हो। अत: ये अधिलाभ ख्याति के कारण ही अर्जित किये जाते हैं इसलिए *अधिलाभों के पूँजीकरण के* आधार पर यह ज्ञात किया जाता है कि व्यवसाय में ख्याति के रूप में कितने मूल्य की सम्पत्ति कार्यरत है।

सूत्र रूप में, $\text{Value of Goodwill} = \dfrac{\text{Super Profit}}{\text{Normal Rate}} \times 100$

Illustration 5·5 : From the following information, calculate the value of goodwill on the basis of capitalisation method :

(i) Average capital employed Rs. 7,00,000.

(ii) Net trading profits for the last three years were :
Rs 1,10,000, Rs, 1,05,000; and Rs. 1,15,000.

(iii) Normal rate of return on capital employed in the same type of business is 10%.

(iv) Fair remuneration to the owner for his services is Rs. 10,000 per annum.

(v) Total assets Rs. 8,00,000 and current liabilities Rs. 50,000

निम्नलिखित सूचनाओं से ख्याति का मूल्य पूँजीकरण विधि के आधार पर ज्ञात कीजिए :

(i) औसत विनियोजित पूँजी 7,00,000 रु०।

(ii) गत तीन वर्षों के शुद्ध व्यापारिक लाभ 1,10,000 रु०; 1,05,000 रु०; एवं 1,15,000 रु० थे।

(iii) इसी प्रकार के व्यवसाय में विनियोजित पूँजी पर सामान्य प्रत्याय की दर 10 प्रतिशत है।

(iv) व्यवसाय के स्वामी का उसकी सेवाओं के लिए उचित पारिश्रमिक 10,000 रु० वार्षिक है।

(v) कुल सम्पत्तियाँ 8,00,000 रु० एवं चालू दायित्व 50,000 रु०।

Solution :

	Rs.
Average profit = (Rs. 1,10,000 + Rs. 1,05,000 + Rs. 1,15,000) ÷ 3 =	1,10,000
Less : Fair remuneration to owner	10,000
Actual Average Profit	1,00,000
Less : Normal Profits (10% of Rs. 7,00,000)	70,000
Super Profit	30,000

Calculation of the value of Goodwill :

(i) On the basis of Actual Average Profit :

$$\text{Value of Business} = \frac{\text{Actual Average Profit}}{\text{Normal Rate of Return}} \times 100 = 1,00,000 \times \frac{100}{10} \text{Rs. } 10,00,000$$

Value of Goodwill = Value of Business − Average Capital Employed
Rs. 10,00,000 − Rs. 7,00,000 = Rs. 3,00,000.

(ii) On the basis of Super Profit :

$$\text{Value of Goodwill} = \frac{\text{Super Profit} \times 100}{\text{Normal Rate of Return}} = 30,000 \times \frac{100}{10} = \text{Rs. } 3,00,000$$

इस प्रकार उपर्युक्त हल से यह स्पष्ट है कि ख्याति का मूल्यांकन पूँजीकरण विधि से दोनों ही आधारों पर किया जाय तो ख्याति का मूल्यांकन एक समान ही होगा।

3. वार्षिकी विधि (Annuity Method) : ख्याति के मूल्यांकन की उपर्युक्त दोनों ही विधियों में रुपये के वर्तमान मूल्य को ध्यान में नहीं रखा जाता है। ख्याति के मूल्य का भुगतान तो व्यवसाय क्रय करते समय ही क्रेता को करना पड़ता है जिसकी वसूली वह अगले वर्षों में अधिलाभों से करता है। वर्षों की क्रय विधि में यदि ख्याति का मूल्यांकन अधिलाभों के 5 वर्षों के क्रय के आधार पर किया जाता है तो यह मानकर किया जाता है कि क्रेता ख्याति के मूल्य का भुगतान तो क्रय के समय ही कर देगा किन्तु इसकी वसूली अगले 5 वर्षों तक करता रहेगा। किन्तु इस तथ्य को यदि ध्यान से देखा जाये तो यह प्रकट होगा कि ख्याति की राशि का ब्याज भुगतान किया जाये तो इसमें विक्रेता को तो फायदा हो गया क्योंकि अगले 5 वर्षों में वह इसका वैकल्पिक उपयोग करके और अधिक राशि अर्जित कर लेगा, जबकि क्रेता को नुकसान हो गया क्योंकि उसे इस राशि पर पाँच वर्षों तक ब्याज का और नुकसान होगा और वास्तव में वह इसकी वसूली 5 वर्षों से अधिक की अवधि में कर पायेगा।

अतः ख्याति के मूल्यांकन की सर्वाधिक उपयुक्त विधि वार्षिकी विधि है जिसमें ख्याति का मूल्यांकन अधिलाभों को आधार बनाकर एवं रुपये के वर्तमान मूल्य को ध्यान में रखकर किया जाता है। वर्तमान मूल्य की अवधारणा को इस प्रकार समझा जा सकता है : मान लीजिए, हम ब्याज एक वर्ष के लिए 10% ब्याज की दर से 100 रु० विनियोजित करना चाहते है तो एक वर्ष पश्चात् यह राशि 110 रु० हो जायेगी। इसका तात्पर्य

यह हुआ कि एक वर्ष पश्चात् प्राप्त होने वाले 110 रु० का आज वर्तमान मूल्य 100 रु० है। इस प्रकार यह अवधि जितनी लम्बी होती चली जायगी रुपये का वर्तमान मूल्य उतना ही कम होता चला जायेगा। रुपये का वर्तमान मूल्य वार्षिकी सारणी (Annuity Table) द्वारा ज्ञात किया जाता है। इसके लिए निम्न सूत्र का प्रयोग भी किया जा सकता :

$$\text{P. V of Rc. } 1 = \frac{1-\left(\frac{100}{100+r}\right)^n}{\frac{r}{100}}$$

जबकि P. V. का अर्थ Present Value; r का अर्थ Rate of Interest; n का अर्थ Number of years है

उदाहरणार्थ : एक व्यवसाय के अधिलाभ 10,000 रु० हैं। ख्याति की गणना 4 वर्षों के क्रय के आधार पर वार्षिकी विधि से करनी है। ब्याज की दर 10 प्रतिशत वार्षिक है और 1 रु० का 10% ब्याज दर के आधार पर 4 वर्षों के लिए वर्तमान मूल्य 3·170 रु० है तो ख्याति का मूल्य 10,000 रु० × 3 170 रु० = 31,700 रु० होगा। इस प्रकार वर्षों की क्रय विधि के आधार पर यदि ख्याति का मूल्यांकन किया जाये तो क्रेता को 40,000 रु० का भुगतान करेगा जिससे न तो विक्रेता को अतिरिक्त फायदा होगा और न क्रेता को नुकसान।

Illustration 5 6 : From the following information, compute the value of goodwill as per annuity method :

निम्न सूचनाओं से ख्याति का मूल्यांकन वार्षिकी पद्धति के आधार पर ज्ञात कीजिये :

Average capital employed Rs. 5,00,000; Normal rate of profit 10%. Profits for 1989 Rs. 70,000; 1990 Rs. 61,000; and 1991 Rs. 85,000.

Profits for 1990 have been arrived at after writing off abnormal loss of Rs. 5,000 and profits for 1991 includes a non-recurring income of Rs. 11,000. Goodwill is to be calculated on the basis of annuity of 3 years' purchase of super profit. The present value of annuity of Re. 1 for 3 years at 10% is Rs. 2·4868.

(7) संदिग्ध दायित्व के सम्बन्ध में : सहायक कम्पनियों के सूत्रधारी कम्पनी ने जो अंश, ऋणपत्र तथा बॉण्ड खरीदे हुए हैं उन पर अयाचित राशि को संदिग्ध दायित्व के रूप में पृथक से दिखाना।

(ब) सारणी VI का द्वितीय भाग

कम्पनी अधिनियम की सारणी VI के द्वितीय भाग के अनुसार सूत्रधारी कम्पनी को अपना लाभ-हानि खाता बनाते समय सहायक कम्पनी के सम्बन्ध में निम्नलिखित सूचनायें प्रस्तुत करनी होंगी।

(1) सहायक कम्पनियों से प्राप्त लाभांश।

(2) सहायक कम्पनियों की हानियों के लिए आयोजन।

(स) धारा 212 के प्रावधान

कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 212 से 214 के अन्तर्गत कुछ ऐसे प्रावधान दिये गये हैं जिनको सूत्रधारी कम्पनी एवं सहायक कम्पनी के खातों का प्रस्तुतीकरण करते समय ध्यान में रखना आवश्यक है। ये प्रावधान इस प्रकार हैं :—

धारा 212(1)

इसके अन्तर्गत यह व्यवस्था है कि सूत्रधारी कम्पनी अपनी सहायक कम्पनी/कम्पनियों के सम्बन्ध में निम्नलिखित विवरणों को अपने चिट्ठे के साथ संलग्न करेगी :

(i) सहायक कम्पनी के चिट्ठे की एक प्रति;

(ii) सहायक कम्पनी के लाभ हानि खाते की एक प्रति;

(iii) सहायक कम्पनी के संचालक-मण्डल की रिपोर्ट की एक प्रति;

(iv) सहायक कम्पनी के अंकेक्षक-प्रतिवेदन की एक प्रति;

(v) सहायक कम्पनी में सूत्रधारी कम्पनी के हित के सम्बन्ध में एक विवरण [धारा 212 (3)];

(iv) उपधारा (5) में वर्णित विवरण यदि कोई हो;

(vii) उपधारा (6) में वर्णित प्रतिवेदन यदि कोई हो।

धारा 212(2)

इस धारा में यह व्यवस्था दी हुई है कि सहायक कम्पनी का चिट्ठा, लाभ हानि खाता संचालकों का प्रतिवेदन व अंकेक्षकों का प्रतिवेदन कम्पनी अधिनियम 1956 की व्यवस्थाओं के अनुसार तैयार किये जायेंगे। यदि सूत्रधारी कम्पनी व सहायक कम्पनी का लेखा वर्ष एक ही तिथि को समाप्त होता है तो ये प्रपत्र सहायक कम्पनी द्वारा अपने लेखा वर्ष के अन्त में तैयार किये जायेंगे। यदि इन दोनों कम्पनियों के लेखा वर्ष एक ही तिथि

को समाप्त न होते हो तो उपरोक्त वर्णित प्रपत्र सहायक कम्पनी द्वारा उस लेखा वर्ष की समाप्ति पर तैयार किये जायेंगे जो कि सूत्रधारी कम्पनी के लेखा वर्ष से तुरन्त पहले समाप्त हुआ है। यहा पर ध्यान देने योग्य विशेष बात यह है कि सहायक कम्पनी के लेखा वर्ष की समाप्ति की तिथि मे तथा उसकी सूत्रधारी कम्पनी के लेखावर्ष की समाप्ति की तिथि मे 6 माह से अधिक का अन्तर नही होना चाहिए।

धारा 212 (3)

सूत्रधारी कम्पनी के सहायक कम्पनी मे हित के सम्बन्ध में निम्नलिखित बातें लिखी जाती है :

(i) सहायक कम्पनी के लेखा वर्ष के अन्त में सूत्रधारी कम्पनी के हित की सीमा।

(ii) सहायक कम्पनी के शुद्ध लाभों (हानियों को घटाने के बाद) की वह राशि जो सूत्रधारी कम्पनी से सम्बन्धित हो और जिसका लेखा सूत्रधारी कम्पनी की पुस्तको मे न किया गया हो। इसी प्रकार शुद्ध हानियों को लाभ घटाने के पश्चात् दिखाया जाना चाहिए।

(iii) सहायक कम्पनी के उन शुद्ध लाभों या शुद्ध हानियो की कुल राशि जिनका सूत्रधारी कम्पनी के खाते तैयार करते समय ध्यान रखा गया है अथवा हानियो के लिए प्रावधान किया गया है।

धारा 212 (4)

धारा 212 (3) (ii) व (iii) के प्रावधान सहायक कम्पनी के उन्ही लाभ अथवा हानियो पर लागू होंगे जिन्हे सूत्रधारी कम्पनी के खातों में आयगत लाभ अथवा आयगत हानि मानना उचित होगा।

धारा 212 (5)

यदि सहायक कम्पनी का लेखा वर्ष सूत्रधारी कम्पनी के लेखा वर्ष से भिन्न हैं तो इस अन्तर की अवधि मे निम्नलिखित बातो से सम्बन्धित सूचना सूत्रधारी कम्पनी के चिट्ठे के साथ लगायी जावेगी :

(i) सूत्रधारी कम्पनी के हित की सीमा मे हुआ परिवर्तन;

(ii) सहायक कम्पनी की स्थायी सम्पत्तियो, विनियोगो, ऋणो या चालू दायित्वो के अतिरिक्त अन्य कार्य के लिए उधार ली गई राशियो में महत्वपूर्ण परिवर्तन।

धारा 212 (6)

यदि सूत्रधारी कम्पनी का संचालक मण्डल धारा 212 (4) मे निर्धारित बातो के सम्बन्ध मे कोई सूचना प्राप्त करने मे असमर्थ रहता है तो इसके बारे मे एक लिखित प्रतिवेदन सूत्रधारी कम्पनी के चिट्ठे के साथ लगाया जावेगा।

धारा 212 (7)

धारा 212 (1) से सम्बन्धित प्रपत्रो पर उन्ही व्यक्तियो द्वारा हस्ताक्षर किये जायेंगे जिन्होने सूत्रधारी कम्पनी के ऐसे प्रपत्रो पर हस्ताक्षर किये हैं।

धारा 212 (8)

कम्पनी अधिनियम की धारा 212 (8) के अनुसार सूत्रधारी कम्पनी के संचालक मण्डल के आवेदन पर अथवा उसकी सहमति से केन्द्रीय सरकार किसी भी सहायक कम्पनी के सम्बन्ध मे यह आदेश दे सकती है कि धारा 212 के प्रावधान लागू नहीं होगे अथवा उस सीमा तक लागू होंगे जिनका कि विवरण उक्त आदेश मे दिया गया है।

कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 214 के अन्तर्गत सूत्रधारी कम्पनी के प्रतिनिधियों अथवा सदस्यो को यह अधिकार प्रदान किया गया है कि ऐसे प्रतिनिधि अथवा सदस्य जिनको सूत्रधारी कम्पनी ने प्रस्ताव पारित करके अधिकृत किया है, को सहायक कम्पनी अथवा कम्पनियों की पुस्तकों का निरीक्षण करने का अधिकार होगा

एवं सहायक कम्पनी की लेखा पुस्तकें व्यवसाय के कार्य के घण्टों (Business Hours) के दौरान ऐसे सदस्यों अथवा प्रतिनिधियों के निरीक्षण के लिए खुली रहेंगी।

धारा 212 (3) के अन्तर्गत दिये जाने वाले प्रतिवेदन का नमूना (काल्पनिक आधार पर)

Specimen of report under section 212 (3)

(1) Nirmal Ltd.

Report under section 212

(i) The extent of the Holding Company's interest in the subsidiary company	1,60,000 equity shares of Rs. 10 each out of the total number of 2,00,000 shares.
(ii) The net aggregate amount of profit after deducting losses of the subsidiary so far as it concerns members of Nirmal Ltd. and are not dealt with in the accounts of Nirmal Ltd. : For the financial year under report.	Rs. 2,30,000
For the previous financial years of the subsidiary since it became subsidary of Nirmal Ltd.	Rs. 4,68,000
(iii) The net aggregate amount of the profit of the subsidiary company that have been dealt with in accounts of Nirmal Ltd.	
For the financial year under report	Nil
For the previous financial years since it became Subsidiary of Nirmal Ltd.	Rs. 1,60,000 (dividend received)

Profits mentioned in (ii) and (iii) are only revenue profits with in the meaning of sub-section (4) of section 212.

There has been no change in the interest of Nirmal Ltd in the subsidiary company since close of the financial year of the later company.

Subsequent to the close of the financial year to the subsidiary company till the date of the balance sheet of Nirmal Ltd. Subsidiary company has :

(i) Issued 13% Debentures with a charge on the fixed assets to the extent of Rs. 9,00,000. All these debentures have been issued to the public; and

(ii) acquired new plant and equipment at a cost of Rs. 15,00,000.

....
....
.... Directors.

(2) Statement in accordance with the Provisions of Sub-sections (3), (4) and (5) of Section 212 of the Companies Act, 1956.

(1) Shares held by the company in its subsidiary at the end of the same or preceding financial year of each :

	Rs.
Simpson (India) Limited.	1,98,400
Groverson Limited	1,39,800
Ruston Greaves Limited	5,600

(2) The aggregate amounts of the profits less losses of the subsidiaries so far as it concerns the members of the company Ltd. lend to :

	Current financial year Rs.	Preceding year Rs.
(i) dealt with in the company's accounts for the year ended 31st March, 1992.		
Simpson (India) Ltd.	....	10,42,000
Groverson Ltd.	....	13,98,000
Ruston Greaves Ltd.	....	1,68,000
(ii) not dealt with in the company's accounts for the year ended 31st March, 1992		
Simpson (India) Ltd.	2,52,000	15,50,000
Groversen Ltd.	12,08,000	18,72,000
Ruston Greaves Ltd.	16,000	3,000

(3) There was no change in the company's interest in any subsidiary between the end of the preceding financial years of the subsidiary and the end of the company's financial year.

(4) Since 31st March, 1992, the following material changes have taken place in Simpson (India) Ltd.

(i) New plant costing Rs. 4,00,000 in all has been installed.

(ii) Investments have increased by Rs. 80,000 by the purchases of Central Government securities.

(iii) An amount of Rs. 60,000 has been lent to C Ltd. @ 8% per annum.

(iv) Debentures with a floating charge on the assets of the company and carrying interest @ 6% have been issued to the extent of Rs. 2,00,000 for cash.

Except the above no material changes have taken place between the end of the preceding financial year of Groverson Ltd. and Ruston Greaves Ltd. (Subsidiaries) and at the end of the company's financial year in respect of these subsidiary Cos'. fixed assets, investments, the moneys lent by them and the moneys borrowed by them for any purpose other than that of meeting current liabilities.

5. The company has been exempted by the department of company law affairs, Govt of India, from the compliance with sec 212 (1) in respect of attachment of the information other than that given above.

Dated   Sd/Directors

Sd/Secretary   Sd/Controller of accounts   Sd/Managing Director

सूत्रधारी कम्पनी की पुस्तकों में लेखा
(Accounting in the books of Holding Company)

1. अंशों का क्रय : सूत्रधारी कम्पनी द्वारा सहायक कम्पनी के अंश क्रय करने पर निम्न प्रविष्टि होगी—

Investment in shares of Subsidiary Co. a/c Dr.
To Debentures a/c
To Cash/Bank a/c

2. लाभांश प्राप्ति : सहायक कम्पनी के लाभों को अवधि के दृष्टिकोण से निम्न दो भागों में बांटा जा सकता है :

(i) अंश अधिग्रहण की पूर्व के लाभ (Pre-acquisition Profit) तथा
(ii) अंश अधिग्रहण की बाद की अवधि के लाभ (Post-acquisition Profits)।

अंश अधिग्रहण के पूर्व के लाभों में से लाभांश की प्राप्ति : सहायक कम्पनी के अंश खरीदने की तिथि से पूर्व के लाभों में से प्राप्त हुआ लाभांश सूत्रधारी कम्पनी का पूंजीगत लाभ है। लाभांश की इस राशि को विनियोग की लागत की वसूली मानते हुए 'सहायक कम्पनी के अंशों में विनियोग' खाते को क्रेडिट कर दिया जायेगा। लाभांश प्राप्ति की प्रविष्टि निम्न प्रकार होगी :

Bank a/c Dr.
To Investment in Shares of Subsidiary Co. a/c

अंश अधिग्रहण के बाद के लाभों में से लाभांश की प्राप्ति : सहायक कम्पनी के अंश खरीदने के पश्चात् के लाभों में से प्राप्त हुआ लाभांश सूत्रधारी कम्पनी का आयगत लाभ माना जाता है अतः इसे लाभ हानि खाते के क्रेडिट पक्ष में हस्तान्तरित किया जायेगा। लाभांश प्राप्ति की प्रविष्टि इस प्रकार की जायेगी—

लाभांश प्राप्ति पर—

Bank a/c Dr.
To Dividend a/c

लाभ हानि खाते को हस्तान्तरित करने पर—

Dividend a/c Dr.
To Profit and Loss a/c

आंशिक रूप से पूर्व के लाभों में से और आंशिक रूप से बाद के लाभों में से लाभांश की प्राप्ति : सहायक कम्पनी से सूत्रधारी कम्पनी को मिलने वाला लाभांश आंशिक रूप से अंश खरीदने के पूर्व के लाभों में और आंशिक रूप से अंश खरीदने के बाद के लाभों में से चुकाया जा सकता है। ऐसी परिस्थिति में सर्वप्रथम लाभांश की राशि को अंश अधिग्रहण से पूर्व व बाद के लाभों में विभाजित किया जायेगा तत्पश्चात् निम्न प्रविष्टियाँ की जायेगी :

Bank a/c Dr. (लाभांश की कुल राशि से)
To Dividend a/c (बाद के लाभों में से प्राप्त लाभांश से)
To Investment in Shares of Subsidiary Co. a/c (पूर्व के लाभों में से प्राप्त लाभांश से)

Dividend a/c Dr.
To Profit and Loss a/c

बोनस अंशों की प्राप्ति : यदि सूत्रधारी कम्पनी को सहायक कम्पनी से बोनस अंशों की प्राप्ति होती है तो इसके लिए कोई जर्नल प्रविष्टि नहीं की जायेगी। विनियोग खाते में केवल अंशों की संख्या में वृद्धि कर दी जायेगी जिसके परिणामस्वरूप विनियोग खाते में प्रति अंश लागत मूल्य कम हो जायेगा।

Illustration 10.1 : On 1st September, 1991 H Ltd. purchased 1,00,000 fully paid Equity Shares of Rs. 10 each in S Ltd. at the rate of Rs. 12 per share. For the year ended 31st March, 1992 S Ltd. paid a dividend of 20% in cash and declared bonus of 1 Equity Share for every 5 Equity shares held.

On 1st April, 1991 S Ltd. had a credit balance of Rs. 90,000 in the Profit and Loss Account and year's trading showed on 31st March, 1992 a net profit of Rs. 1,80,000. The issued share capital of S Ltd. is 1,25,000 Equity Shares of Rs. 10 each fully paid.

Give Journal entries in the books of H Ltd. in connection with the above dividend and bonus declared on the shares of S Ltd. assuming that the dividends are paid first out of the year's profits as far as possible and then out of the balance of undistributed profits of previous years.

1 सितम्बर, 1991 को एच लिमिटेड ने एस लिमिटेड के 10 रु० वाले पूर्णदत्त 1,00,000 ईक्विटी अंश 15 रु० प्रति अंश की दर से क्रय किये। 31 मार्च, 1992 को समाप्त हुए वर्ष के लिए एस लिमिटेड ने 20% लाभांश नकद में दिया और प्रति 5 ईक्विटी अंशों पर 1 ईक्विटी अंश बोनस के रूप में घोषित किया।

1 अप्रैल, 1991 को एस लिमिटेड के लाभ हानि खाते का क्रेडिट शेष 90,000 रु० था और 31 मार्च, 1992 को वर्ष का शुद्ध लाभ 1,80,000 रु० था। एस लिमिटेड की निर्गमित अंश पूंजी 10 रु० वाले पूर्णदत्त 1,25,000 ईक्विटी अंशों में है।

एच लिमिटेड की पुस्तकों में एस लिमिटेड के अंशों पर देय लाभांश व बोनस से सम्बन्धित जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। यह मानिए कि जहाँ तक सम्भव है, लाभांश सर्वप्रथम वर्ष के लाभों में दिया जाता है तथा उसके पश्चात् गत वर्षों के अवितरित लाभों में से शेष की पूर्ति की जाती है।

Solution :

Journal of H Ltd.

		Dr.	Cr.
		Rs.	Rs.
Date of receipt	Bank a/c Dr.	2,00,000	
	To Investment in Shares of S Ltd. a/c		1,16,000
	To Dividend a/c		84,000
	(Dividend received out of pre-acquisition profits credited to Investment Account and out of post-acquisition profits credited to Dividend Account)		
Closing entry	Dividend a/c Dr.	84,000	
	To Profit & Loss Account		84,000
	(Balance transferred)		

Investment in Shares of S Ltd. Account

Date	Particulars	No. of Shares	Amount Rs.	Date	Particulars	No. of Shares	Amount Rs.
1991 Sept. 1	To Bank a/c	1,00,000	12,00,000	Date of receipt	By Bank a/c		1,16,000
Date of receipt	To Bonus Shares	20,000	—	1992 March 31	By Balance c/d	1,20,000	10,84,000
		1,20,000	12,00,000			1,20,000	12,00,000

टिप्पणियाँ (Working Notes) :

1. एस लिमिटेड की कुल निर्गमित अंश पूँजी 12,50,000 रु० है जिसमें से 10,00,000 रु० की अंश पूँजी एच लिमिटेड के पास है। एस लिमिटेड ने अपनी 12,50,000 रु० की अंश पूँजी पर 20% की दर से 2,50,000 रु० का लाभांश बांटा जिसमें से 2,00,000 रु० का लाभांश एच लिमिटेड को प्राप्त हुआ है।

2. 2,50,000 रु० लाभांश का वितरण निम्न साधनों से किया गया है :

वर्ष 1991-92 के सम्पूर्ण शुद्ध लाभ	1,80,000 रु०
गत वर्षों के लाभों में से (शेष)	70,000 रु०
कुल लाभांश	2,50,000 रु०

3. अंश क्रय से पूर्व के लाभों तथा उसके बाद के लाभों का उपयोग उक्त लाभांश के लिए इस प्रकार किया गया है :

∴ वर्ष 1991-92 में क्रय से पूर्व का समय = 5 माह तथा बाद का समय = 7 माह

∴ 1,80,000 रु० में क्रय से पूर्व के लाभ $= 1,80,000 \times \frac{5}{12} = 75,000$ रु०

तथा क्रय के बाद के लाभ $= 1,80,000 \times \frac{7}{12} = 1,05,000$ रु०

∴ लाभांश के लिए अंश क्रय से पूर्व के प्रयुक्त कुल लाभ = 75,000 रु० + 70,000 रु०
= 1,45,000 रु०

∴ अंश क्रय से पूर्व तथा अंश क्रय के बाद के प्रयुक्त लाभों का अनुपात = 1,45,000 : 1,05,000
= 29 : 21

4. एच लिमिटेड को प्राप्त लाभांश का पूँजीगत एवं आयगत राशियों में विभाजन इस प्रकार किया गया है :

$\therefore$ एच लिमिटेड द्वारा प्राप्त लाभांश $= 2,50,000 \times \frac{80}{100} = 2,00,000$ रु०

$\therefore$ अंश क्रय से पूर्व के लाभ $= 2,00,000 \times \frac{29}{50} = 1,16,000$ रु०

$\therefore$ अंश क्रय के बाद के लाभ $= 2,00,000 \times \frac{21}{50} = 84,000$ रु०

सहायक कम्पनी की हानियों के लिए आयोजन : सहायक कम्पनी की हानियों को भी अवधि के दृष्टिकोण से निम्न दो भागों में बांटा जा सकता है :

(i) अंश क्रय से पूर्व की हानियाँ (Pre-acquisition Losses)

(ii) अंश क्रय के बाद की हानियाँ (Post-acquisition Losses)

सूत्रधारी कम्पनी द्वारा सहायक कम्पनी के अंश जिस तारीख को क्रय किये जाते है उससे पहले की सहायक कम्पनी की हानियों को अंशों का क्रय मूल्य निर्धारित करते समय ध्यान में रखा गया होगा। अतः ऐसी हानियों के लिए सूत्रधारी कम्पनी की पुस्तकों में किसी प्रकार का आयोजन बनाने की आवश्यकता नहीं होती है। अंश क्रय करने की तारीख के बाद की सहायक कम्पनी की हानियों में सूत्रधारी कम्पनी के हिस्से की हानि के सम्बन्ध में आयोजन बनाया जायगा। इसके लिए सूत्रधारी कम्पनी के लाभ-हानि खाते को डेबिट एवं सहायक कम्पनी की हानियों के लिए आयोजन खाते को क्रेडिट किया जायेगा। सहायक कम्पनी को आगामी वर्षों में लाभ होने पर पूर्व वर्षों की हानि की राशि अपलिखित कर दी जाती है और सहायक कम्पनी की हानियों के लिए आयोजन खाते का शेष लाभ-हानि खाते में हस्तान्तरित कर दिया जायेगा। सहायक कम्पनी की लाभ की स्थिति में सुधार न होने पर सूत्रधारी कम्पनी यदि उचित समझे तो इस आयोजन खाते का शेष Investment in shares of Subsidiary Co. a/c में स्थानान्तरण कर दिया जायेगा।

Illustration 10·2 : On 1st August, 1988 A Ltd. purchased 16,000 equity shares Rs. 100 each in B Ltd. The total issued capital of B Ltd. consists of 20,000 equity shares of Rs. 100 each. There was a debit balance of Rs. 1,50,000 in the Profit and Loss Account of B Ltd. on 1st April, 1988. Later on the trading results of B Ltd. were as follows :

For the year 1988-89 Rs. 24,000 (Loss); For the year 1989-90 Rs. 42,000 (Loss); For the year 1990-91 Rs. 1,20,000 (Profit); For the year 1991-92 Rs. 1,00,000 (Profit).

A Ltd. makes a provision at 50% of the amount of its share of loss in B Ltd. at the end of each year. However, on 31st March, 1992 A Ltd. decided to write back the above provision in its books looking to the profitablity of B Ltd.

Pass necessary journal entries at the end of each year from 1988-89 to 1991-92 in the books of A Ltd. and prepare provision for losses in Subsidiary Company Account.

ए लिमिटेड ने 1 अगस्त, 1988 को बी लिमिटेड के 100 रु० वाले 16,000 ईक्विटी अंश खरीदे। बी लिमिटेड की कुल निर्गमित अंश पूँजी 100 रु० वाले 20,000 ईक्विटी अंशों की थी। 1 अप्रैल, 1988 को

बी लिमिटेड के लाभ-हानि खाते में 1,50,000 रु० का डेबिट शेष था। बाद में बी लिमिटेड के व्यापारिक परिणाम निम्न प्रकार रहे :

वर्ष 1988-89 के लिए 24,000 रु० (हानि); वर्ष 1989-90 के लिए 42,000 रु० (हानि); वर्ष 1990-91 के लिए 1,20,000 रु० (लाभ); वर्ष 1991-92 के लिए 1,00,000 (लाभ);

प्रत्येक वर्ष के अन्त में ए लिमिटेड, बी लिमिटेड में अपने हिस्से की हानि की राशि के 50% के लिए प्रायोजन का निर्माण करती है। बी लिमिटेड की लाभार्जन क्षमता को ध्यान में रखते हुए 31 मार्च, 1992 को ए लिमिटेड ने उपरोक्त प्रायोजन को अपनी पुस्तकों में वापिस लिखने का निर्णय करती है।

वर्ष 1988-89 से 1991-92 तक प्रत्येक वर्ष के अन्त में ए लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये तथा सहायक कम्पनी की हानियों के लिए प्रायोजन खाता तैयार कीजिये।

Solution : **Journal of A Ltd.**

Date	Particulars		Dr.	Cr.
			Rs.	Rs.
1989 March, 31	Profit and Loss a/c Dr. To Provision for Losses of B Ltd. a/c (Provision made for post acquisition losses of B Ltd.)		6,400	6,400
1990 March, 31	Profit and Loss a/c Dr. To Provision for Losses of B Ltd. (Provision made for losses of B Ltd. for 1989-90.)		16,800	16,800
1992 March, 31	Provision for Losses of B Ltd. a/c Dr. To Profit and Loss a/c (Provision no longer required written back.)		23,200	23,200

Provision for Losses of B Ltd. Account

Date	Particulars	Rs.	Date	Particulars	Rs.
1989 March, 31	To Balance c/d	6,400	1989 March, 31	By Profit and Loss a/c	6,40
1990 March, 31	To Balance c/d	23,200	1989 April, 1	By Balance b/d	6,40
			1990 March, 31	By Profit and Loss a/c	16,80
		23,200			23,2(
1991 March, 31	To Balance c/d	23,200	1990 April, 1	By Balance b/d	23,2(
1992 March, 31	To Profit and Loss a/c	23,200	1991 April, 1	By Balance b/d	23,2(

Working Notes :

1. ए लिमिटेड द्वारा बी लिमिटेड मे अंश अधिग्रहण की तिथि से पूर्व की हानियों के लिए कोई आयोजन नही बनाया जायेगा । अश अधिग्रहण से पूर्व की हानि की राशि निम्न प्रकार होगी :

1 अप्रैल, 1988 को लाभ हानि खाते का डेबिट शेष	= 1,50,000 रु०
वर्ष 1988-89 के प्रथम चार माह की हानि $\left(24{,}000 \times \frac{4}{12}\right)$	= 8,000 रु०
कुल हानियाँ	1,58,000 रु०

2. वर्ष 1988-89 के अन्तिम आठ माह की हानि $= 24{,}000 \times \frac{8}{12} = 16{,}000$ रु०

हानि की राशि में सूत्रधारी कम्पनी का हिस्सा $= 16{,}000 \times \frac{80}{100} = 12{,}800$ रु०

सूत्रधारी कम्पनी के हिस्से की हानि के लिए आयोजन की राशि $= 12{,}800 \times \frac{50}{100}$

$= 6{,}400$ रु०

3. वर्ष 1989-90 के लिए हानि की कुल राशि = 42,000 रु०

हानि की राशि में सूत्रधारी कम्पनी का हिस्सा $= \frac{42{,}000 \times 80}{100} = 33{,}600$ रु०

सूत्रधारी कम्पनी के हिस्से की हानि के लिए आयोजन की राशि $= \frac{33{,}600 \times 50}{100}$

$= 16{,}800$ रु०

4. वर्ष 1990-91 व 1991-92 में सहायक कम्पनी को लाभ हुआ है अतः सूत्रधारी कम्पनी को आयोजन बनाने की आवश्यकता नही है ।

एकीकृत वित्तीय विवरण
(Consolidated Financial Statements)

भारत में सूत्रधारी कम्पनियाँ वैधानिक रूप से एकीकृत या समूह खाते तैयार करने के लिए वाध्य नहीं है । इंगलैंड के कम्पनी अधिनियम के अनुसार एकीकृत खाते तैयार करना सूत्रधारी कम्पनी का वैधानिक दायित्व है । सूत्रधारी एव सहायक कम्पनी के वित्तीय विवरणो को एकीकृत या समूहीकृत करना उपयुक्त ही होता है ताकि सूत्रधारी कम्पनी के अशधारी अपने हित के बारे मे स्पष्ट रूप से जानकारी प्राप्त कर सकें । सूत्रधारी कम्पनी के अंशधारियो का हित सहायक कम्पनी मे उनके विनियोग की सीमा तक ही सीमित होता है । अत: उनको सहायक कम्पनी का सम्पूर्ण चिट्ठा एवं लाभ हानि खाता प्रस्तुत करने की आवश्यकता नही है । उनका मुख्य उद्देश्य यह जानना होता है कि सहायक कम्पनी मे उनके विनियोग का मूल्य क्या है, इसलिए वे यह चाहते हैं कि

उनके सामने सहायक कम्पनी एवं सूत्रधारी कम्पनी में उनके हित को एक साथ एकीकृत करके रखा जाये तथा साथ ही सहायक कम्पनी में बाह्य अंशधारियों के हित को अलग से दिखाया जाये। वास्तव में सूत्रधारी कम्पनी एवं इसकी सहायक कम्पनियों के खातों को एकीकृत रूप में प्रस्तुत करने का प्रमुख उद्देश्य इनकी वित्तीय स्थिति एवं लाभ हानि का एक समूह के रूप में सही एवं उचित चित्र प्रस्तुत करना है। इसके पीछे यह धारणा है कि सूत्रधारी एवं इसकी सहायक कम्पनियाँ समूह के रूप में एक व्यावसायिक इकाई की भाँति कार्य करती हैं भले ही ये अलग-अलग वैधानिक अस्तित्व रखी हों। अतः सूत्रधारी कम्पनी के अंशधारियों की दृष्टि से सूत्रधारी कम्पनी का सही चित्रण तभी हो सकता है जबकि पूरे समूह को एक ही व्यावसायिक इकाई माना जाए एवं इनके चिट्ठों एवं लाभ-हानि खातों को एकीकृत रूप में प्रस्तुत किया जाए।

एकीकृत चिट्ठा (Consolidated Balance Sheet)

सूत्रधारी कम्पनी एवं सहायक कम्पनी के चिट्ठों में प्रदर्शित सम्पत्तियों एवं दायित्वों को सम्मिलित करके जब नया चिट्ठा तैयार किया जाता है, तो उसे एकीकृत चिट्ठा (Consolidated Balance Sheet) कहते हैं। इससे सम्पूर्ण समूह की आर्थिक स्थिति की सही जानकारी प्रस्तुत की जा सकती है। सहायक कम्पनी की अंश पूँजी में सूत्रधारी कम्पनी के विनियोग के दृष्टिकोण से सहायक कम्पनियों को दो श्रेणियों में बाटा ज सकता है।

(i) सम्पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी (Wholly-owned Subsidiary Company) : जब किसी कम्पनी द्वारा निर्गमित सभी अंश एक अन्य कम्पनी के स्वामित्व तथा नियन्त्रण में होते हैं, ऐसी कम्पनी सम्पू स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी कहलाती है। ऐसी कम्पनियों के चिट्ठों को एकीकृत करते समय निम्नलिखि गणनाएँ की जायेंगी—

(1) अंश अधिग्रहण से पूर्व व अंश अधिग्रहण के पश्चात् के लाभों की गणना : सूत्रधारी कम्पनी द्वा सहायक कम्पनी के अंश जिस वित्तीय वर्ष में खरीदे जाते हैं उससे पूर्व के वर्षों के समस्त अवितरित लाभ अ अधिग्रहण से पूर्व के लाभ कहलाते है। जिस वित्तीय वर्ष के मध्य में सहायक कम्पनी के अंश सूत्रधारी कम्प द्वारा खरीदे गये हैं उस वित्तीय वर्ष के लाभों को भी दो भागों में बाटा जाता है। उस वित्तीय वर्ष के सम लाभों को समय के अनुपात में बाटकर अंश क्रय से पूर्व की अवधि के लाभ एवं पश्चात् की अवधि के लाभों गणना करली जाती है। यदि सूत्रधारी कम्पनी ने सहायक कम्पनी के अंश वित्तीय वर्ष की प्रारम्भिक तिथि ही खरीद लिये हैं तो उस वित्तीय वर्ष के समस्त लाभ अंश अधिग्रहण के पश्चात् का लाभ कहलायेगा। य सूत्रधारी कम्पनी ने सहायक कम्पनी के अंश वित्तीय वर्ष की अन्तिम तिथि को ही खरीदे हैं तो उस वित्त वर्ष का समस्त लाभ अंश अधिग्रहण से पूर्व का लाभ माना जायेगा। अंश अधिग्रहण से पूर्व के लाभों को सहा कम्पनी के शुद्ध मूल्य (Net worth) की गणना में जोड़ दिया जायेगा तथा अंश अधिग्रहण के पश्चात् के ल को एकीकृत लाभ की गणना करते समय जोड़ा जायेगा।

(2) सहायक कम्पनी के शुद्ध मूल्य (Net worth) की गणना : सूत्रधारी कम्पनी द्वारा सहायक कम के अंश क्रय की तिथि को सहायक कम्पनी के शुद्ध मूल्य की गणना की जाती है। यह गणना निम्न प्रकार जाती है—

		Rs
	Paid-up Share Capital of Subsidiary Company	....
Add :	Opening Balance of Capital Reserves	....
	Opening Balance of Revenue Reserves	....

			Rs.
	Opening Balance of Profit and Loss A/c (Cr.)		....
	Pre-acquisition Trading Profits		....
	Profit on Revaluation of Assets and Liabilities		....
		Rs.	....
Less :	Opening Balance of Profit and Loss A/c (Dr.)	....	
	Balance of Fictitious Assets viz. Preliminary Expenses, Discount on Issue of Shares etc.	....	
	Pre-acquisition Trading Losses	....	
	Loss on Revalution of Assets and Liabilities	... .	....
	Net worth		....

(3) ख्याति (Goodwill) अथवा नियन्त्रण की लागत (Cost of Control) की गणना : शुद्ध मूल्य की गणना करने के पश्चात् इसकी तुलना सहायक कम्पनी के अंशों में विनियोग की लागत से की जाती है। यदि विनियोग की लागत शुद्ध मूल्य से अधिक हो तो आधिक्य की राशि को ख्याति माना जाएगा तथा उसे एकीकृत चिट्ठे में सम्पत्ति पक्ष की ओर ख्याति के रूप में दिखाया जायेगा। शुद्ध मूल्य की राशि विनियोग की लागत से अधिक होने पर आधिक्य राशि को पूँजीगत संचय माना जाएगा जिसे एकीकृत चिट्ठे के दायित्व पक्ष की ओर दिखाया जायेगा। सूत्र रूप में इसे इस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है :

Goodwill = Cost of Investment – Net worth

Capital Reserves = Net worth – Cost of Investment

यदि सूत्रधारी कम्पनी एवं सहायक कम्पनी के चिट्ठों में पहले से ही ख्याति की मदें विद्यमान है तो उपरोक्त प्रकार से गणना करने पर ख्याति आती है तो इन सबको जोड़कर एकीकृत चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष की ओर लिख दिया जायेगा। यदि उपरोक्त गणना करने पर पूँजीगत संचय आता है तो उसे दोनों कम्पनियों की ख्याति के योग में से घटाकर शेष राशि को ही सम्पत्ति पक्ष की ओर दिखाया जायेगा। पूँजीगत संचय की राशि ख्याति की राशि से अधिक होने पर शेष राशि को एकीकृत चिट्ठे में दायित्व पक्ष की ओर दिखाया जायेगा।

कुछ लेखक ख्याति के स्थान पर नियन्त्रण की लागत का प्रयोग करते है। वैसे दोनों ही एक दूसरे के समानार्थक माने जाते है लेकिन फिर भी इनमे कुछ सांकेतिक अन्तर है। यह स्वाभाविक ही है कि जब एक कम्पनी दूसरी कम्पनी पर नियन्त्रण स्थापित करना चाहती है तो उसे दूसरी कम्पनी के अधिकांश अंश खरीदने पड़ते हैं और जब किसी कम्पनी के अंश खरीदे जाते हैं तब बाजार में उनकी संख्या कम हो जाती है और जैसे-जैसे और अधिक अंश खरीदे जाते है उनकी संख्या और कम होती जाती है फलस्वरूप उन अंशों का बाजार मूल्य बढ़ता जाता है। किसी सहायक कम्पनी के अंशों के मूल्य में इस प्रकार से जो वृद्धि होती है उसका कारण न तो उस कम्पनी की शुद्ध सम्पत्तियों का मूल्य है, न उसकी लाभोपार्जन क्षमता है और न उसकी ख्याति है। यदि इसका कोई कारण हो सकता है तो केवल उस कम्पनी के अंशों का बड़ी संख्या में खरीदा जाना ही हो सकता है।

यदि किसी कम्पनी की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं हो और उसमे लाभोपार्जन क्षमता भी नहीं हो तो ऐसी स्थिति में उसकी ख्याति का भी कोई प्रश्न नहीं उठता फिर भी हो सकता है कि दूसरी कम्पनी जो उस पर

नियन्त्रण करना चाहती है अपने किसी हित के कारण उस कम्पनी के अंश खरीदना चाहती हो और इस बात की भी सम्भावना हो सकती है कि जिस कम्पनी को अंश खरीदकर सहायक कम्पनी बनाया जा रहा है उस कम्पनी की दशा इतनी खराब हो कि उसमें ख्याति की कोई सम्भावना ही न हो लेकिन, फिर भी कोई दूसरी कम्पनी अपने निजी हित के लिए उस कम्पनी पर अपना नियन्त्रण स्थापित करना चाहती हो तो उसे नियन्त्रण की लागत के रूप में अंशों के शुद्ध मूल्य से अधिक भुगतान करना पड़ेगा।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर इस निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकता है कि जब कम्पनी की लाभोपार्जन क्षमता एवं आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर उसके अंशों के लिए शुद्ध मूल्य से अधिक मूल्य देना उचित एवं न्याय संगत हो तब इसे ख्याति माना जाए और शेष अन्य सभी परिस्थितियों में उसे नियन्त्रण की लागत माना जाए।

(4) एकीकृत लाभ (Consolidated Profit) की गणना—सूत्रधारी एवं सहायक कम्पनी के लाभों को मिलाकर एकीकृत चिट्ठे में दायित्व पक्ष में दिखाया जाता है जिसे एकीकृत लाभ कहा जाता है। इसकी गणना इस प्रकार की जाती है—

	Opening balance of Profit and Loss A/c of Holding Co.	....
Add :	Profit for the year of Holding Co.	....
	Share in post acquisition profit of Subsidiary Co.	....
	Consolidated Profit	....

यदि उपरोक्त में लाभ के स्थान पर हानि होगी तो उसे घटा दिया जाएगा।

Illustration 10·3 : H Ltd. acquired all the shares in S Ltd. on 1st April, 1991 and the Balance Sheets of the two companies on 31st March, 1992 were as follows :

एच लिमिटेड ने एस लिमिटेड के सभी अंश 1 अप्रैल, 1991 को क्रय कर लिए और दोनों कम्पनियों के चिट्ठे 31 मार्च, 1992 को इस प्रकार थे —

Liabilities	H Ltd.	S Ltd.	Assets	H Ltd.	S Ltd.
	Rs.	Rs.		Rs.	Rs.
Share Capital	2,00,000	1,20,000	Sundry Assets	2,60,000	2,80,000
General Reserve on 1-4-1991	80,000	60,000	Investments in Shares of S Ltd. at cost	2,00,000	—
Profit and Loss Account	1,00,000	40,000			
Sundry Creditors	80,000	60,000			
	4,60,000	2,80,000		4,60,000	2,80,000

The Profit and Loss Account of S Ltd. has a credit balance of Rs. 12,000 *on* 1st April, 1991. Prepare a Consolidated Balance Sheet as on 31st March, 1992.

एस लिमिटेड के लाभ हानि खाते मे 1 अप्रैल, 1991 को 12,000 रु० का क्रेडिट शेष था। 31 मार्च, 1992 को एकीकृत चिट्ठा बनाइए।

Solution :

Consolidated Balance Sheet of H Ltd. and its Subsidiary S Ltd.
as on 31st March, 1992

Liabilities	Amount	Assets	Amount
	Rs.		Rs.
Share Capital	2,00,000	Goodwill	8,000
General Reserve	80,000	Sundry Assets	5,40,000
Consolidated Profit	1,28,000		
Sundry Creditors	1,40,000		
	5,48,000		5,48,000

Working Notes :

(i) Calculation of Net Worth of S Ltd

		Rs.
	Paid up share Capital	1,20,000
Add :	Genral Reserve on 1-4-1991	60,000
	Opening Balance of P. & L. A/c	12,000
	Net Worth	1,92,000

(ii) Calculation of Goodwill or Capital Reserve

	Cost of Investment	2,00,000
Less :	Net worth	1,92,000
	Goodwill or Cost of Control	8,000

(iii) Calculation of Cosolidated Profit :

	Rs.
Profit and Loss A/c of H Ltd.	1,00,000
Add : Post acquisition Profit of S Ltd. (Rs. 40,000 – Rs. 12,000)	28,000
	1,28,000

(ii) आंशिक स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी (Partly owned Subsidiary Company) : जब किसी कम्पनी द्वारा निर्गमित अंशो का आधे से अधिक भाग किसी अन्य कम्पनी के स्वामित्व एवं नियन्त्रण में होता है

तथा उसके अंशों का शेष भाग बाह्य व्यक्तियों (Outsiders) के स्वामित्व में होता है, तो ऐसी कम्पनी 'आंशिक स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी' कहलाती है। ऐसी स्थिति में पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी का एकीकृत चिट्ठा बनाने के लिए की गई उपरोक्त गणनाओं के अतिरिक्त अल्पमत अंशधारियों (Minority Shareholders') के हित की गणना निम्न प्रकार की जाएगी :—

	Rs.
Share in Net Worth of Subsidiary Company	....
Add : Share in Post-acquisition Profits	....
Minority Shareholders' Interest	....

सहायक कम्पनी को अंश अधिग्रहण के बाद की अवधि में हानि होने पर उसे घटा दिया जाएगा। अल्पमत अंशधारियों के हित की राशि को एकीकृत चिट्ठे के दायित्व पक्ष की ओर दिखाया जायेगा।

Illustration 10·4 : From the Balance Sheets given below prepare a Consolidated Balance Sheet of A Ltd. and its Subsidiary B Ltd. Shares were acquired on 1st October, 1991.

निम्नलिखित चिट्ठों से ए लिमिटेड तथा इसकी सहायक कम्पनी बी लिमिटेड का एकीकृत चिट्ठा तैयार कीजिये। 1 अक्टूबर, 1991 को अंश क्रय किये गये।

Balance Sheets of A Ltd. and B Ltd.
as on 31st March, 1992

Liabilities	A Ltd.	B Ltd.	Assets	A Ltd.	B Ltd.
	Rs.	Rs.		Rs.	Rs.
Share Capital :			Land and Buildings.	2,40,000	40,000
Shares of Rs. 100 each	3,00,000	60,000	Plant and Machinery.	40,000	40,000
General Reserve	40,000	—	Current Assets	1,16,000	20,000
Profit and Loss A/c	60,000	21,000	Investments :		
Sundry Creditors	50,000	19,000	540 Shares of Rs. 100 in B Ltd.	54,000	—
	4,50,000	1,00,000		4,50,000	1,00,000

The Profit and Loss Account of B Ltd. has a credit balance of Rs. 9,000 on 1st April, 1991.

बी लिमिटेड के लाभ हानि खाते में 1 अप्रैल, 1991 को 9,000 रु० का क्रेडिट शेष था।

Solution :

Consolidated Balance Sheet of A Ltd. and its Subsidiary B Ltd.
as on 31st March, 1992

Liabilities	Amount	Assets	Amoı
	Rs.		Rs
Share Capital :		Land and Buildings	2,80,
Shares of Rs. 100 each	3,00,000	Plant and Machinery	80,
Capital Reserve	13,500	Current Assets	1,36,
General Reserve	40,000		
Consolidated Profit	65,400		
Minority Shareholders' Interest	8,100		
Sundry Creditors	69,000		
	4,96,000		4,96,

Working Notes :

(i) Calculation of Net Worth of B Ltd.

	Rs.
Paid up Share Capital	60,00
Opening Balance of Profit and Loss A/c	9,00
Pre-acquisition Profit for six months.	6,00
Net Worth	75,00

(ii) Calculation of Goodwill or Capital Reserve :

Cost of Investment	54,00
Share in Net Worth of B Ltd. $\left(75{,}000 \times \frac{90}{100}\right)$	67,50
Capital Reserve	13,50

(iii) Calculation of Minority Shareholders' Interest :

	Rs.
Share in Net Worth $\left(75{,}000 \times \frac{1}{10}\right)$	7,50
Add Share in Post-acquisition Profit $\left(6{,}000 \times \frac{1}{10}\right)$	60
Minority Shareholders' Interest	8,10

(iv) Calculation of Consolidated Profit :

	Rs.
Balance of Profit and Loss A/c of A Ltd	60,000
Add : Share in Post-acquisition Profit $\left(6,000 \times \frac{9}{10}\right)$	5,400
Consolidated Profit	65,400

अन्तः कम्पनी व्यवहारों को रद्द करना
(Cancellation of Inter-Company Transactions)

सूत्रधारी कम्पनी एवं सहायक कम्पनी के मध्य परस्पर लेने देन होते रहते हैं जिनके परिणामस्वरूप इनके चिट्ठों में कुछ मदें ऐसी होती है जो एक दूसरे से सम्बन्धित होती हैं। एकीकृत चिट्ठा बनाते समय ऐसी मदों के प्रभाव को हटाना आवश्यक होता है। ये मदें निम्नलिखित हो सकती है :

(i) **देनदार व लेनदार** (Debtors and Creditor)—परस्पर उधार क्रय-विक्रय तथा प्रदत्त सेवाओं के कारण देनदार व लेनदार उत्पन्न होते हैं। सूत्रधारी कम्पनी एवं सहायक कम्पनी के चिट्ठों में दिखाई गई ऐसी राशियों को एकीकृत चिट्ठा बनाते समय दोनों तरफ से हटा दिया जायेगा।

(ii) **प्राप्य बिल एवं देय बिल** (Bills Receivable and Bills Payable) : सूत्रधारी कम्पनी एवं सहायक कम्पनी द्वारा एक दूसरे पर लिखे गये एवं स्वीकार किये गये देय तथा प्राप्य बिल जिन्हें न तो भुनाया गया है और न ही बेचान किया गया है तथा जो चिट्ठे की तिथि को भुगतान के लिए देय नहीं हुए हैं, एकीकृत चिट्ठा बनाते समय ऐसी राशियों को दोनों तरफ से हटा दिया जाता है। उदाहरणार्थ सूत्रधारी कम्पनी ने अपनी सहायक कम्पनी पर 25,000 रु० के बिल लिखे तथा स्वीकृति के पश्चात् 15,000 रु० के बिल सूत्रधारी कम्पनी द्वारा बैंक से भुनवा लिए गये। ऐसी स्थिति में सूत्रधारी कम्पनी के चिट्ठे में प्राप्य बिलों की राशि 10,000 रु० होगी तथा 15,000 रु० के संदिग्ध दायित्व होंगे जिन्हें चिट्ठे के नीचे बताया जायेगा। सहायक कम्पनी के चिट्ठे में 25,000 रु० के देय बिल होंगे। एकीकृत चिट्ठा बनाते समय 10,000 रु० की राशि दोनों तरफ कम कर दी जायेगी। एकीकृत चिट्ठे के नीचे संदिग्ध दायित्व के रूप में भुनाये गये बिलों की 15,000 रु० की राशि नहीं दिखायी जायेगी।

(iii) **परस्पर ऋण व अग्रिम** (Mutual Loans and Advances) : यदि सूत्रधारी एवं सहायक कम्पनी ने आपस में कोई उधार ली है तो यह राशि उधार देने वाली कम्पनी के चिट्ठे में सम्पत्ति पक्ष पर एवं उधार लेने वाली कम्पनी के चिट्ठे में दायित्व पक्ष की ओर दिखायी जायेगी। एकीकृत चिट्ठा बनाते समय इस राशि को दोनों तरफ से हटा दिया जायेगा। इसी प्रकार यदि दोनों कम्पनियों के मध्य होने वाले आपसी व्यवहारों के लिए चालू खाते (Current Accounts) खुले हुए हैं तो इन्हें भी एकीकृत चिट्ठा बनाते समय दोनों तरफ से हटा दिया जाएगा। यदि दोनों राशियों में अन्तर हो तो अन्तर की राशि को एकीकृत चिट्ठे में सम्पत्ति पक्ष की ओर मार्गस्थ रोकड़ (Cash in transit) लिख दिया जायेगा।

(iv) **ऋणपत्र** (Debentures) : यदि सूत्रधारी कम्पनी ने सहायक कम्पनी के अथवा सहायक कम्पनी ने सूत्रधारी कम्पनी के ऋणपत्र क्रय कर रखे हों तो इन्हें एकीकृत चिट्ठा बनाते समय अन्तः कम्पनी व्यवहार मानकर दोनों तरफ से हटा दिया जायेगा। ऋणपत्रों की प्राप्ति की लागत उनके अंकित मूल्य से कम या अधिक होने पर अन्तर की राशि ख्याति या पूंजीगत संचय होगा। ऋणपत्रों का क्रय मूल्य प्रदत्त मूल्य से अधिक होने पर आधिक्य ख्याति में जोड़ दिया जायेगा अथवा पूंजीगत संचय में से घटा दिया जायेगा और यदि क्रय मूल्य प्रदत्त मूल्य से कम है तो अन्तर की राशि पूंजीगत संचय में जोड़ दी जायेगी अथवा ख्याति में से कम कर दी जायेगी।

(ह) पूर्वाधिकार अंश (Preference Shares) : यदि सहायक कम्पनी ने पूर्वाधिकार अंशों का भी निर्गमन कर रखा है तो एकीकृत चिट्ठा बनाते समय इसका भी समायोजन करना होगा। यदि इन सभी अंशों को सूत्रधारी कम्पनी ने धारित कर रखा हो तो इन्हें सूत्रधारी कम्पनी के चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में विनियोग के रूप में दिखाया गया होगा तथा सहायक कम्पनी के चिट्ठे के दायित्व पक्ष में अंश पूंजी शीर्षक के अन्तर्गत दिखाया गया होगा। यदि सूत्रधारी कम्पनी द्वारा इन अंशों को प्रदत्त मूल्य पर क्रय किया गया है तो एकीकृत चिट्ठा बनाते समय इन्हें अन्तः कम्पनी व्यवहार मानकर हटा दिया जायेगा, लेकिन इन अंशों का क्रय मूल्य इनके प्रदत्त मूल्य से भिन्न होने पर अन्तर की राशि ख्याति अथवा पूंजीगत संचय में सम्मिलित कर ली जायेगी। यदि सहायक कम्पनी के पूर्वाधिकार अंश पूर्णतः बाह्य अंशधारियों द्वारा धारित किये जाते हैं तो उनका प्रदत्त मूल्य बाह्य अंशधारियों के हित में जोड़ दिया जायेगा। सहायक कम्पनी के पूर्वाधिकार अंश अंशतः सूत्रधारी कम्पनी के पास व अंशतः बाह्य अंशधारियों के पास होने पर सूत्रधारी कम्पनी का हिस्सा उपरोक्त नियम के आधार पर समायोजित कर लिया जायेगा तथा बाह्य अंशधारियों का हिस्सा उनके हित में जोड़ दिया जायेगा।

सहायक कम्पनी के पूर्वाधिकार अंशों पर बकाया लाभांश की राशि को इसके चालू वर्ष के लाभों में से कम कर दिया जायेगा तथा लाभांश की इस राशि में सूत्रधारी कम्पनी का हिस्सा एकीकृत लाभ में जोड़ दिया जायेगा और बाह्य अंशधारियों का हिस्सा उनके हित की राशि में जोड़ दिया जायेगा।

Illustration 10·5 : Heavy Ltd. acquired 18,000 Equity Shares of Strong Ltd. of the face value of Rs. 10 each at a price of Rs. 2,55,000 on 1st October, 1991. The Balance Sheet of the two companies as on 31st March, 1992 were as follows :

हैवी लिमिटेड ने स्ट्रांग लिमिटेड के 10 रु० अंकित मूल्य वाले 18,000 इक्विटी अंश 2,55,000 रु० की लागत पर 1 अक्टूबर 1991 को खरीदे। 31 मार्च, 1992 को दोनों कम्पनियों के चिट्ठे इस प्रकार थे :

Balance Sheets

Liabilities	Heavy Ltd.	Strong Ltd.	Assets	Heavy Ltd.	Storng Ltd.
	Rs.	Rs.		Rs.	Rs.
Equity Shares of Rs.10 each	15,00,000	3,00,000	Land and Building	10,50,000	2,55,000
General Reserve (as on 1-4-91)	6,30,000	1,50,000	Plant and Machinery	7,50,000	1,50,000
P. & L. A/c (as on 1-4-91)	1,35,000	60,000	Stock	3,00,000	60,000
Profit for the year	2,55,000	67,500	Debtors	4,50,000	2,02,500
Creditors	3,60,000	1,38,000	Investments	3,00,000	—
Bills Payable	1,20,000	90,000	Bills Receivables	30,000	45,000
			Bank	90,000	75,000
			Cash	30,000	18,000
	30,00,000	8,05,500		30,00,000	8,05,500

Out of the debtors and bills receivables of Heavy Ltd. Rs. 75,000 and Rs. 24,000 respectively represented those due from Strong Ltd.

Prepare a Consolidated Balance Sheet as on 31st March, 1992.

हैवी लिमिटेड के देनदारों और प्राप्य बिलों में से क्रमशः 75,000 रु० और 24,000 रु० स्ट्रांग लिमिटेड द्वारा देय है।

31 मार्च, 1992 को एक एकीकृत चिट्ठा तैयार कीजिये।

Solution :

(i) **Calculation of Net Worth of Strong Ltd.**

		Rs.
Paid up Share Capital		3,00,000
Opening Balance of General Reserve		1,50,000
Opening Balance of Profit & Loss A/c		60,000
Pre-acquisition Profit ($67,500 \times \frac{6}{12}$)		33,750
	Net Worth	5,43,750

(ii) **Calculation of Goodwill or Capital Reserve**

		Rs.
3/5th Share in Net worth of Strong Ltd.	($5,43,750 \times 3/5$)	3,26,250
Less : Cost of Investment		2,55,000
	Capital Reserve	71,250

(iii) **Calculation of Minority Shareholders' Interest**

		Rs.
$\frac{2}{5}$ Share of Net worth ($5,43,750 \times \frac{2}{5}$)		2,17,500
Add : 2/5th Share of Post acquisition Profit ($33150 \times 2/5$)		13,500
	Minority Shareholders' Interest	2,31,000

(iv) **Calculation of Consolidated Profit**

Opening Balance of Profit of Heavy Ltd.		1,35,000
Add : Current Year's Profit of Heavy Ltd.		2,55,000
3/5th Share of Post-acquisition Profit ($33,750 \times 3/5$)		20,250
	Consolidated Profit	4,10,250

Consolidated Balance Sheet of Heavy Ltd and its Subsidiary Strong Ltd.
as on 31st March, 1992

Liabilities	Rs.	Assets	Rs.
Equity Share Capital of		Land and Building	13,05,000
Rs. 10 each	15,0[illegible],000	Plant and Machinery	9,00,000
Capital Reserve	7[illegible],250	Investments	45,000
General Reserve	6,3[illegible],000	Stock	3,60,000
Consolidated Profit	4,1[illegible],250	Debtors (4,50,000 + 2,02,500	
Minority Interest	2,3[illegible],000	− 75,000)	5,77,[illegible]00
Creditors (3,60,000 + 1,38,000	4,2[illegible],000	Bills Receivables	
− 75,000)	1,8[illegible],000	(30,000 + 45,000 − 24,000)	51,000
Bills Payable (1,20,000 + 90.000		*Bank*	*1,65,000*
− 24,000		Cash	48,000
	34.51,500		34,51,500

स्टॉक में सम्मिलित न वसूल हुए लाभ के साथ व्यवहार (Treatment of Unrealised Profit included in Stock) : सूत्रधारी कम्पनी और उसकी सहायक कम्पनियों के मध्य माल के क्रय-विक्रय सम्बन्धी लेन-देन चलते रहते हैं। प्राय: ऐसे लेन देन माल की लागत + लाभ का एक निश्चित प्रतिशत जोड़ कर किये जाते हैं। वार्षिक खाते बनाने की तिथि को ऐसे माल में से बेचा माल को क्रेता कम्पनी की पुस्तकों में उसके लागत मूल्य पर ही दिखाया जाता है जिसमें विक्रेता कम्पनी द्वारा लिया गया लाभ सम्मिलित होता है। अतः एकीकृत चिट्ठा बनाते समय विक्रेता कम्पनी के द्वारा वसूल किये गये लाभों के लिए समायोजन करना आवश्यक होता है।

(i) न वसूल हुए लाभ की गणना : यदि विक्रेता कम्पनी द्वारा क्रेता कम्पनी को बेचे गये माल, उस पर वसूल किये गये कुल लाभ तथा क्रेता कम्पनी के पास माल में से शेष स्टॉक की सूचना उपलब्ध है तो ऐसे लाभ का वह अनुपात जो शेष रहे स्टॉक का क्रय किये गये माल के साथ है न वसूल हुआ लाभ होगा। उदाहरणार्थ यदि सूत्रधारी कम्पनी ने सहायक कम्पनी का 50,000 रु० का माल बेचा जिसमें 10,000 रु० लाभ सम्मिलित है तथा एकीकृत चिट्ठा बनाने की तिथि को सहायक कम्पनी के स्टॉक में 20,000 रु० का ऐसा माल सम्मिलित है तो न वसूल हुआ लाभ $\left(\frac{10,000}{50,000} \times 20\,000\right)$ 4,000 रु० होगा। यदि विक्रेता कम्पनी द्वारा वसूल किये गये लाभों का प्रतिशत दिखाया गया है तो इस प्रतिशत के आधार पर न वसूल हुये लाभों की गणना की जा सकती है। ऐसा प्रतिशत लागत पर अथवा विक्रय मूल्य पर दिया जा सकता है। यदि लाभों का प्रतिशत विक्रय मूल्य पर दिया गया है तो क्रेता कम्पनी के पास शेष रहे माल पर इस प्रतिशत के आधार पर न वसूल हुए लाभ की राशि ज्ञात कर ली जायेगी। लाभ का प्रतिशत क्रय मूल्य अर्थात् लागत मूल्य पर दिया हुआ होने पर ऐसे प्रतिशत को निम्न सूत्र की सहायता से विक्रय मूल्य में परिवर्तित करके न वसूल हुये लाभ की गणना कर ली जाती है :

$$\text{Unrealised Profit} = \frac{\text{Percentage of Profit on cost}}{100 + \text{Percentage of Profit on cost}} \times \text{Value of Stock}$$

उदाहरणार्थ, सूत्रधारी कम्पनी अपना माल लागत मे 25% जोड़कर बेचती है। सहायक कम्पनी ने 30,000 रु० का माल सूत्रधारी कम्पनी से क्रय किया था जिसमें से *10,000 रु० का माल बिना बिका रह गया।* इस 10,000 रु० के माल में सम्मिलित न वसूल हुये लाभ की गणना निम्न प्रकार की जायेगी—

$$\text{न वसूल हुआ लाभ} = \frac{25\%}{100 + 25\%} \times 10{,}000 \text{ रु०} = 2{,}000 \text{ रु०}$$

न वसूल हुए लाभ के साथ व्यवहार : यदि सहायक कम्पनी के समस्त अंश सूत्रधारी कम्पनी के पास है तो न वसूल हुआ सम्पूर्ण लाभ एकीकृत स्टॉक में से एवं सूत्रधारी कम्पनी के लाभ-हानि खाते के शेष में से घटा दिया जायेगा। यदि सूत्रधारी कम्पनी ने सहायक कम्पनी के समस्त अंश नहीं खरीद रखे हैं तो न वसूल हुए लाभों का केवल वही हिस्सा घटाया जायेगा जो सूत्रधारी कम्पनी से सम्बन्धित है। उपरोक्त उदाहरण में यह मान लिया जाये कि सूत्रधारी कम्पनी के पास सहायक कम्पनी के अंशों का 60% भाग है तो 2,000 रु० के न वसूल हुए लाभ का 60% अर्थात् 1,200 एकीकृत स्टॉक में से तथा सूत्रधारी कम्पनी के लाभ-हानि खाते के शेष में से घटा दिया जायेगा।

Illustration 10 6 : The Balance Sheets of H Ltd. and S Ltd. as on 31st March, 1992 were as follows.

31 मार्च, 1992 को एच लिमिटेड तथा एस लिमिटेड के चिट्ठे इस प्रकार थे :

Balance Sheets
as on 31st March, 1992

Liabilities	H Ltd.	S Ltd.	Assets	H Ltd.	S Ltd.
	Rs.	Rs.		Rs.	Rs.
Equity Share Capital in shares of Rs. 100 each fully paid	10,00,000	2,00,000	Fixed Assets	8,00,000	2,10,000
General Reserve	2,70,000	80,000	Stock	3,00,000	90,000
Profit & Loss Account	1,80,000	60,000	Debtors	2,30,000	1,40,000
Bills Payable	50,000	40,000	1,500 Shares in S Ltd.	2,60,000	—
Creditors	2,00,000	1,20,000	Bills Receivables	70,000	50,000
			Cash at Bank	40,000	10,000
	17,00,000	5,00,000		17,00,000	5,00,000

H Ltd. purchased shares in S Ltd. on 31st December, 1991. On 1st April, 1991 Profit and Loss Account of S Ltd. showed a debit balance of Rs. 20,000. S Ltd. transferred Rs. 8,000 to General Reserve on 31st March, 1992. Creditors of H Ltd. includes Rs. 30,000 for goods purchased on credit from S Ltd Closing Stock of H Ltd. includes unsold stock of Rs. 10,000 which was sold by S Ltd. at a profit of 25% on cost. Bills Payable of S Ltd. includes bills of Rs. 15,000 accepted in favour of H Ltd. Bills receivable of H Ltd. includes bills of Rs. 8,000 received from S Ltd. There is a contingent liability of H Ltd. for bills discounted Rs. 20,000. Prepare Consolidated Balance Sheet.

एच लिमिटेड ने एस लिमिटेड के अंश 31 दिसम्बर, 1991 को खरीदे। 1 अप्रैल, 1991 को एस लिमिटेड का लाभ हानि खाता 20,000 रु० से नाम शेष दिखाता था। 31 मार्च, 1992 को एस लिमिटेड ने 8,000 रु० सामान्य सचय में स्थानान्तरित किये। एच लिमिटेड के लेनदारों में 30,000 रु० एस लिमिटेड से उधार माल खरीदने की राशि सम्मिलित है। एच लिमिटेड के अन्तिम स्टॉक में 10,000 रु० का बिना बिका माल सम्मिलित है जो कि एस मिलिटेड द्वारा लागत पर 25% लाभ लेकर बेचा गया था। एस लिमिटेड के देय बिलों मे 15,000 रु० के ऐसे बिल हैं जो एच लिमिटेड के पक्ष में स्वीकार किये गये थे। एच लिमिटेड के प्राप्य बिलों में 8,000 रु० के ऐसे बिल हैं जो एस लिमिटेड से प्राप्त हुये थे। एच लिमिटेड का भुनाये गये बिलों के सम्बन्ध में 20,000 रु० सदिग्ध दायित्व है। एकीकृत चिट्ठा तैयार कीजिये।

Solution :

(i) **Determination of Profit of S Ltd. for the year 1991-92**

Profit and Loss Account

	Rs.		Rs.
To Balance b/d	20,000	By Net Profit for the year	
To General Reserve	8,000	(Balancing figure)	88,000
To Balance c/d	60,000		
	88,000		88,000

(ii) Calculation of Net Worth of S Ltd. :

	Rs.
Paid up share Capital	2,00,000
General Reserve (Rs 80,000 – Rs. 8,000)	72,000
Profit up to 31st December, 1991 ($88,000 \times \frac{9}{12}$)	66,000
	3,38,000
Less : Debit balance of P. & L. A/c (1-4-91)	20,000
Net Worth	3,18,000

(iii) Calculation of Goodwill or Capital Reserve :

Cost of Investments	2,60,000
Less : Share in Net Worth of S Ltd. (75% of Rs. 3,18,000)	2,38,500
Goodwill	21,500

(iv) Calculation of Minority Shareholders' Interest :

Share in Net Worth (25% of Rs. 3,18,000)	79,500
Add : Share in Post-acquisition Profits ($88,000 \times \frac{3}{12} \times \frac{1}{4}$)	5,500
Minority Shareholders' Interest	85,000

(v) Calulation of Unrealised Profit in Closing Stock of H Ltd.

	Rs.
Value of Stock remained unsold	10,000
Profit charged by S Ltd 25% on cost or 20% on Sale Price	2,000
Reserve required (75% of Rs. 2,000)	1,500

(vi) Calculation of Consolidated Profit :

Balance of Profit and Loss A/c of H Ltd.	1,80,000
Add : Post-acquirition Profits ($88,000 \times \frac{3}{12} \times \frac{3}{4}$)	16,500
	1,96,500
Less : Unrealised Profit included in Stock	1,500
Consolidated Profit	1,95,000

(vii) Stock = Rs. 3,00,000 + Rs. 90,000 − Rs. 1,500 = Rs 3,88,500

(viii) Debtors = Rs. 2,30,000 + Rs. 1,40,000 − Rs. 30,000 = Rs. 3,40,000

(ix) Bills Receivable = Rs. 70,000 + Rs. 50,000 − Rs. 8,000 = Rs. 1,12,000

(x) Creditors = Rs. 2,00,000 + Rs. 1,20,000 - Rs. 30,000 = Rs. 2,90,000

(xi) Bills Payable = Rs. 50,000 + Rs. 40,000 − Rs. 8,000 = Rs. 82,000

Consolidated Balance Sheet of H Ltd. and its Subsidiary S Ltd.
as on 31st March, 1992

Liabilities	Rs.	Assets	Rs.
Equity Shares of Rs. 100 each	10,00,000	Goodwill	21,500
General Reserve	2,70,000	Fixed Assets	10,10,000
Consolidated Profit	1,95,000	Stock	3,88,500
Minority Shareholders' Interest	85,000	Debtors	3,40,000
Bills Payable	82,000	Bills Receivable	1,12,000
Creditors	2,90,000	Bank Balance	50,000
	19,22,000		19,22,000

विशिष्ट मदों का समायोजन
(Adjustment of Specific Items)

एकीकृत चिट्ठा बनाते समय निम्नलिखित मदों के सम्बन्ध में दी गई सूचनाओं के अनुसार उनका समायोजन करना आवश्यक हो जाता है :

(i) प्रस्तावित लाभांश (Proposed Dividends) : यदि सहायक कम्पनी ने लाभांश प्रस्तावित किया है तो इसकी राशि उसके चिट्ठे के दायित्व पक्ष में दिखायी गई होगी। एकीकृत चिट्ठा बनाते समय प्रस्तावित लाभांश

की राशि को चालू वर्ष के लाभों में जोड़ दिया जायेगा तथा इसके पश्चात् लाभ की राशि को अंश अधिग्रहण से पूर्व तथा अंश अधिग्रहण के बाद के लाभों में बाँट कर आवश्यक समायोजन किया जायेगा।

(ii) अदत्त लाभांश (Unpaid Dividend) : यदि सहायक कम्पनी ने लाभांश घोषित किया है लेकिन अन्तिम खाते बनाने तक उसका भुगतान नहीं किया गया है तो यह सहायक कम्पनी के चिट्ठे में दायित्व पक्ष की ओर अदत्त लाभांश के रूप में दिखाया जायेगा। सूत्रधारी कम्पनी द्वारा इस लाभांश में अपने हिस्से की राशि को अपने चिट्ठे में सम्पत्ति पक्ष की ओर 'प्राप्य लाभांश' के रूप में एक अलग मद के अन्तर्गत अथवा विविध देनदारों में दिखाया जायेगा। एकीकृत चिट्ठा बनाते समय सूत्रधारी कम्पनी के हिस्से को अन्तः कम्पनी व्यवहार मानकर हटा दिया जायेगा तथा बाह्य अंशधारियों से सम्बन्धित राशि उनके हित में जोड़ दी जायेगी।

(iii) अन्तरिम लाभांश (Interim Dividend) : यदि सहायक कम्पनी द्वारा चालू वर्ष के लाभों में से अन्तरिम लाभांश घोषित किया गया है तो अन्तरिम लाभांश की राशि को चालू वर्ष के लाभ में जोड़कर पूर्व बताए गये नियमानुसार आवश्यक समायोजन कर लिया जायेगा। अन्तरिम लाभांश में जितना हिस्सा सूत्रधारी कम्पनी को मिला है उसके लाभ में से कम कर दिया जायगा तथा बाह्य अंशधारियों का हिस्सा उनके हित की राशि में से घटा दिया जायेगा।

(iv) अंश अधिग्रहण से पूर्व के लाभों में से लाभांश (Dividend out of Pre-acquisition Profits) – *यदि सहायक कम्पनी ने अंश अधिग्रहण से पूर्व के लाभों में से लाभांश घोषित किया है* तो सूत्रधारी कम्पनी द्वारा इस लाभांश को अपने लाभ हानि खाते से क्रेडिट नहीं किया जाता है बल्कि 'सहायक कम्पनी के अंशों में विनियोग खाते' को क्रेडिट किया जाता है। यदि सूत्रधारी कम्पनी ने इस लाभांश को अपने लाभ-हानि खाते में क्रेडिट कर दिया है तो एकीकृत लाभ की गणना करते समय इसे लाभ में से कम कर देना चाहिए। दूसरी तरफ सहायक कम्पनी के शुद्ध मूल्य की गणना करते समय उक्त लाभांश की राशि को घटाने के पश्चात् शेष लाभ का ही समायोजन किया जायेगा तथा 'सहायक कम्पनी के अंशों में विनियोग खाते' को क्रेडिट करके विनियोग की लागत को कम कर दिया जायेगा। अल्पमत अंशधारियों के हित की गणना में इसके सम्बन्ध में कोई समायोजन नहीं किया जाएगा।

Illustration 10.7. The Summarised Balance Sheets of A Ltd. and B Ltd. as at 31st March, 1992 are as follows :

31 मार्च, 1992 को ए लिमिटेड तथा बी लिमिटेड के चिट्ठे इस प्रकार हैं :

Liabilities	A Ltd.	B Ltd.	Assets	A Ltd.	B Ltd.
	Rs.	Rs.		Rs	Rs.
Share Capital : Shares of Rs. 10 each fully paid	3,00,000	1,50,000	*Freehold Premises*	2,60,000	90,000
General Reserve	1,90,000	6,000	Machinery	60,000	80,000
Profit and Loss A/c	1,60,000	1,08,000	Stock	68,000	60,000
Sundry Creditors	30,000	48,000	Sundry Debtors	52,000	49,000
			Investment in Shares of B Ltd. at cost	1,80,000	—
			Cash at Bank	60,000	33,000
	6,80,000	3,12,000		6,80,000	3,12,000

A Ltd. acquired 12,000 Shares of B Ltd. on 1st April, 1991 at a total cost of Rs. 1,80,000 On scrutiny of the Balance Sheet of A Ltd. as at 31st March, 1992 the following details are obtained :

(i) Profit and Loss Account includes the interim dividend at the rate of 10% free of tax from B Ltd.

(ii) Stock includes Rs. 6,000 of stock at cost purchased from B Ltd.

(iii) Sundry Creditors include Rs. 18,000 for purchases from B Ltd. on which the later company made a profit of Rs 4,500.

It is further stated that on 1st April, 1991 the Profit and Loss Account of B Ltd. stood at Rs. 76,000 and the General Reserve at Rs. 4,500. No final dividends are yet proposed to be declared by B Ltd

Prepare Consolidated Balance Sheet.

31 दिसम्बर, 1991 को एच लिमिटेड एवं एस लिमिटेड के चिट्ठे निम्न प्रकार हैं:

Liabilities	H Ltd.	S Ltd.	Assets	H Ltd.	S Ltd.
	Rs.	Rs.		Rs.	Rs.
Share Capital :			Sundry Assets	2,70,000	2,07,000
(Shares of Rs. 10 each			Investments :		
fully paid)	3,00,000	1,50,000	12,000 Shares in		
Reserves	90,000	60,000	S Ltd.	1,50,000	
Creditors	30,000	30,000	3,000 Shares in		
			H Ltd.		33,000
	4,20,000	2,40,000		4,20,000	2,40.000

H Ltd. acquired the shares S Ltd. on 1st January, 1991 when reserves in S Ltd. stood at Rs. 36,000 and in H Ltd. at Rs. 54,000. S Ltd. had acquired the shares in H Ltd. on 1st January, 1991.

Prepare the Consolidated balance sheet of the two companies as on 31 Dec., 1991.

एच लिमिटेड ने एस लिमिटेड के अंश 1 जनवरी, 1991 को अधिग्रहित किये थे उस समय एस लि० के संचय 36,000 रु० एवं एच लिमिटेड के 54,000 रु० थे। एस लिमिटेड ने एच लिमिटेड के अंश 1 जनवरी, 1990 को अधिग्रहित किये थे।

31 दिसम्बर, 1991 को दोनों कम्पनियों का एकीकृत तैयार कीजिए।

Answer : Capital Reserve Rs. 3,000; Minority Interest Rs. 45,000; Consolidated Profit 99,000 and Total of Balance Sheet Rs. 4,77,000. (10·14)

25. The following are the Profit & Loss Accounts of H Ltd. and its subsidiary S Ltd. for the year ended 31st March, 1992 :

31 मार्च, 1992 को समाप्त हुए वर्ष के लिए एच लि० और उसकी सहायक एस लि० के निम्नलिखित लाभ-हानि खाते हैं :

Profit and Loss Account of H Ltd. acd S Ltd.
for the year ending 31st March, 1992

Particular	H Ltd.	S Ltd.	Particulars		H Ltd.	S Ltd.
	Rs.	Rs.			Rs.	Rs.
To Opening Stock	2,00,000	1,00,000	By Sales		16,00,000	14,00,000
To Purchases	8,00,000	6,00,000	By Stock		4,00.000	30,000
To Direct Expenses	1,40,000	1 00,000				
To Gross Profit c/d	8,60,000	6,30,000				
	20,00,000	14,30,000			20,00,000	14,30,000
To Salaries	70,000	40,000	By Gross Profit		8,60,000	6,30,000
To Administration Expenses	1,14,000	8,500	By Interest on Debcn.		6,000	
			By Pref. Dividend		2,400	
To Depreciation	1,94,000	1,31,120	By Dividends Accrued :			
To Debenturne Interest	—	12,000	Preference	2,400		
To Balance of Profit	5,15,300	3,65,380	Equity	22,500	24,900	—
	8,93,000	6,30,000			8,93,300	6,30,000

(Contd....)

Contd........

	Rs.	Rs.		Rs.	Rs.
To Preference Dividend	—	6,000	By Net Profit b/d	5,15,300	3,65,380
To Proposed Dividend					
Preference	—	6,000			
Equity	2,00,000	30,000			
To Balance c/d	3,15,300	3,23,380			
	5,15,300	3,65,380			

The following further information is given :

(i) The share capital of S Ltd. consists of : 20,000 6% Preference shares of Rs. 10 each; and 20,000 Equity shares of Rs. 10 each.

(ii) S Ltd. has got issued 5% Debentures of Rs. 2,00,000.

(iii) H Ltd. acquired shares in S Ltd. on 1st July, 1991. The holdings consist of 75% Equity share capital and 40% Preference share capital.

(iv) H Ltd. acquired half of the debentures of S Ltd. on 1st April 1991.

(v) H Ltd. purchased goods from S Ltd. for Rs. 80,000. S Ltd. sells goods at a price which gives 25% profit on cost. One-fourth of these goods were still in the closing stock of H Ltd.

Prepare Consolidated Profits and Loss Account.

निम्नलिखित सूचना और दी जाती हैं :

(i) एस लिमिटेड की अंश पूंजी में निम्न सम्मिलित हैं :
20,000 6% 10 रुपये वाले अधिमान अंश; तथा 20,000 10 रुपये वाले ईक्विटी अंश।

(ii) एस लिमिटेड ने 2,00,000 रु० के 6% ऋणपत्र भी निर्गमित किये हैं।

(iii) एच लिमिटेड ने एस लि० में 1 जुलाई, 91 को अंश प्राप्त किये थे। धारण किये गये अंशों में 75% ईक्विटी अंश पूंजी तथा 40% अधिमान अंश पूंजी सम्मिलित हैं।

(iv) एच लिमिटेड ने 1 अप्रैल, 1991 को एस लि० के आधे ऋणपत्र भी अधिग्रहित किये थे।

(v) एच लिमिटेड ने एस लिमिटेड से 80,000 रु० का माल खरीदा था। एस लिमिटेड लागत में 25% माल जोड़ कर बेचती है। इसमें से एक चौथाई माल अब भी एच लि० के अन्तिम स्टॉक में था।

एकीकृत लाभ-हानि खाता तैयार कीजिए।

Answer : Minority Interest Rs. 91,945; Capital Reserve Rs. 66,259; Consolidated Balance of Profit Rs. 4,88,576. (10·15)

11

भारतीय लेखा मानक
(Indian Accounting Standards)

'सामान्य स्वीकृत लेखा सिद्धान्तों' (Generally Accepted Accounting Principles-GAAP) के रूप मे लेखांकन विषय का एक सैद्धान्तिक ढांचा तैयार हो जाने के बावजूद भी उपक्रमों के वित्तीय विवरणों को तैयार करने एवं प्रस्तुत करने में ऐसा बहुत सा क्षेत्र है (उदाहरणार्थ—स्टॉक का मूल्यांकन; ह्रास का निर्धारण, हानियों के लिए प्रायोजन आदि) जहां लेखाकार एवं प्रबन्धक अपने स्वनिर्णय का उपयोग करते हैं। व्यक्तिपरकता के प्रयोग द्वारा तैयार एव प्रस्तुत लेखे एवं उनमे प्रदत्त सूचनायें उनके विभिन्न प्रयोगकर्ताओं के लिए सीमित अर्थ रखती हैं तथा तुलनीय भी नहीं होती। लेखा पद्धतियों एवं व्यवहारों में अन्तर के द्वारा प्रबन्धकों को वास्तविक आर्थिक परिणामो को छिपाने या कपटपूर्ण तरीके से प्रस्तुत करने मे सहायता मिल जाती है। समष्टि रूप मे, समाज के विभिन्न वर्गों को लेखाकन के लाभो से दूर हो जाना पड़ता है। लेखाकन व्यवहारों मे एकरूपता की कमी की इस समस्या को विश्व स्तर पर पहचाना गया है और लेखा मानको के निर्धारण द्वारा इसे सुलझाने के प्रयास किये जा रहे हैं। आशा की जानी चाहिए कि इनको अपनाने पर वित्तीय विवरणो के प्रस्तुतीकरण की गुणात्मकता में सुधार होगा और एकरूपता मे वृद्धि होगी।

लेखा मानक (Accounting Standards)

लेखा मानक अथवा लेखा प्रमाप लेखांकन नीतियो के ऐसे मानदण्ड हैं जो सकेतो एवं दिशा निर्देशो के माध्यम से यह बताते हैं कि वित्तीय विवरणो एवं वार्षिक निष्पादन प्रतिवेदनो मे दिखाये जाने वाले विभिन्न मदों का व्यवहार किस प्रकार किया जाना चाहिए।

मानको का निर्धारण इस तर्क पर आधारित है कि विभिन्न उपक्रमों द्वारा अपनायी गयी विभिन्न नीतियो एवं कार्य पद्धतियो में एकरूपता आवश्यक है एवं एक ही उपक्रम द्वारा विभिन्न वर्षों मे तैयार किये गये वित्तीय विवरणो मे भी एकरूपता हो ताकि इनके प्रयोगकर्ता प्रदत्त सूचनाओं को ठीक तरह से समझ सकें एवं इनके आधार पर उचित निर्णय ले सकें। इस प्रकार यह कह सकते हैं कि मानक किसी भी मामले मे एक व्यक्ति के दृष्टिकोण के बजाय सामूहिक ज्ञान एव अनुभव को स्थापित करने के साधन हैं। मानक या प्रमाप सामान्य सिद्धान्तों के रूप में निर्धारित किये जाते हैं जिन्हे प्रयोग के लिए पेशेवर व्यक्तियों के निर्णय पर छोड़ दिया जाता है। ऐसी स्थिति मे मानको का उद्देश्य यह होना चाहिए कि वित्तीय विवरणो के प्रयोगकर्ताओं को वे सूचनाएं देना जिनके आधार पर लेखे तैयार किये गये हैं न कि आदेशात्मक रूप मे यह बताना कि लेखे अमुक आधार पर तैयार करने होंगे। वैकल्पिक रूप में लेखा मानको में विभिन्न मदो के सम्बन्ध मे विस्तृत नियम सम्मिलित होते हैं जिन्हे वित्तीय

विवरणों को प्रस्तुत करने के लिए विभिन्न मदों के लेखा व्यवहार के सम्बन्ध में प्रयुक्त किया जाता है। ऐसी परिस्थिति में प्रबन्ध के समक्ष विकल्प सीमित हो जाते हैं एवं पेशेवर निर्णय का क्षेत्र भी संकुचित हो जाता है।

अन्तर्राष्ट्रीय लेखा मानक (International Accounting Standards—IAS)

विकसित यातायात एवं संदेशवाहन के साधनों ने व्यापारिक स्तर पर देश एवं क्षेत्रीयता की सीमा को लगभग समाप्त कर दिया है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते हुए अत्यधिक व्यापार के कारण यह आवश्यक हो गया है कि प्रकाशित लेखों में आर्थिक और वित्तीय सूचनाओं को सही रूप में समझने के लिए उनमें एकरूपता लाई जावे। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए जून 1973 में 'अन्तर्राष्ट्रीय लेखांकन मानक समिति' (International Accounting Standards Committee—IASC) का गठन किया गया था। सन् 1977 में किये गये समझौते के अनुसार इस समिति का कार्य सार्वजनिक हित में ऐसे मानकों या प्रमापों को निर्धारित एवं प्रकाशित करना है जिनका पालन अंकेक्षित वित्तीय विवरणों के प्रस्तुत करने में किया जा सके। इस समिति को इन मानकों की विश्व-व्यापी स्वीकृति तथा उसके अनुपालन के लिए आवश्यक प्रयास करने का भार भी सौंपा गया है। सन् 1977 से ही इस समिति ने लेखा-सम्बन्धी नीतियों का प्रकटीकरण, इन्वेन्ट्री मूल्यांकन, संकलित वित्तीय विवरण, मूल्य ह्रास सम्बन्धी नीतियों, वित्तीय विवरणों में प्रकटीकरण, मूल्य स्तर में परिवर्तन, वित्तीय स्थिति में परिवर्तनों का विवरण, असामान्य मदों तथा लेखा सम्बन्धी नीतियों में परिवर्तन के सम्बन्ध में कुछ व्यापक मानकों को निर्धारित एवं निर्गमित किया है। भारत की चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट्स इन्स्टीट्यूट और कॉस्ट अकाउन्टेन्ट्स इन्स्टीट्यूट भी इस समिति के सदस्य हैं।

भारत में लेखा मानक (Accounting Standards in India—AS)

भारत में भी सन् 1977 में चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट्स इन्स्टीट्यूट ने इस देश के सामाजिक आर्थिक परिवेश (Socio-economic Enviornment) के अनुसार लेखांकन मानकों (Accounting Standards) का निर्माण करने तथा इस बात की जाँच करने के लिए कि किस सीमा तक अन्तर्राष्ट्रीय मानकों को भारतीय मानकों में समाहित किया जा सकता है, एक 'लेखाकन मानक बोर्ड' (Accounting Standard Board—ASB) की स्थापना की है जिसमें सरकार एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हैं। अन्य देशों में अपनायी गयी पद्धति के अनुसरण में ही भारत में भी अध्ययन दलों द्वारा तैयार किये गये और लेखा मानक बोर्ड द्वारा अनुमोदित प्रारम्भिक ड्राफ्टों को व्यापार, वाणिज्य और उद्योग की प्रतिनिधि संस्थाओं सहित विभिन्न बाह्य एजेन्सियों के बीच प्रसारित किये जाते हैं और इस तरह लेखा मानक तैयार होते है।

लेखा मानक प्रारम्भिक वर्षों में अनुशंसात्मक प्रकृति के होते हैं। इनको स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध कम्पनियों एवं सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र के वृहद् वाणिज्यिक, औद्योगिक और व्यापार उपक्रमों के प्रयोग के लिए अनुशासित किया गया है।

भारतीय लेखा मानक बोर्ड ने अब तक निम्न विषयों पर बारह मानक निर्गमित किये हैं—

AS—1 : लेखांकन नीतियों का प्रकटीकरण (Disclosure of Accounting Policies)

AS—2 : माल भण्डार का मूल्यांकन (Valuation of Inventories)

AS—3 : वित्तीय स्थिति में परिवर्तन (Change in Financial Position)

AS—4 : चिट्ठे की तिथि के बाद घटी घटनाएँ एवं सम्भाविताएँ (Contingencies and Events occuring after the Balance Sheet Date)

AS—5 : पूर्व अवधि और असाधारण मदें तथा लेखांकन नीतियों में परिवर्तन (Prior Period and Extraordinary Items and Changes in Accounting Policies)

AS—6 : ह्रास लेखांकन (Depreciation Accounting)
AS—7 : निर्माण लागत के लिए लेखाकन (Accounting for Construction Costs)
AS—8 : शोध एवं विकास के लिए लेखांकन (Accounting for Research and Development)
AS—9 : आगम को मान्यता (Revenue Recognition)
AS—10 : स्थिर लागतों के लिए लेखाकन (Accounting for fixed costs)
AS—11 : विदेशी विनिमय दरो मे परिवर्तन के प्रभाव के लिए लेखाकन (Accounting for the Effects of Changes in Foreign Exchange Rates)
AS—12 : सरकारी अनुदानों के लिए लेखाकन (Accounting for Government Grants)

उपर्युक्त लेखा मानको मे से प्रथम पाँच को ही पाठ्यक्रम मे सम्मिलित किया गया है अतः इनका ही विस्तृत विवरण यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है।

लेखा मानक-1 (Accounting Standard-1) :

लेखांकन नीतियों का प्रकटीकरण
(Disclosure of Accounting Policies)

नीचे 'लेखाकन नीतियों के प्रकटीकरण' पर भारत के चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट इन्स्टीट्यूट के लेखाकन मानक बोर्ड द्वारा जारी किया गया लेखा मानक प्रथम (AS-1) का मूल पाठ (text) दिया जा रहा है। यह मानक वित्तीय विवरणो को तैयार करने तथा प्रस्तुत करने मे अपनायी गई महत्त्वपूर्ण लेखाकन नीतियो के प्रकटीकरण से सम्बन्धित है।

प्रारम्भिक वर्षों मे यह लेखा मानक अनुशंसात्मक होगा। इस अवधि में इस मानक को स्टॉक एक्सचेंज मे अधिसूचित कम्पनियो तथा सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र के अन्य वृहद वाणिज्यिक, औद्योगिक एव व्यापारिक उपक्रमो मे अपनाये जाने की सिफारिश की गई है।

परिचय (Introduction) :

1. यह विवरण वित्तीय विवरणो को तैयार करने तथा प्रस्तुत करने मे अपनायी गई महत्वपूर्ण लेखाकन नीतियो के प्रकटीकरण से सम्बन्धित है।

2. एक उपक्रम के कार्यकलापो की स्थिति एव लाभ या हानि के बारे मे उसके वित्तीय विवरणो मे प्रस्तुत जानकारी उन विवरणो को तैयार करने तथा प्रस्तुत करने मे अपनायी गई लेखांकन नीतियो से महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित होता है। अतः वित्तीय विवरणों में प्रस्तुत सूचनाओ एवं दृष्टिकोणो को ठीक तरह से समझने के लिए उसमे अपनाई गई महत्वपूर्ण लेखाकन नीतियों का प्रकटीकरण आवश्यक है।

3. वित्तीय विवरणो को तैयार करने तथा प्रस्तुत करने में अपनायी गयी कुछ लेखाकन नीतियों का प्रकटीकरण कुछ दशाओं मे कानूनी रूप से भी आवश्यक माना गया है।

4. भारत के चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट इन्स्टीट्यूट ने भी एक बयान जारी कर कुछ लेखाकन नीतियो जैसे—विदेशी मुद्रा की मदो के परिवर्तन सम्बन्धी नीति के प्रकटीकरण की सिफारिश की है।

5. गत कुछ वर्षों मे, भारत मे कुछ उपक्रमो ने अंशधारियो को प्रस्तुत अपने वार्षिक प्रतिवेदन में वित्तीय विवरणो को तैयार करने एवं प्रस्तुतीकरण मे अपनायी गई लेखा नीतियों को भी पृथक विवरणों के रूप में शामिल करने का प्रयास किया है।

6. यद्यपि सामान्य रूप मे सब वित्तीय विवरणो मे लेखाकन नीतियों को नियमित एवं पूर्ण रूप से प्रकटीकरण अभी नही किया जाने लगा है। बहुत से उपक्रम कुछ महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियो का विवरण ही लेखों पर

टिप्पणियों (Notes on the accounts) के रूप में ही शामिल करते हैं और प्रकटीकरण की यह प्रकृति एवं मात्रा नियमित एवं गैर नियमित क्षेत्रों में तथा उस ही क्षेत्र की अपनी इकाइयों में भी भिन्नता रखती है।

7. यहाँ तक कि वे कुछ उपक्रम जो वर्तमान में अपने वार्षिक प्रतिवेदन में लेखांकन स्थितियों के बारे में एक अलग विवरण शामिल करते हैं उनमें भी बहुत अधिक भिन्नता मौजूद है। लेखांकन नीतियों का विवरण कुछ उपक्रमों में तो लेखों का भाग माने जाते है जबकि अन्यों में केवल पूरक सूचना के रूप में दिया गया है।

8. इस विवरण का उद्देश्य लेखांकन नीतियों के प्रकटीकरण एवं वित्तीय विवरणों में लेखांकन नीतियों को प्रकट करने के तरीके के बारे में लेखा मानक तैयार कर वित्तीय विवरणों की ग्राह्यता बढ़ाना है। इस प्रकार प्रकटीकरण विभिन्न उपक्रमों के वित्तीय विवरणों के बीच और अधिक अर्थपूर्ण तुलना करने में सहायक होगा।

स्पष्टीकरण (Explanation)

आधारभूत लेखांकन मान्यतायें (Fundamental Accounting Assumptions)

9. वित्तीय विवरणों को तैयार करने तथा प्रस्तुतीकरण में कुछ आधारभूत लेखांकन मान्यताओं का सहारा लिया जाता है। साधारणतया उनका विशेष रूप से जिक्र नहीं किया जाता है क्योंकि उनको स्वीकारोक्ति मानकर चली जाती है। यदि इन मान्यताओं का पालन नहीं किया गया है तो इस तथ्य को कारण सहित प्रकट करना आवश्यक है।

10. निम्न को आधारभूत लेखांकन मान्यताओं के रूप में सामान्य स्वीकृति प्राप्त है—

(अ) व्यवसाय की निरन्तरता (Going Concern)—सामान्यतया उपक्रम को एक चालू व्यवसाय के रूप में माना जाता है अर्थात् व्यवसाय निकट भविष्य में चलता रहेगा। यह भी माना जाता है कि उपक्रम का समापन का उद्देश्य नहीं है और न ही उसके कार्य स्तर में कोई महत्त्वपूर्ण कटौती की आवश्यकता होगी।

(ब) संगति (Consistency)—यह भी माना जाता है कि एक अवधि से दूसरी अवधि में लेखांकन नीतियों में एकरूपता रही है।

(स) उपार्जन (Accrual)—आयें एवं लागतें यदि अर्जित हो गयी हैं तो यह मान लिया जाता है कि उन्हें क्रमशः बना लिया गया है और खर्च कर दिया गया है (मुद्रा में प्राप्ति एवं भुगतान आवश्यक नहीं है) एवं इन्हें उन वित्तीय विवरणों में सम्मिलित कर लिया जाता है जिस अवधि से ये सम्बन्धित हैं।

लेखांकन नीतियों की प्रकृति (Nature of Accounting Policies)

11. लेखांकन नीतियाँ उपक्रम द्वारा वित्तीय विवरणों को तैयार तथा प्रस्तुत करने में अपनाये गये लेखा सिद्धान्त एवं उन सिद्धान्तों को लागू करने की विधि के बारे में होती हैं।

12. लेखांकन नीतियों की कोई भी अकेली सूची नहीं है जो सब परिस्थितियों में लागू की जा सके। भिन्न-भिन्न परिस्थितियाँ जिनमें की उपक्रम विविध और जटिल आर्थिक क्रियाओं का संचालन करता है वैकल्पिक लेखा सिद्धान्तों का निर्माण करती है और उन सिद्धान्तों को लागू करने की विधि स्वीकार करने योग्य बनाती हैं। समुचित लेखा सिद्धान्तों को चुनने तथा उन सिद्धान्तों को प्रत्येक उपक्रम की विशिष्ट परिस्थितियों में लागू करने की विधि के लिए उपक्रम के प्रबन्धकों को बहुत विचार कर निर्णय लेने की जरूरत होती है।

13. हाल के वर्षों में भारत के चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट इन्स्टीट्यूट के बहुत से विवरण पत्रों में सरकार तथा अन्य नियमन करने वाली संस्थाओं और प्रगतिशील प्रबन्धकों के प्रयासों से स्वीकृति योग्य विकल्पों में, विशेष तौर से कम्पनियों के लिए काफी कटौती हुई है। यद्यपि इस सम्बन्ध में लगातार प्रयत्न भविष्य में इस संख्या में और भी कमी कर सकेंगे लेकिन वैकल्पिक लेखा सिद्धान्तों की उपलब्धता और उन सिद्धान्तों को लागू करने की विधियों को उपक्रमों द्वारा की जारी भिन्न-भिन्न परिस्थितियों में पूर्ण रूप से समाप्त करना सम्भव नहीं है।

क्षेत्र जहां विविध लेखाकन नीतियों से सामना होता है (Areas in which differing accounting policies are encountered)।

14. नीचे उन क्षेत्रों के उदाहरण हैं जहां भिन्न-भिन्न उपक्रमों द्वारा भिन्न-भिन्न लेखाकन नीतियां अपनायी जाती हैं—

—ह्रास, अवक्षयण तथा रिक्तीकरण की विधियां।
—निर्माणाधीन अवधि के खर्चों का लेखा व्यवहार करना।
—विदेशी मुद्रा मदों का परिवर्तन।
—माल भण्डार का मूल्यांकन।
—विनियोगों का मूल्यांकन।
—अवकाश लाभों का लेखा व्यवहार।
—दीर्घावधि ठेकों पर लाभ का निर्धारण।
—स्थायी सम्पत्तियों का मूल्यांकन।
—संदिग्ध दायित्वों का लेखा व्यवहार।

15 उदाहरणों की ऊपर वर्णित सूची विस्तृत नहीं है।

लेखांकन नीतियों के चयन मे विचारणीय तत्व (Consideration in the selection of Accounting Policies)

16 एक उपक्रम की लेखाकन नीतियों के चयन मे प्रमुख तत्त्व यह होना चाहिए कि ऐसी लेखाकन नीतियों के आधार पर तैयार एवं प्रस्तुत किये जाने वाले वित्तीय विवरण उस उपक्रम की चिट्ठे की तिथि की स्थिति का तथा उस तिथि को समाप्त अवधि के लाभ या हानि का सही एवं उचित चित्र प्रस्तुत कर सके।

17. इस उद्देश्य के लिए लेखाकन नीतियों के चयन करने और लागू करने में निम्न तीन मुख्य विचारणीय बिन्दुओं का ध्यान रखना चाहिए—

(अ) बुद्धिमानी (Prudence) : चूंकि भावी घटनाओं में अनिश्चितता होती है अतः लाभों को अनुमानित न कर उन्हें तभी मान्यता प्रदान की जानी चाहिए जब वे वसूल हो जावें। यह आवश्यक नहीं है कि ऐसी वसूली नकद में ही हो। सभी ज्ञात दायित्वों और हानियों के लिए, चाहे उनकी राशि का निर्धारण निश्चितता से न हो, आयोजन किया जाना चाहिए और उपलब्ध सूचनाओं के सन्दर्भ म ऐसा प्रावधान सर्वोत्तम अनुमान के रूप में होना चाहिए।

(ब) औपचारिकता की बजाय वास्तविकता (Substance over Form) : वित्तीय विवरणों में सौदों एवं घटनाओं का लेखा व्यवहार एवं प्रस्तुतीकरण केवल कानूनी औपचारिकता के बजाय उनके ठोसपन या वास्तविक महत्त्व के आधार पर किया जाना चाहिए।

(स) महत्वपूर्णता (Materiality)—वित्तीय विवरणों म सभी महत्वपूर्ण मदों को प्रकट करना चाहिए। ऐसी सभी मदें जिनका ज्ञान वित्तीय विवरणों के प्रयोगकर्ता के निर्णय को प्रभावित कर सकती हो, महत्वपूर्ण मदें होती हैं।

लेखांकन नीतियों का प्रकटीकरण (Disclosure of Accounting Policies)

18. वित्तीय विवरणों की ग्राह्यता को सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय विवरणों को तैयार करने एवं प्रस्तुत करने में अपनायी गयी सभी महत्त्वपूर्ण लेखाकन नीतियों को प्रकट किया जाना चाहिए।

19. ऐसा प्रकटीकरण वित्तीय विवरणों का अंग बनाया जाना चाहिए।

20. वित्तीय विवरणों के प्रयोगकर्ता के लिए यह लाभदायक होगा कि ऐसी नीतियों का प्रकटीकरण विभिन्न विवरणों, अनुसूचियों या नोट्स के रूप में जगह-जगह करने के बजाय एक ही स्थान पर हो।

21. विषय जिनके सम्बन्ध में अपनायी गयी लेखांकन नीतियों का प्रकटीकरण करना होगा अनुच्छेद 14 में दिये गये हैं। यद्यपि उदाहरणों की यह सूची विस्तृत नहीं है।

22. लेखांकन नीति में कोई भी परिवर्तन जिसका महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ता हो प्रकट किया जाना चाहिए। यदि ऐसे परिवर्तन से वित्तीय विवरण की कोई भी मद प्रभावित होती है तो उसका पता लगाकर या गणना कर प्रकट किया जाना चाहिए। जहाँ ऐसी राशि पूर्ण या आंशिक रूप से गणना नहीं की जा सकती हो तो इस तथ्य को भी दर्शाया जाना चाहिए। यदि लेखांकन नीति में कोई परिवर्तन किया गया है जिसका चालू अवधि में वित्तीय विवरणों में कोई महत्त्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ता लेकिन जिसका बाद की अवधि में पड़ने वाले महत्त्वपूर्ण प्रभाव का यथोचित रूप से अनुमान लगाया जा सकता है तो ऐसे परिवर्तन के तथ्य को जिस अवधि में ऐसा परिवर्तन किया गया है उसमें उचित तरीके से प्रकट किया जाना चाहिए।

23. लेखांकन नीतियों का प्रकटीकरण या उनमें परिवर्तन लेखों में मदों के गलत या अनुचित लेखा व्यवहार का उपचार नहीं कर सकता है।

लेखा मानक (Accounting Standard)

(इस विवरण के अनुच्छेद 24 से 27 में लेखा मानक दिया गया है। इस लेखा मानक को इस विवरण के अनुच्छेद 1 से 23 तक लेखा मानकों के विवरणों की प्रस्तावना के सन्दर्भ में पढ़ा जाना चाहिए)

24. वित्तीय विवरणों को तैयार करने तथा उनको प्रस्तुत करने में अपनायी गयी सभी महत्त्वपूर्ण लेखांकन नीतियों को प्रकट किया जाना चाहिए।

25. सभी महत्त्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का प्रकटीकरण वित्तीय विवरणों का अभिन्न अंग होना चाहिए तथा सभी महत्त्वपूर्ण लेखांकन नीतियों को सामान्यतया एक ही स्थान पर प्रकट किया जाना चाहिए।

26. लेखा नीतियों में कोई भी परिवर्तन जिसका चालू अवधि में महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ता हो या जिसका बाद की अवधि में पड़ने वाले महत्त्वपूर्ण प्रभाव का यथोचित अनुमान लगाया जा सकता हो, प्रकट किया जाना चाहिए। लेखा नीतियों में किसी परिवर्तन, जिनका कि चालू अवधि में महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ता हो की दशा में, ऐसी राशि जिससे कि वित्तीय विवरणों की कोई मद ऐसे परिवर्तन से प्रभावित होती हो का पता लगाकर प्रकट की जानी चाहिए। जहाँ ऐसी राशि की गणना पूर्णयः आंशिक रूप से की जा सकती हो तो इस तथ्य को प्रकट किया जाना चाहिए।

27. यदि चालू व्यवसाय, संगति एवं उपार्जन की आधार भूत लेखांकन मान्यताओं को वित्तीय विवरणों में अपनाया गया है तो इस तथ्य को विशिष्ट रूप से प्रकट करने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन यदि किसी आधारभूत लेखांकन मान्यता का पालन नहीं किया गया है तो इस तथ्य को प्रकट किया जाना चाहिए।

लेखा मानक **—2** (Accounting Standard —2)

माल भण्डार का मूल्यांकन

(Valuation of Inventories)

नीचे 'माल भण्डार का मूल्यांकन' पर भारत के चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट इन्स्टीट्यूट द्वारा जारी किया गया लेखा मानक—2 का पाठ्य दिया गया है। यह मानक वित्तीय विवरणों के लिए माल भण्डार के मूल्यांकन के सिद्धान्तों पर विचार करता है।

प्रारम्भिक वर्षों में यह मानक अनुशंसात्मक प्रकृति का होगा। इस अवधि में यह मानक स्टॉक एक्सचेंज

मे सूचीबद्ध कम्पनियों एवं सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र के वृहद वाणिज्यिक, औद्योगिक और व्यापारिक उपक्रमों के लिए अनुशंसित किया गया है।

वर्णित अवधि मे यह मानक अनुसंसात्मक है लेकिन यह आशा की जाती है कि जहा तक सम्भव एवं व्यावहारिक हो, माल भण्डार के मूल्याकन को विधि/विधिया मानक के अनुरूप अपनायी जानी चाहिए।

इसीलिए, उक्त अवधि मे एक अंकेक्षक कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 227 (4A) के अन्तर्गत निर्गमित निर्माणी एव अन्य कम्पनियाँ (अंकेक्षक प्रतिवेदन) आदेश, 1975 के अनुसार अपने कर्तव्य की पालना करने मे, मानक की महत्ता को स्वीकार करते हुए, माल भण्डार के मूल्याकन की अन्य विधियो को स्वीकार करने मे स्वतन्त्र है यदि वे समरूपता से लागू की गई हैं तथा यदि वह समझता है कि वे सही एव उचित है और लेखाकन के के सामान्य स्वीकृत सिद्धान्तो के अनुरूप हैं।

भूमिका (Introduction)

1. वित्तीय विवरणो मे (विशेष तौर पर निर्माणी सस्थाओं के) माल भण्डार स्थायी सम्पत्तियों के बाद दूसरी सबसे बड़ी मद होती है। इसका लगाया गया मूल्य सस्था के कार्यकारी परिणामो एव वित्तीय स्थिति को महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकता है। इसीलिए अलग-अलग प्रकृति के व्यवसायो मे माल भण्डार के मूल्याकन के लिए अलग-अलग आधार अपनाया जाता है। यहा तक भी है कि एक ही व्यापार एव उद्योग के विभिन्न उपक्रमों द्वारा भी अलग-अलग विधिया अपनायी जाती है।

2. इस विवरण पत्र को तैयार करने में माल भण्डार के मूल्याकन के प्रचलित तरीको को मान्यता प्रदान की गयी है तथा यह विवरण उनमे अन्तर को कम से कम करने और वित्तीय विवरणो मे पर्याप्त प्रकटीकरण को सुनिश्चित करने की कोशिश करेगा।

3. यह विवरण माल भण्डार की मात्रा की गणना करने पर विचार नही करता है। यह उन सिद्धान्तो से सम्बन्धित है जिन पर माल भण्डार के मूल्याकन की तुलना करने पर विचार किया जायेगा।

4. यह विवरण उन वित्तीय विवरण पत्रो पर लागू होता है जो ऐतिहासिक लागत आधार पर तैयार किये गये हैं।

5. यह मानक विवरण निम्न माल भण्डार, जिनके लिए विशेष सोच विचार या नियम लागू होते हैं, को छोड़कर सब प्रकार के माल भण्डारों के मूल्याकन पर लागू होता है—

(i) पेड़-पौधे, वन, कृषीय वस्तुयें और पशुधन;

(ii) उत्खनन उद्योग जैसे खानो म माल आदि,

(iii) दीर्घावधि अनुबन्धो मे चालू कार्य जैसे इन्जीनीयरिंग, भू सम्पत्ति विकास और निर्माण परियोजनायें आदि;

(iv) व्यापार मे स्कन्ध के रूप मे रखे गये अश, ऋणपत्र और अन्य प्रतिभूतियां,

(v) अचल सम्पत्तियाँ,

(vi) औजार।

परिभाषायें (Definitions)

6. इस विवरण मे निम्न पदो का वर्णित अर्थानुसार प्रयोग किया गया है --

6.1 'माल भण्डार' से आशय ऐसी मूर्त सम्पत्तियो से है जो

(i) व्यवसाय के सामान्य सचालन मे बिक्री हेतु रखी जाती हैं, या

(ii) ऐसी बिक्री के लिए उत्पादन प्रक्रिया मे हैं, या

(iii) बिक्री के लिए माल के उत्पादन अथवा सेवाओं में प्रयोग की जाती है। इसमें अनुरक्षण हेतु पूर्तियाँ और मशीनों के पुर्जों को छोड़कर उपभोग्य माल भी शामिल होता है।

6.2 'ऐतिहासिक लागत' (Historical cost) में

(i) क्रय की लागत;

(ii) परिवर्तन की लागत; और

(iii) अन्य लागतों को शामिल किया जाता है जो माल भण्डार या रहतियों को वर्तमान अवस्था तथा स्थिति में लाने के लिए व्यय की जाती है।

6.3 'क्रय की लागत' (Cost of Purchase)—क्रय की लागत में क्रय मूल्य, आयात शुल्क एवं अन्य कर, माड़ी भाड़ा तथा माल प्राप्त करने में हुए अन्य प्रत्यक्ष खर्चे शामिल होंगे किन्तु व्यापारिक बट्टा, छूटें (rebates) एवं शुल्क वापसी या अन्य आर्थिक सहायता को जिस वर्ष में ये प्राप्त हुई है चाहे तुरन्त या स्थगित रूप में, क्रय में से कम कर दी जायेगी।

6.4 'परिवर्तन की लागत' (Cost of Conversion)—परिवर्तन की लागत में ऐसी लागतों को शामिल किया जाता है जो उत्पादन की इकाइयों पर स्पष्ट रूप से चार्ज की जा सकती हो जैसे प्रत्यक्ष श्रम, प्रत्यक्ष व्यय और उप ठेके का कार्य। इसमें उत्पादन उपरिव्यय जो या तो प्रत्यक्ष लागत लेखांकन या अवशोषण लागत लेखांकन विधि से निर्धारित किये गये हैं, को भी शामिल किया जाता है।

उत्पादन उपरिव्ययों में ऐसे व्ययों को जो सामान्य प्रशासन, वित्त एवं विक्रय एवं वितरण से सम्बन्धित हों शामिल नहीं किया जाता है।

6.5 'प्रत्यक्ष लागत निर्धारण विधि' (Direct Costing)—यह वह विधि है जिसके अनुसार माल भण्डार की लागत का निर्धारण करते समय केवल परिवर्तन शील व्ययों का समुचित भाग ही सम्मिलित किया जाता है। समस्त स्थिर व्यय जब वे किये गये हैं उस अवधि के आयगों में से चार्ज किये जाते हैं।

6.6 'अवशोषण लागत निर्धारण विधि' (Absorption Costing)—इस विधि में माल भण्डार की लागत निर्धारित करते समय परिवर्तनशील एवं स्थिर दोनों ही प्रकार की लागतों के समुचित भाग को शामिल किया जाता है। स्थिर व्ययों को सामान्य उत्पादन स्तर के आधार पर आवंटित किया जाता है।

6.7 'परिवर्तनशील लागत' (Variable Cost)—वे उत्पादन लागतें प्रत्यक्ष या लगभग प्रत्यक्ष रूप से उत्पादन की मात्रा के साथ परिवर्तित होती हैं, परिवर्तनशील लागतें हैं।

6.8 'स्थिर लागतें (Fixed Cost)—ऐसी उत्पादन लागतें जो निर्धारित अवधि में उनकी प्रकृति के अनुसार उत्पादन की मात्रा से अप्रभावित रहती हैं।

6.9 'शुद्ध वसूली मूल्य (Net Realisable value)—शुद्ध वसूली मूल्य से आशय व्यवसाय की सामान्य स्थिति में वास्तविक या अनुमानित बिक्री मूल्य में से कार्य पूर्ण करने की लागत (Cost of Completion) तथा माल को बेचने में की गयी आवश्यक लागतें घटाने के बाद बची शेष राशि से है।

स्पष्टीकरण (Explanations):

ऐतिहासिक लागत - माल भण्डार मूल्यांकन के आधार रूप में :

7. माल भण्डार या रहतिया व्यवसाय में इस आशा से रखा जाता है कि जिससे उसकी बिक्री या प्रयोग द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आय अर्जित की जा सके। निश्चित अवधि में एक व्यवसाय के परिणामों का निर्धारण करने के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि जब तक कि माल भण्डार का रहतियां बेचा या उपभोग न किया जाये तब तक उसकी लागत को आगे ले जाया जाये। लेकिन यदि इस बात की यथोचित आशा नहीं है कि शुद्ध

मूल्य ज्ञात कर फिर उसमें से अनुमानित सकल लाभ घटाकर किया जाता है। अनुमानित सकल लाभ की गणना, व्यक्तिगत मदों के लिये या मदों के समूह के लिए या विभागानुसार परिस्थिति अनुसार जैसा भी उचित हो, की जा सकती है। इस सूत्र का प्रयोग उन निर्माणी संस्थाओं द्वारा भी अपने निर्मित माल का मूल्यांकन करने के लिए किया जाता है जो ऐसे माल को अग्रिम विक्रय अनुबन्धों के लिए स्टॉक के रूप में रखती है।

13. प्रमाप लागत सूत्र का प्रयोग अवसर माल भण्डार मूल्यांकन के लिए ऐतिहासिक लागत ज्ञात करने के लिए किया जाता है। माल भण्डार की लागत का निर्धारण करने के लिए प्रमाप लागत के प्रयोग हेतु आवश्यक है कि प्रमाप वास्तविक हो, उनका नियमित पुनर्मूल्यांकन होता हो और जहां आवश्यक हो वर्तमान दशाओं के परिप्रेक्ष में उन्हें पुनर्निर्धारित किया जाता हो। साथ ही यह भी आवश्यक है कि यहां विक्रय की लागत एवं माल भण्डार के बीच महत्त्वपूर्ण विचलनों को आनुपातिक करने की उचित प्रणाली विद्यमान हो।

14. **परिवर्तन की लागत (Cost of Conversion)**—परिवर्तन की लागत में प्रत्यक्ष श्रम, प्रत्यक्ष व्यय और उत्पादन उपरिव्यय शामिल होते हैं और इन्हें स्थिर लागत और परिवर्तनशील लागत में विभाजित किया जा सकता है। स्थिर लागतों से सम्बन्धित दो मुख्य विधियां प्रत्यक्ष लागत लेखांकन और अवशोषण लागत लेखांकन विधि है। रहतिये के मूल्यांकन के लिए इनमें से किसी भी विधि को प्रयोग करने के बारे में विस्तृत एकमतता है।

15. अवशोषण लागत विधि का प्रयोग करते समय सामान्य उत्पादन स्तर को ध्यान में रखा जाता है। सामान्य उत्पादन स्तर प्रत्येक केस के तथ्यों को ध्यान में रखते हुए पूर्व के वर्षों एवं चालू वर्ष में प्लान्ट की क्षमता, वास्तविक उत्पादन आदि घटकों पर निर्भर करता है।

16. रहतिया को उसकी वर्तमान स्थिति में तथा वर्तमान स्थान पर लाने तक कभी कभी उत्पादन उपरिव्ययों के अलावा कुछ लागत और भी व्यय होती है जैसे किसी ग्राहक विशेष के उत्पादों को डिजाइन करने में किये गये व्यय। अतः इसे माल भण्डार में जोड़ी जानी चाहिए। दूसरी तरफ विक्रय एवं वितरण व्यय, सामान्य प्रशासन उपरिव्यय और शोधन एवं विकास लागतें तथा ब्याज को सामान्यतया रहतिये को वर्तमान दशा एवं स्थान तक लाने में किये गये व्यय नहीं माने जाते हैं। और इसीलिए इनको माल भण्डार के मूल्यांकन में शामिल नहीं किया जाता है।

17. ऐतिहासिक लागत से नीचे माल भण्डार या रहतिये का मूल्यांकन (Valuation of Inventories below Historical Cost)—कभी-कभी ऐसा हो सकता है कि स्टॉक की ऐतिहासिक लागत वसूल न हो। जैसे यदि वे पूर्ण या आंशिक रूप से अप्रचलित हो गयी हों या यदि स्टॉक की मात्रा इतनी बड़ी है कि उसे सामान्य बिक्री अवधि में बेचा या उपयोग नहीं किया जा सकेगा और उसमें भौतिक रूप से गिरावट होने अप्रचलित होने या हटाने पर नुकसान होने की स्पष्ट जोखिम विद्यमान है। ऐसी परिस्थितियों में, अनुदारवादिता के सिद्धान्त जो यह बताता है कि वित्तीय विवरणों में चालू सम्पत्तियों को व्यापार के सामान्य व्यवहार में अनुमानित वसूली मूल्य से अधिक राशि पर नहीं दिखाया जाना चाहिए, को ध्यान में रखते हुए यह आवश्यक हो जाता है कि रहतिये को उसके शुद्ध वसूली मूल्य तक अपलिखित कर दिया जाये।

18. ऐतिहासिक लागत और शुद्ध वसूली मूल्य की तुलना प्रत्येक मद के लिए अलग-अलग की जा सकती है या एक ही प्रकार की मदों (Inter changeable) के समूह के लिए की जा सकती है। लेकिन किसी व्यवसाय वर्ग में असदृश्य (dissimilar) और अविनिमय (non inter changeable) मदों के शुद्ध वसूली मूल्य के योग की या एक उपक्रम के सम्पूर्ण रहतिये के लिए समग्र आधार पर शुद्ध वसूली मूल्य के योग की तुलना उन सब मदों की लागत के योग से करना उचित नहीं है क्योंकि इसका प्रभाव न वसूल हुए लाभों (Unrealised Profits) में से हानि की पूर्ति हो जाती है।

19. यदि निर्मित माल के ऐतिहासिक लागत या उससे अधिक पर बिकने की सम्भावना है तो उत्पादन मे प्रयोग के लिए रखी गई सामग्री एव अन्य पूर्तियो की सामान्य मात्रा को ऐतिहासिक लागत से नीचे अपलिखित नहीं किया जाता है।

20. अनुरक्षण हेतु रखी गई सामग्री एव उपभोग्य सामग्री का रहतिया साधारणतया लागत पर मूल्यांकित किया जाता है। उचित परिस्थितियो में इसे लागत से नीचे भी मूल्यांकित किया जा सकता है।

21. उप-उत्पाद के रहतिये को लागत एव शुद्ध वसूली मूल्य, जो दोनों मे कम हो, पर मूल्यांकित किया जाता है। जहा उपोत्पाद की लागत पृथक् रूप से निर्धारित नही की जा सकती वहा यह शुद्ध वसूली मूल्य पर मूल्यांकित की जाती है। ऐसा क्षयी सामग्री जिसका पुनर्उपयोग न हो सकता हो शुद्ध वसूली मूल्य पर मूल्यांकित की जाती है। पुनर्उपयोग वाली क्षयी सामग्री का मूल्यांकन निम्न आधार पर किया जाता है—

(i) जहा ऐसे क्षय को पुनर्प्रक्रियांकित (Reprocessing) करने की सुविधा फैक्टरी मे या बाहर) विद्यमान है और ऐसे क्षय के स्टॉक को पुनर्प्रक्रियांकित करने मे ऐसी सुविधा का लाभ उठाया जाता है वहा ऐसे क्षय के स्टॉक को *कच्ची सामग्री की लागत में से पुनर्प्रक्रियांकित करने की लागत घटाकर मूल्यांकित किया जाता है।*

(ii) जहा पुनर्प्रक्रियांकित सुविधायें उपलब्ध नही है वहां ऐसे माल के स्टॉक को 'शुद्ध वसूली मूल्यों' पर *मूल्यांकित किया जाता है।*

22. उपभोग की गई सामग्री की लागत और परिवर्तन की लागत की गणना करने मे उपोत्पाद और/या क्षय के मूल्य को घटाया जाता है।

23. वित्तीय विवरणो मे माल भण्डार/रहतिये को सामान्यतया निम्नानुसार वर्गीकृत किया जाता है—

(i) कच्ची सामग्री एवं अन्य घटक (Raw Materials and Components)
(ii) चालू कार्य (Work in Process)
(iii) निर्मित माल (Finished Goods)
(v) स्टोर्स एव स्पेयर्स (Stores and Spares)

लेखा मानक 2

(इस विवरण के अनुच्छेद 24 से 31 मे लेखा मानक दिया गया है। इस लेखा मानक को इस विवरण के अनुच्छेद 1 से 23 तथा लेखा मानकों के विवरणों की प्रस्तावना के सन्दर्भ मे पढा जाना चाहिए।)

24. अनुच्छेद 29 1 से 29 4 तक मे वर्णित अपवादो के अलावा माल भण्डार/रहतिये को ऐतिहासिक लागत और शुद्ध वसूली मूल्य मे से, जो कम हो, पर मूल्यांकित किया जाना चाहिए।

25. ऐतिहासिक लागत की शुद्ध वसूली मूल्य से तुलना करने मे माल भण्डार की प्रत्येक मद पर अलग से विचार किया जा सकता है या एक ही तरह की मदों के बारे मे समूह के रूप मे विचार किया जा सकता है।

26.1 *माल भण्डार की ऐतिहासिक लागत सामान्यतया 'प्रथम आगमन प्रथम निर्गमन (FIFO); औसत* लागत (Average cost) या *'अन्तिम आगमन प्रथम निर्गमन'* (LIFO), विधि का प्रयोग करते हुए निर्धारित की जानी चाहिए।

26.2 माल भण्डार की उन मदो का जो अन्तर्बदल योग्य (Inter changable) है या किसी विशिष्ट परियोजना या उद्देश्य के लिए निर्मित की गई है या रखी गई है विशिष्ट पहचान विधि से मूल्यांकित की जानी चाहिए।

26.3 समायोजित विक्रय मूल्य विधि फुटकर व्यापार या ऐसे व्यवसायो, जहा स्टॉक मे ऐसी मदें है जिनकी अलग अलग लागत तुरन्त ज्ञात नही की जा सकती, मे अपनायी जा सकती है।

26.4 'प्रमाप लागत' विधि माल भण्डार के मूल्यांकन के लिया अपनायी जा सकती है। यदि इस विधि के द्वारा रहतिये के मूल्यांकन का परिणाम लगभग वही है जो उपरोक्त अनुच्छेद 26.1 मे वर्णित नियम द्वारा होता है।

26.5 'आधारभूत स्टॉक' विधि अपवादस्वरूप परिस्थितियों में ही प्रयोग की जानी चाहिए।

27. निर्मित माल भण्डार की ऐतिहासिक लागत या तो 'प्रत्यक्ष लागत निर्धारण विधि' या 'अवशोषण लागत विधि' के आधार पर तय की जा सकती है। जहा 'अवशोषण लागत विधि' अपनायी गयी है वहा माल भण्डार हेतु स्थिर व्ययों का आबंटन सामान्य उत्पादन स्तर के आधार पर किया जाना चाहिए।

28. उत्पादन उपरिव्ययों के अलावा अन्य उपरिव्ययों को रहतियें के लागत मूल्य की गणना करने में उस सीमा तक सम्मिलित किया जाना चाहए जो रहतिये को वर्तमान अवस्था तथा स्थिति मे लाने से है।

29.1 उपभोग्य सामग्री और अनुरक्षण सामग्री के रहतिये का मूल्यांकन साधारणतया लागत पर किया जाना चाहिए। लेकिन समुचित परिस्थितियों में इसे लागत से कम पर भी मूल्यांकित किया जा सकता है।

29.2 उपोत्पाद के रहतिये को लागत और शुद्ध वसूली मूल्य मे से जो कम हो पर मूल्यांकित किया जाना चाहिए। जहां, उपोत्पाद की लागत पृथक रूप से निर्धारित नहीं की जा सकती इसे शुद्ध वसूली मूल्य पर मूल्यांकित किया जाना चाहिए।

29.3 जहा पुनर्प्रक्रियांकन की सुविधा उपलब्ध है वहां पुनर्उपयोगी क्षय का मूल्यांकन कच्चे माल की लागत में से पुनर्प्रक्रियांकन की लागत को घटाकर शेष लागत पर किया जाना चाहिए।

29.4 क्षय का स्टॉक जिसका पुनर्उपयोग नहीं होता हो या जहा पुनर्प्रक्रियांकन की सुविधा उपलब्ध नहीं है वहां पुनर्उपयोगी क्षयके स्टॉक को शुद्ध वसूली मूल्य पर मूल्यांकित किया जाना चाहिए।

30. माल भण्डार के मूल्यांकन मे अपनायी गयी लेखा नीति (लागत सूत्र सहित) वित्तीय विवरणों में प्रकट की जानी चाहिए। जहा आधारभूत स्टाक विधि का उपयोग किया गया है।

31. संगति (Consistency) को सामान्यतया आधारभुत लेखांकन मान्यता के रूप मे स्वीकार किया गया है। इसलिए माल भण्डार के सम्बन्ध में लेखांकन नीति मे किसी भी प्रकार का परिवर्तन (ऐतिहासिक लागत, लागत का शुद्ध वसूली मूल्य के साथ तुलना के आधार एवं प्रयोग किये गये लागत सूत्र सहित) जिसका कि चालू अवधि मे महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ता हो या जिसका बाद की अवधि में महत्त्वपूर्ण प्रभाव का यथोचित अनुमान लगाया जा सकता हो, को प्रकट किया जाना चाहिए। यदि लेखा नीति में कोई परिवर्तन किया गया है, जिसका कि चालू अवधि में महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ता हो तो ऐसी राशि जिससे कि वित्तीय विवरण की कोई मद प्रभावित होती है, की गणना करप्रकट की जानी चाहिए। जहा ऐसी राशि की पूर्ण या आंशिक गणना करना सम्भव नही है तो इस तथ्य को भी प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

लेखा मानक—3 (Accounting Standard—3):

वित्तीय स्थिति में परिवर्तन

(Changes in Financial Position)

नीचे भारत के चार्टर्ड अकाउण्टेन्ट्स इन्स्टीट्यूट द्वारा "वित्तीय स्थिति में परिवर्तन" पर जारी किया गया लेखा मानक-3 (AS-3) का पाठ्य दिया गया है। यह मानक एक उपक्रम के दी गई अवधि में कोषों के स्रोत एवं उपयोग से सम्बन्धित वित्तीय विवरण के बारे में जानकारी देता है।

प्रारम्भिक वर्षों में यह लेखा मानक अनुशासात्मक होगा। इस अवधि मे इस मानक के स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध कम्पनियों तथा सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के अन्य बड़े वाणिज्यिक, औद्योगिक एवं व्यापारिक उपक्रमों में अपनाये जाने की सिफारिश की गई है।

भूमिका (Introduction) :

1. एक उपक्रम का लाभ-हानि खाता और चिट्ठा अन्य बातों के अलावा क्रमशः वर्ष के इसके संचालनात्मक परिणाम और वर्ष के प्रारम्भ में एवं वर्ष के अन्त में इसके साधनों की स्थिति को प्रदर्शित करते हैं। लेकिन उपक्रम के कारोबार को और अधिक अच्छी तरह समझने के लिए वर्ष के दौरान कोषों का आना-जाना एवं उपक्रम पर इसके प्रभावों के बारे में जानकारी होना भी आवश्यक है। यह सूचना वित्तीय स्थिति में परिवर्तन के विवरण पत्र में उपलब्ध करवायी जाती है।

2. बहुत से देशों में अंकेक्षित लेखे के अंग के रूप में ही वित्तीय स्थिति में परिवर्तन के विवरण पत्र को उपलब्ध करवाने की सामान्य प्रथा है। भारत में विद्यमान कानूनी आवश्यकताओं के अन्तर्गत कम्पनियों के लिए अपने वित्तीय विवरणों के साथ वित्तीय स्थिति में परिवर्तन के विवरण पत्र को प्रकाशित करने का कोई दायित्व नहीं है। लेकिन स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध कम्पनियों तथा सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के बड़े वाणिज्यक, औद्योगिक, एवं व्यापारिक उपक्रमों के द्वारा अपने वित्तीय विवरणों के साथ इस तरह के विवरण को भी प्रकाशित करने की प्रथा बढ़ रही है। इस मानक का उद्देश्य इस कार्य को प्रोत्साहित करना एवं दृढ़ बनाना है। यह मानक इस तरह के विवरण को तैयार करने के लिए अपनाये जाने वाले आधारभूत मापदण्डों पर जोर देता है।

3. इस बात को जानते हुए भी कि कोषों के स्रोत एवं उपयोग के वित्तीय आंकड़ों को रेखाचित्रों एवं चित्रों के रूप में भी प्रस्तुत किया जा सकता है। यह मानक ऐसे आंकड़ों को विवरण के रूप में प्रस्तुत करने के बारे में ही स्पष्ट रूप से जोर देता है। यह मानक वैधानिक नियमों के अन्तर्गत या विशिष्ट उद्देश्यों के लिए तैयार किये जाने वाले वित्तीय स्थिति में परिवर्तन के विवरणों के लिए भी नहीं है।

परिभाषाएँ (Definitions) :

4 'वित्तीय स्थिति में परिवर्तनों का विवरण पत्र' वर्णित अवधि में एक उपक्रम द्वारा प्राप्त किये गये कोषों के स्रोत एवं उन कोषों को विशिष्ट रूप से कहा प्रयोग किया गया, सहित वित्तीय स्थिति में परिवर्तन को बताता है।

5. 'कोष' शब्द यहा विशेष अर्थ में प्रयुक्त होता है। इस विवरण पत्र के उद्देश्य के लिए सामान्यतया इस मद का अर्थ रोकड, एवं रोकड तुल्य कार्यशील पूंजी से है।

स्पष्टीकरण (Explanations) :

6. वित्तीय स्थिति में परिवर्तनों का विवरण पत्र अवधि के प्रारम्भ एवं अन्त के चिट्ठे तथा उस अवधि के लाभ-हानि खाते के बीच अर्थपूर्ण सम्बन्ध कायम करता है। यद्यपि इसमें दी गई सूचना लाभ-हानि खाते एवं चिट्ठों में दिये गये आंकड़ों का ही चयन, पुनः वर्गीकरण एवं संक्षिप्तीकरण होता है लेकिन यह किसी भी तरह इन विवरण पत्रों का पुनः स्थापन नहीं है। कोषों के प्रवाह का तुलनात्मक परिदृश्य उपलब्ध करवाने हेतु वित्तीय स्थिति में परिवर्तनों का विवरण पत्र लाभ-हानि खाते की अवधि के साथ ही साथ इसी समय की गत अवधि के लिए तैयार किया जाता है।

7 वित्तीय स्थिति में परिवर्तनों के विवरण पत्र में दी गई सूचनायें सामान्यतया चिट्ठे, लाभ-हानि खाते एवं लेखों से सम्बन्धित टिप्पणियों से पहचानी/ढूंढी जा सकती है। लेकिन 'वित्तीय स्थिति में परिवर्तनों का विवरण पत्र' उन सूचनाओं को भी प्रस्तुत करता है जो अन्य दो विवरण पत्रों में तुरन्त उपयोग करने हेतु तैयार नहीं मिलती है। वित्तीय स्थिति में परिवर्तनों के विवरण पत्र में

महत्त्वपूर्ण राशि का अन्य विवरण पत्रों में इससे सम्बन्धित राशि से मिलान करने के लिए सामान्यतया सूचना दी जाती है।

8. वित्तीय स्थिति में परिवर्तनों के विवरण पत्र में उपक्रम की नियमित क्रियाओं से उपलब्ध कोषों या ऐसी क्रियाओं में काम आये कोषों के बारे में साधारणतया अलग से सूचना प्रदर्शित की जाती है। इसे लाभ-हानि खाते के लाभ या हानि को इसी खाते की उन मदों जिनसे कोषों का प्रवाह नहीं होता (जैसे ह्रास) से समायोजित कर ज्ञात किया जाता है। वैकल्पिक तरीके के रूप मे की गई अवधि के आगमों जिनसे की कोषों का प्रवाह होता है, से प्रारम्भ कर उसमें से उन लागतों एवं व्ययों को जिनसे की कोषों का प्रवाह होता है, घटाया जाता है। उपलब्ध शेष राशि सचालन से कोष की राशि होती है।

9. जिस तरह लाभ-हानि खाते में असाधारण मदों को पृथक से प्रदर्शित किया जाता है उसी तरह वित्तीय स्थिति मे परिवर्तन के विवरण पत्र में भी कोषों का असाधारण प्रवाह, यदि महत्त्वपूर्ण है, पृथक रूप से दिखाया जाता है।

10. वित्तीय स्थिति मे परिवर्तनों के विवरण पत्र के सामान्यतया पृथक् रूप से दिखाये जाने वाले कोषों के अन्य स्रोतों एवं उपयोगों में निम्न शामिल होते हैं—
    (i) अंश निर्गमन से प्राप्त नकद या अन्य प्रतिफल
    (ii) पूर्वाधिकार अंश पूँजी का शोधन
    (iii) सावधि ऋण के रूप में उधार ली गई राशि
    (iv) सावधि ऋण का भुगतान
    (v) कार्यशील पूँजी के लिए बैंक से उधार में वृद्धि या कमी (सावधि ऋण के अतिरिक्त)
    (vi) लोक जमाओं में वृद्धि या कमी
    (vii) पूँजी व्यय
    (viii) स्थायी सम्पत्तियों की बिक्री
    (ix) विनियोगों का क्रय या विक्रय
    (x) लाभांश का भुगतान

उपरोक्त केवल एक उदाहरण सूची मात्र है।

11. कोषों के प्रवाह से सम्बन्धित कोई व्यक्तिगत महत्त्वपूर्ण राशि सामान्यतया किसी अन्य मद के साथ मिलायी या समायोजित (Set off) नहीं की जाती है। लेकिन जहाँ ऐसी राशि बड़ी या महत्त्वपूर्ण नहीं है वहाँ मदों को एक दूसरे में मिलाने या एक दूसरे के विरुद्ध समायोजन का कार्य कर लिया जाता है उदाहरणार्थ स्थायी सम्पत्ति के किसी छोटे से भाग को हटाया गया हो तो इसे स्थायी सम्पत्तियों में से कम करके पूँजी खर्च को दिखाया जा सकता है।

12. जहां किसी सौदे मे कोषों के एक स्रोत का दूसरे से विनिमय (Exchange) हो रहा है तो सौदे के दोनों पहलुओं को ही पृथक रूप से दिखाया जाना चाहिए। उदाहरणार्थ सावधि ऋण का साधारण अंश पूँजी में परिवर्तन की दशा में और जारी की गई अंश पूँजी एवं ऋण मे कमी को पृथक-पृथक दिखाया जायेगा।

13. जहाँ किसी एक ही सौदे मे वित्त जुटाने की क्रिया के साथ विनियोग पहलू भी है जैसे स्थिर सम्पत्ति प्राप्त करने के लिए अंश निर्गमित करना, तो सौदे के दोनों पहलूओं को सामान्यतया पृथक रूप से प्रदर्शित किया जायेगा।

14. 'वित्तीय स्थिति मे परिवर्तनो का विवरण पत्र' को प्रदर्शित करने के कई प्रारूप प्रयोग किये जाते हैं। उदाहरण के लिए, विवरण पत्र कोषों के स्रोतों को कोषो के उपयोग के बराबर दिखाया जा सकता है। प्रस्तुतीकरण के दूसरे रूप कोषो के स्रोतों एवं उपयोगों के अन्तर को प्रदर्शित किया जाता है जो या तो रोकड़ और तुल्य या कार्यशील पूंजी मे शुद्ध वृद्धि या कमी का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रस्तुतीकरण मे प्रारूप का चुनाव सम्बन्धित उपक्रम की परिस्थितियों पर निर्भर करता है।
15. जहाँ विवरण पत्र मे कार्यशील पूंजी मे शुद्ध वृद्धि या कमी को अकेली राशि के रूप मे प्रदर्शित किया गया हो वहाँ पूरी सूचना को दर्शाने के लिए कार्यशील पूंजी के प्रमुख घटकों मे परिवर्तनो का पृथक प्रकटीकरण आवश्यक है।

लेखा मानक (Accounting Standard) :

(इस विवरण के अनुच्छेद 16 से 19 मे लेखा मानक दिया गया है। इस लेखा मानक को इस विवरण के अनुच्छेद 1 से 15 तथा लेखा मानको के विवरणो की प्रस्तावना के सन्दर्भ मे पढ़ा जाना चाहिए।)

16. वित्तीय स्थिति मे परिवर्तनो के विवरण पत्र को वार्षिक लेखों के साथ प्रकाशित किया जाना चाहिए।
17. ऐसा विवरण लाभ-हानि खाते की अवधि और इसी के अनुरूप पिछली अवधि के लिए तैयार एवं प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
18. वित्तीय स्थिति में परिवर्तनो के विवरण पत्र मे उपक्रम की क्रियाओं के संचालन से उपलब्ध या उसमें प्रयोग किये गये कोषो की राशि को पृथक रूप से दिखाया जाना चाहिए।
19. प्रत्येक उपक्रम को 'वित्तीय स्थिति मे परिवर्तनो के विवरण पत्र' को प्रस्तुत करने के लिए उस प्रारूप को अपनाना चाहिए जो परिस्थिति अनुसार अधिक से अधिक सूचना प्रदान कर सके।

लेखा मानक—4 (Accounting Standard—4)

चिट्ठे की तिथि के बाद घटी घटनायें एवं आकस्मिकतायें
(Contingencies and Events Occurring after Balance Sheet Date)

नीचे 'चिट्ठे की तिथि के बाद घटी घटनाओं एवं आकस्मिकताओं' पर भारत के चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट इन्स्टीट्यूट के लेखांकन मानक बोर्ड द्वारा जारी किया गया लेखा मानक चतुर्थ (AS-4) का मूल पाठ (Text) दिया जा रहा है। यह मानक वित्तीय विवरणो मे चिट्ठे की तिथि के बाद घटी घटनाओं एवं आकस्मिकताओं के व्यवहार (Treatment) से सम्बन्धित है।

प्रारम्भिक वर्षों मे यह लेखा मानक अनुशसात्मक होगा। इस अवधि मे इस मानक को स्टॉक एक्सचेंज मे अधिसूचित कम्पनियों तथा सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के अन्य वृहद वाणिज्यिक, औद्योगिक एवं व्यापारिक उपक्रमों मे अपनाये जाने की सिफारिश की गई है।

परिचय (Introduction) :

1. यह विवरण वित्तीय विवरणों मे —
   (a) आकस्मिकताओं और
   (b) चिट्ठे की तिथि के बाद घटी घटनाओं से सम्बन्धित है।
2. निम्न विषयों, जो आकस्मिकताओं के रूप मे हो सकते हैं, को उनके बारे मे विशेष विचार विमर्श को ध्यान मे रखते हुए इस विवरण के विषय क्षेत्र से बाहर रखा गया है—

(a) निर्गमित पॉलीसियों से उत्पन्न जीवन बीमा एवं सामान्य बीमा के दायित्व।

(b) निवृत्ति लाभ योजनाओं के सम्बन्ध में दायित्व।

(c) दीर्घावधि पट्टा अनुबन्धों के वादे (Commitments)

(d) विक्रीत उत्पाद या प्रदत्त सेवाओं के लिए

परिभाषायें (Definitions) :

3. इस विवरण में निम्न मदों को वर्णित अर्थों में प्रयुक्त किया गया है :

3.1. आकस्मिकता एक दशा या स्थिति है जिसका अन्तिम परिणाम लाभ या हानि, एक या एक से अधिक अनिश्चित भावी घटनाओं के होने या न होने पर ही ज्ञात होगा या निर्धारित होगा।

3.2. चिट्ठे की तिथि के बाद घटने वाली घटनायें वे महत्वपूर्ण घटनायें हैं, अनुकूल और प्रतिकूल दोनों, जो चिट्ठे की तिथि तथा एक कम्पनी की दशा में संचालक मण्डल द्वारा और अन्य इकाई की दशा में इसी प्रकार की अन्य स्वीकार करने वाली अधिकारी संस्था द्वारा वित्तीय विवरणों को स्वीकार करने की तिथि के बीच घटित होती हैं।

दो प्रकार की घटनाओं को पहचाना जा सकता है :

(a) वे घटनायें जो चिट्ठे की तिथि के दिन विद्यमान दशाओं के आगे भी साक्ष्य उपलब्ध कराती हैं।

(b) वे घटनायें जो उन दशाओं के बारे में जानकारी देती हैं जो चिट्ठे की तिथि के बाद घटी हुई हैं।

4. आकस्मिकतायें (Contingencies) :

4.1. इस विवरण में प्रयुक्त मद 'आकस्मिकतायें', जिनका वित्तीय परिणाम भावी घटनाओं, जो घटित हो सकती या नहीं हो सकती, पर ही निर्धारित होगा चिट्ठे की तिथि के दिन की दशाओं या स्थितियों तक ही सीमित है।

4.2 वित्तीय विवरणों में प्रदर्शित करने के लिए एक उपक्रम में चल रही या आवर्ती बहुत सी क्रियाओं की राशि निर्धारित करने के लिए अनुमानों की आवश्यकता पड़ती है। लेकिन एक व्यक्ति को निश्चित एवं अनिश्चित घटनाओं के बीच अन्तर करना चाहिए। ऐसा तथ्य जो आकस्मिकता लगता है और जिसमें अनुमान का सहारा लेना पड़ता है स्वयं कोई अनिश्चितता उत्पन्न नहीं करता है। उदाहरणार्थ ह्रास को निर्धारित करने के लिए उपयोगी जीवनकाल का अनुमान करना होता है लेकिन इसका यह तात्पर्य नहीं है कि ह्रास आकस्मिकता है क्योंकि सम्पत्ति के उपयोगी जीवनकाल की अन्तिम समाप्ति निश्चित नहीं है। इसी तरह प्राप्त सेवाओं के लिए देय राशि चाहे उसकी राशि अनुमानित की गई हो अनुच्छेद 3.1 की परिभाषा के अनुसार आकस्मिकतायें नहीं है क्योंकि दायित्वों को स्वीकार कर लेने के बारे में कुछ भी निश्चित नहीं है।

4.3. भावी घटनाओं से सम्बन्धित अनिश्चितता परिणामों की शृंखला के रूप में बतायी जा सकती है। इस शृंखला को अंकात्मक प्रायिकता के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है लेकिन अधिकांश परिस्थितियों में जहाँ उपलब्ध सूचनाओं का अभाव हो वहाँ अधिक शुद्धता की आवश्यकता है इसलिए संभावित परिणामों को सामान्य विवरण के रूप में प्रस्तुत करने होंगे सिवाय जहाँ पर्याप्त अंकात्मकता व्यावहारिक है।

4.4. परिणामों और आकस्मिकताओं के वित्तीय प्रभाव का अनुमान उपक्रम के प्रबन्धकों के निर्णय द्वारा

ही निर्धारित किया जाता है। यह निर्णय चिट्ठे को स्वीकार करने की तिथि तक उपलब्ध सूचनाओं को ध्यान में रखकर ही किये जाते हैं।

5. आकस्मिक हानियो का लेखा व्यवहार (Accounting Treatment of Contingent Losses) :

5.1. आकस्मिक हानि का लेखा व्यवहार आकस्मिकता के अनुमानित परिणामो द्वारा निर्धारित होता है। यदि ऐसा लगता है कि कोई आकस्मिकता का परिणाम उपक्रम को हानि होगा तो यह विवेकपूर्ण होगा कि वित्तीय विवरणो मे उस हानि के लिए व्यवस्था कर ली जाय।

5 2. वित्तीय विवरणो मे प्रावधान किये जाने वाली सदिग्ध हानि की राशि का अनुमान उपरोक्त अनुच्छेद 4.4 मे प्रदत्त सूचना पर आधारित होता है।

5 3. यदि सदिग्ध हानि का अनुमान लगाने के लिए विवादास्पद या अपर्याप्त साक्ष्य है तो इस तरह के विद्यमान साक्ष्यो का और आकस्मिकता की प्रकृति का प्रकटीकरण किया जाता है।

5 4. एक सदिग्ध दायित्व को इसी तरह के प्रति दावे या तीसरे पक्ष के प्रति दावे के साथ मिलान करके एक उपक्रम को होने वाली सम्भावित हानि को कम किया जा सकता है या टाला जा सकता है ऐसी स्थिति मे आयोजन की राशि दावे के सम्बन्ध मे सम्भावित वसूली को ध्यान में रखने के बाद निर्धारित की जा सकती है। जहाँ स्थगित करारोपण के लिए लेखाकन प्रणाली का पालन नहीं किया जाता वहाँ उपयुक्त प्रकटीकरण के साथ सभावित हानि शुद्ध कर राशि के रूप मे दिखायी जा सकती है।

5.5. गारन्टीयो की राशि एव विद्यमानता, भुनाये गये विनिमय विपत्रो से उत्पन्न दायित्व और एक उपक्रम द्वारा उठाये गयी इसी तरह की अन्य जिम्मेदारिया वित्तीय विवरणो मे सामान्यतया टिप्पणियो के रूप मे प्रकट की जाती है चाहे निकट भविष्य में उपक्रम को हानि होने की सम्भावना बहुत कम हो।

5.6. अनिर्दिष्ट व्यावसायिक जोखिमों के सम्बन्ध मे आकस्मिकताओ के लिए आयोजन करना उचित नही है क्योकि वे चिट्ठे की तिथि के दिन विद्यमान दशाओ या स्थितियो से सम्बन्धित नही होती हैं।

6. सदिग्ध लाभो का लेखा व्यवहार (Accounting Treatment of Contingent Gains) :

ठेको के बकाया या अपूर्ण भाग के सम्बन्ध में सदिग्ध लाभ या फायदो को वित्तीय विवरणो मे शामिल नही किया जाता है क्योकि इसका तात्पर्य उस आगम को मान्यता प्रदान करना होगा जो कभी वसूल ही नहीं किया गया है। लेकिन जब फायदे की वसूली वस्तुत: निश्चित हो तब ऐसा लाभ सदिग्ध नही है और ऐसे लाभ को शामिल करना उचित है।

7. वित्तीय विवरणो में शामिल की जाने वाली सदिग्धताओ को राशि निर्धारित करना (Determination of the amounts at which contingencies are included in financial statements)

7.1. वित्तीय विवरणों मे दिखायी जाने वाली आकस्मिकताओ की राशि वित्तीय विवरण अनुमोदित करने की तिथि के दिन उपलब्ध सूचनाओ पर आधारित होती है। चिट्ठे की तिथि के बाद घटने वाली वे घटनाएं जो यह बताती हैं कि चिट्ठे के दिन कोई सम्पत्ति क्षतिग्रस्त हुई है या कि कोई दायित्व विद्यमान हो सकता है को तब आकस्मिकताओ को निर्धारित करने मे शामिल किया जाता है और वित्तीय विवरणो मे प्रदर्शित की जाने वाली राशि का निर्धारण करने मे भी शामिल किया जाता है।

7.2. कुछ स्थितियो मे, प्रत्येक आकस्मिकता को और आकस्मिकता की राशि के निर्धारण में ध्यान में

रखी जाने वाली प्रत्येक स्थिति की विशेष परिस्थिति को अलग से पहचाना जा सकता है। ऐसी सदिग्धता के लिए उपक्रम के विरुद्ध पर्याप्त राशि का दावा निर्धारित किया जा सकता है। वित्तीय विवरणों को स्वीकार करने की तिथि के राशि भी दावे की स्थिति जहाँ आवश्यक है वहाँ कानूनी विशेषज्ञों या अन्य सलाहकारों की राय इसी तरह की दशाओं में उपक्रम का अनुभव और इसी तरह की स्थितियों में अन्य उपक्रमों का अनुभव आदि तत्वों को ध्यान में रखकर प्रबन्ध द्वारा ऐसी आकस्मिकताओं का मूल्यांकन किया जाता है।

7.3. यदि अनिश्चितताएँ जिन्होंने किसी व्यक्तिगत सौदों के लिए सदिग्धता उत्पन्न की हो, इसी प्रकार के ज्यादा सौदों के लिए भी विद्यमान है तो प्रत्येक सौदे के लिए सदिग्धता की राशि निर्धारित करने की आवश्यकता नहीं है बल्कि ऐसी राशि सौदों के पूरे समूह के लिए निर्धारित कर ली जाती है। प्राप्य लेखों से न वसूल होने वाली अनुमानित राशि का निर्धारण इसी तरह की आकस्मिकता का उदाहरण है।

8. चिट्ठे की तिथि के बाद घटने वाली घटनायें (Events Occurring after the Balance Sheet Date) :

8.1. वे घटनायें जो चिट्ठे की तिथि और वित्तीय विवरणों को अनुमोदित करने की तिथि के बीच घटित होती है, चिट्ठे की तिथि की सम्पत्तियों एवं दायित्वों में उनके लिए समायोजन की आवश्यकता हो सकती है या उनको प्रकट करना आवश्यक हो सकता है।

8.2 चिट्ठे की तिथि के बाद घटित उन अतिरिक्त महत्वपूर्ण घटनाओं के सम्बन्ध में सम्पत्तियों एवं दायित्वों में समायोजन आवश्यक है जिनकी सूचना चिट्ठे की तिथि को इनकी राशियों के निर्धारण को सारभूत रूप से प्रभावित करती है। उदाहरण के लिए चिट्ठे की तिथि के बाद दिवालिया हुए ग्राहक से सम्बन्धित हानि के लिए देनदारों की राशि में समायोजन किया जाना चाहिए।

8.3. यदि चिट्ठे की तिथि के बाद घटी घटनाओं के लिए सम्पत्तियों एवं दायित्वों में समायोजन उचित नहीं है यदि ऐसी घटनायें चिट्ठे की तिथि को विद्यमान दशाओं से सम्बन्धित नहीं है। चिट्ठे की तिथि वित्तीय विवरणों को अनुमोदित करने की तिथि के बीच विनियोगों के बाजार मूल्यों में कमी होना इसका एक उदाहरण है। विनियोगों के बाजार मूल्यों में साधारण उतार चढ़ाव चिट्ठे की तिथि से सम्बन्धित नहीं होते बल्कि उन परिस्थितियों को बताते हैं जो बाद की अवधि में घटित हुई हैं। इसी तरह बाद की अवधि में घटित उन महत्वपूर्ण घटनाओं जो उपक्रम के अस्तित्व की चिट्ठे की तिथि के दिन सारभूत रूप से प्रभावित करने के लिए भी समायोजन किया जाता है। उदाहरण के लिए चिट्ठे की तिथि के बाद उत्पादन संयन्त्र का अग्नि द्वारा नष्ट हो जाना।

8.4. चिट्ठे की तिथि के बाद घटने वाली वे घटनायें जो वित्तीय विवरणों में वर्णित आंकड़ों को प्रभावित नहीं करती या उपक्रम के अस्तित्व या आधार को प्रभावित नहीं करती को सामान्यतया वित्तीय विवरणों में प्रकट करने की आवश्यकता नहीं होती है। चाहे वे इतनी महत्वपूर्ण हो सकती हैं कि अनुमोदन करने वाले अधिकारियों के प्रतिवेदन में उनको प्रकट करना आवश्यक हो सकता है।

8.5. कुछ ऐसी भी घटनायें होती हैं जो यद्यपि चिट्ठे की तिथि के बाद घटित हुई हैं लेकिन कानूनी आवश्यकताओं के कारण या उनकी विशेष प्रकृति के कारण उनको वित्तीय विवरणों में दिखाया जाता है ऐसी मदों में वित्तीय विवरणों से सम्बन्धित अवधि के लिए चिट्ठे की तिथि के बाद प्रस्तावित या घोषित लाभांश राशि है।

8.6. वित्तीय विवरणों को तैयार करने एवं प्रस्तुत करने में अपनायी गयी आधारभूत लेखांकन मान्यताओं पर चिट्ठे के बाद घटी घटनाओं के सन्दर्भ में विचार किया जाना चाहिए।

9. प्रकटीकरण (Disclosure) :

9.1. यहाँ बतायी जा रही प्रकटीकरण सम्बन्धी आवश्यकता उन महत्त्वपूर्ण आकस्मिकताओं या घटनाओं के लिए है जो वित्तीय स्थिति को सारभूत रूप से प्रभावित करती है।

9.2. यदि किसी सदिग्ध हानि के लिए प्रावधान नहीं किया गया है तो इसकी प्रकृति एवं इसके वित्तीय प्रभाव का अनुमान टिप्पणियो के माध्यम से प्रकट किया जाना चाहिए। और यदि इसके वित्तीय प्रभाव का विश्वसनीय अनुमान नही लगाया जा सकता तो इस तथ्य को भी प्रकट करना चाहिए। यदि उपक्रम द्वारा लाभो को वसूल करना रूप से निश्चित यथोचित हो जाये तो वित्तीय विवरणो मे टिप्पणी के द्वारा सदिग्ध लाभो की प्रकृति एव विद्यमानता को प्रकट करना चाहिए।

9 2. वित्तीय विवरणो के प्रयोगकर्ताओ के द्वारा उचित मूल्यांकन एवं निर्णय के लिए जब चिट्ठे की तिथि के बाद घटने वाली घटनाओ के प्रभाव के वित्तीय विवरणो मे टिप्पणियों के रूप मे या अनुमोदित करने वाले अधिकारियो के प्रतिवेदन मे प्रकट किया जाता है तो दी गयी ऐसी सूचना में वित्तीय प्रभाव का अनुमान शामिल किया जाना चाहिए या यह विवरण दिया जाना चाहिए कि ऐसा अनुमान नहीं लगाया जा सकता।

लेखा मानक (Accounting Standard) :

चिट्ठे की तिथि के बाद घटी घटनायें एव आकस्मिकतायें : (इस विवरण के अनुच्छेद 10 से 17 में लेखा मानक दिया गया है। इस मानक को इस विवरण के अनुच्छेद 1 से 9 तथा लेखा मानक विवरण की भूमिका के सन्दर्भ में पढ़ा जाना चाहिए।)

10. सदिग्ध हानि की राशि को लाभ-हानि के विवरण में चार्ज किया जाना चाहिए यदि :

(a) वित्तीय विवरण के दिन यह सम्भावना हो कि बाद वाली घटनायें ही यह सुनिश्चित कर पायेगी कि सम्पत्ति में क्षति हुई है या उस दिन कोई दायित्व उत्पन्न हुआ है, और

(b) होने वाली हानि की राशि का यथोचित अनुमान लगाया जा सकता है।

11. यदि अनुच्छेद 10 में वर्णित शर्तें पूरी नहीं होती हैं तो वित्तीय विवरणों में सदिग्ध हानि की विद्यमानता को प्रकट किया जाना चाहिए।

12. अपूर्ण ठेको से सम्बन्धित सदिग्ध लाभों या फायदो को वित्तीय विवरण में शामिल नहीं करना चाहिए।

चिट्ठे की तिथि के बाद घटने वाली घटनायें :

13. यदि चिट्ठे की तिथि को विद्यमान दशाओ से सम्बन्धित राशि का अनुमान लगाने में चिट्ठे की तिथि के बाद घटी घटनायें अतिरिक्त साक्ष्य उपलब्ध करवाती है तो सम्पत्तियो एवं दायित्वो मे ऐसी घटनाओ के लिए समायोजन किया जाना चाहिए।

14. वित्तीय विरणो की अवधि से सम्बन्धित लाभाश जिसे कि चिट्ठे की तिथि के बाद लेकिन वित्तीय विवरणो के अनुमोदन के पहले प्रस्तावित या घोषित *किया गया है, का समायोजन किया जाना* चाहिए।

15 चिट्ठे की तिथि के बाद घटने वाली उन घटनाओ, जो उपक्रम की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले महत्त्वपूर्ण परिवर्तनो एव वादो से सम्बन्धित है, से सम्पत्तियो एव दायित्वो को समायोजित नहीं किया जाना चाहिए बल्कि अनुमोदित करने वाले अधिकारियो की रिपोर्ट मे प्रकट करना चाहिए।

प्रकटीकरण (Disclosure).

16. यदि इस विवरण के अनुच्छेद 11 या 12 द्वारा आकस्मिकताओ का प्रकटीकरण किया जाता है तो निम्न सूचना दी जानी चाहिए—

(a) प्राकस्मिकता की प्रकृति;
(b) अनिश्चिततायें जो भावी परिणामों को प्रभावित कर सकती है;
(c) वित्तीय प्रभावों का अनुमान या यदि ऐसा अनुमान नहीं किया जा सकता है तो इसका विवरण।

17. यदि इस विवरण के अनुच्छेद 15 के द्वारा चिट्ठे की तिथि के बाद घटी घटनाओं को प्रकट किया जाता है तो निम्न सूचना दी जानी चाहिए—
(a) घटना की प्रकृति;
(b) वित्तीय प्रभावों का अनुमान या यदि ऐसा अनुमान नहीं किया जा सकता है तो इसका विवरण।

लेखा मानक-5 (Accounting Standard-5) :

पूर्व अवधि की मदें और असाधारण मदें तथा लेखा नीतियों में परिवर्तन
(Prior Period and Extra Ordinary Items and changes in Accounting Policies)

नीचे 'पूर्व अवधि और असाधारण मदें तथा लेखा नीतियों में परिवर्तन' पर भारत के चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट इन्स्टीट्यूट के लेखांकन मानक बोर्ड द्वारा जारी किया गया लेखा मानक पचम (AS-5) का मूल पाठ दिया जा रहा है। यह मानक वित्तीय विवरणों में पूर्व अवधि और असाधारण मदें तथा लेखा नीतियों में परिवर्तन के व्यवहार से सम्बन्धित है।

प्रारम्भिक वर्षों में यह लेखा मानक अनुशंसात्मक होगा। इस अवधि में इस मानक को स्टॉक एक्सचेंज में अधिसूचित कम्पनियों तथा सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के अन्य वृहद वाणिज्यिक, औद्योगिक एवं व्यापारिक उपक्रमों में अपनाये जाने की सिफारिश की गई है।

परिचय (Introduction) :

1. किसी अवधि के लिए लाभ हानि खाता कुछ आधारभूत लेखांकन मान्यताओं के आधार पर तैयार किया जाता है और यह उस अवधि में अर्जित आयों एवं सम्बन्धित लागतों को प्रकट करता है। इस सन्दर्भ में पूर्व अवधि या असाधारण मदें हैं जो लेखा नीतियों में परिवर्तन के कारण उत्पन्न होती हैं, सामान्यतया अनावर्ती प्रकृति की होती है एवं इनके सम्बन्ध मे विशिष्ट सावधानी की जरूरत होती है। यह विवरण वित्तीय विवरणों में उनके उपचार से सम्बन्धित है।
2. यह विवरण पूर्व अवधि मदों, असाधारण मदों और लेखा नीतियों में परिवर्तनों से उत्पन्न कर समस्याओं और अनुमानों जिसके लिए परिस्थितियों के अनुसार उचित समायोजन करना होगा के बारे में नहीं है। यह सम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन से उत्पन्न समायोजनों के बारे में भी नहीं है।

परिभाषायें (Definitions) :

3. इस विवरण में निम्न पदों (Terms) को वर्णित अर्थों में प्रयुक्त किया गया है—

3·1 पूर्व अवधि मदें वे महत्त्वपूर्ण व्यय या जमायें हैं जो एक या अधिक अवधि के वित्तीय विवरणों को तैयार करने में भूलचूक या त्रुटियों के परिणामस्वरूप चालू अवधि में उत्पन्न होते हैं।

3·2 असाधारण मदें वे फायदे या हानियां हैं जो उन घटनाओं या सौदों से उत्पन्न होते हैं जो कि व्यापार की सामान्य गतिविधि से अलग हैं और जो महत्त्वपूर्ण और बार-बार या नियमित रूप से होने की प्रकृति के नहीं है। इनमें परिस्थितियों से उत्पन्न वे महत्त्वपूर्ण समायोजन भी शामिल हैं जो यद्यपि गत अवधि से सम्बन्धित हैं लेकिन जिनका निर्धारण चालू अवधि में किया गया है।

स्पष्टीकरण (Explanation) :

4. ग्रनावर्ती मदो के लेखा व्यवहार के बारे मे दो विचारधारायें हैं। एक विचारधारा प्रत्येक राशि को पृथक रूप से प्रकट करते हुए उन्हे प्रतिवेदित शुद्ध लाभ या हानि मे शामिल करने से सम्बन्धित है। दूसरी विचारधारा चालू शुद्ध लाभ या हानि का निर्धारण करने के बाद ऐसी मदो को लाभ या हानि के विवरण-पत्र मे दिखाने से सम्बन्धित है। लेकिन ग्रसाधारण मदें चालू शुद्ध ग्राय के ग्र ग के रूप मे दिखायी जाती है।

5. पूर्व ग्रवधि मदें (Prior Period Items) :

5 1 पूर्व ग्रवधि मदें सामान्यतया ग्रनावर्ती प्रकृति की होती हैं। उन्हे लेखा ग्रनुमानो के साथ समझकर भ्रम मे नही पड़ना चाहिए। लेखा ग्रनुमान उनकी प्रकृति के कारण ही, लगभग सन्निकट वाली राशियाँ हैं जिनके बारे मे बाद की ग्रवधि मे ग्रतिरिक्त सूचना ज्ञात हो जाने पर सुधार की ग्रावश्यकता होती है। ग्राकस्मिकता के परिणामस्वरूप उत्पन्न लागत या लाभ, जो कि घटित होने के समय शुद्धता के साथ ग्रनुमानित नही किये जा सकते, त्रुटि सुधार हेतु मान्यता प्राप्त नही करते हैं बल्कि ग्रनुमानो मे ही परिवर्तन करना होता है। ऐसी मदो को पूर्व ग्रवधि मदें भी नही माना जाता है।

5·2 *पूर्व ग्रवधि मदो को चालू ग्रवधि के लाभ ग्रौर हानि के विवरण मे शामिल किया जाता है लकिन* ऐसी सभी मदो को चालू लाभ या हानि पर प्रभाव जानने के लिए पृथक रूप से दिखाया जाता है। ऐसा प्रकटीकरण जहाँ जरूरत हो, विधान की ग्रावश्यकताग्रो के ग्रनुसार किया जाता है।

6. ग्रसाधारण मदें (Extraordinary Items) :

6.1 ग्रसाधारण मदो को कभी कभी 'ग्रसामान्य मदो' के रूप मे भी व्यक्त किया जाता है। ऐसी मदो के कुछ उदाहरण व्यवसाय के महत्त्वपूर्ण भाग को बेचना, उन विनियोगो का विक्रय जा पुनः बिक्री की इच्छा से नही खरीदे गये थे, कानूनी परिवर्तनो के कारण उत्पन्न दायित्व, न्यायिक घोषणायें ग्रादि हैं। प्रत्येक ग्रसाधारण मद की प्रकृति एव राशि को पृथक रूप स प्रकट किया जाता है जिससे कि वित्तीय विवरणो के प्रयोग कर्त्ता ऐसी मदो को सापेक्षिक महत्वता का मूल्याकन कर सकें ग्रौर कार्यकारी परिणामो पर उनके प्रभाव को जान सकें।

6.2 उपक्रम की सामान्य गतिविधियो से उत्पन्न ग्राय या व्यय जो यद्यपि राशि के रूप मे ग्रसामान्य होते हैं या घटित हाने मे ग्रनावर्ती होते हैं, ग्रसाधारण कहे जाने लायक नही होते है। ऐसी मदो का एक उदाहरण एक नियमित व्यापारिक ग्राहक से मागी जाने वाली बहुत बड़ी रकम को ग्रपलिखित करना है।

7. लेखा नीतियों मे परिवर्तन (Changes in Accounting Policies) :

7·1 एक ग्राधारभूत लेखाकन मान्यता है कि लेखाकन नीतियो को ग्रपनाने मे एकरूपता होनी चाहिए। इस प्रकार लेखाकन नीतियो मे परिवर्तन ग्रपवाद स्वरूप परिस्थितियो मे ही किये जाते हैं जैसे कि नयी लेखा नीति को ग्रपनाना यदि कानूनी ग्रावश्यकता हो या किसी लेखा मानक की पालना करनी हो या यदि यह समझा जाता है कि परिवर्तन उपक्रम के वित्तीय विवरणो के प्रस्तुतीकरण को और ग्रधिक उचित रूप से प्रस्तुत करने के सहायक होगा।

7 2 लेखा नीति मे कोई भी परिवर्तन जिसका महत्त्वपूर्ण प्रभाव होता हो प्रकट किया जाना चाहिए। ऐसे परिवर्तन का प्रभाव ग्रौर उससे उत्पन्न समामेलन यदि महत्त्वपूर्ण हैं तो ऐसे परिवर्तन के प्रभाव को प्रदर्शित करने हेतु जिस ग्रवधि मे परिवर्तन किया गया है उस ग्रवधि के वित्तीय

विवरणों में प्रदर्शित किये जाते हैं। जहाँ ऐसे परिवर्तन का प्रभाव पूर्ण या आंशिक रूप से परिगणित योग्य न हो तो इस तथ्य को प्रदर्शित किया जाता है। यदि लेखा नीतियों में कोई परिवर्तन जिसका चालू अवधि के वित्तीय विवरणों पर कोई महत्त्वपूर्ण प्रभाव नहीं होता है लेकिन जिसका बाद की अवधि के महत्त्वपूर्ण प्रभाव का यथोचित अनुमान लगाया जा सकता हो किया गया है तो जिस अवधि में ऐसा परिवर्तन किया गया गया है उसमें इस तथ्य को उचित रूप से प्रकट किया जाना चाहिए।

8. लेखा अनुमानों में परिवर्तन (Changes in Accounting Estimates) :

8·1 वित्तीय विवरणों को तैयार करने में अनुमानों का सहारा लिया जाता है। ऐसे अनुमान वित्तीय विवरणों को तैयार करते समय विद्यमान परिस्थितियों पर आधारित होते हैं। उदाहरण के लिये, न वसूली योग्य प्राप्यों, सामग्री अप्रचलतों और अवलिखित सम्पत्तियों के उपयोगी जीवन का अनुमान करना होता है। यदि जिन परिस्थितियों पर अनुमान आधारित है उनमें कोई परिवर्तन होता है तो बाद वाली अवधि में अनुमानों के संशोधन की आवश्यकता हो सकती है। अनुमानों का संशोधन करने के बाद संशोधित राशि पूर्व अवधि मदों या असाधारण मदों की परिभाषा में शामिल नहीं हो सकती है। अनुमानों का ऐसा संशोधन जो ऐसी असाधारण मद से सम्बन्धित है जिसे असाधारण मद के रूप में व्यवहृत किया गया था को अपने आप ही असाधारण मद व्यवहृत किया जावेगा। लेखा अनुमानों में परिवर्तन कभी-कभी उपक्रम की आय प्रवृत्ति पर इतना अधिक महत्त्वपूर्ण होता है कि इस तरह के परिवर्तन के प्रभाव को प्रकट करना आवश्यक हो जाता है।

8·2 कभी-कभी लेखा नीति में परिवर्तन और लेखा अनुमानों में परिवर्तन में अन्तर करना कठिन होता है। उदाहरण के लिए यदि अनुमानित भावी लाभ अनिश्चित हो गये हों तो एक उपक्रम लागत को स्थगित एवं अपक्षयण की बजाय खर्च करते समय व्यय के रूप में दिखाने की नीति अपना सकता है। उन स्थितियों में जहाँ स्पष्ट अन्तर करना कठिन है तो ऐसे परिवर्तनों को उचित प्रकटीकरण के साथ लेखा अनुमानों में परिवर्तन के रूप में प्रदर्शित करना चाहिए।

लेखा मानक
(Accounting Standard)

पूर्व अवधि मदें और असाधारण मदें तथा लेखा नीतियों के परिवर्तन
(Prior Period and Extraoding Items and changes in Accounting Policies) :

(इस विवरण के अनुच्छेद 9 से 13 में लेखा मानक दिया गया है। इन मानक को इस विवरण के अनुच्छेद 1 से 8 के सन्दर्भ में एवं लेखा मानकों की भूमिका के विवरण के साथ पढ़ा जाना चाहिए।)

9. पूर्व अवधि मदों को उनकी प्रकृति एवं राशि के साथ लाभ एवं हानि के चालू विवरण में पृथक रूप से प्रकट किया जाना चाहिए। इनको इस तरह प्रदर्शित करना चाहिए कि चालू लाभ या हानि पर उनके प्रभाव को पहचाना जा सके।

10. उपक्रम की चालू अवधि की असाधारण मदों को शुद्ध आय के अंश के रूप में लाभ और हानि के विवरण के साथ प्रकट किया जाना चाहिए। ऐसी प्रत्येक मद की प्रकृति एवं राशि को इस तरह प्रकट करना चाहिए जिससे कि चालू संचालनात्मक परिणामों पर उनके सापेक्षिक महत्व एवं प्रभाव को पहचाना जा सके।

11. लेखा नीति में परिवर्तन तभी करना चाहिए जबकि दूसरी लेखा नीति को अपनाना कानून द्वारा आवश्यक है या लेखा मानक की पालना के लिए जरूरी है या यदि यह समझा जाता है कि ऐसा

परिवर्तन उपक्रम के वित्तीय विवरणों के प्रस्तुतीकरण को और अधिक उचित रूप से प्रस्तुत करने में सहायक होगा।

12. लेखा नीति में कोई भी ऐसा परिवर्तन जिसका प्रभाव महत्त्वपूर्ण हो। प्रकट किया जाना चाहिए। ऐसे परिवर्तन के प्रभाव को प्रदर्शित करने के लिए जिस अवधि में ऐसा परिवर्तन किया गया हैं उसके वित्तीय विवरणो में यदि महत्त्वपूर्ण हैं तो, ऐसे परिवर्तन के प्रभाव एव उससे उत्पन्न समायोजन को प्रदर्शित किया जाना चाहिए। जहां ऐसे परिवर्तन का प्रभाव पूर्ण या आशिक रूप से निर्धारित करने योग्य नहीं है तो ऐसे तथ्य को प्रकट करना चाहिए। यदि लेखा नीतियों में कोई परिवर्तन जिसका चालू अवधि के वित्तीय विवरणो पर कोई महत्त्वपूर्ण नही होता है लेकिन जिसका बाद की अवधि के महत्त्वपूर्ण का यथोचित अनुमान लगाया जा सकता हो, किया गया है तो जिस अवधि में ऐसा परिवर्तन किया गया है उसमे इस तथ्य को उचित रूप से प्रकट किया जाना चाहिए।
13. लेखा अनुमान में कोई परिवर्तन, जिसका चालू अवधि मे महत्त्वपूर्ण प्रभाव हो को प्रकट तथा परिमाणित किया जाना चाहिए। लेखा अनुमान में कोई परिवर्तन किया जाना चाहिए। लेखा अनुमान में कोई परिवतन बाद की अवधि में जिसके महत्त्वपूर्ण प्रभाव का यथोचित अनुमान लगाया जा सकता हो को भी प्रकट किया जाना चाहिए।

उपर्युक्त लेखा मानको मे से लेखा मानक सख्या एक को 1 अप्रैल 1991 से अनिवार्य बना दिया गया है जबकि लेखा मानक सख्या चार एव पाँच को 1 जनवरी 1987 से ही अनिवार्य बना दिया गया था। मानक संख्या दो एव तीन अभी अनुशसात्मक रूप में ही हैं।

अभ्यासार्थ प्रश्न

1. What do you mean by 'Accounting Standards ? Describe their importance in the present context.

लेखा मानक से आप क्या समझते है ? वर्तमान सन्दर्भ में इनका महत्व बताइये।

2 *Write a note on 'Indian Accounting Standards'.*

भारतीय लेखा मानको पर टिप्पणी लिखिए।

3. Give main contents of the Indian Accounting Standard No. 1 on 'Disclosure of Accounting Policies.'

'लेखा नीतियो के प्रकटीकरण' पर भारत के लेखा मानक सख्या 1 को प्रमुख बातो को बताइये।

4. Describe the Indian Accounting Standard on 'Changes in Financial Position.'

'वित्तीय स्थिति मे परिवर्तन' पर भारतीय लेखा मानक का वर्णन कीजिये।

5 Write notes on the following Indian Accounting Standards

निम्न भारतीय लेखा मानको पर टिप्पणियां लिखिए।

(i) Contingencies and Events occurring after Balance Sheet Date.

चिट्ठे की तिथि के बाद घटी घटनायें एवं आकस्मिकतायें

(ii) Prior Period and Extra ordinary Items and changes in Accounting Policies.'

पूर्व अवधि की मदें और असाधारण मदें तथा लेखा नीतियो मे परिवर्तन।

6. Give main points of AS–2.

AS–2 की महत्वपूर्ण बातो को बताइये।

12

प्रकाशित लेखों में आधुनिक प्रवृत्तियां

(Modern Trends in Published Accounts)

जब एक कम्पनी या निगम अपने अंशों एवं ऋणपत्रों को जनता द्वारा क्रय करने के लिए आवेदन-पत्र आमन्त्रित करती है तब वह अपनी वित्तीय स्थिति और क्रियाओं की लाभदायकता के बारे में जनता को सूचित करते रहने की जिम्मेदारी स्वीकार करती है। अपने बारे में सूचना प्रकटीकरण के इस दायित्व में वित्तीय विवरणों का जनता में निर्गमन करना आता है। भारत में कम्पनी विधान द्वारा यह व्यवस्था की गई है कि प्रत्येक कम्पनी अपने वित्तीय विवरणों को जनता के प्रतिनिधि के रूप में सरकार के पास (कम्पनी रजिस्ट्रार के पास) अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करे। समय-समय पर सरकारी एवं गैर सरकारी एजेंसियां इन प्रतिवेदनों के निरीक्षण द्वारा यह सुनिश्चित करती हैं कि कम्पनियां अपने कार्य कलापों के बारे में प्रस्तुत प्रतिवेदनों में पर्याप्त सूचनायें प्रकट करती हैं या नहीं, जिससे कि विनियोजक इनके आधार पर बुद्धिमानी से विनियोग निर्णय ले सकें। अखबारों, स्टॉक एक्सचेंजों कम्पनी रजिस्ट्रार आदि के माध्यम से कम्पनी के लाखों विनियोजकों के पास कम्पनी के लेखा समंकों के वितरण का यह बहाव हमारी अर्थव्यवस्था के संचालन में एक महत्वपूर्ण ताकत है। वास्तव में एक उद्योग मूलक अर्थव्यवस्था का सफल संचालन प्रतिवेदित लेखा सूचनाओं की किस्म एवं उस पर निर्भर रहने की क्षमता पर निर्भर करती है।

प्रकाशित लेखे (Published Accounts)

भारतीय कम्पनी अधिनियम, 1956 की व्यवस्थाओं के अनुसार एक कम्पनी के संचालक मण्डल के लिए कम्पनी की वार्षिक साधारण सभा में संचालकों के एवं अंकेक्षकों के प्रतिवेदन के साथ लाभ हानि खाता तथा *चिट्ठे की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इन सभी प्रलेखों को कानून के अनुसार प्रतिवर्ष तैयार* करना होता है अतः इन्हें वार्षिक प्रतिवेदन (Annual Reports) अथवा वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखे (Annual Reports and Accounts) कहा जाता है। प्रायः सभी कम्पनियाँ इन्हें छपवाकर प्रकाशित करती हैं अतः इन्हें प्रकाशित लेखों (Publi hed Accounts) के नाम से भी जाना जाता है। ये प्रकाशित लेखे सभी पक्षकारों को कम्पनी के क्रियाकलापों का सारांश एवं निष्पादन की जानकारी प्रदान करते हैं अतः इन्हें निगम प्रतिवेदन (Corporate Reporting) की संज्ञा भी दी जाती है।

निगम प्रतिवेदन के उद्देश्य (Objectives of Corporate Reporting) :

कम्पनी व्यवसाय में प्रबन्धकों एवं मालिकों के पृथक अस्तित्व की दशा में लेखांकन को आन्तरिक एवं बाह्य प्रतिवेदन प्रदान करने की जिम्मेदारी का निर्वहन करना पड़ा है। आन्तरिक प्रतिवेदनों में कम्पनी के दिन

प्रतिदिन के कार्यकलापों एव वित्तीय नियन्त्रण के लिए सूचना तैयार करना तथा भावी क्रियाओं के लिए विस्तृत कार्यक्रम एव बजट तैयार करना शामिल होता है। बाह्य प्रतिवेदन में प्रकाशित वित्तीय विवरणो के द्वारा कम्पनी को अपने मालिको के प्रति कारिन्दो (Stewardship) के रूप में स्वीकार किये गये कार्यों के लिए सूचना प्रदान करनी होती है। इन प्रतिवेदनो मे सूचनायें समय पर, प्रासगिक, विश्वसनीय, भेदभाव रहित, समझनेयोग्य, सगत, सक्षिप्त तथा विस्तृत रूप मे उनके सभी प्रयोग कर्ताओ तक पहुँचानी होती है ताकि ये सभी पक्षकार इन के आधार पर प्रबन्धकों को उपलब्ध कराये गये साधनो के प्रभावशाली उपयोग किये जाने की कुशलता का मापन कर सके तथा कम्पनी के ऋण भारो को चुकाने की क्षमता का मूल्याकन किया जा सके। अन्तर्राष्ट्रीय लेखाकन मानक-5 (I. A. S—5) के अनुसार "वित्तीय विवरणों को इस तरह का होना चाहिए कि उनके आधार पर मूल्यांकन एवं वित्तीय निर्णय किये जा सके।" प्रयोगकर्ता विश्वसनीय निर्णय तब तक नहीं ले सकता जब तक वित्तीय विवरण स्पष्ट एव समझने योग्य न हो। इस उद्देश्य के लिए सूचनायें स्थानीय कानून को न्यूनतम आवश्यकताओ को पूरी करने से भी अधिक विस्तृत होगी। चूंकि व्यवसाय मे विनियोजक, ऋणदाता, लेनदार, बैंक, सरकार, श्रमिक वर्ग, समाज, ग्राहक आदि विभिन्न पक्षो का हित निहित हैं तथा उनके विभिन्न हितो को पूरा करने के लिए वाछित सूचना की मात्रा एव स्तर विवादास्पद है। फिर भी सक्षेप मे निगम प्रतिवेदन के उद्देश्य निम्न हैं—

(1) निम्न के सम्बन्ध मे प्रयोगकर्ताओं को लाभदायक सूचना प्रदान करना :

(a) उपक्रम की अर्जन शक्ति की तुलना करने, मूल्याकित करने और भविष्य के लिए पूर्वानुमान करने मे लाभदायक हो।

(b) आर्थिक निर्णय करने मे सहायक हो। उदाहरणार्थ वर्तमान वास्तविक एव भावी विनियोगों पर प्रत्याय दर को देखते हुए उपक्रम को उपलब्ध कराये गये कोषो मे वृद्धि करनी है, कम करना है या बनाये रखना है।

(c) सामाजिक-आर्थिक उद्देश्य को प्राप्त करने मे निगम के साधनो को प्रभावपूर्ण तरीके से उपयोग करने मे प्रबन्धकीय योग्यता का मूल्याकन करना।

(2) साधारण अशधारियों को यह स्पष्ट करना कि कम्पनी में बढते हुए साधन एक निश्चित अवधि मे पर्याप्त रोकड प्रत्याय देने मे समर्थ हैं।

निगम प्रतिवेदन में आधुनिक प्रवृत्तियां (Modren Trends)

निगमित इकाइया उनकी आवधिक (Periodical) निष्पत्ति और अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें सभी भावी निर्णयकर्ताओ को वित्तीय विवरणो के प्रकाशन द्वारा सबहित करती हैं। इन विवरणों मे मुख्य स्थिति विवरण, आय विवरण, प्रतिधारित आय विवरण, रोकड़ एव कोष प्रवाह विवरण होता है। परम्परागत रूप से भारतीय कम्पनियों मे अपने प्रकाशित वित्तीय विवरणो मे कम्पनी विधान के अन्तर्गत वाछित न्यूनतम सूचनायें ही देने की प्रवृत्ति पायी गयी है। 'T' आकार में लाभ हानि खाता एव चिट्ठा, कानूनी आवश्यकता को पूरी करने के लिए वाछित न्यूनतम सूचना आदि प्रदान करने की प्रवृत्ति ही अधिकाश भारतीय कम्पनियों का अब तक का व्यवहार रहा है लेकिन धीरे-धीरे आवश्यकता एव जन चेतना से कम्पनी कानून मे भी सूचनाओं के प्रकटीकरण मे वृद्धि की गयी है और अब ऐच्छिक रूप से भी कम्पनिया कानूनी औपचारिकताओ से बढकर अपने वार्षिक प्रतिवेदनों मे अन्य महत्त्वपूर्ण सूचनायें भी प्रस्तुत करने लगी हैं। हमारे देश की कुछ निजी एव सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियों के ताजा वार्षिक प्रतिवेदनों का निरीक्षण करने पर निम्न आधुनिक प्रवृत्तिया प्रकट होती हैं—

(1) प्रारूप (Form-) वृहद आकार के व्यवसायो मे वार्षिक प्रतिवेदनो को जनसम्पर्क का प्रमुख माध्यम माना जाने लगा है। इसीलिए सबसे आधुनिक प्रवृत्ति यह है कि इनकी छपाई एवं डिजाइन मे बहुत ध्यान दिया जाता है। इन्हें उच्चस्तरीय कागज पर विभिन्न रंगों मे एक सुन्दर पत्रिका के रूप मे छापा जाता है। मुख पृष्ठ पर कम्पनी की

गतिविधियों से सम्बन्धित कोई सुन्दर चित्र दिया हुआ होता है जबकि पीछे का कवर पृष्ठ सामान्यतया खाली रखा जाता है। इसे सजाने के लिए वार्षिक प्रतिवेदन के कुछ भाग में कम्पनी के नये उत्पादों, विस्तार कार्यक्रमों, मानवीय सम्बन्धों के विकास सम्बन्धी चित्रों को दिया जाता है। वार्षिक प्रतिवेदनों का पृष्ठ विस्तार उनकी सामग्री एवं प्रस्तुतीकरण पर निर्भर करता है। उदाहरणार्थ एस्कार्ट लिमिटेड का 1981 का वार्षिक प्रतिवेदन 152 पृष्ठ का था।

कागज एवं छपाई की लागत काफी बढ़ जाने के कारण कम्पनी के अंशधारियों को वार्षिक प्रतिवेदन भेजना काफी महंगा काम हो जाने के कारण तथा राष्ट्रीय साधनों के अवांछित दुरुपयोग को रोकने के लिए हाल ही में कम्पनी अधिनियम में प्रतिवेदनों के आकार सम्बन्धी संशोधन किया है जिसके अनुसार कम्पनियां अंशधारियों को अपने वार्षिक लेखों का संक्षिप्त रूप (Abridged Accounts) प्रेषित कर सकती हैं तथा यदि कोई सदस्य विस्तृत रिपोर्ट चाहता है तो वह कम्पनी को पत्र लिखकर मंगवा सकता है। इस आशय की सूचना संचालकों की रिपोर्ट में दे दी जाती है। इस व्यवस्था का लाभ उठाते हुए आजकल प्रायः अधिकांश कम्पनियों ने सारांशित लेखे (Abridged Accounts) ही भेजना प्रारम्भ कर दिया है। लेकिन फिर भी तथ्यों एवं प्रस्तुतीकरण के आधार पर विभिन्न कम्पनियों के वार्षिक प्रतिवेदनों के आकार भिन्न-भिन्न हैं। उदाहरणार्थ टाटा स्टील कम्पनी का 1990-91 वर्ष का प्रतिवेदन 31 पृष्ठों का है जबकि इसी अवधि का ग्लेक्सो इण्डिया लि. व इण्डियन रेयन के वार्षिक प्रतिवेदन 16-16 पृष्ठों के हैं।

(2) विषय सामग्री की सारणी—(Table of Contents) वार्षिक प्रतिवेदन सामान्यतया विषय सामग्री की सारणी से प्रारम्भ होते हैं। इस सारणी में दिया गया विवरण प्रतिवेदन के आकार के अनुसार भिन्न-भिन्न होता है। उदाहरणार्थ टाटा आयरन एण्ड स्टील कं. लि. (TISCO) के 1990-91 के वार्षिक प्रतिवेदन में इस सारणी को इस प्रकार दिखाया गया है—

3 वित्तीय झलकियाँ (Highlights) वार्षिक लेखों एवं प्रतिवेदनों में कम्पनी अपनी कई वर्षों की अत्यन्त महत्वपूर्ण सूचनाओं जैसे संचालनात्मक लाभ (operating Profit) लाभांश (Dividend), संचालनात्मक लाभ का बिक्री पर प्रतिशत, प्रति अंश शुद्ध आय, प्रति अंश पुस्तक मूल्य, कर, आदि को प्रदर्शित करती है। इन सब सूचनाओं को प्रस्तुत करने का उद्देश्य कम्पनी द्वारा अपने अंशधारियों एवं कर्मचारियों को कम्पनी के कार्यों की सफलताओं का ज्ञान कराना होता है। इस तरह की सूचनाएँ एक साधारण पाठक के लिए कम्पनी की कुशलता को प्रथम दृष्टि में एक ही साथ देखने व समझने के लिए बहुत उपयोगी होती है। इन सूचनाओं को प्रस्तुत करने के लिए विभिन्न शीर्षकों का प्रयोग किया जाता है।

उदाहरणार्थ—'Financial Highlights' Financial Summary, Digest of Result, Facts at a Glance, Growth at a Glance,

ग्लेक्सो इन्डिया लि. के 1990-91 वर्ष के संक्षिप्त वार्षिक प्रतिवेदन में दिये गये निम्न वित्तीय सारांश से हमें इस तरह की झलकियों के बारे में जानकारी मिलेगी—

Five-Year Financial Summary

(*Amounts in Rupees Lakhs*)	1991	1990	1989 (9 months)	1988	1987
Net Sales	357,40	292,04	194,99	220,40	191,19
Other Income	12,87	15,56	7,62	10,19	6,30
Materials cost	197,09	160,80	104,06	111,78	94,46
Staff Cost	41,61	36,79	25,97	30,96	27,30
Excise Duty	21,96	18,37	13,05	19,18	16,94
Depreciation	9,77	8,12	5,23	6,48	5,69
Financing Charges	15,72	12,34	7,52	6,68	5,80
Other Expenses	67,62	55,96	36,76	39,04	36,25
Profit Before Tax	16,50	15,22	10,02	16,47	11,05
Tax	5,90	4,67	2,42	6,31	3,66
Profit After Tax	10,60	15,37	13,64	10,16	7,39
Percentage of Sales (%)	3 0	5.3	7.0	4 6	3.9
Fixed Assets Gross	142,38	125,17	101,76	85,90	75,09
Net	84,00	75,21	59,16	48,07	43,43
Current and Other Assets—Net	70,26	56,09	52,89	46,97	25,85
Capital	20,00	20,00	20,00	20,00	20,00
Reserves	61,24	56,04	46,07	36,43	30,27
Borrowings	73,02	55,26	45,98	38,61	19,01
Per Rs 10/- Equity Share —Amounts in Rupees					
Dividends	2.70	2.70	2.00	2 00	1.80
Earnings	5.30	7.68	6.82	5.08	3.70
Book Value	40.62	38.02	33.04	28.22	24.14

4. महत्वपूर्ण अनुपात (Significant Ratios) : कम्पनी के वित्तीय विवरणों में दिये गये निरपेक्ष अंकों एवं तथ्यों से इनके उपयोगकर्त्ताओं को प्रथम दृष्टया निर्णय हेतु सीमित जानकारी ही मिलती है। विभिन्न मदों में अनुपातों की गणना कर प्रस्तुत करने से अंशधारियों व अन्य उपयोगकर्त्ताओं को इन वार्षिक लेखों को समझने व कम्पनी की शोधन क्षमता लाभदायकता, प्रबन्धकीय कुशलता आदि का मूल्यांकन करने में बहुत सहायता मिलती है क्योंकि कुछ अनुपात इन स्थितियों का दिग्दर्शन कराने में अत्यन्त सफल हुए हैं। अनुपातों के इस महत्व को दृष्टिगत रखते हुए ही बहुत सी कम्पनियां अपने प्रकाशित लेखों में गत कुछ वर्षों के महत्वपूर्ण अनुपात जैसे चालू अनुपात, ऋण-समता अनुपात, लाभांश अनुपात, आदि देने लगी है। इन्डियन रेयन एण्ड इण्डस्ट्रीज लि० द्वारा अपने 1990–91 के संक्षिप्त वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखों में दिये गये कुछ अनुपात निम्नवत् हैं —

Year ended 30th June		1991	1990	1985	1980
Equity Dividend	%	30	30	24	15
Debt Equity Ratio		1·76 : 1	1·63 : 1	1·56 : 1	0·43 : 1
Current Ratio		1·59 : 1	1·67 : 1	1·96 : 1	1·66 : 1

5. कोषों के स्रोत एवं उपयोग का विवरण (Statement of Sources and Utilisation of Funds)— चिट्ठे से किसी निश्चित तिथि को ही व्यवसाय की आर्थिक स्थिति की जानकारी मिलती है। चूंकि नित्य व्यवहारों के कारण आर्थिक स्थिति में तद्नुसार परिवर्तन होता रहता है। अतः चिट्ठे का एक सीमित उपयोग ही हो पाता है। अनेक परिस्थितियों में व्यवसाय के सम्पर्क में आने वाले कुछ पक्षों के लिए इस बात की जानकारी प्राप्त करना भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि वित्तीय वर्ष में किन-किन स्रोतों से कोष प्राप्त हुए हैं तथा उन कोषों का किन-किन मदों में व्यय अथवा विनियोजन हुआ है। इस प्रकार की सूचनाएँ कोषों के स्रोत एवं उपयोग के विवरण से ही प्राप्त की जा सकती है। इस विवरण को कोष प्रवाह विवरण, वित्तीय स्थिति में परिवर्तनों के विवरण आदि के नाम से भी दिखाया जाता है। इस विवरण द्वारा एक निश्चित अवधि के दौरान कार्यशील पूंजी में हुए परिवर्तनों के कारणों की भी जानकारी मिलती है। अतः यह विवरण न केवल अंशधारियों एवं विनियोजकों के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि बैंक तथा अन्य अल्प कालीन ऋणदाताओं के लिए भी महत्वपूर्ण सूचना प्रदान करता है। इसीलिए आजकल कम्पनियां अपने प्रकाशित लेखों में कोषों के स्रोत एवं उपयोग के विवरण को भी देने लगी है यद्यपि कानूनी रूप से देना अनिवार्य नहीं है। टाटा स्टील कम्पनी (Tisco) के 1990–91 के संक्षिप्त वार्षिक प्रतिवेदन में यह विवरण निम्न प्रकार है—

Sources and Utilisation of Funds
(Rupees crores)

	1990–91	1989–90	1988–89	1987–88	1986–8
Sources of Funds :					
1. Cash Generated From Operations :					
(a) Profit After Taxes	160.13	148.53	154.34	92.15	87.52
(b) Depreciation	137.03	118.79	93.69	73.98	57.60
(c) Other Income and Adjustments	0.90	0.31	0.78	0.27	(0.03)
(d) Total	298.06	267.63	248 81	166.40	145.09
2. Share Capital	2.78@	439.79@	100.38@	81.33@	0.29+
3. Sale of Investments	223.46	—	—	—	14.42
4 Net Increase in Borrowings	168.22	342.47	34.99	58.82	70.40
	692.52	1049.89	384.18	306.55	230.20
Utilisation of Funds :					
5. Interim Relief Payment to Employees for Prior Period	—	6.95	19.50	15.48	—
6. Capital Expenditure	651.63	320 34	231.07	228.04	188.65
7. Investments	—	560.88	70.92	33.40	—
8. Dividends	71.34	50.59	46.17	29.34	20.66
9. Net Increase in Working Capital + +	(30.45)	111.13	16.52	0.29	20.89
	692.52	1049.89	384.18	306.55	230.20

\+ Shares issued on conversion of Convertible Bonds of Rs. 0.29 crore.

@ Including Share Premium of Rs. 2.32 crores (1989–90 : Rs. 366.45 crores, 1988–89 : Rs. 80.30 crores, 1987–88 : Rs. 61.00 crores).

\+ + Stocks and stores, book debts, advances and cash balances less trade creditors, provisions etc.

6 **शुद्ध मूल्य योग्य विवरण** (Statement of Net Value Added)—कम्पनियां अपने उत्पादों के निर्माण के लिए साधन समाज से ग्रहण करती है। समाज की सामग्री, श्रम, पूँजी आदि उत्पादन के साधनों का प्रयोग कर उसने समाज मे शुद्ध योगदान क्या किया है। बढती हुए सामाजिक चेतना को शान्त करने के लिए उसे यह सूचना भी अपने वार्षिक प्रतिवेदन में प्रस्तुत करनी चाहिए। वैसे भी लोकतान्त्रिक परिस्थितियों मे अपना अस्तित्व बनाये रखने के लिए सस्था को ग्राहक की सेवा, राजकीय कोष मे करों के रूप मे योगदान, रोजगार,

प्रयुक्त वित्तीय साधनों पर ब्याज या लाभांश सम्बन्धी सूचना देकर सामाजिक दायित्वों को पूरा करना ही होगा। ये सब सूचनायें कम्पनियां शुद्ध मूल्य योग्य विवरण बनाकर प्रदर्शित करने लगी है।

इन्डियन रेयन एण्ड इन्डस्ट्रीज लि० के 1990-91 के संक्षिप्त वार्षिक प्रतिवेदन व लेखों में यह विवरण निम्न प्रकार दिया गया है—

Net value added and its utilisation

(Rs. in lacs)

Year ended 30th June	1991	1990	1985	1980
Net value added				
Value of Output	49017.72	40704 32	15599.65	6109.45
Less : Excise Duty	5895.44	4818.76	2044.05	772.36
	43122.28	35885.56	13555.60	5337.09
Less : Material Consumed	23892.54	19197.60	8712.80	3224.48
	19229.74	16687.96	4842.80	2112.61
Add : Other Income	1165.15	403.24	203.26	74.32
Total	20394.89	17091.20	5046.06	2186.93
Its Utilisation				
Payment to & Provisions for Employees	3940.10	3966.11	1677.83	743.21
Other Expenses	7609.00	5941.37	1386.60	386.68
Interest (Net)	3770.01	2438.36	592.80	132.22
Depreciation	3571.88	2566.04	1069.96	145.02
Taxation	—	193.64	(−)23.12	380.00
Profits :				
Distributed as Dividends	765.21	765.21	176.95	78.40
Retained	738.69	1220.47	165.04	321.40
Total	20394.89	17091.20	5046.06	2186.93

7. साधारण अंशों का वितरण (Distribution of Equity Shares)—कम्पनियों के वास्तविक स्वामी साधारण अंशों के धारक ही होते हैं। सार्वजनिक कम्पनियों में साधारण अंशों की धारणा संख्या पर ही वास्तविक मताधिकार की शक्ति निर्भर करती है। किसी कम्पनी के साधारण अंशों के वितरण सम्बन्धी विवरण से उसमें जनता, अन्य वित्तीय संस्थाओं की भागीदारी आदि के बारे में महत्वपूर्ण सूचना उपलब्ध होती है। अंशों के भावी मूल्यों के अनुमान के लिए इस तरह की सूचना विनियोजकों के लिए काफी लाभदायक होती है। आजकल बड़ी-बड़ी कम्पनियां अंशधारिता के बारे में सूचना अपने वार्षिक लेखो मे प्रकाशित करने लगी है—

ग्लेक्सो इन्डिया लि० द्वारा अपने वर्ष 1990-91 के अपने संक्षिप्त वार्षिक प्रतिवेदन में यह जानकारी निम्न प्रकार प्रकाशित की गयी है—

Distribution of Equity Shares

As at 31st March 1991 Holdings of	Number of Shareholders	%	Shares held	%
Upto 25	20,754	25.0	4,41,684	2.3
26 to 50	24,719	29.8	11,62,323	5.8
51 to 100	28,620	34.5	21,98,850	11.0
101 to 1,000	8,793	10.6	19,70,825	9.8
1,001 to 10,000	111	0.1	2,25,215	1.1
10,001 and above	19	—	1,40,01,103	70.0
	83,016	100.0	2,00,00,000	100.0
Held by				
Glaxo Group	1	—	80,00,000	40.0
Unit Trust of India	1	—	27,98,696	14.0
Life Insurance Corporation of India	1	—	12,63,581	6.3
General Insurance Corporation and its Subsidiaries	5	—	14,07,881	7.0
Nationalised Banks	28	—	18,246	0.1
Other Companies	299	0.4	6,18,564	3.1
Individuals	82,681	99.6	58,93,032	29.5
	83,016	100.0	2,00,00,000	100.0

8 **आय का वितरण** (Distribution of Income)—सामान्यतया कम्पनी से समता अंशधारियों को काफी ऊँचे लाभांश की अपेक्षा रहती है। कई बार कर्मचारियों को भी यह शिकायत रहती है कि कम्पनी ऊँचे लाभ कमाकर भी उन्हें पर्याप्त मौद्रिक एवं अमौद्रिक लाभ नहीं दे रही है। ऐसे वर्गों की सन्तुष्टि के लिए कम्पनियां अपने प्रकाशित लेखों में 'आय के वितरण' शीर्षक के अन्तर्गत यह दिखाने का प्रयास करने लगी है कि कम्पनी के कुल आगम का कितना-कितना भाग किन-किन मदों पर व्यय हुआ है। साधारणतया यह सूचना प्रतिशत आदि में चित्रों द्वारा प्रकट की जाने लगी है।

गुजरात अल्कालीज एण्ड केमिकल्स लि० ने वर्ष 1990-91 के वार्षिक प्रतिवेदन में यह सूचना निम्न प्रकार प्रकाशित की है —

DISTRIBUTION of Revennue

9. ऊर्जा संरक्षण के बारे में जानकारी (Information relating to Energy Conservation)—ऊर्जा की बचत हमारी राष्ट्रीय आवश्यकता है। देश में सभी प्रकार की ऊर्जा की कमी है। इसके प्रभाव से कृषि, उद्योग आदि सभी के विकास की गति अवरुद्ध हो रही है। कम्पनियों पर इस दिशा में कार्य करने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। इसी राष्ट्रीय आवश्यकता को देखते हुए सरकार ने 1988 में संचालकों की रिपोर्ट में इस सम्बन्ध में एक निश्चित प्रारूप में जानकारी देने सम्बन्धी आदेश जारी किये हैं। इन आदेशों के बाद से ही कम्पनियां अनिवार्यता के कारण ही सही ऊर्जा संरक्षण के बारे में किये गये प्रयत्नों सम्बन्धी जानकारी अपने प्रकाशित लेखों में देने लगी है। आजकल संचालकों की रिपोर्ट के अंग के रूप में प्रतिवेदनों में यह जानकारी निम्न उपशीर्षकों में प्रकाशित की जा रही है—

(a) ऊर्जा संरक्षण के लिए किये गये उपाय (Energy Conservation measures taken),
(b) ऊर्जा के उपभोग में कमी के लिए विनियोजित अतिरिक्त राशि एवं प्रस्तावित राशि (Additional Investments and Proposals for Reduction of Consumption of Energy); तथा
(c) उपरोक्त उपायों का प्रभाव (Impact of the above Measures)।

10. तकनीक अवशोषण (Technology Absorption)—स्थायी एवं दीर्घावधि औद्योगिक विकास के लिए विदेशी तकनीक पर निर्भरता में कमी होना आवश्यक है। शोध एवं विकास के कार्य कर हम इस दिशा में आत्मनिर्भर हो सकते हैं। सरकार ने कम्पनी (सञ्चालकों के प्रतिवेदन में विषयों का प्रकटीकरण) नियम 1988 के द्वारा कम्पनियों के लिए तकनीक अवशोषण के लिए गतवर्षों में किये गये कार्यों एवं व्यय की गई राशि सम्बन्धी जानकारी देना आवश्यक बनाया गया है। इन कार्यों की जानकारी कम्पनियां अपने वार्षिक प्रतिवेदन में संचालकों की रिपोर्ट के अंग के रूप में निम्न शीर्षकों में प्रकट कर रही हैं—

(A) शोध एवं विकास (Research and Development—R & D) :
(1) कम्पनी द्वारा किये गये शोध एवं विकास का विशिष्ट क्षेत्र (Specific Areas in which R & D carried out by the company)
(2) उपरोक्त शोध एवं विकास के परिणाम से निकले फायदे (Benefits derived as a result of above R & D)
(3) भविष्य की कार्य योजना (Future Plan of Action)
(4) शोध एवं विकास पर किया गया व्यय (Expenditure on R & D)

(B) तकनीक अवशोषण, अधिग्रहण एवं परिवर्तन (Technology Absorption; Adaptation and Innovation) :

(1) तकनीक अवशोषण, अधिग्रहण एवं परिवर्तन की दिशा में किये गये प्रयत्न (संक्षिप्त रूप में) (Efforts in brief, made towards technology absorption, adaptation and innovation)

(2) उपरोक्त प्रयत्नो से प्राप्त परिणाम उदाहरणार्थ उत्पाद सुधार, लागत में कमी, उत्पाद विकास, आयात प्रतिस्थापन आदि (Benefits derived as a result of the above efforts e g. products improvements, cost reduction, product development, import substitution etc.)

(3) आयातित तकनीक की दशा में (पिछले पाँच वर्षों में आयातित तकनीक के बारे में) निम्न जानकारी भी देनी है (In case of imported technology (imported during the last five years following information is furnished) :

(i) आयात की गई तकनीक

(ii) आयात का वर्ष

(iii) क्या तकनीक पूर्ण रूप से अवशोषित कर ली गई है ?

(iv) यदि पूर्णतया अवशोषित नहीं की गई है तो वह क्षेत्र जहा यह नही अपनायी गयी तथा इसके कारण एव आगे किये जाने वाले प्रयत्नों का ब्यौरा।

11. विदेशी मुद्रा अर्जन एवं खर्च (Foreign Exchange Earnings and Outgo)—तीव्र आर्थिक विकास के लिए विदेशी मुद्रा अर्जन व उसकी बचत आवश्यक है। भारत की वर्तमान आर्थिक स्थिति में तो यह अनिवार्य भी है। सरकार द्वारा 1988 मे जारी नियमों के अन्तर्गत कम्पनियों के लिए विदेशी मुद्रा अर्जन व व्यय सम्बन्धी अपने प्रकाशित लेखो के माध्यम से करवाना अनिवार्य बनाया गया है और तभी से कम्पनिया निम्न शीर्षकों में यह सूचना प्रतिवर्ष प्रकाशित कर रही हैं—

(1) निर्यात सम्बन्धी प्रतिविधिया, निर्यात बढाने सम्बन्धी किये गये प्रयत्न, उत्पादो एव सेवाओ के *लिये नये निर्यात बाजार का विकास, और निर्यात योजनायें* (Activities relating to exports, initiatives taken to increase exports, Development of new Export for products and Services, and Exports Plans.)

(2) अर्जित एव प्रयोग की गयी कुल विदेशी मुद्रा (Total Foeign Exchange u.ed and Earned)

12. सुरक्षा एव पर्यावरण (Safety and Environment)—औद्योगिक विकास से निश्चित रूप से लोगो के जीवन स्तर में सुधार हुआ है लेकिन साथ ही साथ फैक्ट्रीयो से निकले धुँआ, हानिकारक पदार्थों, गंदे व प्रदूषित पानी, दुर्गन्ध आदि के द्वारा पर्यावरण तीव्र रूप से प्रदूषित हुआ है जिससे आम आदमी का जीना भी दूभर हो गया है। कुछ उद्योगों जैसे रसायन उद्योग, अणु भट्टिया, थर्मल पावर स्टेशन आदि मे तो सुरक्षा उपायो की थोडी सी लापरवाही सामान्य लोगो की मौत एव स्थायी अपंगता का कारण बन जाती है।

भोपाल गैस दुर्घटना का उदाहरण हमारे सामने है। पिछले कुछ दिनो से पर्यावरण सरक्षण के बारे मे जन चेतना मे वृद्धि हुई है। समाज उद्योगो द्वारा कर्मचारियो एव सामान्य व्यक्ति की सुरक्षा के बारे मे उनके द्वारा उठाये जा रहे प्रयत्नो एव पर्यावरण सरक्षण के लिए किये गये कार्यों की सूचना प्राप्त करना चाहता है। इसीलिए कम्पनियो द्वारा भी आजकल इस सामाजिक उत्तरदायित्व को पूरा करने के लिए इस प्रकार के कार्यों सम्बन्धी जानकारी अपने प्रकाशित लेखों द्वारा समाज एव सरकार को करवायी जा रही है। वार्षिक प्रतिवेदनो म यह सूचना कम्पनियों द्वारा इन कार्यो पर व्यय की गई राशि, लगाये गये पेड़ो की सख्या, जल निस्सारण एव शोधन पर व्यय की गई राशि एव अपनायी गयी तकनीक के विवरण आदि को प्रकाशित कर दी जा रही है।

13. मूल्य स्तर परिवर्तन का प्रभाव (Effects of Price level Changes)—अर्थव्यवस्था मे मुद्रा स्फीति की स्थिति म ऐतिहासिक लागत पर तैयार किये गये वित्तीय विवरण कम्पनी की वास्तविक वित्तीय स्थिति एव लाभार्जन शक्ति को स्पष्ट करने मे असमर्थ है। यदि वित्तीय समको को चालू मूल्य स्तर के अनुसार समायोजन नही किया जाता है तो इनसे गलत निष्कर्ष निकाले जा सकते है। यद्यपि ऐसा समायोजन करना

एक कठिन कार्य है लेकिन समस्या की गम्भीरता को देखते हुए कुछ बड़ी कम्पनियां आजकल अपने वार्षिक लेखों में मूल्य स्तर का समायोजन करते हुए पूरक लेखे प्रस्तुत करने लगी है। भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लि. उनमें से एक है। इस कम्पनी ने अपने लाभ हानि खाते एवं चिट्ठे को चालू लागत लेखांकन विधि (Current Cost Accounting Method) से भी तैयार कर प्रकाशित किये हैं।

14. मानव साधन लेखांकन (Human Resource Accounting)—उत्पादन के अन्य साधनों की तरह मानव शक्ति भी एक सम्पत्ति है। वर्तमान समय में यह विचारधारा जोर पकड़ती जा रही है कि अन्य सम्पत्तियों के मूल्यांकन की तरह ही उपक्रम की मानव सम्पत्ति का मूल्यांकन कर उसे भी वित्तीय विवरणों में प्रकाशित कर समाज को पूरी सूचना दी जानी चाहिए। यद्यपि यह भी एक दुरूह कार्य है लेकिन विद्वानों ने इस कार्य के लिए कुछ मॉडल विकसित किये हैं और बड़ी कम्पनियों ने इनका प्रयोग करते हुए अपनी मानव सम्पत्ति का मूल्यांकन कर उसे वार्षिक वित्तीय विवरणों में प्रकाशित करना प्रारम्भ कर दिया है। भारत में भी सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनी भारत हैवी इलेक्ट्रीकल्स लि. (BHEL) तथा स्टील अथारिटी ऑफ इण्डिया लि. (SAIL) ने तथा निजी क्षेत्र में टाटा स्टील (TISCO) क. ने अपने मानवीय साधनों का मूल्यांकन कर इस सूचना को अपने वार्षिक प्रतिवेदन में प्रकाशित किया है।

15. लेखांकन नीतियां (Accounting Policies)—एक विद्वान के अनुसार 'लेखांकन केवल एक अनुमान है' बहुत हद तक सत्य है। अन्तिम लेखों को तैयार करने में मूल्य ह्रास की विधि का चयन, स्टॉक का मूल्यांकन भावी दायित्वों एवं हानियों के लिए आयोजन आदि अनेक ऐसे क्षेत्र है जहां प्रबन्धक व लेखांकन अपने व्यक्तिगत निर्णय व अनुमान का सहारा लेते हैं एवं निर्णय द्वारा अपनायी गयी लेखाकार नीति पर आधारित लेखों से तैयार वित्तीय विवरणों की सूचनाओं को सही रूप में समझने के लिए यह आवश्यक है कि कम्पनियां अपने प्रकाशित लेखों के उसके द्वारा अपनायी गयी लेखांकन नीतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दे। लेखांकन नीति को प्रकाशित करने की महत्ता को स्वीकार करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इस हेतु लेखा मानक जारी किये गये हैं। भारत में भी चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट इन्स्टीट्यूट ने इससे सम्बन्धित लेखा मानक जारी किया है। इन सबका पालन करते हुए भारतीय कम्पनियां अपने वार्षिक प्रतिवेदनों में उसके द्वारा अपनायी गयी लेखा नीति को प्रकाशित करने लगी है। भारत हैवी इलेक्ट्रीकल्स लि. ने तो अपने वार्षिक लेखों के साथ काफी विस्तृत रूप में लेखांकन नीति प्रकाशित की है।

16. चार्टस एवं रेखा चित्रों का प्रयोग (Uses of Graphs and Charts)—आज कल अधिकांश कम्पनियां अपनी स्थिति को चार्टों एवं ग्राफों के द्वारा प्रदर्शित करने लगी हैं। ये चित्र एवं रेखा चित्र अच्छी से अच्छी डिजाइनों में तैयार किये जाते हैं एवं कई चित्ताकर्षक रंगों में छापे जाते हैं। इनसे पाठक कम समय में कम्पनी की सम्पूर्ण स्थिति को समझ लेता है।

17. राशियों को पूर्णांक बनाना (Approximation of Figures)—कम्पनी की स्थिति को सरलता से समझने के लिए वार्षिक प्रतिवेदन में लाभ-हानि खाते तथा चिट्ठे की राशियों को पूर्णांक बनाकर दिखाया जाने लगा है।

18. अन्य सूचनायें (Other information)—कम्पनियां अपनी वार्षिक रिपोर्ट में अंशधारियों के लिए उत्पादन, कार्य प्रणाली, सम्पत्तियों एवं दायित्वों से सम्बन्धित अन्य आवश्यक सूचनायें भी देने लगी हैं। कुछ कम्पनियां अपनी भावी योजनाओं को भी सूचना के रूप में प्रस्तुत करने लगी हैं।

उपरोक्त प्रवृत्तियों को देखने से पता चलता है कि कम्पनियां अपने प्रकाशित लेखों के द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को पूरा करने की ओर उन्मुख हो रही हैं। लेकिन प्रकाशित लेखों में अभी भी बहुत सी कमियां है जिन्हें दूर कर वित्तीय विवरणों को समाज व प्रयोगकर्ताओं के लिए अधिक उपयोगी बनाया जा सकता है।

प्रकाशित लेखों के प्रस्तुतीकरण में सुधार हेतु सुझाव (Suggestions for improvement in Presentation of Published Accounts) :

(1) भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में सूचनायें (Information regarding future plans) : वित्तीय विवरणों को अधिक उपयोगी बनाने के लिए यह आवश्यक है कि उनमें कम्पनी की भावी योजनाओं के बारे में पर्याप्त विवरण दिया जाये। वित्तीय विवरणों में भावी योजनाओं के पूर्वानुमान देने के साथ यह भी उल्लेख होना चाहिये कि ये पूर्वानुमान किन मान्यताओं पर आधारित है। वित्तीय विवरणों में आगामी वर्ष का बजट भी दिया जाना चाहिये।

(2) सामाजिक लेखांकन (Social Accounting) : व्यावसायिक उपक्रम समाज का मुख्य अंग है। समाज के विभिन्न अंगों के सहयोग से ही उसका अस्तित्व बना रहता है ऐसी स्थिति में वित्तीय विवरणों में वित्तीय सूचना के साथ यह विवरण भी होना चाहिये कि समाज के प्रति उपक्रम का क्या योगदान रहा है, कितने व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार प्रदान किया गया है, सामाजिक कल्याण की योजनाओं का विवरण आदि के सम्बन्ध में विवरण दिये जाने चाहिये।

3 प्रारूप की समरूपता (Uniformity)—प्रकाशित लेखों के प्रारूप में एकरूपता होनी चाहिए अर्थात् बार-बार परिवर्तन नहीं किये जायें एवं प्रमापीकृत प्रारूप हों। इससे अन्तर्फर्म तुलना करने एवं कम्पनी की दीर्घावधि प्रवृत्ति की जानकारी प्राप्त करने में सहायता मिल सकेगी। इस हेतु कम्पनी विधान में सभी के लिए एक विस्तृत प्रारूप तय किया जा सकता है।

4 भाषा (Language) : प्रकाशित भारतीय लेखों की सबसे बड़ी समस्या उसका एक ही भाषा में प्रस्तुतीकरण रहा है। भारत के अधिकांश विनियोजक अभी भी भाषा समस्या के कारण उन्हें समझने में असमर्थ हैं। समय की माग को देखते हुए यह अनिवार्य किया जाना चाहिए कि इन्हें अधिकांश विनियोजकों की भाषा 'हिन्दी' में प्रकाशित किया जाय।

5 बोधगम्यता (Understandability) – प्रस्तुत वित्तीय विवरण में दी जाने वाली सूचनाएँ स्पष्ट एवं बोधगम्य होनी चाहिए। इनका प्रारूप जटिल नहीं होना चाहिए ताकि ऐसा व्यक्ति भी जिसे लेखा-विधि के सिद्धान्तों का ज्ञान न हो वित्तीय विवरणों का अध्ययन कर निष्कर्ष निकाल सके। जहा तक सम्भव हो इनकी भाषा गैर-तकनीकी होनी चाहिए तथा इनमें कम खाने (Columns) होने चाहिए।

अभ्यासार्थ प्रश्न (Questions)

1. What do you mean by 'Published Accounts' ? Describe the various objectives of Published Accounts.

'प्रकाशित लेखों' से आप क्या समझते हैं ? प्रकाशित लेखों के उद्देश्यों का वर्णन कीजिये।

2. Explain briefly what new trends you notice in the preparation of Published Accounts of a Company.

कम्पनी के प्रकाशित खातों के तैयार करने में आप कौनसी नयी प्रवृत्तियां देखते हैं, संक्षेप में समझाइये।

3. Describe in brief the modern trends in Published Accounts.

प्रकाशित लेखों में आधुनिक प्रवृत्तियों का संक्षिप्त वर्णन कीजिये।

4. What suggestions do you propose to improve the Published Accounts ?

प्रकाशित लेखों में सुधार के लिए आप किन सुझावों का प्रस्ताव करते हैं ?